दैनिक
# लोकमित्र
सच्चाई की जंग

वर्ष : 30 | अंक :266
प्रतापगढ़ | सोमवार , 29 जुलाई-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

**पेरिस ओलंपिक 2024**



## मनु भाकर ने रचा इतिहास, 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता कांस्य



**● 12 साल का इतंजार खत्म**

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत के पदक का खाता खोल दिया है। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 221.7 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। फाइनल में मनु ने शुरू से ही तीसरा स्थान बरकरार रखा और तीसरा स्थान ही हासिल किया। इस स्पर्धा का गोल्ड और सिल्वर दक्षिण कोरिया की दो एथलीट्स ने जीता। ओह ने जिन 243.2 के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल और किम येजी ने 241.3 के स्कोर के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इससे पहले मनु भाकर क्वालिफिकेशन राउंड में भी तीसरे स्थान पर रही थीं। वह शूटिंग में भारत को ओलंपिक पदक दिलाने वाली भारत की पहली महिला एथलीट हैं। इसके साथ ही उन्होंने शूटिंग में भारत के पदक के 12 साल के सूखे को भी खत्म किया। 2012 लंदन ओलंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में मेडल जीता था।

# आईएएस कोचिंग में 3 बच्चे डूब के मरे

## ● एक्शन में दिल्ली पुलिस, कोचिंग सेंटर का मालिक और कोऑर्डिनेटर को हिरासत में लिया

**▶▶ दिल्ली पुलिस ने की मृतकों की पहचान, यूपी-केरल और तेलंगाना के थे छात्र**
**▶▶ सड़क पर उतरे छात्र**



**नईदिल्ली,(आरएनएस)।** नई दिल्ली में एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में भारी बारिश के बाद भरे पानी में डूबने से तीन छात्रों की मौत हो गई है. इस मामले में दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज किया है. वहीं दो लोगों की गिरफ्तारी की गई है.

एनडीआरएफ, स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग द्वारा बचाव अभियान के दौरान घटनास्थल से तीन छात्रों का शव बरामद किया गया है.

दिल्ली अग्निशमन विभाग के मुताबिक, शाम करीब 7 बजे ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राव आईएएस स्टडी सेंटर से उन्हें जलभराव की शिकायत का फोन आया. जिसके बाद टीम फौरन मौके पर पहुंची और बचाव और राहत कार्य शुरू किया. दिल्ली की मंत्री आतिशी का कहना है कि, अग्निशमन विभाग और एनडीआरएफ की एक टीम घटनास्थल पर मौजूद है. आतिशी ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि, वह घटना पर पल-पल की अपडेट ले रही हैं.

यह घटना कैसे हुई इसकी जांच के लिए मजिस्ट्रेट को आदेश दे दिया गया है. उन्होंने कहा कि, इस घटना के लिए जो भी जिम्मेदार होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा. मालूम हो कि, पुराना राजेंद्र नगर संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए कोचिंग सेंटरों का केंद्र है. यहां हर साल देशभर से लाखों बच्चे आईएएस-आईपीएस बनने का सपना लिए दिल्ली पहुंचते हैं. ऐसे में इस तरह की घटना उनके और उनके परिजनों के लिए काफी डराने वाली है. फिलहाल मामले की पूरी तफ्तीश जारी है. प्रशासन मुस्तैदी से जुटा हुआ है.

ओल्ड राजेंद्र नगर में शनिवार को हुए दिल दहला देने वाले हादसे में दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाही की है। दिल्ली पुलिस ने रविवार को कोचिंग सेंटर के मालिक और कोऑर्डिनेटर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने दोनों पर गैर-इरादतन हत्या समेत कई अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। शनिवार शाम को भारी बारिश के बाद ओल्ड राजेंद्र नगर के %राव आईएएस स्टडी सेंटर% नाम के कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर गया।

इस दौरान यूपीएससी की तैयारी कर रहे तीन छात्र बेसमेंट के अंदर ही फंस गए, जिनके शव खोज और बचाव अभियान के बाद बेसमेंट से बरामद कर लिए गए हैं। इन छात्रों की पहचान श्रेया यादव, तान्या सोनी और निविन दल्विन के रूप में हुई है।डीसीपी सेंट्रल एम हर्षवर्द्धन ने घटना पर कहा, %कल शाम एक बेसमेंट में पानी भर जाने की वजह से कुछ लोगों के फंसे होने की खबर मिली, बचाव अभियान शुरू किया गया, जिसमें दिल्ली पुलिस और दिल्ली फायर सर्विस के साथ-साथ एनडीआरएफ भी शामिल थी। खोज और बचाव अभियान के बाद बेसमेंट से 3 शव बरामद किए गए।

उन तीनों की पहचान कर ली गई है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। श्रेया यादव यूपी के अंबेडकर नगर जिले की मूल निवासी हैं, तान्या सोनी का स्थायी पता तेलंगाना है और केरल के एर्नाकुलम निवासी निविन दल्विन हैं।उन्होंने कोचिंग सेंटर के मालिक और कोऑर्डिनेटर को हिरासत में लेने पर कहा, %बीएनएस की धारा 105, 106 (1), 115 (2), 290 और 35 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

यह मामला कोचिंग संस्थान और इमारत के प्रबंधन और उन लोगों के खिलाफ है जो उस जगह के नाले के रखरखाव के लिए जिम्मेदार थे। अभी तक हमने उस कोचिंग सेंटर के मालिक और समन्वयक को हिरासत में लिया है। इसमें जो दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कोचिंग सेंटर में हुए हादसे पर उपराज्यपाल सख्त, कहा-जिम्मेदारी तय होगी, सजा दी जाएगी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राजेन्द्र नगर के एक कोचिंग संस्थान में हुए हादसे पर दुख जताते हुए भरोसा दिलाया है कि जिनके कारण तीन कीमती जाने गई हैं, उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी और दोषियों को सजा दी जाएगी। वहीं पुलिस ने कोचिंग सेंटर के मालिक अभिषेक गुप्ता और समन्वयक देशपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।उपराज्यपाल सक्सेना ने एक्स पर कहा कि प्रशासन की उदासीनता और कोचिंग संस्थान चलाने वालों के आपराधिक कदाचार के कारण खोए हुए अनमोल युवा जीवन को कोई भी वापस नहीं ला सकता है। लेकिन जिन लोगों के कारण जान गई है, उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी और दोषियों को सजा दी जाएगी। उन्होंने हादसे को दुखद और अक्षम्य बताते हुए कहा कि ऐसे मुद्दों को अब और अधिक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि संभागीय आयुक्त से मंगलवार तक दुखद घटना के हर पहलू को कवर करते हुए एक रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

**● ● मन की बात ● ●**

## मानस ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में एक बहुत बड़ा कदम हैः प्रधानमंत्री मोदी

**▶▶ पीएम मोदी ने देशवासियों से पेरिस ओलंपिक एथलीटों का समर्थन करने का आग्रह किया**




**नईदिल्ली,(आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान कहा कि हर परिवार कि यह चिंता होती है कि कहीं उनका बच्चा ड्रग्स की चपेट में न आ जाए। अब ऐसे लोगों की मदद के लिए सरकार ने एक विशेष केंद्र खोला है जिसका नाम है मानस। ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में यह बहुत बड़ा कदम है।कुछ दिन पहले ही मानस की हेल्पलाइन और पोर्टल को लांच किया गया है। सरकार ने एक टोल फ्री नंबर 1933 जारी किया है। इस पर कॉल करके कोई भी व्यक्ति जरूरी सलाह ले सकता है। अगर किसी के पास ड्रग्स से जुड़ी कोई दूसरी जानकारी है तो वे इसी नंबर पर कॉल करके नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ यह सूचना साझा भी कर सकते हैं। यहां हर जानकारी गोपनीय रखी जाती है।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को ड्रग्स फ्री बनाने में जुटे सभी लोगों से, सभी परिवारों से, सभी संस्थाओं से मेरा आग्रह है कि मानस हेल्पलाइन का भरपूर उपयोग करें।प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान टाइगर डे का भी जिक्र किया। 29 जुलाई को टाइगर डे मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में तो बाघ हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। हम सब बाघों से जुड़े किस्से कहानियां सुनते हुए ही बड़े हुए हैं। जंगल के आसपास के गांव के लोगों को पता होता है कि बाघों के साथ तालमेल बिठाकर कैसे रहना है।

मन की बात के 112वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हाल ही में दुनिया ने गणित का ओलंपिक देखा - इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड. इसमें 100 से ज्यादा देशों के युवाओं ने हिस्सा लिया और हमारी टीम ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए एक स्थान हासिल किया. पीएम मोदी ने मन की बात में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि, इस समय, पेरिस ओलंपिक वैश्विक ध्यान आकर्षित कर रहा है. ओलंपिक हमारे एथलीटों को विश्व मंच पर गर्व से तिरंगा लहराने और हमारे देश के लिए कुछ उल्लेखनीय हासिल करने का मौका प्रदान करता है. मैं आपसे हमारे एथलीटों का समर्थन करने और भारत के लिए जयकार करने का आग्रह करता हूं!भारतीय छात्रों की छह सदस्यीय टीम ने 11 जुलाई से 22 जुलाई तक यूनाइटेड किंगडम के बाथ में आयोजित 2024 अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में भारत का प्रतिनिधित्व किया. टीम ने चार स्वर्ण पदक और एक रजत जीतकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि को बेहद खुशी और गर्व की बात बताते हुए टीम को बधाई दी.हमारी टीम ने अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में असाधारण प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक जीते हैं. 100 से अधिक देशों के प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए, हमारी टीम लगातार शीर्ष 5 में बनी हुई है.

## राम मंदिर का निर्माण 31 दिसंबर तक हो जाएगा पूरा - नृपेंद्र मिश्रा



**अयोध्या, (हि.स.)।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा है कि राम मंदिर का निर्माण कार्य 31 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा।मंदिर निर्माण समिति की बैठक में भाग लेने के लिए रविवार को अयोध्या पहुंचे नृपेंद्र मिश्रा ने सर्किट हाउस में मीडियाकर्मियों से कहा कि राम मंदिर के प्रथम तल पर जो भी व्यवस्थाएं हैं उसको सुनिश्चित करना है। प्रथम तल पर इस तरह की रेलिंग लगाई जाए ताकि कोई बालक पहुंचता है तो उसके गिरने की संभावना न हो। वहां पर वर्टिकल बाड़ लगाया जाए या फिर जाली लगाई जाए, इसका निर्णय होना है। आज की बैठक में सारे निर्णय लिये जाएंगे।मिश्रा ने कहा कि शेषावतार मंदिर का निर्माण शुरू हो चुका है।

## दिल्ली की मेयर ने एमसीडी कमिश्नर को दिए निर्देश, जारी किया लेटर

### ● कोचिंग सेंटरों के खिलाफ की जाये सख्त कार्रवाई



**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** शहर के ओल्ड राजेंद्र नगर में शनिवार की देर रात एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं अब इस हादसे के बाद रविवार को स्थानीय लोग और छात्रों के परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया है।

दूसरी तरफ दिल्ली के मेयर शैली ओबरॉय ने भी मामले की जांच की बात कही है। इसके साथ ही उन्होंने एमसीडी के कमिश्नर को इस तरह के सभी कोचिंग सेंटरों के खिलाफ जो लापरवाही बरत रहे हैं सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वहीं दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने भी मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। दरअसल, ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में हुए हादसे के बाद दिल्ली की मेयर शैली ओबरॉय ने कहा कि इस हादसे के लिए एमसीडी का कोई अधिकारी जिम्मेदार हैं या नहीं, इसकी तत्काल जांच कराई जाएगी।

यदि कोई अधिकारी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा उन्होंने एक लेटर जारी कर एमसीडी के कमिश्नर को निर्देश दिया है कि दिल्ली भर में ऐसे सभी कोचिंग सेंटर जो एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में हैं और बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधियां चला रहे हैं, जो भवन उपनियमों का उल्लंघन कर रहे हैं और मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं। उनके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

इस हादसे के बाद दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया, दिल्ली में शाम को हुई भारी बारिश के कारण एक दुर्घटना की खबर है। राजेंद्र नगर में एक कोचिंग इंस्टीट्यूट के बेसमेंट में पानी भरने की खबर है। दिल्ली फायर विभाग और एनडीआरएफ मौके पर है।

दिल्ली की मेयर और स्थानीय विधायक भी वहां पर हैं। मैं हर मिनट घटना की खबर ले रहीं हूं। ये घटना कैसे घटी, इसकी मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। इस घटना के लिए जो भी ज़िम्मेदार है, उसको बख्सा नहीं जाएगा।

## महाराष्ट्र, पंजाब, तेलंगाना, राजस्थान समेत कई राज्यों के राज्यपाल बदले

**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, झारखंड समेत कई राज्यों के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल की नई नियुक्ति की है।राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उनकी जगह गुलाब चंद कटारिया को नियुक्त किया गया है जो फिलहाल असम के राज्यपाल हैं।सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य अब असम के नये राज्यपाल होंगे। उन्हें मणिपुर का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है।सी.पी. राधाकृष्णन महाराष्ट्र के नये राज्यपाल होंगे। वह फिलहाल झारखंड के राज्यपाल हैं। उनके पास तेलंगाना का अतिरिक्त प्रभार भी है। संतोष कुमार गंगवार को झारखंड का और जिष्णु देव वर्मा को तेलंगाना का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है।हरिभाऊ किशनराव बाग्डे को राजस्थान, रमन डेका को छत्तीसगढ़ और सी.एच. विजयशंकर को मेघालय का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।इसके अलावा के. कैलाशनाथ को पुडुचेरी का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है।

## जीवन गंवा कर गैर जवाबदेही की कीमत चुका रहा है आम नागरिक

**▶▶ कोचिंग हादसे पर बोले राहुल गांधी**



**नईदिल्ली(आरएनएस)।** दिल्ली कोचिंग हादसे पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दुख जताते हुए कहा कि ये इन्फ्रास्ट्रक्चर का कोलैप्स, सिस्टम की संयुक्त असफलता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित और सुविधाजनक जीवन हर नागरिक का अधिकार और सरकारों का दायित्व है।राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, दिल्ली की एक बिल्डिंग के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण प्रतियोगी छात्रों की मृत्यु बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ दिन पहले बारिश के दौरान बिजली का करंट लगने से एक छात्र की मृत्यु हुई थी। सभी शोकाकुल परिजनों को अपनी भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।उन्होंने आगे लिखा, इन्फ्रास्ट्रक्चर का ये कोलैप्स सिस्टम की संयुक्त असफलता है। असुरक्षित निर्माण, लचर टाऊन प्लानिंग और हर स्तर पर संस्थाओं की गैर जवाबदेही की कीमत आम नागरिक अपना जीवन गंवा कर चुका रहा है।

सुरक्षित और सुविधाजनक जीवन हर नागरिक का अधिकार और सरकारों का दायित्व है।बता दें कि राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर के एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बारिश का पानी भरने से 3 छात्रों की मौत हो गई। दिल्ली पुलिस ने इस हादसे में जान गंवाने वाले छात्रों की पहचान कर ली है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, श्रेया यादव यूपी के अंबेडकरनगर की रहने वाली थी। जबकि तान्या सोनी तेलंगाना और नेविन डालविन केरल के एर्नाकुलम के रहने वाले थे।इस बीच राजेंद्र नगर के छात्रों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिख कर कोचिंग इंस्टीट्यूट और एमसीडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इसमें लिखा है, पिछले दो दिनों में ओल्ड राजेंद्र नगर और पटेल नगर में बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी है। कोचिंग संस्थान और एमसीडी अधिकारियों की आपराधिक लापरवाही के कारण कुछ छात्रों की मृत्यु हुई है। छात्रों की मांग है कि घटना से संबंधित सभी दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

## नीति आयोग की बैठक में ममता बनर्जी का 'अपमान' लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं-संजय राउत



**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि नयी दिल्ली में एक दिन पहली हुई नीति आयोग की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का ''अपमान'' लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। राउत ने पत्रकारों से कहा कि राज्यों के कई मुद्दे हैं, जिनसे निपटने की जरूरत है और किसी मुख्यमंत्री का माइक्रोफोन बंद करना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है।ममता शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक बीच में छोड़कर बाहर निकल गई थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें भाषण के दौरान बीच में ही रोक दिया गया। हालांकि, सरकार ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ममता को बोलने के लिए दिया गया समय समाप्त हो गया था। बैठक में हिस्सा लेने वाली एकमात्र विपक्षी नेता ममता ने आरोप लगाया कि उनके भाषण के पांच मिनट बाद उनका माइक्रोफोन बंद कर दिया गया, जबकि आंध्र प्रदेश, गोवा, असम और छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों को ज्यादा समय तक बोलने की अनुमति दी गई।

## जयशंकर ने टोक्यो में महात्मा गांधी की प्रतिमा का किया अनावरण, अमेरिकी विदेश मंत्री से की मुलाकात



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर वर्तमान में भारत, अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जापान चार हिन्द प्रशांत देशों के समूह क्वाड की बैठक में शामिल होने के लिए टोक्यो की यात्रा पर हैं।

आज उन्होंने यहां अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय एजेंडे की प्रगति पर चर्चा की।विदेश मंत्री ने एक्स पर तस्वीरों के साथ जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का द्विपक्षीय एजेंडा लगातार आगे बढ़ रहा है। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर उनकी और विदेश मंत्री ब्लिंकन की व्यापक चर्चा हुई।

वे कल क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने को लेकर उत्सुक हैं।इससे पहले उन्होंने जापान में भारतीय समुदाय से मुलाकात की और टोक्यो के एडोगावा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया। एडोगावा में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय रहता है। यहां उपस्थित भारतीय समुदाय और स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी को हम राष्ट्रपिता के तौर पर देखते हैं, लेकिन दुनिया के लिए वे एक ग्लोबल आइकन हैं।उन्होंने कहा कि बापू की उपलब्धियाँ आज भी हमें प्रेरित करती हैं और उनका शांति और अहिंसा का संदेश कालातीत है। उनके सिद्धांत आज और भी अधिक प्रासंगिक हैं जब दुनिया में इतना संघर्ष, तनाव और ध्रुवीकरण देखा जा रहा है।

## ओडिशा में भारी बारिश के बाद भूस्खलन से तबाही, राज्य से कटे 18 गांव

**● मौसम विभाग ने दिया बड़ा अपडेट**



**भुवनेश्वर,(आरएनएस)।** देश के कई हिस्से में भारी बारिश होने से स्थिति गंभीर हो गई है। महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का बुरा हाल है। इन राज्यों के कई शहर बारिश के पानी में डूब गए हैं। वहीं, ओडिशा में भी भारी बारिश ने तबाही मचाई है। ओडिशा में मूसलाधार वर्षा के बाद हुए एक भीषण भूस्खलन के कारण राज्य के मलकानगिरी जिले के 18 गांवों का संपर्क प्रदेश के अन्य हिस्सों से कट गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भूस्खलन शनिवार दोपहर को मलकानगिरी जिले के कोरुकोंडा प्रखंड के अंतर्गत नाकामामुडी ग्राम पंचायत में बयापदर घाट मार्ग पर स्थित तुम्बा पदर गांव के पास हुआ। भारी बारिश के बीच मलकानगिरी और कोरापुट के लमातापुट और नंदपुर इलाकों में भूस्खलन की जानकारी मिली, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) कार्यालय ने मलकानगिरी में भूस्खलन की पुष्टि की है। आधिकारिक बयान में बताया गया कि एसआरसी सत्यब्रत साहू ने मलकानगिरी के जिलाधिकारी के साथ चर्चा की है और सड़क को खोले जाने का काम जारी है। इसमें कहा गया है कि यातायात की आवाजाही शीघ्र ही बहाल कर दी जाएगी। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने एक बुलेटिन में कहा कि पश्चिम बंगाल में गंगा के मैदानी क्षेत्र और इससे सटे उत्तरी ओडिशा के ऊपर बने कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से ओडिशा में 31 जुलाई तक भारी बारिश जारी रह सकती है। मौसम कार्यालय ने कहा कि रविवार सुबह तक मलकानगिरी, कोरापुट, नबरंगपुर, बोलांगीर, नुआपाड़ा, सोनपुर, झारसुगुड़ा, सुंदरगढ़, संबलपुर, क्योंझर, अंगुल, देवगढ़ और कालाहांडी जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा (सात से 11 सेमी) हो सकती है। आईएमडी ने रविवार को बंगाल की खाड़ी के ऊपर 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के चलने की भी चेतावनी दी है। मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे समुद्र में न जाएं, क्योंकि इसके अशांत रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने 28 जुलाई को बरगढ़, झारसुगुड़ा, सुंदरगढ़, नुआपाड़ा और नबरंगपुर में भारी बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। आईएमडी ने कहा कि अगले 24 घंटे (29 जुलाई) के दौरान क्योंझर, मयूरभंज और बालासोर में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

# प्रयागराज में भी विकसित होगी होटल क्लासिफिकेशन रजिस्ट्रेशन प्रणाली

## नई पर्यटन नीति के अंतर्गत क्लासिफिकेशन प्रणाली लागू होने से होटल मालिकों और पर्यटकों को मिलेगी सहूलियत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के होटल और रिसॉर्ट के स्टार वर्गीकरण की नई नीति लेकर आई है। पर्यटन विभाग के सहयोग से इसे अमली जामा पहनाने के लिए कुंभ नगरी प्रयागराज में प्रयास शुरू किए गए हैं। प्रयागराज के होटल व्यवसायियों के साथ पर्यटन विभाग और प्रयागराज विकास प्राधिकरण के बीच मीट का आयोजन इसी का हिस्सा है जिसमें जनपद के सभी होटल मालिकों ने हिस्सा लिया।

प्रयागराज होटल और रेस्तरां एसोसिएशन की तरफ से शहर के होटल मिलन पैलेस में यह मीट आयोजित हुई जिसमे पर्यटन विभाग, कुम्भ मेला प्राधिकरण, प्रयागराज विकास प्राधिकरण और नगर निगम के आला अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद चौहान ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा

➢प्रशासन और होटल मालिकों के साथ हुआ बनी सहमति
➢पर्यटन क्षेत्र को उन्नत करने के लिए होटल व्यवसाय का स्वरूप बदल रही है योगी सरकार

पर्यटन के लिए लागू की गई महत्वपूर्ण बिंदुओं और नीतियों पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने होटलों के स्टार वर्गीकरण प्रणाली के प्रमुख बिंदुओं पर विभाग का प्रेजेंटेशन सामने रखा। उन्होंने बताया कि इस नई स्टार वर्गीकरण प्रणाली का उद्देश्य होटल और रिसॉर्ट को उद्योग के बराबर सब्सिडी और प्रोत्साहन देना है ताकि होटल भी अपनी सुविधाओं में सुधार कर सकें और पर्यटकों को यहां गुणवत्ता युक्त सुविधाएं मिल सके।

इस प्रणाली के अमल में लाने से होटल व्यवसाय को नई ताकत और ग्रोथ मिलेगी। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी



अपराजिता सिंह के मुताबिक इस वर्गीकरण प्रणाली में पांच अलग-अलग श्रेणियां तय की गई हैं जिसमें प्लेटिनम, डायमंड, गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज कैटिगरी शामिल हैं। प्लैटिनम कैटेगरी के होटल को फाइव स्टार, डायमंड कैटेगरी के होटल को फोर स्टार, गोल्ड कैटेगरी के होटल को तीन स्टार, सिल्वर कैटेगरी के होटल को टू स्टार, ब्रॉन्ज कैटेगरी के होटल को एक स्टार की रेटिंग दी जाएगी। इसके अंतर्गत होटल व्यवसायी अगर नया होटल बनाता है और वह वर्गीकरण के लिए पर्यटन विभाग के पास आता है तो उसे विभाग की ओर से 25 फीसदी सब्सिडी प्रदान की जाएगी। साथ ही अभी तक होटल की उस संपत्ति पर जो कमर्शियल टैक्स 6 गुणा अधिक देना होता था, उसे तीन गुना ही देना होगा। जलकर और सीवर कर भी उसे आधा ही देना होगा।

### होटल व्यवसायियों ने पहल का किया स्वागत

**प्रयागराज।** होटल के स्टार वर्गीकरण के लिए आयोजित इस मीट में प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों से 100 से अधिक होटल व्यवसायियों ने हिस्सा लिया ।

प्रयागराज होटल और रेस्तरां संघ के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ने कहा कि प्रयागराज में होटल इंडस्ट्री बहुत विकसित नहीं थी लेकिन योगी सरकार के आने के बाद खासतौर पर 2019 के कुंभ से प्रयागराज में इसका तेजी से विकास हो रहा है। पर्यटन के क्षेत्र में अयोध्या , काशी और प्रयागराज गोल्डन त्रिभुज के विकास से प्रयागराज में पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ी है । इससे होटल इंडस्ट्री भी आगे बढ़ रही है। मुख्य संरक्षक विदुप अग्रहरि का कहना है कि स्टार वर्गीकरण से होटल मालिकों को टैक्स के मामले में बड़ी राहत मिलेगी।

# एबीवीपी का महानगर अभ्यास वर्ग आयोजित

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, प्रयाग महानगर का एक दिवसीय महानगर अभ्यास वर्ग ज्वाला देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, मंफोर्डगंज, प्रयागराज में संपन्न हुआ। जिसमें विद्यार्थियों के हितों के लिए संघर्ष, संगठन के विस्तार व अभाविप की कार्य पद्धति एवं सैद्धांतिक भूमिका पर चर्चा की गई। ज्वाला देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में आयोजित एबीवीपी का एक दिवसीय महानगर अभ्यास वर्ग का शुभारंभ प्रवासी कार्यकर्ता पुनीत मिश्र, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, डॉ0 मनीष श्रीवास्तव एवम् अंजनेय तिवारी द्वारा मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद एवम् देवी अहिल्या बाई होलकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। महानगर सह मंत्री अंजनेय तिवारी ने कहा कि यह वर्ग करने वाले कार्यकर्ता अपने परिसरों में अभाविप का कार्य प्रभावी ढंग से बढाएंगे।

अभ्यास वर्ग में कार्य पद्धति, संपर्क, संवाद प्रवास, सदस्यता, सक्षम इकाई एवं परिसर कार्य जैसे विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए अभाविप के प्रवासी कार्यकर्ता पुनीत मिश्र, राष्ट्रीय कार्यकारिणी



सदस्य ने अभाविप की सैद्धांतिक भूमिका के बारे में बताया। दूसरे सत्र में प्रभाकार तिवारी, विभाग संगठन मंत्री ने कार्यपद्धति पर विचार रखे एवं तीसरे सत्र में डॉ0 अनुभव रावत, विभाग प्रमुख एवम् यशवंत सिंह, विभाग संयोजक ने अभाविप के आयाम, कार्य एवं गतिविधि के बारे में बताया। चौथे सत्र में शिवम सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवम् अभिनव मिश्र, सदस्य, केंद्रीय मीडिया टोली एवम् प्रांत मीडिया संयोजक ने अभाविप के इकाई, परिसर कार्य एवं सदस्यता विषय पर अपने विचार रखें। भाषण सत्र डॉ0 आभा त्रिपाठी, प्रांत छात्रा प्रमुख द्वारा लिया गया। अंत में अभ्यास वर्ग का समापन डॉ0 मनीष श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष, यशार्थ श्रीवास्तव, महानगर सहमंत्री एवम् अर्चित सोनी, महानगर संगठन मंत्री द्वारा किया गया। मंच संचालन यशार्थ श्रीवास्तव एवम् अभिनव पाण्डेय द्वारा किया गया।

इस मौके पर विद्यार्थी परिषद के अमन शुक्ला, शुभम पाण्डेय, ज्ञान प्रकाश, प्रतीक मिश्रा, डॉ अंशु अग्रवाल मैम, नीरज प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, शिवांश, सचिन, नर नारायण सिंह एवं छात्रा बहनों में आंचल सिंह, संजना, आस्था सहित विद्यार्थी परिषद के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जन कल्याण के लिए किया गया बाबा का अभिषेक

## पुलिस चौकी परिसर मंदिर स्थापना दिवस पर की गई पूजा-अर्चना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** मेजा कोतवाली के जेवनिया पुलिस चौकी परिसर में स्थित भगवान भोलेनाथ की मंदिर के चौथे स्थापना दिवस पर यजमानों ने बाबा का अभिषेक कर पूजा-अर्चना की गई है। पवित्र सावन मास में मन्दिर परिसर वैदिक मंत्रों से गूँजता रहा और यजमान के रूप यहाँ पुलिस महकमे के साथ समाजसेवी एवं उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अभिषेक तिवारी टिंकू मौजूद रहे।उंन्होने कहा जन कल्याण के लिए बाबा का सामूहिक रूप से अभिषेक किया गया।

चौकी प्रभारी मनोज कुमार, पूर्व में चौकी प्रभारी रहे सुशील दुबे व दरोगा



दिनेश यादव ने सपत्नीक पूजा अर्चना करते हुए अमन शांति के लिए बाबा दरबार मे समर्पण किया है।मन्दिर स्थापना के लिए प्रेरणा स्रोत रहे समाजसेवी एवं अधिवक्ता अभिषेक तिवारी भी बाबा के अभिषेक में सहभागी रहे। दरोगा संतप्रकाश त्रिपाठी भी आयोजन का हिस्सा रहे।इस धार्मिक आयोजन में वर्दी का एक अनूठा रूप देखने को मिला है। मन्दिर में खाकी की जगह पीताम्बर में पुलिस महकमे के लोग नजर आए।उनकी आस्था में जन कल्याण का भाव रहा और पूजा में ईस्ट के प्रति समर्पण दिखाई पड़ा है।

आयोजन में जेवनियाँ पुलिस चौकी के स्टाफ के साथ अष्टभुजा प्रसाद तिवारी, प्रभुनाथ मिश्र, बसंत जी शुक्ल, विभव मिश्रा, रतन गौतम, सौरभ राय, शशिकिरण राय, अमरनाथ सिंह, सर्वजीत चौहान, जितेंद्र कुमार, आकाश पाण्डेय, हरीश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मेजा ऊर्जा निगम ने सलैया कला ग्राम में किया चिकित्सा शिविर का आयोजन

## लोगों की जांच व सलाह के साथ दी निशुल्क दवाएं




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** मेजा ऊर्जा निगम (प्राइवेट) लिमिटेड के आर एंड आर विभाग एवं आरोग्यम चिकित्सालय द्वारा सीएसआर पहल के तहत 27 जुलाई को सलैया कला ग्राम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। शिविर में गांव के कुल 60 (37 पुरुष एवं 27 महिलाओं) ने इसका लाभ लिया है।

मेजा ऊर्जा निगम के आरोग्यम अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार डॉ ए के चौधरी एवं अन्य मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच, परीक्षण और निःशुल्क दवाओं के वितरण सहित कई प्रकार की चिकित्सा सेवाएं प्रदान कीं हैं। मेजा ऊर्जा निगम अपने परिचालन क्षेत्रों के आसपास के समुदायों के सामाजिक कल्याण हेतु प्रतिबद्ध है। इस शिविर से लाभान्वित सलैया कला के ग्रामीण जनो द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर हेतु आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर सीएसआर विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# शिविर में 96 दिव्यांगों ने कराया पंजीयन, मिलेंगे उपकरण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया।** ब्लाक सभागार में शनिवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा किया गया। दिव्यांग शिविर में 96 दिव्यांगों ने अपना पंजीयन कराया। जिनमें 44 को प्रमाण पत्र, चार को व्हीलचेयर, चार को कान की मशीन, तीन को स्मार्ट कैन, 19 को ट्राई साइकिल, 18 को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल के लिए चिन्हित किया गया। जिन्हें आने वाले दिनों में उक्त उपकरणों का वितरण किया जाएगा। डॉक्टरों की टीम में डॉ राधेश्याम मौर्य, डॉक्टर बीसी विश्वास, डॉक्टर जी प्रसाद, डॉक्टर शंकर शुक्ला, डॉक्टर राजेंद्र कुमार, दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग से धर्मदेव भारती, शनी सिंह, शैलेश कुमार आदि रहे। शिविर में भारी संख्या में दिव्यांग मौजूद रहे।

# कब होगी परिषदीय शिक्षकों की पदोन्नति

## सचिव के दर्जनों बार कहने पर भी नहीं दी गयी सूची

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** प्रदेश परिषदीय शिक्षा सुधार के लिए सरकार की कोशिशें जारी हैं। शिक्षकों की नकेल कसने के लिए डिजिटल हाजिरी जैसे सख्त फरमान जारी किए जा चुके हैं लेकिन शिक्षकों के हक और हित की मांगों पर जिम्मेदार अधिकारी मौन हो जाते हैं।

शिक्षकों की पदोन्नति के लिए बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा 24 महीने में 24 बार आदेश दिए गए लेकिन जिले स्तर से सूची तक नहीं उपलब्ध कराई गई है।बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र नारायण तिवारी द्वारा एक बार फिर शिक्षकों की पदोन्नति से जुड़ी सूची मांगी गई है और इसके लिए अंतिम तिथि 27 जुलाई तय की गई है। शिक्षक नेता अवनीश मिश्र ने कहा कि यह देखना होगा कि सचिव के इस निर्देश को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कितनी गम्भीरता से लेते हैं। श्री मिश्र ने बताया कि वर्ष 2023 से चालू वर्ष में सचिव बेसिक शिक्षा

➪शिक्षक नेता ने कहा कि हक की मांग पर जिम्मेदार साध लेते हैं मौन

परिषद द्वारा कुल 24 बार सूची मांगी जा चुकी है, लेकिन बीएसए स्तर से इस मामले में फिलहाल उदासीनता बरती गई है। वजह जो भी हो लेकिन पदोन्नति के लाभ से शिक्षकों को वंचित किया गया है।शिक्षक नेता अवनीश मिश्र की मानें तो सरकार परिषदीय शिक्षकों को कोल्हू के बैल की तरह हाँकना चाहती है। रोज नए फरमान आते हैं।शिक्षकों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए जाते हैं लेकिन उनके हक के सवाल पर सब मौन साध लेते हैं।इसका आलम यह है कि शिक्षकों की पदोन्नति बाधित है। इस वजह से उनकी कई तरह की क्षति हुई है।

# प्रयाग नर्सिंग होम में डायलिसिस यूनिट का हुआ शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर ।** नगर पंचायत फूलपुर स्थित प्रयाग नर्सिंग होम सेंटर में रविवार को डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि मोतीलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज के प्रोफ़ेसर डॉक्टर अरविंद कुमार गुप्ता ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ अरविंद गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने विघ्नहर्ता भगवान गणेश माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके इंचार्ज अंकिता पाठक तथा आशुतोष पाठक ने मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर अरविंद गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि चेयरमैन अमरनाथ यादव का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर अरविंद कुमार गुप्ता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष में एक बार अपने माता-पिता भाई-बहन सभी लोगों का ब्लड प्रेसर और शुगर की जांच अवश्य कराएं क्योंकि यह बीमारी आपके शरीर में चुपके से प्रवेश कर जाती है और आपको पता भी नहीं चलता जब पता चलता है तब बहुत देर हो जाती है

इसलिए मैं आपसे आग्रह करता हूं कि वर्ष में एक ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच अवश्य कराएं, जिससे आपके गुर्दे और स्वास्थ में दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि बहुत ही हर्ष का विषय है कि आपके नगर पंचायत में तथा पूरे गंगापार में पहला डायलिसिस सुविधा युक्त अस्पताल आपको मिला रहा है यह सब आर एन पाठक तथा अर्पणा पाठक के पुत्र आशुतोष पाठक की नई सोच के सफलता का श्रेय है जो प्रयाग नर्सिंग होम में सभी सुविधाएं आपको दी जा रही। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि अमरनाथ यादव ने कहा कि फूलपुर कस्बे के लिए या सौभाग्य का विषय है कि लोगों को गंगापार में पहला डायलिसिस सुविधाओं से युक्त नर्सिंग होम आपके नगर पंचायत में आयुष्मान सहित प्रयाग नर्सिंग होम में आपको डायलिसिस की सुविधा मिल रही है इसमें आपको जिस व्यक्ति के पास आयुष्मान कार्ड बना होगा उस व्यक्ति को कोई भी चार्ज नहीं देना होगा एकदम फ्री डायलिसिस की सुविधा मिलेगी। इस मौके पर डॉ अंकिता पाठक ,राकेश मौर्य, डॉ विवेक सिंह, डॉ राजेश गणेश मेहरोत्रा राजेश यादव सुरेंद्र पाल तथा से प्रयाग नर्सिंग होम के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य के साथ फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं-दशरथ कुमार

## आयुर्वेदिक क्लीनिक चला रहा फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के कोटहा गांव में बिना डिग्री के क्लीनिक चलाने वाले फर्जी डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह इलाज के नाम पर लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहा था। आयुर्वेदिक स्वास्थ्य टीम की छापेमारी में यह सच उजागर हुआ है। पुलिस ने दोषी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

कई बार शिकायत पर आयुर्वेदिक स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी करते हुए भंडाफोड़ किया है। क्लीनिक में छापेमारी के दौरान टीम को काफी मात्रा में नकली दवाइयां मिली हैं। पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी शारदा प्रसाद ने पुलिस को दी गयी शिकायत में बताया कि उनको महानिदेशक आयुष मानवेंद्र सिंह द्वारा



व्हाट्सएप पर मिले शिकायत व वीडियो के साक्ष्य के आधार पर अधिकारियों को जानकारी दी गई। एसडीएम मेजा दशरथ कुमार तथा पुलिस चौकी मेजा रोड के उप निरीक्षक सचिन गुप्ता, अमित गुप्ता, अखिलेश यादव, चिकित्साधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह, डॉ दीपक सोनी एवं सहायक मुक्तेश मोहन शुक्ला ने 27 जुलाई को रहमत दवाखाना पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर सद्दाम हुसैन पुत्र बुद्ध हुसैन 15

➢मेजा थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने की जांच शुरू

मलाहीपुर बिलारी देहात मुरादाबाद उत्तर प्रदेश द्वारा कुसुम देवी पत्नी धर्मराज निवासी नेवढ़िया के सिर दर्द का इलाज करते हुए पाया गया।

जांच में सद्दाम हुसैन चिकित्सा संबंधी कोई योग्यता एवं डिग्री नहीं दिखा सके। तीन बोरों में प्लास्टिक की थैलियां में कागज की पुड़िया में चमकीला चांदी के रंग का पाउडर पाया गया जिन्हें सील कर, नमूना जांच हेतु भेजा गया। नकली दवा का व्यवसाय, दवा में मिलावट और ठगने का मामला दर्ज कराया गया है। साथ ही औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।पुलिस द्वारा गिरफ्तार तथाकथित डॉक्टर को जमानत पर छोड़ दिया है।

# आजाद समाज पार्टी का 2027 में होगा जोरदार आगाज- चंद्रशेखर

## फूलपुर समेत सभी 10 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव लड़ने की घोषणा



➪लोकसभा की तरह विधान सभा के उपचुनाव में किसी भी दल से नहीं होगा गठबंधन
➪कार्यकर्ताओं में भरा जोश, गरीबी हटाने का दिया नारा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने बहरिया के कालोनी चौराहा धमौर में शनिवार को फूलपुर विधान सभा के उपचुनाव को लेकर एक जन सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आजाद समाज पार्टी का 2027 में जोरदार आगाज होगा।

विधान सभा के उपचुनाव में पार्टी सभी दसों सीट पर बिना किसी दल से गठबंधन किए चुनाव लड़ेगी। कहा कि देश की पच्चासी प्रतिशत जनता पांच किलो राशन में सिमट गई है। युवा बड़ी बड़ी डिग्रियां लेकर बेरोजगार घूम रहे हैं। किसान प्राकृतिक मार से परेशान हैं वहीं सरकार की आवारा पशु योजना उनकी फसलों को रौंद रही है। फसल का उचित मूल्य न मिलने से किसान तबाह हो रहे हैं।

शिक्षा का बाजारीकरण किया जा रहा है। सरकारी स्कूल बंद किए जा रहे हैं। पेपर लीक तो सरकार की पहचान बन गई है। पांच पांच सौ रूपए में साल्व पेपर बेचे जा रहे हैं। बेरोजगार जब सड़क पर उतरता है तो उसको लाठियों से पीटा जाता है। अंत में कहा कि गुलामी की बेड़ियों को काटने के लिए परिवर्तन लाना होगा और आजाद समाज पार्टी को मतबूत बनाना होगा।

गरीबी हटाने और अपने हक की लड़ाई के लिए अब आगे आने का समय आ गया है। सांसद ने मंच से कार्यकर्ताओं में जोश भरा और कमर कस कर तैयार होने को कहा। सभा में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ किशोर, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गौतम, जिलाध्यक्ष विजय सरोज के अलावा पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अखिलेश आजाद, संदीप अंबेडकर, दीना नाथ गौतम, शशिकांत यादव, अनीस अहमद, आदित्य यादव, सुलभ यादव, संजना अंबेडकर आदि लोग रहे। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के मद्देनजर थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह अपने हमराहियों के साथ मुस्तैद रहे।

# किसानों को खरपतवार नाशक दवा का वितरण




**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** सहगल फाउंडेशन व वॉलमार्ट के द्वारा ब्लोस्टरिंग पीएफओ प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रयागराज जिले के किसानों के लिए फाउन्डेशन निरंतर काम कर रहा है । जिससे किसानों की कम लागत में अधिक उत्पादन मिल सके।

किसानों को प्रोजेक्ट के माध्यम से किसान प्रशिक्षण, किसान बैठक और एक्सपोजर विजिट के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। साथ ही किसानो को डेमो के माध्यम से खेती की प्रर्दशनी जैसे - धान का बीज साथ में सूक्ष्म पोषक तत्व (माइक्रोन्यूट्रिएंट) और खरपतवार की दवा (नॉमिनी गोल्ड) प्रति किसान एक बीघा प्रर्दशनी कराया जा रहा है जिससे किसान तकनीकी खेती करके सीखे और फसल बेहतर हो उत्पादन अधिक प्राप्त हो तभी किसान की आर्थिक स्थिति सुधरेगी । सहगल फाउंडेशन के प्रतिनिधि दिनेश कुमार मौर्य, कोड़ापुर एफपीओ से बीओडी रणजीत सिंह और एलआरपी सत्येंद्र कुमार सिंह व सुनील कुमार सिंह और कोड़ापुर एफपीओ के (शेयर होल्डर) किसान खानपुर डांडी सेन्टर पर उपस्थित हुए। सभी किसानों को धान में होने वाले खरपतवार को नियंत्रण के लिए हर्बिसाइड (खरपतवार नाशक - नॉमिनी गोल्ड) प्रशिक्षण व वितरण किया गया। किसानों को फ्री में खरपतवार नाशक दवा मिली तो उनमें खुशी देखी गई।

# महाराष्ट्र की डॉ. प्रमिला समेत पांच को सुभद्रा कुमारी चौहान अवार्ड

## 'गुफ़्तगू' की तरफ से दिए जाने वाले वार्षिक अवार्ड की हुई घोषणा

**प्रयागराज।** साहित्यिक संस्था 'गुफ़्तगू' की तरफ से प्रत्येक वर्ष दिये जाने वाले एवार्ड की घोषणा रविवार को संस्था के उपाध्यक्ष प्रभाशंकर शर्मा के छोटा बगहारा स्थित आवास पर हुई बैठक के बाद की गई। इस वर्ष का सुभद्रा कुमारी चौहान अवार्ड डॉ. प्रमिला वर्मा (सोलापुर, महाराष्ट्र), रेणु अग्रवाल (उड़ीसा), वेणु अग्रहरि ढींगरा(सोलापुर, महाराष्ट्र), मंजु शर्मा जांडिग 'मनु' (जोधपुर) और डॉ. अन्नपूर्णा वाजपेयी 'आर्या' (कानपुर), कैलाश गौतम अवार्ड अखिलेश निगम 'अखिल' (लखनऊ), सुभाष पाठक 'ज़िया' (शिवपुरी, मध्य प्रदेश), डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा (रायपुर), गणेश शंकर श्रीवास्तव (नई दिल्ली) और अभिनव अरुण (वाराणसी) दिया जाएगा।

संस्था के अध्यक्ष इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी ने बताया कि इस बार पत्रकारों को दिए जाने वाला कुलदीप नैयर अवार्ड देव प्रकाश चौधरी (अमर उजाला-नोएडा), फ़रहत ख़ान (दैनिक भास्कर), अमरीश कुमार शुक्ला (वरिष्ठ पत्रकार), डॉ. मोहम्मद ज़फ़रउल्लाह (पत्रकारिता विभाग-जामिया मिल्लिया, नई दिल्ली) और गौरव अवस्थी (वरिष्ठ पत्रकार-



रायबरेली) को, सीमा अपराजिता अवार्ड ऋतिका रश्मि (मेहसना, गुजरात), मीना सिंह 'मीन' (नई दिल्ली), प्रियंका गहलौत (अमरोहा), सुनीता श्रीवास्तव (सुल्तानपुर) और महिमा त्रिपाठी (प्रयागराज) को डॉ. सुधाकर पांडेय अवार्ड मोहन राठौर (मशहूर भोजपुरी गायक, मुंबई), बंश नारायण सिंह बनज (दिलदारनगर), सानंद सिंह (ग़ाज़ीपुर), सूरज दीवाकर ( नई दिल्ली) और कमलेश पाण्डेय 'पुष्प' (नई दिल्ली) को उमेश नारायण शर्मा अवार्ड एडवोकेट नितिन शर्मा, एडवोकेट देवीशंकर शुक्ला, एडवोकेट रविशंकर प्रसाद, एडवोकेट मोहम्मद अहमद अंसारी और एडवोकेट शिवाजी यादव को दिया जाएगा।इसी प्रकार खिलाड़ियों को दिए जाने वाला मिल्खा सिंह अवार्ड सोमनाथ चन्दा (फुटबाल), विमला सिंह (एथलेटिक्स), शशि प्रकाश यादव (एथलेटिक्स), नरेन्द्र सिंह बिष्ट (बॉक्सिंग) और मयंक श्रीवास्तव (जिमनास्टिक) को दिया जाएगा।

इस बार अवार्ड वितरण के लिए मुंबई से मशहूर गीतकार जावेद अख़्तर तशरीफ ला रहे हैं। इन्हीं के हाथ से लोगों को अवार्ड दिया जाएगा।

गुफ़्तगू कार्यकारिणी की बैठक में प्रभाशंकर शर्मा, नरेश कुमार महरानी, मासूम रज़ा राशदी, डॉ. वीरेन्द्र तिवारी, नीना मोहन श्रीवास्तव, अनिल मानव, दयाशंकर प्रसाद, अफ़सर जमाल, राम नारायण श्रीवास्तव और भारत भूषण वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# अवैध सॉफ्टवेयर से ट्रेनों के तत्काल टिकट बुक करने में दलाल हावी, रेलवे कर्मी से पहले टिकट कर ले रहे हैं बुक

## ● 11656 रुपए के 7 टिकट के साथ टिकट की कालाबाजारी के आरोपी युवक को आरपीएफने पकड़ा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर क्षेत्र स्थित भरवारी रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के तत्काल टिकट हासिल करने में दलाल हावी हैं। यात्री जब तक काउंटर पर या ऑनलाइन टिकट बुक करने का प्रयास करते है,तब तक दलाल अवैध सॉफ्टवेयर से पहले ही टिकट बुक कर लेते हैं।आईआरसीटीसी के सामान सिस्टम चला रहे हैं।

मुंबई, सूरत, गुजरात व अहमदाबाद , दिल्ली, भोपाल की ट्रेनों की कम संख्या और यात्रियों की बढ़ती संख्या का फायदा उठाकर दलाल टिकट को मनमाने दाम पर बेचते हैं। स्पेशल ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिलने पर यात्री तत्काल कोटा की ओर भाग रहे हैं, लेकिन यहां भी उन्हें राहत नहीं मिल रही है। अवैध सॉफ्टवेयर से दलाल पहले ही टिकट काट लेते हैं।

रात भर स्टेशन पर टिकट के लिए लाइन लगने के बाद भी यात्रियों को निराशा हाथ लग रही है। वहीं यात्रियों के मजबूरी का फायदा उठाते हुए टिकट दलाल उन्हें महंगे दामों में कन्फर्म टिकट उपलब्ध करा रहे हैं। जिले में फैले इस काले कारोबार पर अंकुश लगाने में अभी भी रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे की अन्य एजेंसियां नाकाम साबित हो रही है। महीने में सिर्फ कुछ कार्रवाई कर वह कोरम पूरा कर ले रहे हैं। लेकिन टिकट दलालों की सक्रियता जस की तस बनी हुई है।

### प्रतिबंधित अवैध सॉफ्टवेयर कई गुना तेज होता है

भरवारी, कौशाम्बी। टिकट दलाल इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) के सामान सिस्टम चला रहे हैं। यह सिस्टम तत्काल टिकटों की बुकिंग शुरू होते ही रेलवे के सिस्टम को हैक कर लेता है। प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर की चाल रेलवे के सॉफ्टवेयर से कई गुना फास्ट होती है। टिकट दलाल इतने शातिर होते हैं कि टिकट बुक होने से पहले ही यात्री का नाम, उम्र और अन्य विवरण भरकर तैयार रहते हैं। काउंटर पर जब तक रेलवे कर्मी एक टिकट बुक करता है, तब तक दलालों का नेटवर्क अपने सिस्टम से 15-20 टिकट बुक कर लेते हैं। इसके बाद यात्रियों से मुंहमांगी रकम वसूलते हैं।

### इन सॉफ्टवेयर को हो रहा प्रयोग

भरवारी, कौशाम्बी। बाजार में नए-नए साफ्टवेयर उपलब्ध हैं। जिसमें पुष्पा जीएफ नया सॉफ्टवेयर है इसमें रेड मिर्ची, रेड मैंगो, ब्लैक वोल्टी, कोविड-19, रेडबुल, डेल्टा व डेल्टा प्लस, ब्लैक टीएस, पुष्पा जीएफ व तेज समेत तमाम सॉफ्टवेयर हैं।

### केस-1

### सात पर्सनल आईडी से ई टिकट बनाकर 200रुपए अधिक में बेचता थ्रर संचालक

भरवारी, कौशाम्बी। रेलवे ई-टिकट की कालाबाजारी करने वाले आलम टूर एंड ट्रेवल्स के संचालक को रेलवे सुरक्षा बल चौकी भरवारी, थाना सूबेदारगंज और क्राइम विंग प्रयागराज की टीम द्वारा पर्सनल यूजर आईडी से रेलवे की ई टिकटों का अवैध व्यापार करने वाले संचालक को 07 पर्सनल आईडी पर अवैध रूप से ई-टिकट बनाकर मूल्य से 200 अधिक लेने के आरोप में संचालक मुअज्जम अंसारी निवासी कटरा नगर मंझनपुर को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में चालान किया गया था।

### केस-2

### 11656.20 रुपए मूल्य के 5 टिकट के साथ सहज जन सेवा संचालक को किया गिरफ्तार

भरवारी, कौशाम्बी। सीनियर कमांडेंट आरपीएफ प्रयागराज के निर्देशन में शनिवार को रेलवे ई-टिकट की काला बाजारी करने वाले कौसर रजा सहज जन सेवा केंद्र दरिया पुर चौराहा के संचालक कौसर रजा पुत्र तस्लीम रजा निवासी ग्राम अड़हरा थाना करारी को फर्जी आईडी पर तत्काल और सामान्य टिकट बनाकर बेचने के आरोप साबित होने पर समय दोपहर लगभग 3 बजे गिरफ्तार कर चालान किया गया ,आरोपी के पास से 11656.20 मूल्य के पांच टिकट बरामद हुए हैं। इस सम्बंध में आरपीएफचौंकी प्रभारी सुरेंद्र पासवान ने कहा कि अवैध सॉफ्टवेयर से तत्काल टिकट निकालने वालों पर नजर रखी जा रही है , बहुत जल्द ही टिकट दलालों पर अंकुश लगाने का कार्य किया जाएगा, जल्द ही अन्य जो तत्काल टिकट बना कर यात्रियों को अधिक पैसे पर देते है उनको भी बहुत जल्द पकड़ लिया जायेगा।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद मे प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है जनपद कौशाम्बी में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आज आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है। (08) सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्रो मे स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। डॉ0 संजय कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने निरीक्षण के लिए आदेशित किया, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अजय कुमार कुशवाहा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गौरपुर, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 एच.पी. मणि ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कनैली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर का निरीक्षण किया व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मूरतगंज, का निरीक्षण किया। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 एच.पी. मणि ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। अन्य उप मुख्य चिकित्सा/ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियो ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण किया आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 42 चिकित्साधिकारी व 118 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गयी थी। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल (1065) मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं (17) मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी संदर्भित किया गया। साथ साथ मेले मे कुल (048) गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये।

# गंगा तट के समीप नर कंकाल मिलने से मचा हड़कंप



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंबाई बुजुर्ग गांव के गंगा तट के समीप एक नर कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी कड़ाधाम पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने नर कंकाल को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।पुलिस ने मौके से एक आधार कार्ड बरामद किया जिसमे उमाशंकर सरोज पुत्र राम सजीवन सरोज उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम सरोली थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर अंकित था।पुलिस ने प्राप्त जानकारी के आधार पर परिवारीजनों को मामले से अवगत कराया।पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिवारीजनो ने बताया कि गत 20 जुलाई को दोपहर उमाशंकर पुणे जाने के लिए घर से निकला था लेकिन तब से उसका कोई अता पता नहीं है। पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थानाध्यक्ष कड़ाधाम धीरेंद्र सिंह ने मौके मिले आधार कार्ड के मुताबिक परिजनों को सूचित कर दिया गया है।मामले की जांच पड़ताल कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# नामदेव दर्जी महासभा की आयोजित हुई मासिक बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**विजिया चौराहा, कौशाम्बी।** मुख्यालय स्थित पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में शनिवार को प्रत्येक माह की भांति मासिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुशील कुमार नामदेव ने किया। इस दौरान संत शिरोमणि नामदेव महराज के चित्र पर उपस्थित स्वजाति बंधुओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर याद किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुशील कुमार नामदेव ने कहा कि यह मासिक बैठक माह के चौथे शनिवार को आयोजित की जाती है। बैठक का उद्देश्य समाज को जागरूक करते हुए एक नई दिशा की ओर ले जाना है। उन्होंने सभी समाज के लोगों से अपील किया कि वह लोग मासिक बैठक में जरूर अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। इस दौरान जिला महामंत्री संजीव कुमार नामदेव ने कहा कि समाज के युवा आगे आएं और समाज को उसका असली हक दिलाने के लिए संघर्ष करें। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि माननीय राधे श्याम नामदेव जी ने संगठन को लेकर एक रूपरेखा तैयार की व कार्यकारणी को सुझाव दिया कि आगे किस रणनीति से काम किया जाए कि समाज की दिशा और दशा में सुधार हो सके।

अपने जिले में निर्माणाधीन संत शिरोमणि नामदेव महाराज के मंदिर निर्माण में अपने समाज द्वारा किए गए योगदान की धनराशि को महंत नामदेव पुरी के हाथों में सौंपते हुए राधेश्याम नामदेव ने यह घोषणा की कि मंदिर में नामदेव महाराज की प्रतिमा वह अपने तरफसे देंगे। कार्यक्रम में रमेश नामदेव, प्रयागराज व महंत नामदेव पुरी, मुकेश नामदेव, तहसील अध्यक्ष चंद्रभान नामदेव, युवा जिला अध्यक्ष व समाज के अन्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# हाईवोल्टेज करेंट की चपेट में आने से ड्राइवर की मौत

**नारीबारी(प्रयागराज)।** शंकरगढ़ थाना अंतर्गत नारीबारी से शंकरगढ़ रुट पर कसौटा विद्यालय के पास राजा लाल यादव पुत्र वशिष्ठ यादव की करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई।दरअसल नारीबारी से शंकरगढ़ जा रहे ट्रक में कसौटा के पास लटक रहे तार को सुलझाने के चक्कर में चालक करंट की चपेट में आ गया।शरीर तत्काल इतना बुरी तरह झुलस गया कि घटनास्थल पर ही मौत हो गई।सूचना पाकर नारीबारी पुलिस ने मौके पर पहुँच कर परिजनों को सूचना दी।विधिक कार्यवाही के उपरांत शव को अन्त्य परीक्षण के वास्ते भेज दिया गया।इन दिनों बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के कारण आये दिन हादसे होते रहते हैं।अमूमन लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के कारण विद्युत व्यवस्था बेलगाम है।सरकार भी बिजली विभाग पर नकेल कसने में असमर्थ है।ग्रमीण अंचलों में तो ईश्वर भरोसे ही जीवन टिका है।

# ईंट लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर ट्राली का निकला पहिया, बाल बाल बचे राहगीर



**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र बिसारा पेट्रोल पंप के पास कादीपुर स्थित ईट भट्ठे से ईट लादकर भरवारी की तरफ जाते समय अनियंत्रित होकर दिवायडर से ट्राली टकरा गई जिससे ट्राली का पिछ्ला चारों पहिया निकल गए और ट्रैक्टर सड़क के बीचोबीच खड़ा हो गया।कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा पेट्रोल पम्प के पास रविवार की सुबह कादीपुर स्थित ईट भट्ठे से ईट लादकर भरवारी की तरफ देने जा रहा था तभी सुबह लगभग 8 बजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दिवायडर से ट्रॉली टकरा गया और ट्रॉली का हुक (गुफ्) टूट गया जिसके चलते ट्रॉली में लगे चारो पहिए राड सहित निकल गया जिसके चलते ट्रैक्टर सड़क के बीचोबीच खड़ा हो गया, गनीमत रही कि आगे पिछे कोई दो पहिया सवार या अन्य कोई गाड़ी नहीं थी नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था स वही दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक और मजदूर बाल बाल बच गए, उन्हे मामूली खरोचें आई है।

# बारिश में कच्ची दीवार गिरने से दम्पत्ति समेत दो बच्चे दबे

## ● ग्रामीणों ने मलबा हटाकर निकाला बाहर जिला अस्पताल मे घायलों का इलाज जारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के रत्नावली पुरम वार्ड नंबर 19 के बधवा रजवार गाव मे बारिश से कच्ची दीवार गिरने से दम्पत्ति सहित उनके 2 बच्चे मलबे मे दब गए। ग्रामीणो ने मदद का हाथ बढ़ा कर घायलो को बाहर निकाला। उन्हे एंबुलेंस के जरिये इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी मे भर्ती कराया है। डॉक्टर सौरभ मिश्रा के मुताबिक, घायलों की हालत स्थिर बनी हुई है। उन्हे डाक्टरी अबजरवेशन मे 24 घंटे रखा जाएगा।

जानकारी के मुताबिक मंझनपुर नगर पालिका परिषद रत्नावली पुरम वार्ड नंबर 19 के बधवा रजवार मे राम सवारे पुत्र बाले अपने परिवार के साथ रहता है। परिवार मे पत्नी संगीता व 2 बेटे सनी व मनी है।

राम सवारे पेशे से दिहाड़ी मजदूर है। मेहनत मजदूरी कर वह अपने परिवार का गुजर बसर करता है। उसके पास रहने के लिए कच्चा मकान है। जिसमे वह कच्ची मिट्टी की दीवार व छप्पर डाल कर रहता था। हाल मे ही उसे प्रधानमंत्री आवास की सुविधा मिली है। जिसमे निर्माण का काम चल रहा है। रविवार की सुबह संगीता परिवार के लिए खाना बना रही थी। बच्चे व पति रसोई के पास बैठ कर खाने की थाली का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच छप्परनुमा घर की दीवाल अचानक गिर पड़ी। तेज आवाज व चीख पुकार सुन कर गाव के अन्य लोगा ने परिवार को दीवार के मलबे से निकालने की कोशिस शुरू की। ग्रामीणों ने राम सवारे व उसके परिवार को सकुशल मलबे से बाहर निकाला। ग्रामीणों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस के जरिये घायलों को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड मे भर्ती कराया। अस्पताल मे डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ ने इलाज शुरू किया। डॉ सौरभ मिश्रा के मुताबिक घायलो को सिर हाथ पैर व पसलियों में चोट लगी है। घायल पति पत्नी व उसके एक बच्चे को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया है। एक अन्य बच्चे की हालत प्राथमिक उपचार के बाद ठीक होने पर उसे घर भेजा गया है शेष 3 लोगों का इलाज किया जा रहा है। मरीजो की हालत स्थिर है। अभी उन्हे 24 घंटे डाक्टरी अबजरवेशन मे रखा जाएगा।

# सुपरवाइजरों की मनमानी से आंगनवाड़ी केन्द्रों का बुरा हाल

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** विकास खंड कोरांव अंतर्गत बाल विकास परियोजना कार्यालय में नियुक्त सुपरवाइजरों की मनमानी वसूली के चलते बाल विकास परियोजना की आंगनवाड़ी योजना का बुरा हाल है । जानकारी के मुताबिक केंद्र में नियुक्त सुपरवाइजरों की मनमानी के चलते क्षेत्र में आज भी लगभग दो दर्जन केंद्र ऐसे है । जो कभी भी नहीं खुलते हैं । वैसे तो केन्द्र पर सीडीपीओं हमेशा यह आदेश जारी करते हैं कि जो अबैध वसूली करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी । परन्तु ऐसा लगता है कि वे खुद इस कार्य के प्रति इतना सक्रिय नहीं है । तमाम शिकायतों के बावजूद यहां अबैध वसूली और पोषाहार बिक्री का सिलसिला बंद नहीं हो रहा है । वैसे तो यहाँ पर तैनात सीडीपीओं की गिनती इमानदान अधिकारियों के बीच की जाती हैं । कार्यभार ग्रहण के समय पर उन्होंने सख्ती भी दिखाई थी । और कहा था कि सारी व्यवस्था ठीक हो जाएगा । लेकिन समय के साथ सब कुछ बदल जाता है । यह कहावत चरितार्थ हो रही है । अब चोर - चोर मौसेरे भाई की कहावत नजर आ रही है । कोरांव मे नियुक्त सुपरवाइजरों की इस मनमानी कार्यप्रणाली से आंगनवाड़ी केन्द्रों की दशा काफी दयनीय चल रही है । ऐसा नहीं है कि केन्द्रों के निरक्षण के दौरान ऐसा प्रतीत होता है कि इस योजना को बंद कर देना चाहिए । न तो आंगनवाड़ी केन्द्रों पर समय से पोषाहार वितरण किया जा रहा है । न तो बच्चों को हाट कुक का भोजन दिया जा रहा है । जबकि बच्चों के केन्द्रों पर स्वास्थ्य शिक्षा भोजन साफ - सफाई आदि तमाम तरह की व्यवस्थाऐ की गई है । परन्तु यहाँ तो आंगनवाड़ी केन्द्र वास्तव में कागजों पर चल रहा है ।

# श्री हाजी अब्दुल खालिक स्कूल में हुई सिराथू सम्भाग की क्रिकेट प्रतियोगिता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्रतियोगिता विकास खण्ड कड़ा के परास में स्थित श्री हाजी अब्दुल खालिक इण्टर कॉलेज के तत्वाधान में रविवार को सिराथू सम्भाग की क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य व विद्यालय के प्रबंधक मुसब अली उस्मानी व चौकी प्रभारी पथरावा आलोक राज ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता परास गाँव मे स्थित नाना स्टेडियम में खेला गया।सिराथू सम्भाग की किक्रेट प्रतियोगिता में श्री राजा राम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरावा , धर्मा देवी इंटर कॉलेज , नफीस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय , मान सिंह इण्टर कॉलेज अलीपुर जीता ,गंगा प्रसाद साहू इण्टर कॉलेज देवीगज , श्री हाजी अब्दुल खालिक इण्टर कॉलेज परास ,चौधरी दिरगज सिंह इंटर कॉलेज ,हनुमान इण्टर कॉलेज अजुहा ,कमला देवी इण्टर कॉलेज अजुहा की टीम ने प्रतिभाग किया । जिसमे अंडर 14 में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज अजुहा तथा अंडर 17 में श्री हाजी अब्दुल खालिक इण्टर कॉलेज परास , अंडर 19 में मान सिंह इण्टर कॉलेज अलीपुर जीता की टीम विजई हुए ।

सभी टीमों को विद्यालय के प्रबंधक तथा जिला पंचायत सदस्य मुंसब अली उस्मानी ने ट्राफी देकर सम्मानित किया।

# महाकुंभ में व्यवस्था संभालने के लिए कर रहे मेरी छवि धूमिल- महंत रघुमुनी

**प्रयागराज।** हमारे यहां कुम्भ मेला के प्रबंधन व्यवस्था महंत बारी-बारी से देखते हैं। इस बार प्रयागराज महाकुम्भ का जिम्मा मुझे देखना था। मैं यह जिम्मेदारी न उठा पाऊं, इसके लिए मेरे ऊपर जमीन की खरीद फरोख्त सहित तमाम बेबुनियाद आरोप लगाया जा रहा है। ये बातें अखाड़ा बड़ा उदासीन के श्रीमत रघुमुनि ने प्रेसवार्ता में कहीं।

उन्होंने कहा कि अगर हर जमीन की खरीद-फरोख्त की होती तो इसके कागज विपक्ष के पास होते, लेकिन ऐसा नहीं है। केवल उनकी छवि धूमिल करने के लिए लगातार बयान बाजी की जा रही है। संत ने अखाड़ा के एक और महंत पर आरोप लगाया कि उनके समय में प्रयागराज में कई मकान बेचे गए हैं। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि एसआईटी गठित करें और उनके व दूसरे की ओर से कई खरीद-



भूमिका की जांच कराएं। सब स्पष्ट हो जाएगा।

महंत रघुमुनि ने कहा कि स्वयं को सचिव कहने वाले व्यासमुनि ने पुनः एक फर्जी करवाही करते हुए 27 मई 2023 को एक बैठक उदासिन अखाड़ा प्रधान कार्यालय कीडगंज प्रयागराज में दिखा कर हमें 32 लोगो की उपस्थिति दिखाई जिसमें तीन मुखिया एवं महंत सहित 29 सदस्य की उपस्थिति दिखायी। जिसके बाद वर्तमान सचिव महंत अग्रदास ने पुलिस को अर्जी दी है। क्योंकि ये बैठक फर्जी रूप से दिखाई गई थी। पुलिस ने जांच में ये पाया कि ये सदस्य उक्त बैठक के लिए प्रयागराज कभी आए ही नहीं जिस पर कीडगंज पुलिस ने बीती 18 जुलाई को एफ.आई.आर. भी दर्ज कर ली।

उन्होंने कहा कि ये सारा विवाद 2025 कुंभ मेले के आयोजन को लेकर है। नियमतः अखाड़े के संविधान के अनुसर चारो पढ़त के बड़े महंतो को बारी-बारी से कुंभ मेला कराने का अधिकार दिया गया है। इसके मुताबिक 2025 का महाकुंभ के प्रबंधक मुखिया महंत का दयित्व महंत रघुमुनि (पश्चिम पद्धति) को है। उन्हें रोकने के लिए बिना किसी वैध अनुमति के ये लोग जमात एवं पंच परमेश्वर नियुक्त करके फर्जी कार्यवाही करने में लगे हुए हैं। इन लोगो ने मेला प्रबंधन के लिए 1.5 करोड़ का प्रस्ताव पास किया है जबकि पिछले कुंभ मेला जिन लोगो ने करवाया था उन लोगों पर गबन का आरोप लगा कर उसकी जांच की मांग की जा रही है।

# शिविर में किया 47 यूनिट रक्तदान

**प्रयागराज।** आज सत्र 2024-25 का प्रयागराज लायंस का पहला रक्त दान शिविर अन्हा ब्लड बैंक प्रयागराज, में सम्पन्न हुआ, जिसका उद्घाटन डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय गुप्ता द्वारा किया गया। शिविर में कुल 47 यूनिट रक्तदान किया गया।

इसमें कई क्लब के सदस्यों ने रक्तदान टीम का सहयोग किया। इस मानवीय कार्य के लिए धर्मेंद्र मिश्रा, माला मिश्रा, उमेश कक्कर, सत्य रत्न यादव, हिमांशु, दीपक सोनी, अंजिला पीटर, पियूष गोयल, सुनील गुप्ता, ममता बंसल, डॉ. आनंद श्रीवास्तव, नीरज अग्रवाल, अजय अग्रवाल, रोहित जायसवाल, संत लाल वर्मा, रवि भूषण गुप्ता, ऋषि सेठी, राजकुमार जायसवाल, अर्चना जायसवाल, रितेश सक्सेना, अमित गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे। इसी क्रम में लायन भरत हिरानी द्वारा आज अपना 64वां रक्तदान किया गया व नौजवान चेतन,




हर्ष, शिखर, प्रखर, अमन, अंतरा, तृषा, आकर्ष द्वारा भी रक्तदान किया गया। मंडल की तरफ से सभी रक्त दनियों को स्नैक्स बॉक्स, अप्रिशिएशन सर्टिफिकेट व रक्त डोनर पिन द्वारा सम्मानित किया गया।

संक्षिप्त खबरें

## संस्कृत विद्यालय को मान्यता मिलने पर जताई गई प्रसन्नता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के रैंठ पूरे नोती स्थित शिवगंगा राम उच्चतर माध्यमिक संस्कृत महाविद्यालय को शासन की ओर से मान्यता मिलने पर अभिभावकों व संस्कृत भाषा से जुड़े लोगों में रविवार को प्रसन्नता देखी गयी। माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के सचिव द्वारा निर्गत किये गये शासनादेश में विद्यालय में अनिवार्य संस्कृत, संस्कृत शास्त्र, हिन्दी व सामाजिक विज्ञान, राजनीति विज्ञान, इतिहास पुराण एवं संस्कृत, अर्थशास्त्र, चित्रकला, गणित, गृह विज्ञान, पौरोहित्य आदि विषयों में विद्यालय को मान्यता प्रदान किये जाने की जानकारी दी गयी है। विद्यालय के संस्थापक स्वामी जितेन्द्र तिवारी ने यह जानकारी प्रदान की तो संस्कृत प्रेमियों में खुशी का वातावरण देखा गया। विद्यालय में गो आश्रम में भी वटुक छात्रों को गो सेवा तथा पूजन की प्रेरणा को लेकर अभिभावकों में उत्साह देखा गया। मान्यता मिलने पर आचार्य राजेश मिश्र, व्यवस्थापक रवीन्द्र तिवारी, आचार्य त्रिवेणी धर शुक्ल, विकास मिश्र, राहुल मिश्र, दिनेश सिंह, प्रितेन्द्र ओझा, गुड्डू तिवारी आदि ने उपलब्धि को संस्कृत भाषा के उन्नयन के लिए गौरवपूर्ण कहा है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से जख्मी बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत


फाइल फोटो संतोष सिंह लाल साहब

**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़-** कोतवाली देहात अंतर्गत टेऊंगा बाजार के पास ट्रैक्टर और बाइक में हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार संतोष कुमार सिंह लाल साहब निवासी टेऊंगा को गंभीर चोटे आई। उसे आनन फानन में एंबुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल ले जाया गया।जहां डॉक्टरों ने बताया कि संतोष सिंह के कंधेके पास एवं हाथ में फैक्चर हो गया एवं कलाई में गंभीर चोटें आई हैं। बताते चले कि 17 जुलाई शाम को बाइक और ट्रैक्टर में एक्सीडेंट हुआ था। जिससे संतोष सिंह के सिर में गंभीर चोटे आई थी। जिन्हें उपचार के बाद जिला अस्पताल से प्रयागराज रेफर किया गया था। बीते शनिवार की रात 8ः00 बजे लाल साहब का निधन हो गया । संतोष सिंह उर्फ लाल साहब अपने पीछे पत्नी सुनीता सिंह 2 लड़की शिप्रा 27वर्ष,साक्षी 23 वर्ष और एक बेटा अखंड सिंह 17 वर्ष को बेसहारा छोड़कर असमय इस दुनिया को अलविदा कह गये । परिवार की संपूर्ण जिम्मेदारी संतोष सिंह के ही ऊपर थी। संतोष सिंह उर्फ लाल साहब मूल रूप से सांगीपुर के निवासी है। जबकि ट्रैक्टर को कोतवाल ने विनीत उपाध्याय से लेन देन करके छोड़ दिया। ट्रैक्टर छोड़े जाने को लेकर स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति गुस्सा व्याप्त है।

## विवादित जमीन पर बोरिंग कराने का आरोप

**सुवंसा (प्रतापगढ़)।** थाना फतनपुर अंतर्गत गांव कोयम के निवासी मुकेश कुमार कोरी सुत मुन्नीलाल कोरी ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी द्वारा जबरदस्ती विवादित जमीन पर बोरिंग कराई जा रही है जबकि उक्त जमीन का न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश है। विपक्षी द्वारा जबरन बोरिंग कराने पर पुलिस डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पुलिस वालों ने आकर काम बंद करवा दिया, परंतु उनके जाने के बाद पुनः काम शुरू करा दिया। पीड़ित ने थाना फतनपुर में तहरीर देकर विधिक कार्रवाई की मांग की है।

## हत्या के प्रयास में मां,बेटा गिरफ्तार,कुल्हाड़ी बरामद

**उदयपुर,प्रतापगढ़।** थाना सांगीपुर पुलिस टीम नें थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम देउम पश्चिम से 01अभियुक्त व 01 अभियुक्ता गिरफ्तार किया जिनके विरूद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज है।श्रीमान पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में आज दिनांक 28.07.2024 को थानाध्यक्ष मनीष कुमार त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 राजेश कुमार शुक्ला मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 152,24 धारा 115(2),352,351(2),3,333,109,110,118(1) बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त,अभियुक्ता 1- मनोज वर्मा पुत्र मुन्ना वर्मा निवासी ग्राम देउम पश्चिम थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़, 2- कलावती वर्मा पत्नी मुन्ना वर्मा निवासी ग्राम देउम पश्चिम थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के ग्राम देउम पश्चिम से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त व अभियुक्ता की निशानदेही पर 02 अदद कुल्हाडी बरामद किया गया ।

## हमलावरों की गिरफतारी को पुलिस ने दे रही दबिश

**प्रतापगढ़।** बीती रात्रि में मोहन लाल यादव पुत्र भगवती यादव उम्र करीब 65 वर्ष निवासी ग्राम बोझवा थाना कोहड़ौर जनपद प्रतापगढ़ जो अपने घर के बाहर चारपाई पर मच्छरदानी लगाकर सोए थे। घर के अन्य सदस्य घर के बाहर बने टीन के बरामदे में सो रहे थे कि कुछ अज्ञात व्यक्ति आए और मोहनलाल के उपर हमला कर दिए जिससे मोहन लाल घायल हो गये। शोर सुनकर अपने पिता मोहन लाल को बचाने गयी उनकी लड़की उम्र करीब 25 वर्ष को भी चोट आयी। घायल मोहन लाल को इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया, घायल की हालत स्थिर है। मोहन लाल के द्वारा बताया गया कि उनके पड़ोस के गांव लाखीपुर के सूरज गिरि अपने अन्य साथियों के साथ हमला बोल दिया। तहरीर प्राप्त कर अभियोग पंजीकृत किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार' के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। घटना के अनावरण हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं, शीघ्र ही कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## पर्यावरण संरक्षण को किया पौधारोपण



**जेठवारा,प्रतापगढ़।** नव सृजन चौरिटेबल सोसायटी के सौजन्य से माता रानी गुरुकुलम जेठवारा के बच्चों ने अस्टभुजा मंदिर के समीप स्थित नवनिर्मित तालाब पर पौधरोपण कर पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। सोसायटी के सचिव डा. राम जी मिश्र तथा विद्यालय के प्रबंधक पुनीत मिश्रा के मार्गदर्शन में बच्चों ने गांव के तालाब की पटरियों पर दर्जनों की संख्या में छायादार एवम फलदार पौधे रोपित किए। इस मौके पर स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों को वृक्षों से होने वाले फायदे के बारे में बताया।पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में वृक्षों के योगदान और जीवन के लिए आवश्यक पेड़ों के संबंध में विस्तार से बताया। रोपित पौधों को वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करते रहने के लिए भी वचनबद्ध किया।।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार' द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में 'थाना मानिकपुर के प्रशिक्षु उ0नि0 नदीम खान मय हमराह कां0 जगत सिंह, कां0 रामकिशन राणा' द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, 'एसटी नं0 20,11 धारा 4,5 विस्फोटक अधिनियम' से संबंधित वारण्टी अभियुक्त 01. शानू पुत्र मो0 मटरु निवासी गढ़ी मानिकपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया ।

# शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक - न्यायमूर्ति अनीश गुप्ता

## ● गौरव सम्मान में 1100 शिक्षकों का हुआ सम्मान

▶▶ राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर हुई संगोष्ठी




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** सामाजिक एवं संवैधानिक समिति और अवनि (ट्रस्ट) द्वारा राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका विषय पर संगोष्ठी, गुरु वंदन समारोह और शिक्षक गौरव सम्मान का आयोजन उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता आलोक कुमार पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर 1100 से अधिक शिक्षकों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उच्च न्यायालय प्रयागराज के न्यायाधीश अनीश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता कुलदीपपति त्रिपाठी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रवेश, उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के सचिव विक्रांत यादव, उच्चतम न्यायालय में उत्तर प्रदेश सरकार की स्थाई अधिवक्ता अंकुर प्रकाश, उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता शिव प्रकाश सेनानी, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सोनेलाल पटेल चिकित्सा महाविद्यालय, प्रतापगढ़ के प्राचार्य डॉक्टर सलिल श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम का सफल संयोजन और संचालन डॉ सौरभ पांडेय ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आरंभ में आयोजक आलोक कुमार पांडेय ने सभी सम्मानित शिक्षकों के चरण धोकर उनका तिलक किया और अंगवस्त्रम भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने हृदय से आशीष प्रदान करते हुए कहा कि इस प्रकार का यह अद्भुत और अद्वितीय सम्मान है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश अनीश कुमार गुप्ता ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक है। शिक्षक की बताई हुई बातें पूरे जीवन पाथेय का कार्य करती है। शिक्षक व्यक्ति निर्माण का कार्य करता है और व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि आज गुरु वंदन समारोह में जिस प्रकार शिक्षकों के प्रति भावयुक्त सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है यह अद्वितीय है। कार्यक्रम के आयोजक आलोक कुमार पांडेय ने सभी अतिथियों के प्रति स्वागत करते हुए कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं गुरुओं की कृपा से ही हूँ। जीवन की यहाँ तक की यात्रा गुरु की कृपा से ही संभव हुई है। गुरु का जीवन के पग-पग पर मार्गदर्शन मिलना यह सौभाग्य की बात है। अनादि काल से गुरु वंदन की परंपरा चली जा रही है। उन संस्कारों को जीवंत रखने के की आवश्यकता है, आज इसी क्रम में यह गुरु वंदन कार्यक्रम और शिक्षक गौरव सम्मान संपन्न हो रहा है। शिक्षक समाज निर्माता है।

शिक्षक की परिकल्पना अपने विद्यार्थी के प्रति अत्यंत सकारात्मक होती है ।विद्यार्थी की सफलता शिक्षक के जीवन की सर्वोच्च सफलता है। शिक्षक समाज के लिए त्यागपूर्ण जीवन जीता है। आज समारोह के माध्यम से सम्मान की परंपरा के क्रम को आगे बढ़ाया गया है। धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज का उद्घोष विश्व का कल्याण हो संपूर्ण सृष्टि के कल्याण के लिए है ,और ऐसा उद्घोष कोई श्रेष्ठ गुरु ही कर सकता है। अपर महाधिवक्ता कुलदीपपति त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक सूर्य की भांति अपने शिष्य को प्रकाशित करने का काम करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रवेश ने कहा कि राष्ट्र जीवन में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। अनादिकाल से ही महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र,महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वेदव्यास, आचार्य चाणक्य, द्रोणाचार्य जैसे श्रेष्ठ गुरुजन के मार्गदर्शन में समाज सशक्त हुआ है और योग्य महापुरुषों का व्यक्तित्व निर्माण हुआ है।

उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के सचिव विक्रांत यादव ने कहा कि शिक्षक का सम्मान सर्वोपरि होता है और जो शिक्षक का सम्मान करता है वह उच्चतम शिखर पर पहुंचता है। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्चतम न्यायालय में स्थाई अधिवक्ता अंकुर प्रकाश ने गुरुओं की महत्ता पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ अधिवक्ता शिव प्रकाश सेनानी ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने इस कार्यक्रम की संरचना और शिक्षक सम्मान को लेकर भावपूर्ण आयोजन का महत्व बताया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ सलिल श्रीवास्तव ने कहा की गुरु का महत्व सर्वोपरि है ।अतः गुरु के प्रति सम्मान का भाव सदैव बना रहना चाहिएद्य कार्यक्रम संयोजक डॉ सौरभ पांडेय ने विषय प्रवर्तन करते हुए प्रस्तावना प्रस्तुत की और सभी अतिथियों का स्वागत किया । संयोजन में प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडेय, जिला मंत्री विनय सिंह,पंकज तिवारी, संजय तिवारी, रामानंद मिश्र,शिशिर खरे, सुरेंद्र प्रसाद पांडेय, नीतेश खण्डेलवाल,राजेश मिश्र, दिनेश अग्रहरि,राकेश मिश्र आदि ने विशेष सहयोग किया ।

इस अवसर पर डॉ विश्वनाथ मिश्र स्नेही, राजमणि तिवारी, डॉ पीयूष कांत शर्मा, डॉक्टर चेत प्रकाश पांडेय,राजेश पांडेय, प्रभाकर सिंह, राजेश सिंह, सुधाकर सिंह, जैनेंद्र सरोज, अजीत प्रताप सिंह, लक्ष्मी मिश्रा, काशी नारायण मिश्र सहित 1100 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान हुआ। इस अवसर समाज के श्रेष्ठ जन विशेष रूप से रामकृष्ण मिश्रा गुड्डू, विनोद कुमार द्विवेदी, गोविंद प्रसाद खंडेलवाल, गिरिजा शंकर मिश्र, रमेश पटेल, अश्विनी केशरवानी, डॉली केशरवानी, पिंकी दयाल, प्रमिला शुक्ला, मनीष केसरवानी आदि भी उपस्थित रहे।

## उच्चशिक्षा के परिवेश को मजबूत बनाने में प्रोफेसर गिरिजाशंकर शुक्ल का योगदान अतुलनीय-एसडीएम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार में रविवार को एचएन बहुगुणा पीजी कालेज के हिन्दी विभागध्यक्ष रहे शिक्षाविद् प्रोफेसर गिरिजाशंकर शुक्ल की उन्नसवीं पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनायी गयी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह ने प्रोफेसर शुक्ल के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवल कर किया। अधिवक्ता अनूप पाण्डेय व पूर्व अध्यक्ष कालिका प्रसाद पाण्डेय ने भावगीत से प्रो. शुक्ल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कनिष्ठ पुत्र एवं पूर्व अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने गिरिजाशंकर शुक्ल के जीवन दर्शन का वर्णन किया। बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिवेश में शिक्षा के बहुआयामी आयाम की मजबूती में मनीषियों का चिंतन सदैव सार्थक रहा है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गिरिजाशंकर शुक्ल जैसे हिन्दी साहित्य के विद्वानों ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र को उज्ज्वल भविष्य सौंपा है। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रो. गिरिजाशंकर शुक्ल के शैक्षिक मूल्यों को अतुलनीय बताया। नायब तहसीलदार पंकज कुमार ने साहित्य और शिक्षा को राष्ट्रीय विचारधारा को अग्रणी बनाये रखने में सबसे मजबूत सरोकार कहा। अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह व संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। संघ के महामंत्री सूर्यकान्त निराला ने कार्यक्रम का संयोजन किया। पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, अजय शुक्ल गुड्डू, विपिन शुक्ल, केके सरोज, मो0 अकरम ने प्रो. गिरिजाशंकर के सामाजिक क्षेत्र में योगदान को अविस्मरणीय बताया। इस मौके पर समाजसेवी राजकुमार मिश्र, पूर्व उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी, राकेश तिवारी गुड्डू, संजय सिंह, मुरलीधर तिवारी, कौशल किशोर शुक्ल, नितिन मिश्र, रामप्रकाश प्रजापति आदि रहे।

## टेबलेट पाकर छात्र- छात्राओं के खिले चेहरे



**शमशेरगंज।** वी एन आईटीआई संस्थान पहाड़पुर में आज उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 73 छात्रों को टैबलेट का वितरण किया गया। टैबलेट पाने के बाद के बाद छात्रों में खुशी की लहर दौड़ी और संस्थान को बधाई देते हुए छात्रों ने सरकार को धन्यवाद दिया। इस मौके पर संस्थान के प्रबंधक इंजीनियर भूपेश त्रिपाठी ,प्रधानाचार्य शिवम त्रिपाठी ,अनुज मिश्रा, आनंद गिरि, अनिकेत ,शिवम मिश्रा संस्थान के संस्थापक पंडित उमानाथ त्रिपाठी राजाराम वर्मा आदि लोगों उपस्थित रहे।

## बोल बम जयकारों के साथ बाबा धाम के लिए बोल बम कांवरिया का जत्था रवाना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** कोहडौर नगर पंचायत में श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण एवं क़स्बा मे स्थापित सभी मंदिरों का दर्शन पूजा-अर्चना व माथा टेक कर 28जुलाई को बोल बम कांवरिया का जत्था सुल्तानगंज रवाना हो गया। कोहडौर के मदाफरपुर मोड़ स्थित शिव मंदिर पर नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद व प्रतिनिधि किशन सोनी के पुत्र राहुल सोनी के द्वारा सभी कांवरियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गयाद्य सभी कांवरिया सुल्तानगंज उत्तरवाहिनी गंगा से जल अपने कांवर में भरकर 105 किलोमीटर पैदल चलकर बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर द्वादश ज्योतिर्लिंग में जलाभिषेक करेंगे।उक्त जानकारी देते हुए नितिन जायसवाल ने बताया कि बोल बम कांवरिया का जत्था बाबाधाम में जलाभिषेक के बाद बासुकीनाथ, तपोवन, नौलखा मंदिर में दर्शन कर वापस लौटेंगे। इस अवसर पर हीरालाल जायसवाल,प्रभाकर जयसवाल, सचिन सोनी,रिंकू जायसवाल,मुन्ना शुकला,सुजीत,संगीता, विपिन,हरिशंकर,शिव शंकर पटवा, उषा देवी,राकेश,संजय बारी, प्रियांशु आदि लोग उपस्थित रहे।

## बच्चों ने सीखे नई पद्धति पर काम करने की गुण

▶▶ विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय शिक्षा नीति सप्ताह



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रखहा ।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बच्चों ने नई पद्धति पर खेती करने के साथ-साथ दैनिक उपयोग में आने वाले वस्तुओं के निर्माण के गुण सीखते हुये उन्हें अपने जीवन में उतरने की प्रेरणा दी गयी । यह अनूठा प्रयोग बाबा बेलखरनाथ ब्लॉक के मॉडल प्राथमिक विद्यालय पिपरी खालसा में बीते 22 जुलाई से 28 जुलाई तक मनाये गये राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत कल्चरल एवं टेक्नोलॉजी दिवस के दौरान दी गई । कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाध्यापक के डॉक्टर प्रीति मिश्रा ने किया ।इस दौरान धान की खेती पर एक किसान द्वारा बच्चों को बताया गया कि उन्नत किस्म की खेती करने के लिये किस प्रकार के खेत होने चाहिए तथा बीजों की बुवाई कब करनी चाहिये इसकी जानकारी दी गई । इसी तरह मिट्टी के बर्तन बनाने में आने वाली वस्तुओं तथा कुम्हारी कला का प्रदर्शन किया किया गया । चलचित्र के माध्यम से विद्यालय के बच्चों को जीवन में आने वाली बातों पर उनका ध्यान खींचा गया, साथ ही संगीत तथा लोकगीतों के माध्यम से उत्साहवर्धन किया गया । कार्यक्रम में सुभाष चंद्र मिश्र, फरहान अहमद, पंकज मिश्रा, पूजा चौरसिया सहित अध्यापकों तथा अभिभावकों ने सहयोग दिया ।

## समाजसेवी द्वारा श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया जा रहा गंगा जल




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** सावन में गंगाजल से शिव के जलाभिषेक के लिए लोगों को अब परेशान नहीं होना पड़ रहा है। जनसत्तादल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के अति करीबी, वरिष्ठ समाजसेवी बाबागंज विधानसभा के ऐतिहासिक ग्राम पंचायत ढिगवश के वर्तमान ग्राम प्रधान राजेश त्रिपाठी सोनी मोनी के द्वारा क्षेत्र के शिव धाम कचनार वीर बाबा चौरास में पिछले करीब 10 वर्षो से सावन माह में शिव भक्तों को जलाभिषेक के लिए गंगा जल लगातार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस साल सावन माह में टैंकर से गंगा जल मंगवाकर कर लगातार श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया जा रहा है । जलाभिषेक करने के लिए शिव मंदिर पर गंगाजल की व्यवस्था करने पर शिव भक्तों के साथ ही क्षेत्रीय लोगों ने प्रशंसा करते हुए बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी राजेश त्रिपाठी सोनी मोनी हमेशा धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर सहयोग करने के साथ ही हर जरूरतमंदों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

## लेखपाल संघ के चुनाव में केके सरोज अध्यक्ष तथा मो. अकरम महामंत्री हुए निर्वाचित, खुशी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील के लेखपाल संघ का चुनाव रविवार को गहमागहमी के बीच सम्पन्न हुआ। वार्षिक चुनाव में केके सरोज दोबारा संघ के अध्यक्ष व मो. अकरम खान महामंत्री निर्वाचित हुए। केके सरोज ने अध्यक्ष पद पर सीधे मुकाबले में आशीष तिवारी को सैंतीस मतों से पराजित किया। वहीं महामंत्री पद पर मो. अकरम खान ने आशीष कुमार शुक्ल को बाइस मतों से शिकस्त दी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विनोद कुमार यादव ने गौरव मिश्र को सोलह मतों से हार का स्वाद चखाया। वहीं कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शिवम सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपमंत्री पद पर जितेन्द्र शुक्ल एवं आय व्यय निरीक्षक पद पर कुलदीप राव तथा कोषाध्यक्ष पद पर राजू सरोज भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव परिणामों की घोषणा जिला आय व्यय निरीक्षक एवं चुनाव अधिकारी प्रथम गया प्रसाद सरोज तथा पट्टी लेखपाल संघ अध्यक्ष एवं चुनाव अधिकारी द्वितीय आदित्यनाथ यादव ने किया। जैसे ही चुनाव परिणाम घोषित हुए विजयी पदाधिकारियों का साथी लेखपालों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में देवेन्द्र ओझा मौजूद रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष केके सरोज तथा महामंत्री मो. अकरम ने लेखपाल संघ की मजबूती के साथ संघ की मांगों को लेकर संघर्ष को और मजबूती प्रदान करने का एलान किया। निर्वाचित पदाधिकारियों को एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा तथा तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह व नायब तहसीलदार पंकज कुमार ने भी शुभकामनाएं सौंपी।

## काकोरी कांड पर होगी चित्रकला प्रतियोगिता




**प्रतापगढ़।** भाजपा नेता एवं पूर्व बसपा प्रत्याशी सदर विधानसभा ने बताया कि काकोरी एक्शन (काकोरीकांड) के 100 वर्ष पूर्ण होने पर जिला प्रतापगढ़ में भी वर्षगांठ मनाई जाएगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पूरे प्रदेश में इस कार्यक्रम को मनाने का आवाहन किया है इसी परिपेक्ष में यहां भी कार्यक्रम हमारे जनसंपर्क कार्यालय भंगवा चुंगी पर आयोजित किया जाएगा।यह जानकारी देते हुये डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने अपने एक बयान में बताया कि काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वी वर्षगांठ पर शहीदों पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा।

## सम्पादकीय

# प्रकृति से लड़कर कोई आज तक जीत नहीं सका

उत्तराखंड स्थित केदारनाथ में गौरीकुंड के पास पहाड़ी से पत्थर नीचे गिरने के कारण तीन लोगों की मौत वाकई दुखद है। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं।दरअसल, पहाड़ों में बारिशों के कारण अक्सर ही जमीन खिसकने (लैंड स्लाइड) के मामले होते रहते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि लैंड स्लाइड होने के कारण ही यह हादसा हुआ है। हादसा रविवार सुबह हुआ। पहाड़ से बड़े-बड़े पत्थर गिरने की घटना तीन स्थानों पर हुई। गौर करने वाली बात यह है कि गौरीकुंड-जहां हादसा हुआ है-वहां से केदारनदाथ धाम तक 16 किलोमीटर लंबे पैदल यात्रा मार्ग पर कई संवेदनशील क्षेत्र हैं, जहां हल्की बारिश में ही पहाड़ से पत्थर और मलबा गिरने लगता है।यह पूरा स्ट्रेच भूस्खलन की दृष्टि से अतिसंवेदनशील है। इस मामले में कुछ ऐसा हुआ कि उस दिन भारी बारिश हो रही थी और श्रद्धालु यात्रा पर थे। उन्हें इस आशंका का भान ही न हो सका। यहां प्रशासन की जिम्मेदारी को परखना जरूरी बन जाता है। जब यह बात वहां के प्रशासन और आपदा प्रबंधन को मालूम था तो फिर यात्रियों को इसकी जानकारी देना उनका फर्ज था। वैसे भी केदारनाथ में इससे पहले कई हादसे हुए हैं।बीते आठ वर्षो में वर्षाकाल के दौरान इस मार्ग पर हादसे में 19 व्यक्तियों को जान गंवानी पड़ी। इस नाते वहां के प्रशासन को इसकी तैयारियां चौकस रखनी चाहिए थी। यह घनघोर लापरवाही का मामला है। इसकी अनदेखी नहीं होनी चाहिए थी। हालांकि अब प्रशासन अपनी साख बचाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, मगर यह सब कवायद यात्रा शुरू होने से पहले होनी चाहिए थी। ताजा निर्देश के मुताबिक शाम 5 बजे से दूसरे दिन सूर्योदय तक केदारनाथ पैदल मार्ग पर आवाजाही पर रोक लगा दी गई है।यात्रियों की भी जिम्मदारी है कि वो खुद से खतरा मोल न लें। अगर मौसम साफ है और यात्रा में कोई व्यवधान की अग्रिम सूचना नहीं है तभी आगे बढ़ा जा सकता है। प्रकृति से लड़कर कोई आज तक जीत नहीं सका है। सभी लोगों को उसके रौद्र रूप की वजहों की तलाश करनी होगी और उसका सम्मान भी करना होगा। पहाड़ी राज्यों में लोगों की जरूरत से ज्यादा आवाजाही और अंधाधुंध निर्माण के कायरे पर बहुत सोच-समझकर आगे बढ़ना होगा। प्रकृति के साथ तारतम्य बनाने और उसके अनुरूप चलने से ही जान-माल के नुकसान से बचा जा सकता है। यह बात हर किसी को अपने जेहर में रखनी होगी।

## सुविचार




# क्या मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में चीन के साथ रिश्ते सुधारने की रणनीति बना रहे



**अशोक भाटिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले महीने शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में होंगे। पिछले कुछ हफ्तों में भारत-चीन संबंधों को लेकर मिले संकेत मिले-जुले रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया द्वारा रणनीति में बदलाव से यह पता चलता है कि चीन के साथ व्यावहारिक सहयोग का रास्ता हो सकता है। चीन के साथ गलवान घाटी में हुई झड़प को चार साल पूरे हो चुके हैं। इसी घटना के बाद दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो गए थे। अभी भी सीमा पर तनाव बना हुआ है। दोनों ही तरफ से 50 से 60 हजार सैनिक तैनात हैं। प्रधानमंत्री मोदी के लिए अपने तीसरे कार्यकाल में चीन के साथ संबंधों को सुधारना सबसे बड़ी चुनौती होगी।एक रिपोर्ट के अनुसार दोनों नेता अस्ताना में हो रहे एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल तो होंगे, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि क्या दोनों के बीच मुलाकात होगी या नहीं। पीएम मोदी ने अप्रैल में न्यूजवीक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में कहा था कि भारत के लिए, चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण और सार्थक हैं। जानकारों का मानना है कि हमें अपनी सीमाओं पर लंबे समय तक चले आ रहे गतिरोध को तत्काल सुलझाने की जरूरत है क्योकि भारत और चीन के बीच स्थिर और शांत संबंध सिर्फ दोनों देशों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए भी जरूरी हैं। मोदी ने कहा था कि मुझे उम्मीद है और भरोसा है कि हम अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता बहाल करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे।भारत और चीन के बीच हालिया घटनाओं को लेकर विदेशी मामलों के जानकारों का कहना है कि भारत चीन के बातचीत के लिए तैयार हो सकता है, लेकिन साथ ही खुद को मजबूत दिखाना जरुरी है है। यह नजरिया प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर के उन इंटरव्यू को आधार बनाता है जिनमें उन्होंने सीमा मुद्दे का समाधान निकालने की इच्छा जताई थी। साथ ही, यह नजरिया ताइवान के साथ भारत के संबंध और दलाई लामा से मुलाकात को चीन को यह संदेश देने के तौर पर देखता है कि भारत इस क्षेत्र के अन्य देशों के साथ भी रिश्ते बनाने में सक्षम है।पर कुछ जानकारों का मानना है कि भारत शायद बेहतर डील का इंतजार कर रहा है। यह नजरिया कहता है कि शुरुआत में भारत का लक्ष्य चुनाव के बाद जल्दी से सीमा मुद्दे का समाधान निकालना था। लेकिन, उम्मीद से कम सीटें जीतने के बाद सरकार सतर्क हो गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत शायद रिश्तों को सुधारने से पहले चीन से कुछ रियायतों का इंतजार कर रहा है।हाल ही में एक कार्यक्रम में जब ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) से पूछा गया था कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक महीने के भीतर अपने चीनी समकक्ष से दूसरी मुलाकात की है। इसे कैसे देखते हैं आप? हमने यह भी जानना चाहा कि दोनों देशों के बीच सैन्य स्तर पर भी वार्ता होने की खबरें हैं, क्या मोदी सरकार चीन से संबंध सुधारने की कोई पहल कर रही है? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अगर दोनों देशों के संबंध सुधरते हैं तो यह सिर्फ भारत और चीन के लिए ही नहीं बल्कि इस पूरे क्षेत्र के लिए अच्छी बात होगी। उन्होंने कहा कि लेकिन जैसा दिख रहा है या कहा जा रहा है वह सब हकीकत में बदलना इतना आसान नहीं है क्योंकि ड्रैगन के खाने वाले दांत अलग हैं और दिखाने वाले अलग हैं।उन्होंने बताया था कि कहा कि वैसे यह अच्छी बात है कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक महीने के भीतर दूसरी बार चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बताया यह भी जा रहा है कि दोनों देशों के बीच सैन्य स्तर पर भी हाल में वार्ता के दौर हुए हैं। उन्होंने कहा कि साथ ही यह भी पहली बार हुआ है कि एससीओ के सदस्य देशों के सुरक्षा अधिकारियों ने चीन में पहले संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभ्यास में हिस्सा लिया है। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में चीन के साथ संबंध सुधारने पर जोर दे रही है। लेकिन भारत सरकार अपने उस रुख पर अडिग है कि चीन को भारत के साथ पिछले समझौतों का पूर्ण सम्मान करना ही होगा।जहां तक दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात की बात है तो लाओस में हुई इस मुलाकात के दौरान जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से साफ-साफ कह दिया कि भारत के द्विपक्षीय संबंधों में स्थायित्व लाने और पुनर्बहाली के लिए चीन को वास्तविक नियंत्रण रेखा तथा पिछले समझौतों का पूर्ण सम्मान सुनिश्चित करना ही होगा। उन्होंने कहा था कि भारत का कहना है कि जब तक सीमा क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। इस मुलाकात के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा है कि वापसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मार्गदर्शन दिए जाने की आवश्यकता पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि उनके बयान में कहा गया है कि एलएसी और पिछले समझौतों का पूरा सम्मान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। हमारे संबंधों को स्थिर करना हमारे आपसी हित में है। हमें वर्तमान मुद्दों पर उद्देश्य और तत्परता की भावना का रुख रखना चाहिए।'जयशंकर ने आसियान विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान वांग से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया था कि सीपीसी (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना) पोलित ब्यूरो सदस्य और (चीन के) विदेश मंत्री वांग यी से आज वियनतियान में मुलाकात की। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को लेकर चर्चा जारी रही। सीमा की स्थिति निश्चित रूप से हमारे संबंधों की स्थिति पर प्रतिबिंबित होगी। हम आपको बता दें कि भारत का कहना है कि जब तक सीमा क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। वैसे जयशंकर और वांग के बीच वार्ता पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद जारी रहने के बीच हुई जो मई में अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश कर गया। जयशंकर ने कहा, ''वापसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मार्गदर्शन दिए जाने की आवश्यकता पर सहमति बनी। एलएसी और पिछले समझौतों का पूरा सम्मान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। हमारे संबंधों को स्थिर करना हमारे आपसी हित में है। हमें वर्तमान मुद्दों पर उद्देश्य और तत्परता की भावना का रुख रखना चाहिए।

उधर, दोनों मंत्रियों की मुलाकात के बारे में विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि बैठक ने दोनों मंत्रियों को चार जुलाई को अस्ताना में अपनी पिछली बैठक के बाद से स्थिति की समीक्षा करने का अवसर दिया। मंत्रालय ने कहा, ''उनकी बातचीत द्विपक्षीय संबंधों में स्थायित्व लाने और पुनर्बहाली के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से संबंधित शेष मुद्दों का शीघ्र समाधान खोजने पर केंद्रित थी।'' विदेश मंत्रालय ने कहा, ''दोनों मंत्री जल्द से जल्द सैनिकों की पूर्ण वापसी के लिए उद्देश्य और तत्परता के साथ काम करने की आवश्यकता पर सहमत हुए। सीमाओं पर शांति तथा एलएसी के प्रति सम्मान द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति के लिए आवश्यक है।'' विदेश मंत्रालय ने कहा, ''दोनों पक्षों को अतीत में दोनों सरकारों के बीच हुए प्रासंगिक द्विपक्षीय समझौतों, प्रोटोकॉल और समझ का पूरी तरह से पालन करना चाहिए। विदेश मंत्री ने हमारे संबंधों के लिए तीन परस्पर महत्वों-आपसी सम्मान, आपसी हित और आपसी संवेदनशीलता पर जोर दिया।'' बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की जल्द ही बैठक करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने वैश्विक और क्षेत्रीय स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार**

# जिम जाने से पहले फिश ऑयल वाली गोली क्यों खाते हैं लोग? जानें ये कितना सेफ

आजकल नौजवान अपनी बॉडी बनाने के लिए जिम में घंटों में पैसा बहाते हैं. इसके साथ-साथ प्रोटीन पाउडर का इस्तेमाल करते हैं. इन दिनों फिश ऑयल का भी काफी ज्यादा क्रेज बढ़ा है. कहा जाता है कि फिश ऑयल शरीर के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है.

**फिश ऑयल का इस्तेमाल करने से पहले इन बातों का रखें ख्याल**

बॉडी बनाने के लिए आजकल अधिकतर लोग खूब मेहनत कर रहे हैं. लोग अच्छा से अच्छा डाइट प्लान और फिटनेस का ख्याल रख रहे हैं. लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो घंटों मेहनत कर रहे हैं लेकिन उनकी बॉडी नहीं बन रही है. जो लोग अच्छी बॉडी बनाना चाहते हैं और नहीं बन रही है वह लोग वर्कआउट से पहले फिश ऑयल का इस्तेमाल कर रहे हैं. ताकि जल्दी से जल्दी बेहतरीन बॉडी बन सके. फिश ऑयल अक्सर अच्छी बॉडी बनाने के लिए किया जाता है. इसका असर बॉडी पर जल्दी दिखाई देता है. दरअसल, फिश ऑइल में ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है. जो शरीर के बॉडी बिल्डिंग के लिए बहुत अच्छा होता है.

**फिश ऑयल क्या है?**

दरअसल, फिश ऑयल एक तेल की तरह होता है. यह सालमन, हैलिबट और मैकेरेल में होता है. इन मछलियों के अंदर से फिश ऑयल निकाला जाता है. एक रिसर्च के मुताबिक हफ्ते में कम से कम एक बार 227 ग्राम ओमेगा 3 फैटी एसिड जरूर खाना चाहिए. ओमेगा 3 फैटी एसिड फिश ऑयल में पाया जाता है. बॉडी बिल्डिंग के दौरान अक्सर आप हैवीवेट उठाते हैं ताकि आपकी बॉडी बने. इसके साथ आप कई दूसरी एक्सरसाइज करते हैं. जिसके कारण मांसपेशियों में थकान और दर्द होने लगती है.

मासंपेशियों में इसी दर्द को कम करने के लिए फिश ऑयल का इस्तेमाल किया जाता है ताकि आपको दर्द से राहत मिले और आपकी मसल्स स्मूद रहे. वर्कआउट जितने अच्छे तरीके से करेंगे उतने ही अच्छे तरीके से बॉडीबिल्डिंग कर पाएंगे. फिश ऑयल के इस्तेमाल करने से आप काफी देर तक वर्कआउट कर पाते हैं. इससे आपकी सेहत इंप्रूव होती है. वर्कआउट के दौरान आपको काफी ज्यादा थकान होने लगती है. अगर आप ठीक तरीके से एक्सरसाइज नहीं कर पाएंगे तो आपको थकान होगी और फिश ऑयल आपके शरीर की ताकत को बढ़ाती है.

## सरोकार

# हर साल परीक्षाओं में अखिल भारतीय स्तर पर समस्या

दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर ने कहा है कि देश के इस सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में अकादमिक सत्र दो हफ्ते आगे बढ़ गया है क्योंकि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए होने वाली अखिल भारतीय परीक्षा यानी सेंट्रल यूनिवर्सिटी एंट्रेस टेस्ट, सीयूईटी के नतीजे नहीं आएं हैं। पहले से तय कैलेंडर के मुताबिक 30 जून तक नतीजे आ जाने थे। लेकिन सीयूईटी की परीक्षा का आयोजन करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने 30 जून तक आंसर की भी जारी नहीं किए। आंसर की जारी होने के बाद कम से कम 10 दिन का समय लगता है अंतिम नतीजे आने में। एनटीए ने आंसर की तो जारी कर दी है लेकिन नतीजे का इंतजार अब भी हो रहा है ताकि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले की शुरुआत हो सके। दाखिला होने के बाद ही तो अकादमिक सत्र शुरू होगा!इस बीच देश के एक दूसरे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय जेएनयू ने स्नातकोत्तर यानी पीजी में दाखिले के लिए अपनी परीक्षा अलग कराने पर विचार शुरू कर दिया है। इसका मतलब है कि एनटीए पर से उसका भरोसा डोल गया है और उसको लग रहा है कि अगर एनटीए के भरोसे रहे तो उसका भी अकादमिक सत्र धीरे धीरे पिछड़ता जाएगा। तीसरी खबर यह है कि विश्वविद्यालयों में लेक्चरर की पात्रता तय करने के लिए होने वाली यूजीसी नेट की परीक्षा अगस्त के महीने में होगी। यह परीक्षा 18 जून को हुई थी और पेपर लीक की आशंका के चलते 19 जून को परीक्षा रद्द कर दी गई थी।परीक्षा रद्द करते ही इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई, जिसने बताया है कि इसका पेपर लीक नहीं हुआ था। किसी छात्र शरारतपूर्ण तरीके से एक फर्जी पेपर सोशल मीडिया में डाल दिया, जिसे एनटीए ने असली समझ कर परीक्षा रद्द कर दी। सोचें, एनटीए ने सोशल मीडिया में वायरल पेपर का यूजीसी नेट के असली पेपर से मिलान करने की जरुरत भी नहीं समझी। उसे भारत सरकार की एक एजेंसी से सूचना मिली की पेपर ऑनलाइन उपलब्ध है और उसने परीक्षा रद्द कर दी! यह अलग बात है कि नीट यूजी की परीक्षा के पेपर लीक की पुष्टि होने के बाद भी एनटीए ने उस परीक्षा को रद्द नहीं किया है और सुप्रीम कोर्ट में जी तोड़ प्रयास किया कि परीक्षा रद्द नहीं हो। दोनों परीक्षाओं के प्रति उसके अलग अलग रवैए का कारण समझना मुश्किल है।बहरहाल, प्रवेश और प्रतियोगिता परीक्षाओं की इन गड़बडियों और शिक्षा व्यवस्था पर पड़ते इनके प्रभाव को लेकर सहज रूप से पूरे देश में चिंता है। सरकार ने %एक देश, एक परीक्षा' और %एक देश, एक शिक्षा' की नीति के चक्कर में सबको मुश्किल में डाला है। ऐसा लग रहा है कि सरकार एक देश, एक सब कुछ से ऑबसेस्ड है। %एक देश, एक चुनाव', %एक देश, एक टैक्स', %एक देश, एक कानून' आदि इसी का नतीजा हैं। यह सब कुछ बिना ये सोचे हो रहा है कि भारत किसी यूरोपीय या अफ्रीकी या लैटिन अमेरिकी देश की तरह का देश नहीं है, जहां पूरी आबादी एक तरह की है और जहां एक तरह की शिक्षा, संस्कृति, भाषा, खान-पान, पहनावा प्रचलित है। भारत एक विशाल देश है, जिसमें असीमित विविधताएं हैं। यहां एक देश, एक सब कुछ का ऑब्सेशन नुकसान पहुंचाने वाला साबित हो सकता है। यह बात परीक्षा और शिक्षा दोनों के मामले में भी सही है। यहां आबादी 140 करोड़ है और एक परीक्षा में इतने लोग शामिल होते हैं, जितनी कई देशों की आबादी होती है।

इसलिए इतनी बड़ी परीक्षाएं एक साथ आयोजित करने की जिद सरकार को छोड़ देनी चाहिए। मेडिकल, इंजीनियरिंग से लेकर विश्वविद्यालयों में दाखिले की जिम्मेदारी राज्यों पर छोडनी चाहिए।राज्यवार परीक्षाएं होंगी तो उनके आयोजन की जिम्मेदारी राज्यों के ऊपर होगी। दूसरे, उनमें एक बार में कम छात्र शामिल होंगे और गड़बड़ी होने पर उनका असर भी सीमित होगा।

तीसरे राज्य अपनी जरुरत के हिसाब से चयन करेंगे। केंद्र सरकार को केंद्रीय एजेंसियों के जरिए सिर्फ अखिल भारतीय सेवाओं में बहाली की परीक्षाएं ही आयोजित करनी चाहिए। सिर्फ नीट यूजी की परीक्षा, जिस पैमाने पर हुई उससे समझा जा सकता है कि केंद्रीकृत परीक्षा व्यवस्था बनाने से कितनी मुश्किलें हैं। इस एक परीक्षा में 24 लाख छात्र शामिल हुए और एक बार में 4,750 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया गया।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन शानदार रहने वाला है। आज आपकी बातों से लोग काफी इम्प्रेस होंगे। आपको कोई बड़ा फायदा होने के संकेत हैं। दांपत्य जीवन में खुशियां आयेंगी। जीवनसाथी आज आपसे पहले किये वादे को पूरा करेंगे। |
| वृष | आज नये कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको धन लाभ के बड़े अवसर मिलेंगे। किस्मत के सहयोग से आपका कोई खास काम पूरा होगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है। किसी दोस्त से मिलने का मौका मिलेगा। |
| मिथुन | आज आपकी कम्पनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है। आज आप अपने रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे। मित्रों के साथ बैठकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए बातचीत करेंगे। आज आपका कोई जरूरी काम पूरा हो जायेगा। कार्यों में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा। |
| कर्क | आज ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जायेगा। आज किसी तरह के तर्क-वितर्क में पड़ने से आपको बचना चाहिए। आज आप किसी तरह के विचारों में खोये रहेंगे, बेहतर होगा बेवजह ना सोचे। आय के स्त्रोतों में स्थिरता बनी रहेगी। आज आप अपने घर के बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। ऑनलाइन व्यापार कर रहे लोगों को आज कोई बड़ा ऑर्डर मिलने का योग बना हुआ है। |
| सिंह | आज कोई खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। जंक-फूड खाने से आपको बचना चाहिए। आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ेगी। छोटे बच्चों को पिता से कोई अच्छा-सा उपहार मिलने की संभावना है। |
| कन्या | आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आप जुड़ेंगे। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है। आज बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक रूप से आप काफी सक्षम रहेंगे। दूसरों की समस्याएं सुलझाने में आप खुशी महसूस करेंगे। आज बिजनेस के किसी काम से की गई यात्रा सार्थक रहेगी। हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा। |
| तुला | आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही रुकावटें आज समाप्त हो जाएगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी। आज धैर्य और सही सोच आपको आगे बढ़ने में आपकी मदद करेगी। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे। |
| वश्चिक | आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी, जिससे आपकी खुशियाँ बढ़ेंगी। आज ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलेगा, जिसे पूरा करने पर आपको फायदा होगा। आपको बॉस से इंसेंटिव मिल सकता है। कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। |
| धनु | आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपने दिल की बात कहना चाहते हैं तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी। व्यापार में आपको अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। ऑफिस के सहकर्मी आपके काम में सपोर्ट करेंगे। आज आपको उम्मीद से अधिक लाभ मिलेगा। पारिवारिक रिश्तों के बीच आप सामंजस्य बनाने में सफल रहेंगे। |
| मकर | आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए। आपके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों के लिए आज आपको सम्मानित किया जायेगा। आज आप किसी नये बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में विचार करेंगे। आज आप घर के जरूरतों का सामान खरीदेंगे। |
| कुम्भ | आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी, जिससे आप काफी प्रसन्न होंगे। ऑफिस में काम कर रहे किसी सहयोगी से आपकी अच्छी जान पहचान होगी। आज बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। आज आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी। दांपत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा। |
| मीन | आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। आज कुछ खास लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आप अपनी समझदारी से किसी भी समस्या का समाधान आसानी से निकाल लेंगे। जीवनसाथी आपकी बातों को महत्व देंगे, जिससे आपको अच्छा महसूस होगा। |

## हेल्थ टिप्स

# बालों की देखभाल के लिए इस्तेमाल करें जिरेनियम तेल, इन समस्याओं से मिलेगा छुटकारा



मानसून के दिनों में आद्रता के कारण बाल रूखे और बेजान हो जाते हैं। लोग उन्हें मुलायम बनाने के लिए कई तरह के रासायनिक उत्पाद इस्तेमाल करते हैं, जिनके हानिकारक प्रभाव हो सकते हैं।आप अपने बालों को प्राकृतिक तरीके से स्वस्थ बनाने के लिए जिरेनियम का तेल उपयोग करें। यह तेल दक्षिण अफ्रीका के एक फूल से बनता है, जो एंटीसेप्टिक गुणों से समृद्ध होता है।इस तेल को बालों की देखभाल में शामिल करके आपको ये फायदे मिलेंगे।

**डैंड्रफ से मिलता है छुटकारा**

डैंड्रफ एक बेहद आम बालों की समस्या है, जो हर किसी को प्रभावित करती है। रूसी से सिर की त्वचा शुष्क और परतदार हो जाती है, जिसके कारण खुजली और असुविधा होती है।जिरेनियम तेल के एंटीफंगल गुण सिर पर होने वाले फंगल विकास को नियंत्रित करके और पीएच स्तर को संतुलित करके डैंड्रफ को खत्म करने में मदद कर सकते हैं।यह पपड़ी, सूजन और खुजली को कम करता है, जिससे आपके बाल स्वस्थ बन जाते हैं।

**बालों का झड़ना होता है कम**

अगर आप बालों के झड़ने की समस्या से जूझ रहे हैं, तो जिरेनियम का तेल आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।इसमें अच्छी मात्रा में एंटीऑक्सिडेंट और फ्लेवोनोइड मौजूद होते हैं, जो बालों के झड़ने के लिए जिम्मेदार मुक्त कणों से लड़ती है।साथ ही यह अपने जीवाणुरोधी गुणों के कारण फंगस और बैक्टीरिया के विकास को रोकता है, जो सिर को नुकसान पहुंचाते हैं और बालों के झड़ने का कारण बनते हैं।

**खुजली से मिलती है राहत**

जिरेनियम तेल सिर में होने वाली खुजली और जलन को शांत करने में मदद कर सकता है। इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण सिर की सूजन और दर्द को भी कम कर सकते हैं।इसके अलावा, जिरेनियम तेल में जीवाणुरोधी और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो हानिकारक बैक्टीरिया के गठन को रोकते हैं। इसे आप तेल की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं या इसके गुणों वाला शैंपू भी लगा सकते हैं।आप खुजली से राहत पाने के लिए ये एसेंशियल ऑयल्स इस्तेमाल करें।

**बाल बन जाते हैं मजबूत**

झड़ते बाल और मौसम में बदलाव के कारण बाल पतले और कमजोर हो जाते हैं। आप अपने बालों को पोषण देकर उन्हें घना और मजबूत बनाने के लिए जिरेनियम तेल का उपयोग कर सकते हैं।जिरेनियम तेल में उच्च मात्रा में अमीनो एसिड मौजूद होता है, जो बालों को प्रोटीन पहुंचाने का काम करता है। इन अमीनो एसिड के कारण बाल मजबूत बन जाते हैं।बालों को स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए ये गलतियां करने से बचें।

**तेल उत्पादन को करता है नियंत्रित**

प्लांट्स जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया है कि जिरेनियम तेल में कसैले गुण होते हैं। यह सिर की त्वचा में सीबम उत्पादन को नियंत्रित करने में मदद करता है।विनियमित पीएच संतुलन बालों के विकास को बढ़ावा देता है। इस तेल में पाए जाने वाले गुण सिर की त्वचा को मॉइस्चराइज करते हैं और सूखे बालों से छुटकारा पाने में मदद करते हैं।इस तेल को इस्तेमाल करने से अत्यधिक तेल उत्पादन कम हो सकता है।

# केन्द्रीय बजट समाज के प्रत्येक वर्ग को मजबूत करने में करेगा कार्य - राज्य मंत्री

## ● राम राज्य के संकल्प को साकार करने वाला है बजट

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** केन्द्रीय बजट 2047 तक भारत को विकसित करने वाला बजट है। यह बजट समाज के प्रत्येक वर्ग को मजबूत करने में काम करेगा। इस बजट के जरिए उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की एक मजबूत नींव रखने का काम किया गया है। घोषित बजट में उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक अंश मिला है।

उक्त बातें रविवार को ग्राम विकास अफीम कोठी के कांफ्रेंस हाल में पत्रकारों से बातचीत में लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने कहा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग को उभारने के लिए 2.44 लाख करोड़ का आवंटन किया है,जो राज्य की प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी का भ्रम फैला रही विपक्षी पार्टियों के लिए यह बजट उन्हें मुद्दा विहीन बनाने का काम करेगा। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के इस बजट में कर्ज गारंटी योजना से उत्तर प्रदेश को 20 लाख इकाइयों को जीवन दान मिलेगा व 22 लाख नये उद्यमी तैयार होंगे ।



शिक्षा के क्षेत्र में केंद्र सरकार की ओर से एक हजार आईटीआई को हब और स्कोप व्यवस्था में अपग्रेड करने की घोषणा में उत्तर प्रदेश के लगभग एक सौ आईटीआई कालेज अपग्रेड होने की उम्मीद है। इससे 3.5 लाख युवाओं को फायदा मिलेगा। लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने बताया कि बजट में ग्रामीण सड़कों पर खास ध्यान दिया गया है। उत्तर प्रदेश को दस नये राष्ट्रीय राजमार्ग मिलेंगे। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की दो हजार नई सड़कों का निर्माण होगा।

उन्होंने पत्रकारों को बताया कि उत्तर प्रदेश में रेलवे के डेवेलपमेन्ट के लिए 19,848 करोड़ रुपए दिए गये है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में दो से तीन नये इंडस्ट्रियल पार्क बनने की उम्मीद है। इस दौरान राज्य मंत्री ने इस बजट के माध्यम से पीएम आवास योजना, मुफ्त राशन योजना, टैक्स, वित्तीय सहायता व सरकारी योजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि वित्त मंत्री द्वारा घोषित यह बजट गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए समर्पित है जो रामराज्य के संकल्प को साकार करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के अपने बजट भाषण में घोषणा की कि मुद्रा योजना के तहत उधार लेने की सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये की जाएगी, जो वर्तमान सीमा से दोगुनी है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अगले पांच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से एक नई पहल का अनावरण किया। मंत्री ने कहा कि वित्त मंत्री ने 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया, उसमें आर्थिक विकास को गति देने और अवसर पैदा करने की प्रमुख प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। नौ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में कृषि, रोजगार और कौशल, समावेशी मानव संसाधन विकास, सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा, नवाचार, अनुसंधान और विकास और अगली पीढ़ी के सुधार शामिल हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से भाजपा अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा अध्यक्ष हरिओम मिश्र, विधायक जीतलाल वर्मा,जिला प्रवक्ता राघवेन्द्र नाथ शुक्ल, राजेश सिंह, सहित आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने युवक से नगदी व मोबाइल छीनने वाले बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

**पट्टी प्रतापगढ-** क्षेत्र में पहलमापुर के समीप बाइक सवार दो किशोरों ने घर जा रहे साइकिल सवार युवक को शनिवार की शाम रोककर नगदी व मोबाइल छीन लिया था। पुलिस ने एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि दूसरे की तलाश कर रही है।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर निवासी रियाज अहमद पुत्र मोहम्मद आमीन शनिवार को पट्टी बाजार कुछ खरीदारी करने आया हुआ था। जहां से वह साइकिल से अपने घर जा रहा था। पहलमापुर के पहले बाइक सवार दो किशोर आए और आगे बाइक लगाकर रोक लिया। इसके बाद उसकी जेब में रखा मोबाइल व □1000 छीन लिया था। इस मामले में पुलिस ने बेला गांव के एक बाल अपचारी से मोबाइल बरामद करते हुए जहां उसे बाल सुधार गृह भेज दिया है। वहीं दूसरे बाल अपचारी की तलाश कर रही है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि दो किशोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जुआ खेलते 10 लोग गिरफ्तार,चार लाख रूपये व ताश के पत्ते बरामद

**प्रतापगढ़।** पुलिस ने एक मकान के बगल में घेराबंदी करके थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम व एसओजी टीम ने जुआ खेल रहे 10 लोगों को गिरफ्तार किया था चार लाख रूपये के साथ ताश के पत्ते बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार महोदय' के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण के लिये जिले के कर्मचारियों को विशेष रूप से अपराध पर अंकुश लगाने और अपने अधिकार क्षेत्र में जुआरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शिवनारायन वैश के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह ने मय फोर्स व एसओजी प्रभारी उ0नि0 सुनील कुमार यादव मय फोर्स के नेतृत्व में दिनांक 27.07.2024 की रात्रि में समय करीब 10:00 बजे क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर ग्राम खुशखुशवापुर में एक मकान के पीछे पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे हैं। अभियुक्तो को जुआं खेलते समय गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारीध् बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 413,2024 धारा 13 सार्वजनिक जुआं अधिनियम 1867 व धारा 112 बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार लोगों में 01.मक्खन लाल पुत्र जोखन लाल सोनी नि0 अजीतनगर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़02.अतुल कुमार पुत्र स्व0 दीनदयाल नि0 जेल रोड़ थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ 03.अजय कुमार पुत्र सावरमल नि0 श्याम बिहारीगली चौक थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ 04.अफजल पुत्र असगर नि0 जोगापुर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ 05.रामचन्द्र पुत्र मुन्नू लाल नि0 बाबागंज थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ 06.विपिन कुमार पुत्र उमेश चन्द्र नि0 श्याम बिहारी गली थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़07.दिव्यांश शुक्ला महेशकुमार शुक्ला नि0 प्लटन बाजार थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ 08.विश्वमोहन श्रीवास्तव पुत्र संदीप कुमार श्री वास्तव नि0 विवेक नगर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ 09.नरेन्द्र सिंह पुत्र श्याम सिंह नि0 गांव कैथी थाना राठ जनपद हमीरपुर10.कृष्ण कुमार पुत्र सियाराम ग्राम पोस्ट गोहण्ड थाना जरिया जनपद हमीरपुरशामिल रहे।

## सपा विधायक आरके वर्मा बनाये गए उप सचेतक

लोकमित्र ब्यूरो

**कटरा गुलाबसिंह,प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी ने रानीगंज के विधायक आरके वर्मा का कद बढ़ा दिया है। 28 जुलाई को उन्हें विधानसभा में समाजवादी पार्टी ने उप सचेतक नियुक्त किया है। माना जा रहा है कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधायक आरके वर्मा की जिम्मेदारी को और बढ़ा दिया है।विधायक आरके वर्मा ने इस नई जिम्मेदारी के दिये जाने पर पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा, मैं पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझ पर विश्वास जताया और इस महत्वपूर्ण भूमिका के लिए मुझे चुना। मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से इस जिम्मेदारी को निभाऊंगा।विधायक आरके वर्मा के समर्थकों ने भी इस पर प्रसन्नता जताई है। समर्थकों का मानना है कि वर्मा के पास पार्टी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता है और इस नियुक्ति से पार्टी को मजबूती मिलेगी।आरके वर्मा की कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण उन्हें पार्टी में यह सम्मानजनक पद दिया गया है।



विधायक वर्मा हमेशा से ही जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं और उनके कार्यों की सराहना होती रही है।उप सचेतक के रूप में विधायक वर्मा के सामने कई महत्वपूर्ण चुनौतियां होंगी। पार्टी के अनुशासन और नीतियों को विधानसभा में मजबूती से प्रस्तुत करना उनकी मुख्य जिम्मेदारी होगी। इसके साथ ही, उन्हें अपने क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए भी निरंतर कार्य करना होगा।समाजवादी पार्टी में उनकी इस नियुक्ति को एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है, जो पार्टी के आंतरिक संगठन और अनुशासन को और भी मजबूत करेगा।

## जनसभा से लौट रहे दो युवकों को ओवरटेकिंग के विवाद मे पीटा

**पट्टी प्रतापगढ-** जनसभा से लौट रहे दो युवकों को रास्ते में घेर कर मारा पीटा गया। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है।कंधई थाना क्षेत्र के कोनी गांव निवासी रवि एव बीगा गांव निवासी शिवम शनिवार को भीम आर्मी के चंद्रशेखर रावण की जनसभा में शामिल होने प्रयागराज जनपद गए हुए थे। जहां से वापस लौटते समय शनिवार की रात करीब 8 बजे गडौरी गांव के समीप एक बाइक पर दो युवक से ओवरटेकिंग को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि बाइक सवार दोनों युवकों ने अपने अन्य साथियों को बुलाकर उन्हें जमकर मारा पीटा। जिससे दोनों को काफी चोटे आई। पीड़ित पक्ष ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि ओवरटेक को लेकर विवाद हुआ था। हल्की-फुल्की मारपीट हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

# द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन से, मिट जाते हैं जन्मों के पाप-मनीष कृष्णशास्त्री

## ● घुश्मेश्वरनाथ धाम में बह रही शिवपुराण की अमृत धारा

लोकमित्र ब्यूरो

**घुइसरनाथ धाम प्रतापगढ़-** पौराणिक धाम बाबा घुश्मेश्वरनाथ में आयोजित शिवमहापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास पं मनीष कृष्ण %शास्त्री %ने द्वादश ज्योतिर्लिंग की सारगर्भित व्याख्या कर श्रोताओं में आध्यात्मिक चेतना का संचार किया।कथा व्यास ने शिवपुराण महात्म्य पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए कहा कि इस धरती पर भूत-भावन भगवान शंकर के बारह ज्योतिर्लिंग विराजमान हैं।जो भी मानव अपने संपूर्ण जीवनकाल में बारह ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर लेता है,उसके सात जन्मों के पाप कट जाते हैं। शिव महापुराण के कोटि रूद्र संहिता के अन्तर्गत महाशिव के ज्योतिर्लिंग के बारह स्वरूपों का उल्लेख किया गया है, जिन्हें सुनने मात्र से भी पाप दूर हो जाते हैं।कथा व्यास



ने कहा कि%सौराष्ट्रे सोमनाथं च श्रीशैले मल्लिकार्जुनम्। उज्जयिन्यां महाकालं ओम्कारम् अमलेश्वरम्॥ परल्यां वैद्यनाथं च डाकिन्यां भीमशङ्करम्। सेतुबन्धे तु रामेशं नागेशं दारुकावने॥ वाराणस्यां तु विश्वेशं त्र्यम्बकं गौतमीतटे। हिमालये तु केदारं घुश्मेशं च शिवालये॥

उक्त मंत्र का प्रतिदिन प्रातः पाठ करने से मनुष्य सभी पापों से मुक्त होकर अनेकों प्रकार के फल को प्राप्त करता है।कथा व्यास श्री शास्त्री ने कथा को धार देते हुए कहा कि रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के अश्रुओं से हुई है। उन्होंने कठोर तप के बाद जब आंखें खोली तो उनके आंखों से जो आंसू भूमि पर गिरे उसी से रुद्राक्ष की उत्पत्ति हुई।शिवपुराण में रुद्राक्ष की महिमा का वर्णन करते हुए भगवान शिव कहते हैं कि रुद्राक्ष मालाधारी मनुष्य को देखकर मैं शिव, भगवान विष्णु, देवी दुर्गा, गणेश, सूर्य तथा अन्य देवता भी प्रसन्न हो जाते हैं।रुद्राक्ष धारण करना अत्यंत शुभ एवं मंगलकारी है।रुद्राक्ष धारण करने वाले व्यक्ति को सात्विक होना चाहिए, क्योंकि बिना सात्विक हुए किसी भी प्रकार के फल की इच्छा नही की जा सकती। संचालन वरिष्ठ साहित्यकार पवन मिश्र प्रखर ने किया।इस मौके पर पं केदारनाथ मिश्र, प्रताप नारायण मिश्र %शास्त्री %राजकुमार मिश्र, आदित्य नारायण मिश्र, रामप्रताप मिश्र, समाजसेवी फूलचंद्र पांडेय, हृदयनारायण मिश्र आदि मौजूद रहे।

## हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद



**घुइसरनाथ धाम प्रतापगढ़-** आध्यात्मिक नगरी बाबा घुश्मेश्वरनाथ धाम में रविवार को कांवरियों और श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया।विगत वर्षो की तरह इस सावन मेले में भी बाबा घुश्मेश्वरनाथ की कृपा से उनके अनन्य भक्तों द्वारा कावंरियों और दर्शनार्थियों को महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद भक्तों के सहयोग से तैयार कर हजारों लोगों को वितरित किया गया। प्रसाद वितरण का शुभारंभ देऊम पूरब के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य व समाजसेवी पं कैलाशपति मिश्र ने किया। उन्होंने कहा कि यह पुनीत कार्य है। महाप्रसाद में सहयोग करने वाले भक्तों पर हमेशा शिव कृपा बनी रहे।इस मौके पर महंथ मयंकभाल गिरि, समाजसेवी फूलचंद्र पांडेय, शिवमूर्ति मिश्र, व्यापार मंडल अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, संजीव सिंह, एडवोकेट राहुल मिश्र आदि ने प्रसाद वितरण में सराहनीय भूमिका अदा की।

# भयहरण नाथ धाम में घुघुरी लोक उत्सव का भव्य आयोजन 9 अगस्त को

▶▶ 2 किमी दौड़ प्रतियोगिता व गुड्डा गुड़िया प्रतियोगिता का होगा आयोजन

▶▶ आल्हा, कजरी व सवानी लोकगीतो की होगी प्रस्तुतियां

▶▶ बकुलाही नदी के किनारे हरि शंकरी का होगा पौधरोपण

लोकमित्र ब्यूरो

**कटरा गुलाबसिंह,प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में नागपंचमी के पावन अवसर पर धाम की प्रबन्ध समिति व सूचना विभाग तथा नगर पंचायत व अन्य विभागों तथा क्षेत्रीय समाज की सहभागिता से घुघुरी लोक उत्सव का



भव्य आयोजन होगा। इस अवसर पर सावन पर केंद्रित विविध धार्मिक व सामाजिक आयोजन होंगे।

यह जानकारी देते हुए धाम के महासचिव सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने बताया की गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी देश व समाज के समक्ष उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने वाली बालिकाओ व महिलाओ को गुड़िया सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। साथ क्षेत्र व समाज में उत्कृष्ट योगदान हेतु राजा बाबू गुलाब सिंह सामाजिक रत्न से अलंकृत किया जायेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना यादव व विधायक जीत लाल पटेल के मार्गदर्शन में प्रबन्ध समिति व मंदिर मेला व्यवस्था समितियों द्वारा किया जा रहा है।महासचिव समाज शेखर ने बताया की 9 अगस्त को दोपहर 12 बजे प्रकृति महायज्ञ तदोपरांत घुघुरी का प्रसाद भोले नाथ जी को समर्पित करके अपराह्न 2 बजे से 2 किलो मीटर दौड़ प्रतियोगिता, गुड्डा गुड़िया प्रतियोगिता का आयोजन होगा। विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा।

आल्हा, कजरी व सावनी गीतों का नामी व स्थानीय लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां होगी। कार्यक्रम का समापन भव्य कवि सम्मेलन से होगा। जिसमे प्रख्यात हास्य व लोक कवि अशोक बेशरम व ठाकुर इलाहाबादी , जन कवि प्रकाश जी, डॉ नीलिमा मिश्रा, शिवम भगवती, प्रशांत भरुहिया, संतोष शुक्ल समर्थ, राधा शुक्ला, रेनू मिश्रा , डॉ अशोक अग्रहरि इंजीनियर संदीप शुक्ल व आलोक बैरागी आदि नामचीन कवियों के आने की संस्तुति प्राप्त हुई है। पुरष्कार व सम्मान तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को शीघ्र ही प्रबन्ध समिति द्वारा अंतिम रूप दिया जा सकेगा। इस अवसर पर वन विभाग, नमामि गंगे तथा लोक भारती द्वारा बकुलाही नदी व शिवगंगा तालाब के किनारे हरि शंकरी का पौध रोपण होगा।

## सावन मेला में प्रतिदिन हो रहा सामूहिक रुद्राभिषेक

**कटरा गुलाबसिंह,प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में गत 22 जुलाई से प्रबन्ध समिति, नगर पंचायत पुलिस विभाग व अन्य विभागों के सहयोग से सावन मेला में सुव्यवस्था जारी है। कार्यकर्ता व पुलिस की उत्तम व्यवस्था है। वहीं पुजारी भोला नाथ तिवारी के संरक्षण में क्षेत्रीय समाज की भागीदारी से संरक्षक लालता प्रसाद मिश्र के संयोजन में प्रतिदिन नियमित रूप से शाम 6 बजे से 9 बजे तक भव्यता व दिव्यता के साथ सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन हो रहा है। महासचिव समाज शेखर ने बताया की धाम के मार्गदर्शक शंकराचार्य बसुदेवानंद सरस्वती व राम लोचन ब्रंहचारी जी के शिष्य सर्वेश जी महाराज के विशेष सहयोग से उक्त रुद्राभिषेक का आयोजन सुयोग्य आचार्य कार्तिकेय शास्त्री द्वारा संपादित हो रहा है। जिसमे क्षेत्र के हर खासो आम प्रतिभाग कर रहे है। चौकी प्रभारी गणेश पटेल व कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र, मेला व्यवस्था समिति के सचिव अनिल मिश्र की देखरेख में धाम में सभी व्यवस्था संचालित है।

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित

## ▶▶ शिविर में विदेशी मेहमानों ने भी कराया चेकअप



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** अलुवामई गांव स्थित जेम्स इंटरनेशनल स्कूल में स्वर्ण भारत परिवार की तरफ से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य बीपी,सुगर,आंख,कान और अन्य बीमारियों का चौकअप करवाया। जहां कृष्णा चिकित्सा सेवा संस्थान के चिकित्सकों द्वारा लोगों का स्वास्थ्य चौकअप कर उन्हें उचित सलाह व निःशुल्क दवाईयां वितरण की गई। इस मौके पर स्वर्ण भारत परिवार द्वारा 12 देशों से बुलाए गए शिक्षा शिखर सम्मेलन ष्ग्रामीण शिक्षा उत्थानष् के मेहमानों ने भी स्वास्थ्य की जांच कराई व विभिन्न कार्यक्रमों में उपस्थित रहें।

कार्यक्रम के आयोजक पीयूष पंडित ने कहा कि पूरी दुनिया विश्व हेपेटाइटिस को लेकर अभियान चला रहीं है, जिसको लेकर स्वर्ण भारत ने भी ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए यह अभियान शुरू किया। पंडित ने कहा कि हमने इसके लिए सुबह मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों बच्चो ने हिस्सा लिया। साथ ही संगम स्विमिंग पुल और आनंदी सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास किया तथा ग्रामीण शिक्षा और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विदेशी मेहमानों को आमंत्रित किया। जिन्हें कार्यक्रम समाप्ति के बाद जिले के विभिन्न पर्यटन स्थल पर भी घुमाया जायेगा।

# कीमती सरकारी जमीन में अवैध निर्माण करके दबंग कर रहा कब्जा

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के महासिनपुर गांव निवासी विद्यासागर ने तहसीलदार समेत उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि गांव में गाटा संख्या 167, 230 जो ऊसर खाते की भूमि है। उक्त गाटा संख्या 167 230 गांव के दिनेश लाल, शिव दर्शन, सुतान, नन्हेंलाल द्वारा, नया पक्का निर्माण करके अवैध कब्जा सरकारी जमीन पर किया जा रहा है घ। जबकि रिट याचिका हाईकोर्ट खंडपीठ लखनऊ में विचाराधीन है घ। विद्यासागर ने बताया कि बार-बार शिकायत के बावजूद भी अवैध निर्माण का सिलसिला जारी है घ। क्षेत्रीय लेखपाल और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से अवैध निर्माण कार्य चल रहा है। जब शासन की मंशा है



कि ग्राम समाज की ऊसर, बंजर ,चारागाह, आदि भूमि की सुरक्षा की जाय और यदि कब्जा अवैध किया गया हो तो तत्काल खाली कराया जाय। किंतु शासन की मनसा पर पानी फेरने वाले कर्मचारी अधिकारी ही है। शिकायत के बाद भी व्यक्तिगत लाभ के चक्कर में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा के लिए चल रहे निर्माण कार्य कों नहीं रोका जा रहा है। मामले में लालगंज तहसीलदार ने प्रभारी निरीक्षक थाना संग्रामगढ़ को ग्राम सभा की भूमि पर किए जा रहे हैं अवैध कब्जा को रुकवा कर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया गया है। परंतु संग्रामगढ पुलिस सरकारी कीमती जमीन पर चल रहे अवैध निर्माण को रुकवाना मुनासिब नहीं समझ रही है। पीड़ित विद्यासागर ने बताया कि निर्माण कार्य काफी समय से चल रहा है। इसकी शिकायत कई बार तहसील प्रशासन से किया गया परंतु क्षेत्रीय लेखपाल अपने व्यक्तिगत लाभ के खातिर दबंगों द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण कार्य को रोकने के बजाय अवैध कब्जा कराया जा रहा है। पीड़ित विद्यासागर ने उच्च अधिकारियों का ध्यान इस और आकृष्ट कराते हुए सरकारी जमीन पर चल रहे पक्का अवैध निर्माण कार्य को रोकने की मांग किया है।

## कुंडा नगर में अघोषित विद्युत कटौती से मचा हाहाकार

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव के दौरान 24 घंटे विद्युत सप्लाई करने वाले विद्युत विभाग की व्यवस्था चरमराई है। पिछले एक महीने से कुंडा नगर पंचायत व कुंडा तहसील की विद्युत व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। अघोषित विद्युत कटौती से आम जनमानस और व्यापारियों में हाहाकार मचा हुआ है। जिस तरह चुनाव में विद्युत सप्लाई दी जाती है, क्या आम दिनों में भी सप्लाई देना संभव नहीं है। योगी सरकार के लिए विद्युत विभाग बड़ी मुसीबत खड़ी कर रहा है। अगर समय रहते नहीं सुधरी व्यवस्था तो 2027 के चुनाव में भारी नुकसान हो सकता है।

# नेशनल ग्रिड व नार्दन ग्रिड से अतिरिक्त बिजली खरीद कर प्रतापगढ़ में चैबीस घंटे आपूर्ति का प्रमोद व मोना ने ऊर्जा मंत्री को सौंपा महत्वपूर्ण सुझाव

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रविवार को जिले खासकर रामपुर खास विधान सभा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में कमियों को लेकर प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा से संयुक्त रूप से मुलाकात की।

विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने ऊर्जा मंत्री के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि प्रतापगढ़ जिले में बिजली की कम आपूर्ति होने से किसानों तथा आम लोगों को इधर कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ऊर्जा मंत्री को प्रमोद तिवारी व आराधना मिश्रा मोना ने जानकारी दी कि तमाम स्थानों पर ट्रांसफार्मर नहीं है। जिससे काफी दूर स्थित ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति हुआ करती है। नेता द्वय ने मंत्री को यह भी बताया कि कई स्थानों पर लगे ट्रांसफार्मर की क्षमता आवश्यकता से कम है।

वहीं मंत्री को जानकारी दिया कि कनेक्शनधारी अधिक होने के कारण लोड बढ़ने से प्रायः ट्रांसफार्मर जल जाया करते हैं। प्रमोद तिवारी व आराधना मिश्रा मोना ने ऊर्जा मंत्री के साथ संयुक्त बैठक में यह भी बताया कि कई पुरवे व तमाम छोटी बस्तियों का विद्युतीकरण नहीं हुआ है। इन बस्तियों और पुरवों में विद्युतीकरण कराये जाने पर भी राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने मंत्री के साथ वार्ता में जोर दिया। वहीं नेता द्वय ने ऊर्जा मंत्री को यह भी अवगत कराया कि प्रतापगढ़ जनपद में पानी की बरसात औसत से काफी कम हुई है। पूरे जनपद में लगभग सूखे की स्थिति को प्रमोद व मोना ने चिन्ताजनक हालात बताया। सांसद प्रमोद व विधायक मोना ने प्रतापगढ़ जनपद को सूखे की स्थिति वाले जनपदों में एक बताते हुये ऊर्जा मंत्री से जिले में विद्युत आपूर्ति की निरन्तरता को बनाये रखने के लिए चैबीस घंटे बिजली की आपूर्ति की मांग उठायी है।

वहीं सांसद प्रमोद तिवारी तथा सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को रामपुर खास के रायपुर तियाई विद्युत उपकेन्द्र के ट्रांसफार्मर के अपग्रेडेशन को लेकर पत्र भी सौंपा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को यह भी सुझाव दिया कि देश में कई हिस्सों में व्यापक बारिश होने से बिजली की कमी वहां नहीं है। ऐसे में उन्होंने ऊर्जा मंत्री से कहा कि नार्दन ग्रिड तथा नेशनल ग्रिड ने सरप्लस बिजली उपलब्ध है। दोनों नेताओं ने सरकार से कहा कि वह नार्दन ग्रिड से अतिरिक्त बिजली की खरीदकर प्रतापगढ़ समेत जिन जिलों में कम बरसात हुई है उन जिलों में बिजली की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए।

ऊर्जा मंत्री ने बिजली से जुड़े इन बिन्दुओं पर संबंधित अधिकारियों को यथोचित आदेश भी प्रदान किये हैं। वहीं मंत्री के साथ हुई बैठक में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लालगंज टाउन ऐरिया में नगरीय विकास के तहत सड़कों के निर्माण तथा जल निकासी से भी जुड़ी कार्य योजनाओं को मंजूर करते हुए विभागीय बजट आवंटित कराने को लेकर भी उनका ध्यान आकृष्ट किया। ऊर्जा मंत्री के साथ प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा मोना की लखनऊ में हुई बैठक की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

## दबंग जबरिया कर रहे धान की रोपाई, विरोध पर पीटा

**पट्टी प्रतापगढ** –भूमि धरी जमीन पर विपक्षियों द्वारा दबंगई के बाल पर जबरिया धान की रोपाई करने एवं विरोध करने पर मारपीट हो गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के रेड़ीगरापुर गांव के रहने वाले संतलाल ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह सुबह खेत की तरफ गया तो देखा विपक्षी दबंगई के बाल पर जबरिया उसकी भूमि धरी पर धान की रोपाई कर रहे थे। जब उसने विरोध किया तो उसे मां-बहन की गालियां देते हुए लाठी-डंडे से पीटा गया। पीड़ित ने मामले की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी तरफ गांव के रहने वाले विवेक यादव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके पड़ोसियों द्वारा अवैध रूप से मकान का निर्माण किया जा रहा था। जिसका विरोध करने पर विपक्षियों ने एक राय होकर घर की महिलाओं के साथ बच्चों को मारा पीटा। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है , पुलिस जांच कर रही है।

## सीने में दर्द उठने से डाक्टर की मौत



**दुर्गागंज प्रतापगढ़** । रानीगंज क्षेत्र के दुर्गागंज बाजार में स्थित मौर्या हॉस्पिटल के संचालक डॉ वी0के मौर्य को रविवार दोपहर बाद अचानक सीने में दर्द महसूस हुआ।जब तक लोग कुछ समझ पाते वह बेहोश हो गए। यह देख परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित किया दिया।

## राजा भैया ने नेता प्रतिपक्ष को दी बधाई

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** मानसून सत्र के पहले समाजवादी पार्टी ने अपने विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष का ऐलान कर दिया है। माता प्रसाद पांडेय को यह जिम्मेदारी दी गई है। पिछले कुछ दिनों में किसी पिछड़े या दलित समाज के व्यक्ति को इस पद पर आने की बात कही जा रही थी।पर अखिलेश यादव ने सब को चौकाते हुए ब्राह्मण समाज से आने वाले माता प्रसाद पांडेय को यूपी विधानसभा अध्यक्ष बना दिया।जनसत्तादल लोकतांत्रिक के



राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने माता प्रसाद पाण्डेय को नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर समाजवादी पार्टी के संसदीय दल के दफ्तर में पहुंच कर बधाई दी।

## फर्राटा पंखा में उतरे करंट से अधेड़ की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ** फर्राटा पंखा में उतरे करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया।मानिकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जिरवा बाग निवासी कन्हैया लाल पटेल शनिवार की रात घर के अंदर सोने के लिए लगभग 10ः00 बजे फर्राटा पंखा का प्लग लगाकर पंखे को जैसे ही अपने बिस्तर की तरफ रखने लगा। उसे क्या पता कि जिस पंखे को वह छूने जा रहा है। उसमें बिजली का करंट उतर रहा है। पंखे को छूते ही करंट की चपेट में आ गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुका था। पंखे को करंट से अलग करके इलाज के लिए तत्काल उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर पहुंचे, तो रोने पीटने चिल्लाने से कोहराम मच गया। सभी का रो-रो कर बुरा हाल होने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला भेजा है।

## सूचना

आप सभी को अवगत कराना है कि मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम का पालिसी संख्या 310136278 पालिसी बाण्ड वास्तव में खो गया है जिस किसी को पता चले हमें सूचित करें।
मेरा परिचय है।
त्रिवेणी प्रसाद त्रिपाठी
ग्राम सभा बड़हुंआ,
पोस्ट,ननौती,मंगापुर
जिला प्रतापगढ़ पिन 230125
मो0 9454696861

फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) लालगंज महोदय प्रतापगढ़
प्रकीर्ण वाद सं0 77/2018
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम समुझ आदि बनाम प्रेम नारायण तिवारी आदि
बनाम
1. प्रेम नारायण तिवारी उम्र लगभग 75 वर्ष सुत शिवबालक तिवारी 2. मुकेश तिवारी उम्र लगभग 27 वर्ष सुत जगत तिवारी समस्त निवासीगण ग्राम सलेम भदारी पर0 रामपुर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 30.07.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 30.07.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान ए0डी0जे0 द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
सि0 रीवीजन नं0 4/2020
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन नारायन आदि बनाम अनिल कुमार आदि
बनाम
1. अनिल कुमार उम्र 54 वर्ष 2. प्रेम कुमार उम्र 41 वर्ष 3. मनोज कुमार उम्र 35 वर्ष 4. विजय कुमार उम्र 36 वर्ष पुत्रगण रामलखन 5. पवन कुमार उम्र 20 वर्ष सुत अरूण कुमार 6. ववीता देवी उम्र 22 वर्ष पुत्री अरूण कुमार 7. सुनीता देवी उम्र 40 वर्ष पत्नी धनेश 8. साजन उम्र 18 वर्ष सुत धनेश कुमार 9. पिंकी उम्र 24 वर्ष 10. ज्योती उम्र 22 वर्ष पुत्रीगण धनेश कुमार 11. आशा देवी उम्र 44 वर्ष 12. सीता देवी उम्र 42 वर्ष 13. उर्मिला देवी उम्र 34 वर्ष पुत्रीगण रामलखन 14. सरजू देवी उम्र 72 वर्ष विधवा रामलखन 15. सीता देवी उम्र 60 वर्ष पत्नी धनेश समस्त निवासीगण ग्राम जामताली प0त0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 01.08.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 01.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## श्री निधि क्रेडिट सोसाइटी की कार्यशाला आयोजित

**● सहकार भारती एवं लोक भारती के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों की रही उपस्थिति**

लोकमित्र ब्यूरो



**प्रतापगढ़।** आर्थिक संयोजन की संचेतना को प्रकाशमान करने के उद्देश्य से श्री निधि कॉपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के तत्वाधान में लखनऊ के कॉपरेटिव बैंक के प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित एक कार्यशाला को गोवा के पूर्व सहकारिता मंत्री प्रकाश शंकर नें लोगों को क्रेडिट सोसाइटी की सफलता का मंत्र बताया। उन्होंने बताया कि बैंको की अपेक्षा क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाइटी आमजन के लिए बेहद पारदर्शी और फायदेमंद है। जिससे न केवल लोग सुरक्षित होते हैं बल्कि उन्हें ऋण की बेहतर सुविधा भी मिल जाती है। अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाने के लिए सभी उपस्थित लोग ततपरता से कार्य करें। जिससे समाज को समृद्धिशाली बनाया जा सके। इस दौरान ह्य द्ध ड्ड द्ध द्म ड्ड ह्ल ड्ड द्ध ड्ड ह्ल ह्ढ द्ब ह्ड ह्ल-ह्ढड्डह्म्थ्ह्ड्डस्न्रद्गह्यद्ध.ह्म्द्ब वेबसाइट के जरिए सदस्यता अभियान और प्रदेश अधिवेशन के रजिस्ट्रेशन हेतु ऑनलाइन आवेदन हेतु अवगत कराया गया।

गौरतलब हो कि पूरे भारत में बहुत सारी क्रेडिट सोसाइटियां कार्य कर रही हैं और वहाँ लोगों के बैंकिंग ऋण समस्याओं से जहाँ निजात मिली है वहीं उनके विकास के रास्ते खोल दिए हैं। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में कोई भी क्रेडिट सोसाइटी कार्य नहीं कर रही है। ऐसे में पहली क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाइटी श्री निधि के गठन को लेकर पूर्व मंत्री गोवा नें जहाँ सभापति राजेश शर्मा को बहुत बधाई दी, वहीं उन्होंने लोगों में इसे लेकर उत्साह पर हर्ष भी व्यक्त किया। उन्होंने कहां कि इस कार्यशाला में आने के लिए हमनें सहकार भारती से वायदा किया था।

बेहद उत्साहित भाव में उक्त अवसर पर माँ भारती के स्मृति चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन से कार्यशाला की शुरुआत हुई। जिसके बाद पुरे कार्यक्रम और श्री निधि गठन समेत कार्यालय उद्घाटन को लेकर सभापति राजेश शर्मा नें जानकारियां साझा की। जिसके बाद पूर्व मंत्री के उद्बोधन के पश्चात, प्रदेश संगठन प्रमुख सहकार भारती अरुण सिंह, प्रदेश बिधिप्रकोष्ठ प्रमुख डी पी पाठक समेत राष्ट्रीय मंत्री सहकार भारती सुनील गुप्ता नें कार्यशाला में उपस्थित प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं को क्रेडिट सोसाइटी की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए जानकारियां साझा की।

इस दौरान सोसाइटी के सदस्य प्रमुख रूप से लोक भारती के कृष्ण चौधरी नें सोसाइटी से जुडी किसी भी समस्या पर बृहद चर्चा किए जाने एवं प्रशिक्षण दिए जाने हेतु अपनी राय दी। मंचासीन अतिथियों को प्रदेश एस एच जी प्रमुख कोमल गुप्ता एवं वेद प्रकाश शर्मा आदि कार्यकर्त्ता अंगवस्त्र एवं पुष्प भेंट करते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रतापगढ़ जनपद से महामंत्री सहकार भारती डी के शर्मा, रायबरेली, गोरखपुर इत्यादि कई जनपद एवं प्रांतीय कार्यकर्त्ता एवं सदस्य मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर व बाइक की जोरदार टक्कर में युवक की मौत, तीन घायल





लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार/ प्रतापगढ़** शनिवार की शाम करीब 7 बजे छेवंगा इंदारा के पास ट्रैक्टर व बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोगों को गंभीर चोटे आई हैं। सभी को स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस की मौजूदगी में एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघराय भेजा गया। घायलो में धीरज 18 वर्ष,वीरेंद्र 34 वर्ष और रूपचंद 29वर्ष है। सभी का प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। मौके मौजूद लोगों की माने तो सड़क दुर्घटना में प्रथम दृष्टया ट्रैक्टर चालक की गलती है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार एस आर एन प्रयागराज में इलाज के दौरान रूप चंद्र सरोज की मौत हो गई। बता दें कि मृतक युवक जेठवारा थाना क्षेत्र के चौकी क्षेत्र कटरा गुलाब सिंह के मनेहूं का निवासी बताया जा रहा है। वहीं अन्य दो घायल युवक बाघराय थाना क्षेत्र के छतार गांव के बताए गए।

## सर्पदंश से महिला की मौत

**कुंडा-प्रतापगढ़।** गृह कार्य करते समय महिला को सर्प ने डंस लिया। इलाज के बजाय झाड़-फूंक के चक्कर में महिला की मौत हो गई। मानिकपुर थाना क्षेत्र के सरपटा गांव निवासी वरिष्ठ सपा नेता अमृत लाल यादव शास्त्री जी की भयाहू सुमन देवी 50 वर्ष पत्नी माखन लाल यादव को गृह कार्य करते समय किसी जहरीले सर्प ने डंस लिया। जानकारी पर परिजन उसे इलाज कराने के बजाय झाड़ फूंक के चक्कर में पड़कर इधर-उधर लेकर भागने लगे। जिससे महिला की हालत बिगड़ती चली गई। झाड़ फूंक करने वाले व्यक्ति ने जब देख लिया कि अब हम नहीं बचा पाएंगे तो उसने इलाज कराने की सलाह दिया। परिजन गंभीर हालत में महिला को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामगढ़ पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मरणासन्न अवस्था में जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय ले जाते समय अस्पताल पहुंचने पर महिला की सांसे थम गई।

## रोड के किनारे मीट व अंडे की दुकान हटाने की उठी मांग



**प्रतापगढ़**–सावन के महीने में रोज भारी संख्या में श्रद्धालु कावड़ भरकर बाबा बेलखरनाथ में जलाभिषेक करने आ रहे हैं।वही आसपास के बाजारों में चौराहे पर और रोड के किनारे खुले में बिक रहे मीट और अंडे की दुकान को हटाने व बिना लाइसेंस की दुकानों को बंद कराने के लिए सनातन धर्म रक्षा परिषद राम सेना के अध्यक्ष प्रवीण मिश्र के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी पट्टी को संबोधित प्रार्थना पत्र सौंपा गया।इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विमल सिंह,अरुण मिश्र,उमेश,रविन्द्र,संतलाल आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात सुनने इकट्ठा हुए लोग

**शमशेरगंज।**जय भगवान पाण्डेय(मण्डल अध्यक्ष) और समाजसेवी संजय शुक्ल मंडल अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा की अगुवाई में रेडियो पर प्रसारित मन की बात को उपस्थित लोगों ने ध्यान से सुना सुनने वाले श्रोताओं ने चर्चा करते हुए कहा कि देश को पहली बार ऐसा प्रधानमंत्री मिला जो हर महीने के आखिरी रविवार को मन की बात को रेडियो के माध्यम से लोगों को जोड़ने की अच्छी पहल की। कार्यक्रम में श्रोता के रूप में जय प्रकाश शुक्ल , अमृत लाल सरोज,लक्ष्मीकांत पाण्डेय, पुनीत मिश्र, राकेश पाल,राम मनोहरआदि की उपस्थित सराहनीय रही।

## 70 लीटर शराब व बनाने के उपकरण समेत तीन गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों/ अवैध शराब निष्कर्षण/विक्रय के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना लीलापुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम हण्डौर से कुल 70 लीटर अवैध शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किया गया तथा 01 अभियुक्त व 02 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। उ0नि0 राजानाती ने मय हमराह हे0का0 अजय प्रजापित, का0 रंजीत बाबू, का0 हरेन्द्र कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान धीरज सरोज पुत्र विशेषर सरोज निवासी ग्राम हण्डौर खलैइया थाना लीलापुर को कुल 30 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ ग्राम हण्डौर खलैइया से गिरफ्तार किया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के संबंध में थाना लीलापुर में मु0अ0सं0- 306/24 धारा 60(2) आबकारी अधि0* का अभियोग पंजीकृत किया गया।इसी तरह उ0नि0 पवन वर्मा ने मय हमराह हे0का0 प्रेम पाल यादव, का0 योगेश कुमार, का0 पवन कुमार, म0का0 रंजना भारद्वाज द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान अभियुक्ता पुष्पा देवी पत्नी स्व0 सोनू सरोज निवासी ग्राम हण्डौर खलैइया थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को कुल 20 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ ग्राम हण्डौर खलैइया से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के संबंध में थाना लीलापुर में मु0अ0सं0- 307/24 धारा 60(2) आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया।इसीतरह म0उ0नि0 ज्योति सिंह ने मय हमराह हे0का0 विपिन चन्दर यादव, का0 राजकिशोर यादव, का0 विनय यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान अभियुक्ता किरन पत्नी छोटेलाल सरोज निवासी ग्राम हण्डौर खलैइया थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को कुल 20 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ ग्राम हण्डौर खलैइया से गिरफ्तार किया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के संबंध में थाना लीलापुर में मु0अ0सं0- 308/24 धारा 60(2) आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया।

## करंट की चपेट में महिला झुलसी

**कुंडा प्रतापगढ** कोतवाली क्षेत्र के टीकाराम का पुरवा भदरी गांव निवासी राम बाबू की 50 वर्षीय पत्नी गेंदा देवी घर में पंखा लगा रही थी। कहीं तार कटा होने से प्लग में तार लगाते ही वह करंट की चपेट में आकर झुलस गई। चीख सुनकर परिजन दौड़े तो किसी तरह उसकी जान बची। गंभीर हालत में झुलसी महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

## ट्रेन की चपेट में युवक की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा- प्रतापगढ़।** रेलवे ट्रैक पर अनजान बने युवक की ट्रेन की चपेट में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कुंडा हरनामगंज मोहल्ला मनीष सोनी 35 वर्ष पुत्र राधेश्याम सोनी नशे का आदी था। घर में कुछ काम धाम भी नहीं करता तथा दिन भर इधर-उधर भटकता रहता था।

पत्नी अपने बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। घर वाले भी उसकी व्यवहार से आजिज आकर उसको लावारिस हालत में छोड़ दिया था। शनिवार को दोपहर के समय कुंडा हरनामगंज रेलवे स्टेशन स्टेशन के पश्चिमी गेट के पास रेलवे ट्रैक के पास पैदल घूम रहा था। इसी दौरान मालगाड़ी आती दिखाई पड़ी। जैसे ट्रेन सामने आई उसे के सामने खड़ा हो गया।

इंजन के आगे लगे बंफर ने ठोकर मार कर ट्रैक के बाहर फेंक दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को को कब्जे में लेकर पीएमके लिए भेज दिया। जानकारी पर परिजन शव को देखने घटनास्थल तक नहीं पहुंचे तथा ना ही घर पर किसी को कोई गम था।

## खड़े वाहन के गेट से टकराकर बाइक सवार घायल, गंभीर

**पट्टी प्रतापगढ** कस्बे के में रोड पर खड़े वाहन का अचानक दरवाजा खुलने से बाइक सवार टकरा गया। हादसे में बाइक सवार को गंभीर चोटे आई हैं। जिसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के असुढी गांव के रहने वाले मुबारक पुत्र महमूद उम्र 48 वर्ष कस्बे में रोड से होते हुए घर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान वह मारवाड़ी मोहल्ले के समीप पहुंचे थे कि सड़क किनारे खड़े एक वाहन का दरवाजा अचानक खुल जाने से वह उससे टकरा गए। टक्कर में उनके चेहरे, सर व मुंह आदि में गंभीर चोटें आई। स्थानीय लोगों द्वारा घायल को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

## सड़क हादसों में तीन लोग घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ** हथिगवां थाना क्षेत्र के जहानाबाद गांव निवासी 50 वर्षीय अशोक कुमार बाइक से हाईवे पर जा रहा था। तभी अनियंत्रित वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया। कुंडा नगर पंचायत के वैष्णो कॉलोनी मोहल्ला निवासी 62 वर्षीय हीरामणि मिश्रा बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। मवई कला गांव निवासी राकेश यादव का 25 वर्षीय बेटा सतीश कुमार बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी भेजा।

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में कवि सम्मेलन संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट**–विश्व विश्वविद्यालय के स्थापना कार्यक्रम में नृत्य, दिवारी, कला प्रदर्शन, कवि सम्मेलन आदि आयोजन संरक्षक एवं कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य की उपस्थिति एवं कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय की देख रेख में कार्यक्रम संयोजक डॉ गोपाल मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसी क्रम में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता मिर्जापुर के वरिष्ठ कवि गणेश गंभीर ने की। फतेहपुर के शिवम हथगामी, प्रवीण श्रीवास्तव, प्रसूनवरिष्ठ गीतकार नवीन शुक्ला ने सुंदर रचनाएं सुनकर दर्शकों ने तालिया से अभिनंदन किया। कर्वी के नारायण तिवारी ने कहा कि राम को वनवास होता है तो होवे, इन बूढे दशरथों का वनवास तो रोकिए। तुलसी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष एवं पर्यावरण संरक्षक रामलाल द्विवेदी प्राणेश ने कहा कि चित्रकूट में भगवान राम शिव की अनुमति लेकर ही यहां रुके थे। उन्होंने शिव की वंदना सुंदर ढंग से प्रस्तुत की। जय जय शिव शंकर, जय अभयंकर, करुणाकर सुख दाता तथा मां की ममता पर कहा कि बच्चों के हित सब कुछ सहती, करती जान निसार। प्यारी मां में भरा हुआ है, ममता का संसार। संचालन कर रहे राजेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि हर मुकुट मणि जडा नहीं होता, मौके मौके की बात है वरना कोई छोटा बडा नहीं होता। वरिष्ठ कवि गणेश गंभीर ने कहा कि उदास होने से मंजर नहीं बदल सकता। किसी की चीख से खंजर नहीं बदल सकता। करो कहीं से करो इंतजाम पानी का, बिना सिंचाई के बंजर नहीं बदल सकता। इस अवसर पर कवियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा किरन, डा प्रमिला, सहायक प्रवक्ता पीयूष द्विवेदी, शशिकांत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## 4 आरोपियों के विरुद्ध की मिनी गुण्डा की कार्यवाही

**चित्रकूट**– पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाडी रीता सिंह ने बताया कि जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले रामकरन, कसूदन, अजय, छोटू उर्फ छत्रपाल निवासीगण रइयापुरवा मजरा गढीघाट के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

## बजट विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति का संकल्प पत्र है - डॉ अनिल यादव

**● यह बजट युवाओं के कौशल विकास के साथ रोजगार सृजन को केंद्रित है- डॉ अनिल यादव**

लोकमित्र ब्यूरो



**चित्रकूट**– भारतीय जनता पार्टी द्वारा बजट पर जिला स्तरीय संगोष्ठी डॉक बंगला सभागार में आयोजित की गई। बजट पर संगोष्ठी से पूर्व जनपद के सभी बूथों पर जनसुझाव आधारित प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि बूथों पर सहभागी रहे। संगोष्ठी का शुभारंभ भाजपा के पितृ पुरूषों श्रद्धेय डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी व अजातशत्रु पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पार्चन से हुआ। कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी डॉ अनिल यादव ने कहा कि बजट 2024-25 विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति का संकल्प पत्र है। यह बजट भारत के आधारभूत संरचनात्मक विकास को नवीन आयाम देने वाला है। यह बजट युवाओं के कौशल विकास के साथ रोजगार सृजन को केन्द्रित है। यह बजट भारत के कोटि कोटि जनों के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। यह बजट भारत को पांच ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने का दृष्टिपत्र है। हम सब कार्यकर्ताओं को जनसंवाद करके बजट के सभी विषयों को जन जन तक ले जाना है।लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट समाज के सभी वर्गों के लिए हितकारी है।

वित्तमंत्री द्वारा सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए जन कल्याणकारी बजट प्रस्तुत किया गया है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता बजट के विषय पर जन चर्चा करे। कार्यकर्ताओं को अपने नेतृत्व के संघर्षो से प्रेरित होकर सांगठनिक मूल्यों को मजबूत करना होगा। पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि बजट में भारत के विकास का मार्ग प्रशस्त है। युवा, महिला, किसान व गरीब सभी के कल्याण का पक्ष बजट में समाहित है। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि यह बजट विद्या, वित्त व विकास की मजबूत आधारशिला है। बजट सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र पर सबका विश्वास पर आधारित है। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि बजट एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए साफ नीयत सही विकास का रोडमैप है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चन्द्र प्रकाश खरे, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, मुन्ना करवरिया, महेन्द्र कोटार्य, अश्विनी अवस्थी, ब्रजेश पाण्डेय, रामबाबू गुप्ता, राजेश्वरी, मनोज तिवारी, अनूप त्रिपाठी, राजेश्वरी द्विवेदी, प्रेमलाल, निर्मलेन्द्र, अरविन्द रलिहा, सुशील द्विवेदी, हेमन्त सिह, सतोष मिश्रा, पुष्पराज विश्वकर्मा, प्रमेन्द्र सिंह, अखिलेश रैकवाल, राकेश कोल, लवलेश निषाद, जितेन्द्र शुक्ला, रवि गुप्ता, राघव अग्रवाल, श्रद्धांशु, रमाकांत पाण्डेय, श्रवण पटेल, विनोद द्विवेदी, सच्चिदानंद गर्ग, योगेन्द्र सिंह, जय प्रकाश पाण्डेय, शक्ति सिह, शिवाकान्त पांडेय, सुखेन्द्र, उज्वल गुप्ता, आराधना, सुरेश अनुरागी, राजाराम पाल आदि मौजूद रहे।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# केंद्र सरकार का बजट देश को विकसित राष्ट्र बनाने वाला - नंद गोपाल गुप्ता

## ● प्रभारी मंत्री ने कहा, देश का उत्पादन बढ़ेगा और युवाओं को काम मिलेगा




लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** जनपद के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल गुप्त ने कहा है कि मोदी सरकार का बजट देश के पुरुषार्थ को बढ़ाने वाला है जिससे युवाओं को काम मिलेगा, देश का उत्पादन बढ़ेगा, निर्यात के नए अवसर बढ़ेंगे और 2047 तक देश एक विकसित राष्ट की श्रेणी में खड़ा हो सकेगा। ये बातें उन्होंने भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहीं।

बजट की प्रमुख बातों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मध्यम उद्योग देश की अर्थव्यवस्था के रीढ़ हैं, बहुत बड़ा वर्ग इससे जुड़ा रहता है, प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में सहायक होता है इसलिए इस क्षेत्र पर सरकार ने बहुत ध्यान दिया है और यहां तक कि मुद्रा ऋण की राशि दस से बढ़ाकर बीस लाख कर दी है, बजट आवंटन बढ़ा दिया है जिससे युवा उद्यमी अपने कारोबार को विस्तार दे सकेंगे। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए अनुसंधानों के लिए भारी राशि तो आवंटित हुई ही है, उत्पाद खराब न हों इसके लिए गोदामों का भी निर्माण कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि रक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाने के साथ ही उस क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाए जाने की दिशा में काम हो रहे हैं तथा लक्ष्य है कि अधिक से अधिक आयुध सामग्री देश में ही बने तथा अन्य देशों को उसका निर्यात भी बड़ी मात्रा में हो सके। उन्होंने ये भी बताया कि उत्तर प्रदेश को भी बहुत कुछ मिला है जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे परियोजनाएं आदि पूरी हो सकेंगी तथा प्रदेश भी देश के विकास में अपनी बड़ी भूमिका निभा सकेगा।

# नंद किशोर विद्या भवन को 1-0 की बढ़त

**प्रयागराज।** नंद किशोर विद्या भवन ने ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज को चार रन से हराकर तीन मैचों की ईश्वर शरण ट्रॉफी अंडर-12 क्रिकेट सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज मैदान पर रविवार को खेले गए सीरीज के पहले मैच में नंद किशोर विद्या भवन ने 21 ओवर में चार विकेट पर 88 रन (नितिन यादव 34, यथार्थ दुबे 20 नाबाद, उज्जवल, आलोक, अभिनंदन एवं रोनित एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज की टीम 16.3 ओवर में 84 रन (रोनित 28, प्रिंस सरोज 14, कुशल दुबे 3/08, दिव्यांशु 2/03, मानस त्रिपाठी 2/16) पर सिमट गई। दिव्यांश कुमार मैन ऑफ द मैच रहेइससे पहले मुख्य अतिथि डॉ. धीरेंद्र त्रिपाठी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

# लीनेस क्लब ने मनाया स्थापना दिवस



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** समाज सेवा, संस्कार, सामाजिक जागरण के सकल्प के साथ लीनेस क्लब का स्थापना दिवस लायंस स्कूल के सभागार में रंगारंग कार्यक्रमों के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए श्रीमती मीनू मिश्रा ने सदस्यों का आह्वान किया कि अपने व्यस्त समय में से समाज सेवा के लिए जो भी समय निकालें उसका भरपूर उपयोग हो सके ये सुनिश्चित करें तथा योजना बनाकर ही क्लब के कार्य हेतु घर से बाहर निकलें। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि जो कुछ भी करें वो योजनाबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से करें। उन्होंने आगे कहा कि क्लब ने सेवा के कई कार्य अपने हाथ में लिए हैं किंतु उसके पीछे भावना ये है कि तब तक किसी की सहायता करते रहें जब तक वो इसकी पात्रता रखता रहे तथा स्वयं भी स्वावलंबी होने की इच्छाशक्ति रखे। अपने राष्ट्रनायकों को सम्मानित करने जैसे कार्यक्रमों के पीछे का उद्देश्य बताया कि इससे अन्य में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार होता है तथा आने वाली पीढ़ी इससे प्रेरणा लेती है। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक आयोजन, वरिष्ठों को सम्मान आदि प्रदान किए गए तथा वर्ष भर के कार्यक्रमों की योजना को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रमों के अनुसार किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डा. आशा राय द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में, जयश्री जैन, श्रीमती माया मिश्रा, दुर्गेशनंदिनी, अनिता जायसवाल, डाली अग्रहरी, दिव्या राय, रश्मि जायसवाल, आशा अग्रवाल आदि सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# गिले शिकवे दूर, पांच दंपति फिर हुए एक



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 05 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया।

उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। पांचों दंपत्तियों को परिवारीजनों की उपस्थिति में परामर्श केंद्र से अच्छे वातावरण में विदा किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

परिवार परामर्श केन्द्र में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्रवाई के दौरान महिला निरीक्षक सीमा सिंह, उप निरीक्षक शशि तिवारी, महिला मुख्य आरक्षी सावित्री यादव, महिला आरक्षी सपना व कविता उपस्थित रहीं।

# कामदगिरि परिक्रमा से होती है दिव्य अनुभूति - मनीष बाबा

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-**धर्मनगरी की अपनी दूसरी धार्मिक यात्रा पर चित्रकूट पहुंचे श्रीजी पीठ मथुरा के पीठाधीश्वर मनीष शंकर महाराज (मनीष बाबा) ने अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान ऋषियों की तपस्थली धारकुंडी आश्रम, तुलसी प्रताप, सरभंग आश्रम के दर्शन किए। साथ ही प्राचीन कामदगिरि प्रमुख द्वार पहुंचकर भगवान कामतानाथ की पूजन अर्चन कर आरती की। इसके बाद भगवान कामदगिरि की परिक्रमा के दौरान भरत मिलाप, तृतीय मुखारविंद, बहरा के हनुमान मंदिर, बांके बिहारी मंदिर में दर्शन कर पूजा पाठ किया।

पीठाधीश्वर मनीष बाबा ने कहा कि यह हमारी चित्रकूट की दूसरी आध्यात्मिक व धार्मिक यात्रा है।



उन्होंने कहा कि इस पावन धरा पर भगवान श्री राम माता जानकी, भाई लखन संग साढे ग्यारह वर्ष गुजारे हैं। इस पावन भूमि में भगवान के पावन चरण की रज है। उन्होंने कहा कि मथुरापुरी में कोई न कोई मंदिर भगवान के समय पर बनाया हुआ है। जिस समय छेनी हथौडी चली है और उस समय तोडने व खंडित करने की कोशिश की गई। प्रत्यक्ष रूप से देखें तो भगवान के समय में गोवर्धन नाथ भी थे और जमुना मैया भी थी जो आज भी लोगों को अपने दर्शन कराती हैं। ऐसे ही चित्रकूट में भगवान श्री राघवेंद्र सरकार के रूप में प्रभु कामतानाथ लोगों को अपने दर्शन की अनुभूति कराते हैं। यहां की परिक्रमा और यहां के दर्शन जो भी कर लेता है तो उसे दिव्य अनुभूति होती है। यहां हमें बस वही अनुभूति होती है कि जैसे भगवान राम माता जानकी विराजमान है। इसके अलावा कुछ और नहीं स्मरण रहता। ऐसा प्रतीत होता है कि गोवर्धन नाथ बडे भाई और कामदनाथ छोटे भाई के रुप में बिराजे है। गिरिराज की परिक्रमा 21 किमी की है और कामदगिरि की परिक्रमा 6 किमी की है। अंतर दोनों में कुछ भी नहीं ठाकुर जी की कृपा जब होती है तो वह बांसुरी धारण कर लेते हैं और श्रीराम की कृपा होती तो धनुष धारण कर लेते हैं।

# होटल मैनेजर और कारोबारी के बीच मारपीट

## होटल पसंद न आने पर करने लगा गाली-गलौज और मारपीट

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित एक होटल में ठहरे कर्नाटक के कारोबारी ने मैनेजर से कहासुनी के बाद उसे पीटना शुरू कर दिया। जमकर हुई मारपीट में मैनेजर गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। खबर पाकर पहुंची पुलिस होटल में ठहरे शख्स को थाने ले गई। उससे पूछताछ की जा रही है। पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया है। कर्नाटक से आए अनिल अग्रवाल ने ऑनलाइन होटल की बुकिंग की थी। वह जब सिविल लाइंस स्थित होटल फॉर व्यू पहुंचे तो उन्हें होटल पसंद नहीं आया।



रात में उन्होंने स्टॉफ से शिकायत किया कि जैसा फोटो, वीडियो में दिखाया गया था वैसा होटल का रूम नहीं है। इस पर स्टॉफ ने कहा कि सुबह चेंज कर देंगे या रुपये कम हो जाएंगे। जब वह इस बात को लेकर होटल छोड़ने लगे तो विवाद हो गया। होटल वालों ने अनिल अग्रवाल से साफ कह दिया कि किराया में कोई कमी नहीं होगी। पूरा बिल अदा करना होगा। इसके बाद बात बढ़ गई और मारपीट हो गई। होटल में ठहरे शख्स ने मैनेजर को मारकर धक्का दिया तो वह मेज से टकराया और कांच का गिलास टूटकर उसे लग गया।

# उदित नारायण को मिली पीएचडी की उपाधि



**चित्रकूट-** जिले के मानिकपुर तहसील के सकरौंहा गांव के निवासी उदित नारायण को ''भारतीय दर्शनों में प्रमाणान्तर भाव वाद की समीक्षात्मक अध्ययन'' विषय पर शोध कार्य के लिए पीएचडी (विद्या वारिधि) की उपाधि प्रदान की गयी है। वर्तमान में गौतमबुद्ध नगर में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी के पद पर कार्यरत उदित नारायण ने राष्ट्रीय संस्थान नई दिल्ली जयपुर परिसर में प्रो अर्कनाथ चौधरी के निर्देशन में शोध कार्य पूर्ण किया है।

# केन्द्रीय दूर संचार राज्य मंत्री को दी बीएसएनएल की समस्याओं की जानकारी



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, केंद्रीय दूरसंचार राज्य मंत्री से मुलाकात कर चित्रकूट में होने वाली बीएसएनएल की समस्या को अवगत कराया। लंबे समय से बुदेलखंड के जिलों में नेटवर्क की समस्या एवं 4जी, 5जी की समस्या आए दिन बनी रहती है। जिसके कारण लोगों को बात करने में समस्या होती है। टेलीकाम कंपनी जियो और एयरटेल की लगातार बढती कीमतों से लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड रहा है।

बीएसएनएल कंपनी में कार्यायत कर्मचारी, भारतीय मजदूर संघ दिल्ली कार्यकारिणी के अध्यक्ष लीलानिधि शुक्ला ने केंद्रीय दूरसंचार राज्य मंत्री को ज्ञापन देकर अपने क्षेत्र में बीएसएनएल का नेटवर्क को बढाने के लिए एवं 4जी एवं 5जी टावर लगाने के लिए अनुरोध किया। लीलानिधी लगातार क्षेत्र की समस्या को लेकर काफी चिंतित रहते है। वह समस्या को निजात दिलाने के लिए मंत्रियों से मिलते रहते है।

# बजट विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति का संकल्प पत्र है - डॉ अनिल यादव

## ● यह बजट युवाओं के कौशल विकास के साथ रोजगार सृजन को केंद्रित है- डॉ अनिल यादव

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बजट पर जिला स्तरीय संगोष्ठी डॉक बंगला सभागार में आयोजित की गई। बजट पर संगोष्ठी से पूर्व जनपद के सभी बूथों पर जनसुझाव आधारित प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि बूथों पर सहभागी रहे। संगोष्ठी का शुभारंभ भाजपा के पितृ पुरूषों श्रद्धेय डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी व अजातशत्रु पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पार्चन से हुआ। कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी डॉ अनिल यादव ने कहा कि बजट 2024-25 विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति का संकल्प पत्र है। यह बजट भारत के आधारभूत संरचनात्मक विकास को नवीन



आयाम देने वाला है। यह बजट युवाओं के कौशल विकास के साथ रोजगार सृजन को केन्द्रित है। यह बजट भारत के कोटि कोटि जनों के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। यह बजट भारत को पांच ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने का दृष्टिपत्र है। हम सब कार्यकर्ताओं को जनसंवाद करके बजट के सभी विषयों को जन जन तक ले जाना है।लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट समाज के सभी वर्गो के लिए हितकारी है।

वित्तमंत्री द्वारा सभी क्षेत्रों और सभी वर्गो का ध्यान रखते हुए जन कल्याणकारी बजट प्रस्तुत किया गया है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता बजट के विषय पर जन चर्चा करे। कार्यकर्ताओं को अपने नेतृत्व के संघर्षो से प्रेरित होकर सांगठनिक मूल्यों को मजबूत करना होगा। पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि बजट में भारत के विकास का मार्ग प्रशस्त है। युवा, महिला, किसान व गरीब सभी के कल्याण का पक्ष बजट में समाहित है। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि यह बजट विद्या, वित्त व विकास की मजबूत आधारशिला है। बजट सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र पर सबका विश्वास पर आधारित है। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि बजट एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए साफ नीयत सही विकास का रोडमैप है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चन्द्र प्रकाश खरे, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, मुन्ना करवरिया, महेन्द्र कोटार्य, अश्विनी अवस्थी, ब्रजेश पाण्डेय, रामबाबू गुप्ता, राजेश्वरी, मनोज तिवारी, अनूप त्रिपाठी, राजेश्वरी द्विवेदी, प्रेमलाल, निर्मलेन्द्र, अरविन्द रलिहा, सुशील द्विवेदी, हेमन्त सिह, सतोष मिश्रा, पुष्पराज विश्वकर्मा, प्रमेन्द्र सिंह, अखिलेश रैकवाल, राकेश कोल, लवलेश निषाद, जितेन्द्र शुक्ला, रवि गुप्ता, राघव अग्रवाल, श्रद्धांशु, रमाकांत पाण्डेय, श्रवण पटेल, विनोद द्विवेदी, सच्चिदानंद गर्ग, योगेन्द्र सिंह, जय प्रकाश पाण्डेय, शक्ति सिह, शिवाकान्त पांडेय, सुखेन्द्र, उज्वल गुप्ता, आराधना, सुरेश अनुरागी, राजाराम पाल आदि मौजूद रहे।

# सदगुरु पब्लिक स्कूल में हुआ स्टूडेन्ट काउंसिल का गठन

## ● डॉ. बी.के.जैन ने छात्रों को शपथ दिलाकर ग्रहण कराया पदभार

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-**परमहंस संत रणछोड़दास महाराज की प्रेरणा से संचालित सदगुरु शिक्षा समिति के तत्त्वावधान में जानकीकुण्ड-चित्रकूट में संचालित सीबीएसई मान्यता प्राप्त सदगुरु पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के स्टूडेंस काउंसिल का गठन किया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में ट्रस्टी व निदेशक डॉ. बी.के. जैन एवं शिक्षा समिति की अध्यक्ष उषा जैन रही। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं गुरुपूजन के साथ हुआ। प्राचार्य राकेश तिवारी ने स्वागतीय उद्बोधन द्वारा सभी का अभिनंदन किया।



उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छात्रों को व्योम, वरुण, वसुंधरा और वायु हाउस, इन चार विभिन्न सदनों में प्रीफेक्ट, हाउस कैप्टन वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन, कल्चरल कैप्टन एवं वाइस कैप्टन आदि पद वितरित किये गए। काउंसिल में जिन छात्रों को पदभार ग्रहण कराया गया, उनमें समीर सिंह हेड ब्वाय, आकांक्षा शुक्ला हेड गर्ल, ज्ञानेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स कैप्टन ब्वाय, अनन्या जायसवाल स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल, संस्कृति सिंह कल्चरल सेक्रेटरी, ऋचा द्विवेदी डिसिप्लिन सेक्रेटरी, अथर्व शुक्ला वरुण हाउस कैप्टन, प्राची सिंह वरुण हाउस प्रिफेक्ट, अंशुमान पयासी वसुन्धरा हाउस कैप्टन, आरिफ अली वसुंधरा हाउस प्रिफेक्ट, राशि जायसवाल वायु हाउस कैप्टन, अन्नपूर्णिमा वायु हाउस प्रिफेक्ट, देवेन्द्र प्रताप व्योम हाउस हाउस कैप्टन, आशुतोष तिवारी व्योम हाउस प्रिफेक्ट।कार्यक्रम के डॉ बी. के. जैन ने सभी को बैच पहना कर हाउस फ्लैग सौंप कर शपथ दिलवाई। उषा जैन ने छात्रों को बताया कि अधिकार और पद के साथ दायित्व का निर्वहन करना होता है, यह सभी पद छात्रों के अन्दर छिपी प्रतिभा एवं नेतृत्व की क्षमता को विकसित करने के लिए किया जा रहा है। गुरुदेव का एक ही सूत्र है सेवा धर्म परायण बने एवं अपने जीवन का सूत्र सेवा और परोपकार को बनाएं। इस मौके पर उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, सचिव आर.बी. सिंह चौहान, सुमन द्विवेदी, प्राचार्य राकेश तिवारी, शंकरदयाल पाण्डेय, सुरेन्द्र तिवारी, उपप्राचार्या अंजली भटनागर, सीमा चौधरी आदि मौजूद रहे।

# अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**चित्रकूट-**पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि चौकी प्रभारी गनीवा उप निरीक्षक यदुवीर सिंह एवं मुख्य आरक्षी वीरेन्द्र कुमार, आरक्षी प्रमोद कुमार द्वारा मनोज सिंह पटेल निवासी तौरा को 22 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में कवि सम्मेलन संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-**विश्व विश्वविद्यालय के स्थापना कार्यक्रम में नृत्य, दिवारी, कला प्रदर्शन, कवि सम्मेलन आदि आयोजन संरक्षक एवं कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य की उपस्थिति एवं कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय की देख रेख में कार्यक्रम संयोजक डॉ गोपाल मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसी क्रम में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता मिर्जापुर के वरिष्ठ कवि गणेश गंभीर ने की। फतेहपुर के शिवम हथगामी, प्रवीण श्रीवास्तव, प्रसूनवरिष्ठ गीतकार नवीन शुक्ला ने सुंदर रचनाएं सुनकर दर्शकों ने तालिया से अभिनंदन किया। कर्वी के नारायण तिवारी ने कहा कि राम को वनवास होता है तो होवे, इन बूढे दशरथों का वनवास तो रोकिए। तुलसी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष एवं पर्यावरण संरक्षक रामलाल द्विवेदी प्राणेश ने कहा कि चित्रकूट में भगवान राम शिव की अनुमति लेकर ही यहां रुके थे। उन्होंने शिव की वंदना सुंदर ढंग से प्रस्तुत की। जय जय शिव शंकर, जय अभयंकर, करुणाकर सुख दाता तथा मां की ममता पर कहा कि बच्चों के हित सब कुछ सहती, करती जान निसार। प्यारी मां में भरा हुआ है, ममता का संसार। संचालन कर रहे राजेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि हर मुकुट मणि जडा नहीं होता, मौके मौके की बात है वरना कोई छोटा बडा नहीं होता। वरिष्ठ कवि गणेश गंभीर ने कहा कि उदास होने से मंजर नहीं बदल सकता। किसी की चीख से खंजर नहीं बदल सकता। करो कहीं से करो इंतजाम पानी का, बिना सिंचाई के बंजर नहीं बदल सकता। इस अवसर पर कवियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा किरन, डा प्रमिला, सहायक प्रवक्ता पीयूष द्विवेदी, शशिकांत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### 4 आरोपियों के विरुद्ध की मिनी गुण्डा की कार्यवाही

**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाडी रीता सिंह ने बताया कि जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले रामकरन, कसूदन, अजय, छोटू उर्फ छत्रपाल निवासीगण रइयापुरवा मजरा गढीघाट के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

# तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय ने बताया कि उप निरीक्षक इन्द्रजीत गौतम तथा उप निरीक्षक प्रशिक्षु दिव्यांश पाण्डेय, मुख्य आरक्षी दौलत सिंह, आरक्षी प्रवीण पाण्डेय द्वारा देवीदीन निवासी बेलहा मजरा हरियारी कलॉ को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना मऊ में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# कामदगिरि स्वच्छता समिति ने परिक्रमा मार्ग में चलाया सफाई अभियान

**चित्रकूट-**कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत रविवार को 123वां स्वच्छता अभियान कामतानाथ परिक्रमा स्थिति लक्ष्मण पहाडी के सामने चलाया गया। अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि महात्मा गांधी का एक सपना था कि सब भारतवासी स्वच्छता के महत्व को समझें और उस पर अमल करें। ब्रांड एंबेसडर नगर पालिका राकेश केशरवानी ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं साफ रखना हम सब की जिम्मेदारी है। पर्यावरण से ही हमारा जीवन है। मानव द्वारा अगर पर्यावरण का विनाश हो रहा है तो यह मानव का ही विनाश हो रहा है। इसलिए हम सबको पर्यावरण बचाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने बताया कि हम सभी का एक लक्ष्य होना चाहिए कि कामतानाथ परिक्रमा स्वच्छ और सुंदर हो। बाहर से आने वाले पर्यटक को स्वच्छता का आभास हो।इस मौके पर राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केशरवानी, कृष्णा शुक्ला, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, वन विभाग से रसूल बख्श, राजेश कुमार, विजय

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# रायबरेली महिला जिला अस्पताल में मुफ्त सेवाओं में भी होती है वसूली !

## इमरजेंसी कक्ष में रक्त जाँच के नाम पर अवैध वसूली का वीडियो आया सामने





**राजू निषाद**

**रायबरेली।** एक तरफ केन्द्र की मोदी सरकार तथा प्रदेश के ईमानदार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा नयी-नयी योजनाएं चला कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है,प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रिजेश पाठक स्वयं मैदान में उतर कर स्वास्थ्य विभाग की बिगड़ी ब्यवस्थाओं की गाड़ी को पटरी पर लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग में तैनात कुछ सरकारी वेतनभोगी नुमाईंदे ही सरकार की मंशा को पलीता लगाने से बाज नही आ रहे हैं।

ऐसे ही कुछ कारनामें जनपद के महिला जिला अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष से भी निकल कर सामने आ रहे हैं जिनमें शासन द्वारा निरूशुल्क रखी गयीं सेवाओं के एवज में भी अस्पताल कर्मियों द्वारा भोले-भाले मरीजों व उनके तीमारदारों से अवैध वसूली कर योगी सरकार की किरकिरी कराने का प्रयास कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से महिला जिला अस्पताल अवैध वसूली का गढ़ बन चुका है,यहाँ शासन द्वारा प्रदान की जा रहीं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ मुफ्त जाँच व प्रसव की आस लेकर आने वाली महिला मरीजों को उस वक्त झटका लगता है जब यहाँ मुफ्त सेवाओं के बदले भी यहाँ के कर्मचारी अवैध वसूली करने से बाज नही आते हैं। अभी हाल ही में महिला अस्पताल की इमरजेंसी कक्ष(नयी बिल्डिंग) से एक वीडियो निकल कर सामने आया है जिसमें काउंटर पर बैठा कर्मचारी भर्ती के लिए आने वाली मरीजों से रक्त की जाँच के लिए पैसे की डिमांड करता नजर आ रहा है,इतना ही नही बल्कि वसूले गये पैसे भी अंदर करता दिखाई दे रहा है।

### ...तो क्या वर्तमान सीएमएस निर्मला साहू के संरक्षण में चलता है अवैध वसूली का खेल?

रायबरेली का महिला जिला अस्पताल एक बार फिर अपनी अब्यवस्थाओं को लेकर सुर्खियों में है,यहाँ की अब्यवस्थाओं को लेकर प्रतिदिन कोई ना कोई मामला चर्चा में बना ही रहता है। कहा जाता है कि सीएमएस डॉ. निर्मला साहू की जानकारी में सारे काम हो रहे हैं,अथवा यूँ कहा जाए कि महिला जिला अस्पताल में चल रहे अवैध वसूली के खेल में सीएमएस की मूक सहमति रहती है,क्योंकि अवैध वसूली के खेल में प्रति मरीज अगर 150 रुपये की वसूली होती है तो प्रतिदिन दर्जनों मरीज प्रसव के लिए यहाँ आती हैं जिनमें अधिकतर मरीजों को रक्त तथा यूरिन आदि की जाँच तो कराना ही पड़ता है,प्रतिदिन हजारों रुपये की वसूली का खेल बिना किसी उच्चाधिकारी के संरक्षण के कोई कर्मचारी चोरी-छिपे तो खेलने से रहा।

### जरा इनकी भी सुनिए....

इस मामले में जब महिला जिला अस्पताल की मुख्य चिकित्साधीक्षिका डॉ.निर्मला साहू से दूरभाष पर बात की गयी तो उन्होने कहा कि अवैध वसूली का मामला संज्ञान में आया है,सम्बंधित कर्मचारी को इसके लिए सख्त हिदायत दी गयी है,अगर अवैध वसूली के लिए लिखित में कोई शिकायत करेगा तो हम कर्मचारी पर कार्यवाही भी करेंगे।

# लालगंज में कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम आयोजित होता है। लालगंज में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुना। अटल चौक गांधी चौराहे पर विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, ब्रम्हेद्र विक्रम सिंह, रिंकू बाजपेई, राजेश निर्मल, सुरेंद्रनाथ मिश्रा ,कुलदीप सिंह, ओम प्रकाश सोनी ,आयुष वाजपेई ,रणविजय सिंह ,लक्ष्मी शंकर यज्ञसैनी , मोहम्मद इस्लाम आदि लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुना। वहीं शांति नगर में मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ,मुन्नीलाल बाजपेई ,बाबू तिवारी आदि लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम आयोजित किया। विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि लोगों में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को लेकर बड़ी उत्सुकता रहती है। नरेंद्र मोदी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हुए हैं जिन्होंने हर माह के अंतिम रविवार को लोगों से चर्चा करने और सीधे जुड़ने का कार्यक्रम तय किया है। रविवार को प्रधानमंत्री ने मैथ ओलंपियाड पर अभ्यर्थियों से चर्चा की और उनका उत्साह बढ़ाया। इसके अलावा स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने सहित हिंदुस्तान की सुरक्षा में अपना योगदान देने वाले वीरों को भी उन्होंने नमन किया। पुरातन संस्कृति सहित ग्रामोद्योग पर भी उन्होंने चर्चा की कहा कि आज ग्रामोद्योग फिर से लोगों के लिए रोजगार लेकर आया है।

# सरेनी प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह को उनकी न्याय प्रियता और कार्यशैली के चलते किया गया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** स्वामी विवेकानन्द इन्टर कालेज दुधवन में वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कोतवाल सरेनी शिव शंकर सिंह के कर कमलों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर बैसवारा डिग्री कालेज के प्राचार्य डॉ निरंजन राय ,अवनेंद्र सिंह ,अजय विक्रम सिंह, विवेक सिंह ,कालेज के प्राचार्य राम प्रताप सिंह ने कोतवाल शिव शंकर सिंह का उनकी न्याय प्रियता और कार्य कुशलता के चलते जोरदार स्वागत किया। बताते चलें कि कोतवाल शिव शंकर सिंह जहां जनता को न्याय दिलाने के लिए सदैव प्रत्येक समय सुलभ रहने वाले अधिकारी हैं। वही धार्मिक कार्यो में भी उनकी बड़ी रुचि रहती है। लालगंज कोतवाली में भी उन्होंने अपने कार्यकाल में बहुत से ऐसे मामले सुलझाया जो बहुत दिनों से पेंडिंग थे। लालगंज में बहुत से लोगों की समस्या सुलझाने का कार्य कोतवाल शिव शंकर सिंह ने किया था ।अब सरेनी में भी हर समय जनता के लिए सुलभ रहते हैं।कोतवाल शिव शंकर सिंह ने मां चंद्रिका देवी मंदिर पहुंचकर मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर राजीव सिंह, शिवप्रकाश सिंह, सर्वेश सिंह ,जितेंद्र सिंह ,अखण्ड सिंह ,वीरेंद्र मिश्र आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# धर्म जागरण आरएसएस की लालगंज की जिला समिति का हुआ गठन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण की जिला बैठक लालगंज में संपन्न हुई है। बैठक में बोलते हुए जिला संयोजक शिव कैलाश ने समाज में हिंदू धर्म, हिंदू समाज,राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के खिलाफ एकजुट होकर अभियान चलाने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि हम अपनी पुरातन संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। त्योहारों को प्रतीकात्मक रूप में मनाने लगे हैं जबकि हमारे पूर्वज बहुत ही विधि विधान और धार्मिक ढंग से त्यौहार मनाते थे। रायबरेली जनपद में ईसाई मिशनरियों की फैलती गतिविधियों पर भी आक्रामक रूख अपनाने का आह्वान किया। आगामी रक्षाबंधन के अवसर पर धर्म रक्षा बंधन कार्यक्रम मनाने की योजना भी बैठक में बनाई गई। वहीं जिला संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि धर्म की मजबूती और धर्मांतरण रोकने के लिए ग्राम स्तर तक धर्म रक्षा समिति बनाई जाएगी। धर्म रक्षा समितियां के माध्यम से संगठन का कार्य मजबूत किया जाएगा इस अवसर पर विभिन्न पदों पर कार्यकर्ता भी मनोनीत किए गए। राम प्रकाश तिवारी खीरो खंड सहसंयोजक ,लक्ष्मी शंकर यज्ञ सैनी लालगंज नगर सहसंयोजक, संजय चड्ढा लालगंज खंड सहसंयोजक ,विकास तिवारी डलमऊ खंड सहसंयोजक बनाए गए हैं। इसके साथ ही बृजेश द्विवेदी जिला परियोजना प्रमुख और देवेंद्र अवस्थी सह प्रमुख बनाए गए हैं। सुरेंद्र गुप्ता जिला निधि प्रमुख और विंदाचरन तिवारी सह प्रमुख बनाए गएहैं। जिला विधि प्रमुख का दायित्व अशोक शुक्ला एडवोकेट और सह प्रमुख का दायित्व केडी त्रिवेदी को दिया गया है जिला प्रशासनिक संपर्क प्रमुख का दायित्व एडवोकेट सुंदर बाजपेई और सह प्रमुख का दायित्व अशोक त्रिवेदी एडवोकेट को दिया गया है। जिला संस्कृति प्रमुख का दायित्व शिशु मंदिर के प्रबंधक कैलाश वाजपेई को और सह प्रमुख का दायित्व राजन अवस्थी को दिया गया है। बैठक में खंड संयोजक बृजदेव सिंह सरेनी खंड संयोजक विश्वास वाजपेई ऊंचाहार खंड संयोजक शिवकुमार, राम सरन अग्निहोत्री आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वयं को पहचानना और अपने भीतर की शांति को महसूस करना ही योग है: प्रदीप पांडेय



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** वर्तमान में योग कितना जरुरी है ये आप समझ सकते हैं।जीवन बहुत बेशकीमती है। ईश्वर का वरदान है। इसको स्वस्थ्य रखना शारीरिक, मानसिक ,अध्यात्मिक रूप से आवश्यक है।आंतरिक शांति के लिए प्रतिदिन जरूर करें।घर से दूर जाकर किसी पार्क स्टेडियम एकान्त या योग गुरु, सद्गुरु के पास जाकर योग का ज्ञान ले।30 मिनट शारीरिक व्यायाम टहलना, जिम,सूर्यनामस्कार, सूक्ष्म व्यायाम, दौड़ कुछ भी करे जिससे पूरे शरीर से पसीना आना जरूरी है। योग शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों को आने के लिए अपील भी किया।उक्त बातें संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय ने कहीं।योगाचार्य बृजमोहन ने अच्छे स्वास्थ्य के कुछ मूलमंत्र दिए जिनकी सहायता से हम सभी अपने जीवन में सुख शांति प्राप्त कर सकते हैं।ओम का उच्चारण 5 या 7 बार,भस्त्रिका प्राणायाम 5 मिनट निम्न मध्यम उच्च गति से श्वास प्रश्वास करें।कपालभांति प्राणायाम 5 मिनट ,आंतरिक प्राणायाम 3 बार फेफड़ों में रोकना।30 सेकंड,40 सेकंड,50/60 सेकंड लंबी गहरी सांस भीतर रोकना और धीरे धीरे छोड़ना। त्रिबंध या महाबंध लगाना, मूलबंध, उड्डियान और जालंधर बंध लगाना 15 से 20 सेकंड बाहर को सांस फेंकते हुए बंध लगाना। अनुलोम विलोम 5 मिनट पूरक कुंभक और रेचक में करें। भ्रामरी प्राणायाम 5 से 7 बार करें। अनहद नाद 3 बार।फिर 5 मिनट से लेकर 10,15,20,30 मिनट तक बाहर से अन्दर की ओर आती जाती हुई सांसों पर या सूर्य का ध्यान, त्रिनेत्र शिवनेत्र पीनियल ग्रन्थि पर ध्यान करें। जिसमें आंखों को पूरे समय बंद रखे। बोलना देखना रोके। पूरे विश्व के लिए मंगल कामना, प्रार्थना करें।वेद के मंत्रों को बोले।संगठन मंत्र, गायत्री मंत्र, गुरु वंदना और शांति पाठ।सात्विक आहार करें।अध्यात्मिक साधक नीलू सिंह, अजय मिश्रा, सचिन अग्रहरि, शिवानी यादव, अरुणेंद्र सिंह, दिलीप पाल, आरती, रेखा सिंह, आर्ची सिंह, अंकित, राज, अनुराग अग्रहरि , पुष्पा, निलेश सिंह, बृजेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# डाक्टर श्रीमती किरण सिंह, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य, मानद डॉक्टरेट से सम्मानित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की प्रतिष्ठित सदस्य डाक्टर श्रीमती किरण सिंह को राजनीति विज्ञान एवं समाज कल्याण में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (मानद) की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह सम्मानित सम्मान उन्हें डाक्टर थॉमस प्राडे, प्रेसिडेंट/चान्स्लर ( इकोले सुप्रीयर रॉबर्ट डी सोरबोन ) द्वारा सोरबन अंतर्राष्ट्रीय दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया।यह मानद डॉक्टरेट उपाधि किरण सिंह को राजनीति विज्ञान और सामाजिक कल्याण के साथ-साथ बतौर गवर्नर व चेयरपरसन परिवार कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण, लायन्स इन्टरनेशनल में उल्लेखनीय योगदान, भारतीय जनता पार्टी, जोकि एक राजनैतिक पार्टी में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते हुए सार्वजनिक सेवा और सामुदायिक विकास के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। उनके अथक प्रयासों ने महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है, अनगिनत व्यक्तियों को प्रेरित किया है और कई लोगों के जीवन को समृद्ध बनाया है।सोरबन अंतर्राष्ट्रीय दीक्षांत समारोह, एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम, दुनिया भर में उत्कृष्ट व्यक्तियों को उनकी उपलब्धियों और सकारात्मक बदलाव लाने की प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित करता है।डॉक्टर किरण सिंह की उपलब्धि समाज की भलाई के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है, और हम इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें हार्दिक बधाई देते हैं।

# केन्द्रीय विद्यालय में 'एक पेड़ माँ के नाम' के अंतर्गत लगाए गए 51 पेड़



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रायबरेली में पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इसमें विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों एवं उनकी मां के द्वारा विद्यालय में एक वृक्ष के पौधे को रोपण किया गया ।ज्ञात हो कि बढ़ते हुए तापमान एवं पर्यावरण संकट को देखते हुए सरकार के द्वारा एक पेड़ मां के नाम नामक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया है, जिसमें केंद्रीय विद्यालय संगठन ने अपने सभी विद्यालयों को निर्देशित किया है की सभी विद्यालय इस कार्यक्रम में सहयोग करें और विद्यालय में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें ।पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रायबरेली में इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग पचास पौधों को लगाया गया, जिसमें पीपल पाकड़, सीता अशोक, कंजी, कचनार, शहतूत, अमरूद, आम, अर्जुन, कदम्ब, नीम और कुरिंदी आदि के पौधे लगाए गए ।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के ईको क्लब और पंछी क्लब के बच्चों द्वारा वृक्षों तथा पक्षियों एवं पर्यावरण में उनके बारे में जानकारी देने के साथ किया गया ।

इसी क्रम में बच्चों ने उपस्थित जनों को ष्मिलेट्स या मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिए क्यों आवश्यक हैंष् इस विषय पर भी जानकारी दी । ततपश्चात प्राचार्य, उप प्राचार्य , प्रधानाध्यापक सहित अनेक शिक्षकों एवं बच्चों एवं उनकी उपस्थित माताओं ने अपने अपने पौधे लेकर वृक्षारोपण स्थल तक प्रस्थान किया जहां पर प्राचार्य द्वारा कचनार का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई । इस अवसर पर रायबरेली के फॉरेस्ट रेंजर फिरोज खान भी उपस्थित रहे जिन्होंने आज के लिए लगाए जाने वाले पौधों को विद्यालय को प्रदान किया था स्वयं फिरोज खान ने भी कंजी का पौधा लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम को प्रेरित किया । इसके पश्चात सभी बच्चों ने अपनी अपनी माता के साथ अपने-अपने साथ लिए पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर उपप्राचार्य राजेश त्रिपाठी ने नीम, उपप्राचार्य रमेश चंद्र दुबे द्वारा कुरुन्दी, प्रधानाध्यापक राम बहादुर शर्मा पाकड़ तथा प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार एवं जीव विज्ञान प्रवक्ता मिनेश सिंह ने सीता अशोक का पौधा लगाया ।

बच्चों में उपस्थित अनन्या शर्मा एवं उनकी माँ अनुराधा शर्मा द्वारा कचनार एवं पीपल के पौधों को लगाया गया । इस प्रकार कार्यक्रम को सफल बनाते हुए 51 वृक्षों के पौधे लगाए गए ।

# वरिष्ठ विधायक माता प्रसाद पांडेय को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने पर सपाईयों ने जताई खुषी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी रायबरेली द्वारा वरिष्ठ विधायक माता प्रसाद पांडेय को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने पर खुशी व्यक्त की गयी। जिला अध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि अति वरिष्ठ समाजवादी नेता माता प्रसाद का विधानसभा और उसकी स्वस्थ परम्पराओं को जानने समझने और मानने मनवाने का दीर्घ अनुभव रहा है वह विधि एवं विधि के निर्माण के ज्ञाता हैं उसका लाभ सदन के सभी विधायकों एवं सरकार को भी मिलेगा।वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी यादव ने कहा कि वह प्रकाश स्तंभ के रूप में संविधान की सशक्त परंपरा का मार्ग प्रकाशित एवं दिशा दिखाते रहेंगे।वरिष्ठ नेता सुरेश निर्मल, रज्जू खान, दिनेश यादव, अरशद खान, शशिकांत शर्मा सहित अनेकों समाजवादी पार्टी के नेताओं ने उनके मनोनयन पर खुशी व्यक्त कर बधाई दी।

# राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** राना बेनी माधव बॉक्सिंग की स्मृतियों को सहेजने एवं उसे आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति इस वर्ष साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इसी परिपेक्ष में कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्यों की एक बैठक न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर सेमरी कोठी में समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस वर्ष समिति साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। इस वर्ष का राना बेनी माधव सिंह षौर्य सम्मान महावीर चक्र विजेता नायक दिगेंद्र कुमार को प्रदान किया जाएगा। डॉ शिव बहादुर सिंह भदोरिया साहित्य सम्मान मध्य प्रदेष के प्रो डा श्रीराम परिहार को दिया जाएगा। हरिहर सिंह ने बताया कि दिलीप सिंह पत्रकारिता सम्मान के लिए दो नामों पर चर्चा चल रही है। वीरा पासी सामाजिक सेवा सम्मान व लालचंद स्वर्णकार सम्मान समिति के लिए भी चयन समिति जल्द ही निर्णय लेगी। आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के रूप में भी तीन छात्राओं को रुपये11000-11000 की धनराशि प्रदान की जाएगी। पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक इन्द्रेष विक्रम सिंह ने बताया कि भाषा संस्थान उत्तर प्रदेश एवं समिति संयुक्त रूप से 24 अगस्त को सायंकाल अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन कर रही है जिसमें प्रसिद्ध गीतकार कविता पाठ करेंगे। समिति द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए रवीन्द्र सिंह ने बताया कि 16 अगस्त को बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता चार ग्रुपों में आयेजित होगी। 17 अगस्त को षंकर पुर स्थित दुर्गा माता मंदिर पर राकेष सिंह राना व डा मनीष चौहान के संयोजन में विषाल चिकित्सा षिविर का आयोजन होगा जिसमें ख्याति प्राप्त चिकित्सकों द्वारा जांचकर दवायें दी जायेगी। 18 अगस्त को रवीन्द्र सिंह व डा रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्टेडियम, गुरू गोविन्द सिंह पार्क, आईटीआई, राना पार्क, रतापुर चौराहा व प्रावि सरायं मानिक में पौधरोपण किया जायेगा। 20 अगस्त को विषाल रक्तदान षिविर का आयोजन किया गया है जिसमें 101 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। एसपी सिंह ने कहा कि 21 अगस्त को जिला चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय, कुष्ठ आश्रम व वृद्धाश्रम में फल वितरण होगा।

साथ ही 21 को ही कक्षा 9 से 12 के बच्चों के बीच डिबेट भी कराया जायेगा। 22 अगस्त को राज्य सूचना विभाग व समिति के संयुक्त तत्वाधाना में तीन दिवसीय प्रदर्षनी का आयोजन होगा जिसमें राना के युद्धकाल के हथियारों की प्रदर्षनी भी लगायी जायेगी। 23 अगस्त को जयंती की पूर्व संध्या पर दीपदान का आयोजन होगा। इस अवसर पर आरबी सिंह, षिव कुमार सिंह, लखन सिंह, सुनील भदौरिया, राजू राठौर, राजेन्द्र सिंह राजन, सुनील प्रताप सिंह भदौरिया, महेन्द्र कछवाह, विजय रस्तोगी, गोपाल खन्ना, गोविन्द खन्ना, धीरेन्द्र सिंह, अषोक सिंह, रवि सिंह, देवर्षि तलरेजा, अंकुष, सिविल आदि उपस्थित रहे।

लोकमित्र
• कौशाम्बी, सोमवार , 29 जुलाई 2024



# हर हाल में दिलाएंगे पेंशनर्स को न्याय

> उत्तर प्रदेश सरकार के पेंशनर्स को न्याय दिलाने के लिए संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी सरकार के समक्ष फिर से रखेंगे अपनी बात नवम्बर माह में प्रयागराज में होगी प्रदेश स्तर की बैठक



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार से सेवानिवृत हुए अधिकारी एवं कर्मचारियों की यूनियन संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल के तत्वाधान में आज स्थानीय विकास भवन के सभागार में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें 17 विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्ति अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने अपंनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल के संयोजक एवं सेवा निमित्त सहायक अभियंता पीके मिश्रा ने किया और समापन शिव शंकर सिंह सेवा निवृत इंजीनियर ने किया। बैठक का संचालन टी एन द्विवेदी संरक्षक सेवा निवृत्त एडीएम के द्वारा किया गया।
इस संबंध में संगठन के मंडल मीडिया संयोजक संतोष मिश्रा ने बताया की प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हित की लड़ाई यह संगठन जमीनी तौर पर लड़ता है और समय-समय पर पेंशनर्स के हितों की रक्षा के लिए उनके द्वारा उठाई गए बिंदुओं एवं समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का कार्य संगठन करता है। उन्होंने बताया उत्तर प्रदेश सरकार के पास विभिन्न पेंशनर संगठनों से प्राप्त उनकी मांगों को संकलित करके 19 बिंदुओं पर एक ज्ञापन प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को भेजा गया था जिस पर इस संगठन के पदाधिकारियों के अथक प्रयास करने पर अभी मात्र एक दो बिंदुओं पर ही आदेश जारी हुआ है। जिसके अनुसार 30 जून तथा 31 दिसम्बर को सेवा निवृत्त होने वॉले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक इंक्रीमेंट का लाभ मिलेगा। इसके अलावा अनेक महत्वपूर्ण बिंदु है जिन पर शासन के आदेश की प्रतीक्षा है। इस संबंध में सभागार में उपस्थित पेंशनर्स को संबोधित करते हुए मंडल संयोजक पीके मिश्रा ने कहा कि इसी साल अक्टूबर या नवंबर में संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति की प्रदेश स्तर की बैठक प्रयागराज में आयोजित की जाएगी जिसमें पेंशनर्स के हित के लिए आन्दोलन किये जाने पर विचार विमर्श हॉगा। इसमें सभी को आगे आने की जरूरत है तथा यह लड़ाई अंतिम क्षण तक जारी रहेगी। क्योंकि पेंशनर्स के हितों की अनदेखी की जा रही है । अगर 35 साल 40 साल सेवा करने के बाद पेंशनर्स को अपने हक के लिए माननीय न्यायालय की शरण में जाना पड़े तो इससे दुखद बात क्या होगी।
इस बैठक में अशोक कुमार निगम, ओ0पी0 दुबे, डीबी सिंह, टी एन द्विवेदी, पीके मिश्रा, सत्येंद्र सिंह, बृजेश त्रिपाठी, ओ0पीओझा, पी0के पांडे, एके उपाध्याय सहित सहित पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के लगभग 17 घटक के पदाधिकारी उपस्थित रहे और अपने सुझाव दिए।

# पारिवारिक विवाद में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत राजापुर चौबारा में रविवार सुबह लगभग आठ बजे एक महिला ने अपनी ससुराल में पारिवारिक विवाद के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक मनीषा देवी (26) पत्नी राजेश कुमार किसी कारणवश रविवार की सुबह अपने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आत्म हत्या की सूचना होलागढ़ पुलिस को मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर महिला के शव को मृतक महिला के मायके वालों के समक्ष शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।
मृतक महिला का पति राजेश कुमार गुरुग्राम में नौकरी करता है।आस पास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि पति के बाहर नौकरी करने के कारण कई दिनों से महिला अवसाद से ग्रसित चल रही थी।

# रोटरी इलाहाबाद मिड टाउन ने किया करियर गाइडेंस वर्कशॉप का आयोजन

## भाग लेने वाले सभी छात्रों और सदस्यों को सम्मानित किया गया



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** व्यावसायिक प्रशिक्षण के तहत, रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने क्लास 12 के छात्रों के लिए उनके चुने हुए विषयों के लिए करियर मार्गदर्शन पर एक परियोजना शुरू की थी। कभी-कभी छात्र अपने चुने हुए विषयों के लिए बहुत भ्रमित होते हैं, इसलिए यह एक परियोजना थी जो क्लब सदस्यों के समर्थन से बहुत सफल रही। 37 छात्रों को इस मार्गदर्शन दिया गया था।
चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. अर्पित बंसल ने उन्हें ऑपरेशन देखने का अनुभव भी कराया। उन्होंने डायलिसिस देखने, आईसीयू में राउंड करने और बहुत कुछ करने का मौका दिया।
कानून के क्षेत्र में मनु सक्सेना और नितिन अग्रवाल ने कई अधिनियमों के बारे में ज्ञान दिया। सीएलएटी के महत्व के बारे में बताया और वरिष्ठों के साथ इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किए व उन्हें हाई कोर्ट भी ले गए।
सीए के क्षेत्र में विनय गोयल और सौरभ अग्रवाल ने अपनी उत्कृष्ट मार्गदर्शन दिया। होटल प्रबंधन के क्षेत्र में विदुप अग्रहारी और कान्हाश्याम के कुशल स्टाफ ने उन्हें पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से साथ-साथ होटल के चारों ओर घूमने और होटल प्रबंधन के सभी पहलुओं में मार्गदर्शन करने का अवसर दिया।
सशस्त्र अधिकारियों के क्षेत्र में एक गैर-रोटेरियन कर्नल दिनेश तंवर (सेवानिवृत्त) ने छात्रों को सेना में रुचि रखने वाले छात्रों को मार्गदर्शन दिया।
वाईएमसीए स्कूल द्वारा 27 जुलाई को आयोजित एक समारोह में उपरोक्त सभी सदस्यों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया व भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । इसके अलावा नितिन अग्रवाल छात्रों को कुछ कानूनी पुस्तकें भेंट की।
इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल रीमा मसी, क्लब अध्यक्षा राधा सक्सेना, नीरज चुग , पल्लवी, पंकज जैन इत्यादि उपस्थित रहे।

# नेशनल पेरेंट्स डे पर रोटरी प्लैटिनम ने किया अभिभावकों का सम्मान




**प्रयागराज।** रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम ने नेशनल पेरेंट्स डे के अवसर पर होटल नवीन कॉन्टिनेंटल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर क्लब के सदस्यों के अभिभावकों का सम्मान किया। इस आयोजन में क्लब के अध्यक्ष शशांक जैन ने सदस्यों के माता-पिता का फूलों का गुलदस्ता और शाल पहनाकर स्वागत किया।
अध्यक्ष शशांक जैन ने अपने संबोधन में कहा कि पेरेंट्स डे के अवसर पर हमने क्लब के सभी सदस्यों के अभिभावकों को आमंत्रित कर उनका अभिनन्दन और सम्मान किया है। हमारे अभिभावकों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन हमें सदैव प्रेरित करता है। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने इस सम्मान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी सदस्यों को आशीर्वाद दिया। जो अभिभावक किसी कारणवश कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाए, उन्हें अध्यक्ष शशांक जैन ने उनके बच्चों के माध्यम से याद किया और उनका सम्मान कर नमन किया।
मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर चार्टर अध्यक्ष रितेश सिंह के माता-पिता, रोटेरियन अनुकूल उदय की माँ, अध्यक्ष शशांक जैन के पिता जी सहित अन्य प्रमुख सदस्य पूर्व अध्यक्ष पियुष रंजन अग्रवाल, नितिन चोपड़ा, रोटेरियन संजय सिंह, अपूर्व, प्रमेय मित्तल, पारुल अग्रवाल, डॉक्टर प्रतीक पांडेय एवं कोषाध्यक्ष विकल्प अग्रवाल उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने सभी उपस्थित लोगों के दिलों को छू लिया और रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम के इस प्रयास की सराहना की गई।

# इंटरलॉकिंग को उखाड़ कर भूल गए जिम्मेदार, राहगीर हलाकान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया।** पाइपलाइन बिछाने के नाम पर खोदी गई सड़क पाइप बिछाने के बाद छोड़ दी गई। इससे न सिर्फ सड़क का नुकसान हुआ बल्कि ग्रामीणों को इसी रास्ते से रोज झटके खाते हुए गुजरना पड़ रहा है।
विकासखंड बहरिया के ग्राम सभा बसरही में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बन रही पानी टंकी द्वारा हर घर जल नल योजना के तहत पानी पहुंचाने के लिए सड़क के बीचो-बीच इंटरलॉकिंग को खोद कर ठेकेदारों द्वारा पाइप तो डाल दी गई। लेकिन खोदे गए गड्ढे को ढंकना भूल गए। जिसके चलते राहगीरों एवं ग्रामीणों को आने-जाने में मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है और आए दिन लोग उस नाली में गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इसी प्रकार गांव में ठेकेदारों द्वारा सभी सड़कों को खोद कर पाइप डाला गया है। लेकिन गड्ढे छोड़ दिए गए हैं । जबकि सरकार द्वारा दिए गए टेंडर के अनुसार एलएनटी विभाग को दिशा निर्देश दिया गया है कि यदि सड़क खुदाई के समय खराब होती है या गड्ढा होता है। तो उसे दुरुस्त करवाया जाएगा। जल जीवन मिशन के नायक ने बताया कि जानकारी मिली है कि बहरिया ब्लाक के बसरही गांव में जल जीवन मिशन के द्वारा पाइप बिछाने के लिए रोड पर गड्ढा खोदा गया है। उसको दो-तीन दिन में पटवाकर इंटरलॉकिंग को दुरुस्त कर दिया जाएगा। इसके अलावा भी अगर कहीं भी गड्ढा होगा तो उसको भी दुरुस्त कराया जाएगा।

# इमाम हुसैन के दसवें पर जगह जगह हो रही मजलिस व मातम



**प्रयागराज।** दो माह और आठ दिनों तक कर्बला के शहीदों की याद में होने वाली अज़ादारी के सिलसिले में इमाम हुसैन व अन्य इक्हत्तर शहीदों की याद में दसवां पर अक़ीदत का इज़हार किया गया।करैली शम्स नगर में ताज रिज़वी, करैलाबाग़ मुसल्ला ए ज़ीशान में एडवोकेट खुर्शीद अकबर द्वारा व करैली बाजूपूर में इमरान द्वारा आयोजित मजलिस में ओलमा ने कर्बला में शहादत के बाद खानदानके रिसालत पर ढाए गए ज़ुल्म की दास्तां बयान। तो अन्जुमन ग़ुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार के नौहाख्वानों नेयाज़ुल हसन, हाशिम बांदवी, जिब्रान रिज़वी, हैदर मेंहदी , यासिर मंज़ूर, हुसैन अस्करी, मोहम्मद सादिक आदि ने शायर व मौलाना आमिरुर रिज़वी व क़ायम दरियाबादी का पुरदर्द नौहा पढ़ा। इस मौक़े पैर रिज़वान जव्वादी, हसनैन अख्तर, मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन, मक़सूद रिज़वी, हुसैन रज़ा, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, अब्बास गुड्डू, अहसन रज़ा, ज़ामिन हसन, सफी नक़वी, काविश रिज़वी, ज़ैग़म नक़वी, अमन जायसी, ज़रगाम हैदर आदि शामिल रहे।

# महानगर के सभी बूथों पर सुनी गई मन की बात



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के तहत मन की बात का दूसरा कार्यक्रम महानगर के सभी 1216 बूथों पर सुना गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अनुज कुशवाहा के घर पर पीएम मोदी के मन की बात सुनी। यहां महानगर अध्यक्ष के अलावा विजय श्रीवास्तव, आंचल ओझा, मनोरमा राय, प्रशांत शुक्ला, राकेश भारती सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं महानगर के तीनों विधानसभा क्षेत्रों (उत्तरी, पश्चिमी एवं दक्षिणी) के सभी 15 मंडलों में बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने मन की बात कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। शिवकुटी, विश्विद्यालय, चौक, खुल्दाबाद, सिविल लाइन, मुट्ठीगंज, कीडगंज, भारद्वाज सहित सभी मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पेरिस ओलंपिक से लेकर बाघों तथा जंगल के संरक्षण और स्वदेशी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खादी के उपयोग तथा एक पेड़ मां के नाम जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर बात की जिससे इन विषयों पर और काम करने की प्रेरणा मिलती है। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने महानगर के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से अपील की कि मन की बात सुनने की फोटो सरल एप पर अवश्य लोड करें। पीएम मोदी की बातों से उत्साह का संचार होता है। एक पेड़ मां के नाम अभियान में सभी बढ़ चढ़कर हिस्सा लें इसका अधिक से अधिक प्रयास करें। महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा रस्तोगी के नेतृत्व में मोर्चा कार्यकत्रियों ने मन की बात कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, संजय श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, मनोज कुशवाहा, रमेश पासी, राजेश केसरवानी, विवेक मिश्र, आनंद दुबे, कुलदीप मिश्र, दीप द्विवेदी, रोहित जायसवाल, शिवा त्रिपाठी, अविनाश दुबे, राजेश गोंड, नवाब खान, मो शरीफ, मनु चावला, नटवर लाल, मंडल अध्यक्ष अनिल भट्ट, सुमित वैश्य, राघवेंद्र मिश्र, ज्ञानवाबू केसरवानी, अवनीश तिवारी, भोला सिंह, भरत निषाद, दीनानाथ कुशवाहा, दिलीप केसरवानी, संजय कुशवाहा, गौरव गुप्ता, रणविजय सिंह, कोशिकी सिंह पटेल अपने अपने मंडल में मन की बात कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# आल इंडिया मुस्लिम कायस्थ वेलफेयर एसोसिएशन ने किया रक्तदान

## रक्त दान एक सर्वोच्च पुनीत कार्य, अशफाक अहमद सिद्दीकी




**कोराव(प्रयागराज)।** हर साल की तरह इस साल भी बेनहर स्कूल एन्ड कॉलेज, करेलाबाग़ मे ज़ाहिदा फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं बेनहर स्कूल एन्ड कॉलेज के फाउंडर जनाब तारिक़ खान साहब की अध्यक्षता मे रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद अकादमिया एवं ब्लड बैंक नाज़ हॉस्पिटल की तरफ से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया।
जिसमे शहर के काफी लोगों ने हिस्सा लिया। प्रोग्राम को सफल बनाने मे जनाब आफताब अहमद साहब, जनाब शम्स तबरेज़ साहब और मोहतरमा असरा नवाज़ जी का काफी योगदान रहा। लोगों ने ब्लड डोनेट करके सामाजिक कार्य करने का संदेश दिया। प्रोग्राम मे आल इंडिया मुस्लिम कायस्थ वेलफेयर एसोसिएशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष जनाब अशफ़ाक़ अहमद सिद्दीक़ी ने भी रक्तदान करके हिस्सा लिया इन्ही के साथ साथ केयर फॉर लाइफ के संस्थापक अकबर खान, राशिद समी, शफीक़, आसिफ, मुमताज़, ज़फर, शाहबाज़, ज़हीर उस्मानी व अन्य लोगों ने रक्तदान किया। शहर के जाने माने डॉक्टर नाज़िम साहब ने अपने हाथों से अशफ़ाक़ अहमद सिद्दिक़ी व अन्य साथियों को सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। अशफ़ाक़ अहमद सिद्दीकी उच्च न्यायालय मे सहायक निबंधक के पद पर कार्यरत हैं और समाज सेवा करने मे हमेशा आगे रहते हैं और लोगों को प्रोत्साहित करते रहते हैं। अध्यक्ष जी ने प्रोग्राम मे शामिल सभी सम्मानित साथियों के साथ साथ डॉक्टर तारिक़ खान, आफ़ताब अहमद एवं जनाब शम्स तबरेज़ खान, बेनहर स्कूल एन्ड कॉलेज का उन्हे आमंत्रित करने के लिए शुक्रिया अदा किया और कहा जब तक ज़िंदा रहूंगा समाज मे किसी के लिए किसी काम आ सका तो हर वक़्त खड़ा रहूंगा और जीवन भर समाजसेवा करता रहूंगा।

# तेज रफ्तार कार ने ऑटो में मारी टक्कर ऑटो चालक सहित 3 गंभीर जख्मी



**घूरपुर (प्रयागराज)।** घटना घूरपुर थाना क्षेत्र के घूरपुर बनिया तारा की है जहां पर घूरपुर से प्रयागराज की तरफ जा रही ऑटो में पीछे से जा रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे ऑटो चालक सहित पति पत्नी और बेटा गंभीर रूप से जख्मी हो गए।
बताया जा रहा है कि रामप्यारे निषाद पुत्र लाला राम निषाद कटका थाना करछना की कुछ दिन पहले तबीयत खराब होने से उनकी पत्नी और बेटा घूरपुर के बीकर गांव में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां आज स्वस्थ होने पर उन्हें डिस्चार्ज करा कर पत्नी और बेटा परिवार के ही एक ऑटो से घर ले जा रहे थे।
जैसे ही घूरपुर बनिया तारा पहुंचे पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिससे राम प्यारे निषाद और उनका पुत्र विजय पत्नी सीता एवं ड्राइवर भोले पुत्र शिवपूजन निवासी कटका थाना करछना गंभीर रूप से जख्मी हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा भेजा गया जहां पर रामप्यारे निषाद एवं चालक भोला निषाद की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहीं मां और बेटे को मामूली चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार कर उन्हें रामप्यारे एवं भोला के इलाज के लिए जिला अस्पताल साथ में भेज दिया।

# एक अगस्त को चक पर ज़न्जीरो का मातम तो दरियाबाद में होगा दहकते अंगारों पर मातम

**प्रयागराज।** अन्जुमन इमामिया चक ज़ीरो रोड की ओर से शहादत इमाम ए सज्जाद पर माहे मोहर्रम की 25 ब्रहस्पतवार 1 अगस्त को दिन में 2 बजे यौमे ए सज्जाद में अन्जुमन इमामिया चक तेज़ धार की छूरियों से लैस ज़ंजीरों से पुश्तज़नी करेगी।इससे पहले फैज़ान आब्दी की सोज़ख्वानी तो अर्शी रिज़वी अम्बेडकर नगर की पेशख्वानी के बाद मौलाना आमिरुर रिज़वी मजलिस को खिताब करेंगे। अन्जुमन गुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार, अन्जुमन अब्बासिया रानीमंडी, अन्जुमन मोहाफिज़े अज़ा दरियाबाद नौहा और मातम करेगी।
वहीं दरियाबाद में तहफ्फुज़े अज़ा सोसायटी की ओर से रात्रि 9 बजे से तकरीर व मजलिस के उपरान्त लगभग 11 बजे रात्रि दहकते हुए अंगारों पर नंगे पैर चल कर अज़ादार मातम करेंगे। इमामबाड़ा नवाब बेगम ऐतिहासिक बड़ा घर से अंधेरा कर मोमबत्ती की रौशनी व लोबान की धूनी के बीच ताबूत इमाम ज़ैनुल आबेदीन अलैहिस्सलाम व एक दर्जन अलम मुबारक की ज़ियारत कराई जाएगी। आयोजन के बाद तहफ्फुज़े अज़ा सोसायटी की ओर क़ुरआन अंदाज़ी के ज़रिए जिन लोगों का नाम पर्ची में निकलेगा उन्हें इरान व इराक़ में रौज़ा ए मुक़द्दसा की ज़ियारत को भेजा जाएगा।

# दारागंज में मंदिर में तोड़फोड़,मटकों को तोड़ा,रस्सी खोलकर फेंकी, लोगों में आक्रोश

**प्रयागराज।** दारागंज स्थित शिवाला मंदिर में अज्ञात बदमाशों ने तोड़फोड़ की। उन्होंने परिसर स्थित पीपल के पेड़ में कर्मकांड के लिए लटकाए गए मटके तोड़ डाले और रस्सियां काट डाली। मंदिर में इन दिनों सात परिवार कर्म कांड कर रहे थे। मृत्यु के पश्चात जल दिए जाने की विधि चल रही थी। रात में शरारती तत्वों ने जल के सभी मटकों को तोड़ दिया। कर्म कांड पीपल के पुराने पेड़ के नीचे होता है। शराबी युवकों ने रस्सी काट दी और सामान फेंक दिया।
मंदिर के पुजारी व अन्य लोगों ने सुबह देखा तो आक्रोश फैल गया। मामले की सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई। पुजारी समेत अन्य लोगों ने वहीं के रहने वाले मल्लाह युवकों पर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मंदिर के बाहर चबूतरे पर युवकों की टोली शराब, गांजा पीती है। मंदिर की छवि को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जो परिवार कर्म कांड के लिए आए थे उनमें भी गुस्सा है। दारागंज पुलिस का कहना है कि जिन युवकों पर शक जताया गया है उन्हें तलाश किया जा रहा है। मामले में राजू महापात्रा, चंदन महापात्र समेत समस्त पंडा समाज ने पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।दारागंज इंस्पेक्टर का कहना है कि तहरीर पर कार्रवाई की जा रही है। एक दो नाविक और उनके साथ रहने वालों पर शक जताया गया है। कहा गया है कि वही रात में मंदिर परिसर के पास सो जाते हैं। सभी को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

## न्यूज डायरी

# गायब ट्रांसफार्मर को लगवाने के लिए जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत

**कोरांव(प्रयागराज)।** शिकायतकर्ता कौशलेश तिवारी के मुताबिक ग्रामीण उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए तरांव गांव में गल्लां मंडी के निकट अनमोल अस्पताल के पास सौभाग्य योजना के तहत विद्युतीकरण हुआ था।
पोल गाड़े गए केबिल बिछाई गई25केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया विभाग के लोग यह कह कर खोल ले गए कि यहाँ 63 केवीए का परिवर्तक लगाया जाना प्रस्तावित है। कई साल बीत जाने पर भी नहीं लग सका ट्रांसफार्मर कई बार सम्पूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई।विभाग को लिखित और मौखिक रूप से लगातार अवगत कराया जा रहा है।स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी कहा जा रहा है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है लोग विद्युत आपूर्ति के लिए बांस बल्ली पर आश्रित है
समाजसेवी अरुण कुमार मिश्र,अधिवक्ता सुनील कुमार पांडेय,योगेश तिवारी, प्रमोद कुमार तिवारी,शिवलाल विश्वकर्मा, गौरीशंकर विश्वकर्मा, जीवनलाल विश्वकर्मा, ओम विश्वकर्मा, विद्याकान्त प्रजापति,सहित तमाम ग्रामीणों ने सरकार और उच्चाधिकारियों का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।

# स्ट्रीट लाइट खराब, रात में हादसे की आशंका

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** लेड़ियारी बाजार में लगी स्ट्रीट लाइटें वर्षो से खराब है । कई बार इसकी सूचना एनएच के कर्मचारियों और अधिकारियों को दी गई जा चुकी है । किंतु केवल आश्वासन ही मिल रहा है । आज तक किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया । जिससे पूरे बाजार मे अंधेरा छाया रहता है । कई बार सड़क पर बैठे बेसहारा गौवंश को न देख पाने के कारण छोटे - बड़े वाहनों के चपेट में आने से दुर्घटनाएं भी हो रही है । और लोग चुटहिल हो जाते है । जबकि शादी से लेकर आदि तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों के कारण आए दिन घटनाएं होती रहती हैं । वहीं लोगों का आवागमन अधिक रहता है । स्ट्रीट लाइटें न जलने से दुकान व्यापारियों ग्राम वासियों, यात्रियों क्षेत्र वासियों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है । लेड़ियारी बाजार सुनील कुमार कुशवाहा, विष्णु प्रताप सिंह, अरूण कुमार केशरी, संतोष कुमार केशरी, बबलू शुक्ला, संजय कुमार केशरी, सत्य प्रकाश मिश्रा, अनील केशरी आदि लोगों ने शीघ्र स्ट्रीट लाइट खराब सही करवाने की मांग की है ।

# बिजली गई तो मोबाइल नेटवर्क गायब, उपभोक्ता परेशान

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** इन दिनों बिजली की जबरदस्त समस्या बनी हुई है । वहीं बिजली के न रहने पर नेटवर्क भी चला जाता है । जिससे उपभोक्ता काफी परेशान दिख रहे हैं । जबकि सारा काम कम्प्यूटर से होने पर लोगों का कार्य बाधित हो रहा है । जिससे लोगों का समय से कार्य पूरा नहीं होने से आफिस से लेकर सहज सेवा केन्द्र तक चक्कर काटने के लिए लोगों को मजबूर होना पड़ रहा है ।बता दें कि इस यमुनापार लापर क्षेत्र में अधिकांश मजदूरी करने वाले मजदूर दूसरे जिले में काम करने के बाद घरों का खर्च चलाने के लिए बैंक से पैसा भेजा करते हैं । उस रूपये का घर के सदस्य दवा, घरेलू , बच्चों के लिए फीस कपड़ा आदि कार्यों में लगाते हैं । लेकिन नेटवर्किंग साइट्स न होने से दूरदराज के इलाकों से आती महिलाएं निराश होकर लौट जाती हैं । जिससे उनके सामने जटिल समस्या बनी हुई है ।लेड़ियारी बाजार में बीएसएनल, एयरटेल, ओडा आदि का टावर तो है । लेकिन बिजली चली जाने पर नेटवर्क भी चली जाती है ।
वहीं बीएसएनल का लगा टावर शो पीस साबित हो रहा है । दो कंपनियों का नेटवर्क काम करता है । वहीं तैनात कर्मचारी के द्वारा तेल बेच लेने से केवल बिजली का सहारे चल रहा है । बिजली नहीं होने से उपभोक्ताओं के सामने जटिल समस्या बनी हुई है ।

# धूप उमस गर्मी की ऐसी तपिश में लोग बेहाल

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** लगातार दो महीन से गर्मी का कहर चरम पर है । हवा की नमी गायब होने से सूरज के तेवर काफी तीखे हो गए हैं । रविवार को तपिश ज्यादा महसूस हुई । एक दिन पहले बादल घेराबंदी की संभावना जता रहा मौसम विभाग अब गर्मी का पूर्वानुमान जारी कर रहा है । ऐसे में इस पूरे सप्ताह लोगों को गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है । तापमान इस सप्ताह लगभग 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है । जिससे लोग काफी गर्मी और उमस के चलते राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।
हालांकि सुबह बादलों की घेराबंदी से लोगों को लगा कि पूरे दिन राहत रहेगी । पर उम्मीद आठ बजते ही खत्म हो गई । धूप व उमस भरी गर्मी अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिया। भीषण उमस भरी और गर्मी से परेशान राहगीरों को दिक्कत उठानी पड़ रही है ।

# जुआ खेलते हुए चार गिरफ्तार, फड़ से 2080 रुपए बरामद कब्जे से 104 अदद ताश के पत्ते मिले

**नैनी(प्रयागराज)।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेन्द्र पांडे के निर्देश के क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त करछना संजय कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र महेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस टीम द्वारा 27 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर ग्राम मवैया थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेलते हुए 04 अभियुक्त.सुनील पुत्र स्व. दशरथ निषाद, सुनील निषाद पुत्र स्व. नन्दलाल निषाद, दुर्गेश निषाद पुत्र स्व. राजदेव निषाद, रंजीत निषाद पुत्र स्व. दशरथ निषाद समस्त निवासीगण ग्राम मवैया थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया । कब्जे से 104 अदद ताश के पत्ते, मालफड के 1620/- रूपये नकद तथा जामातलाशी से 460/- रूपये नकद बरामद किये गये । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 149/24 धारा 13 सार्वजनिक जुआं अधि0 पंजीकृत किया गया।

# घर पर लगे नोटिस देख भड़के भाजपा विधायक

» बुलडोजर समेत सबको नहर में घुसेड़ देंगे, अफसर को दी चेतावनी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी के कानपुर जिले में मौजूद एक बस्ती में एक हफ्ते के अंदर झोपड़ी और मकान को खाली कराने के नोटिस लगे तो हड़कंप मच गया। बात जब भाजपा विधायक तक पहुंची तो वह भी मौके पर पहुंच गए। नोटिस देखकर भाजपा विधायक भड़क गए और संबंधित अफसर को फोन मिला दिया। विधायक ने फोन पर ही अफसर को लताड़ लगानी शुरू कर दी। विधायक ने चेतावनी देते हुए कहा, कि अगर इस बस्ती पर किसी ने नजर उठाई तो बुलडोजर समेत सबको नहर में घुसेड़ देंगे। विधायक ने अफसर को सारी नोटिस को फड़वाने के लिए भी कहा। विधायक का वीडियो अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। मामला गोविंदनगर की विवेकानंद नगर बस्ती का है। यहां पांच सौ ज्यादा परिवारों को एक हफ्ते में झोपड़ी, मकान खाली करने का मकानों पर सिंचाई विभाग की ओर से नोटिस चस्पा किया गया है। इसकी सूचना मिलने पर भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी लोगों से मिलने पहुंच गए। घरों पर लगे नोटिस और बुलडोजर खड़ा देखकर भाजपा विधायक का पारा चढ़ गया।

विधायक ने तुरंत सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता मनोज सिंह को फोन मिलाया। फोन पर विधायक ने साफ शब्दों में कहा कि किसी को भी बेघर नहीं किया जाए। अगर ऐसा हुआ तो तुमको बुलडोजर समेत नहर में घुसेड़ देंगे। विधायक ने आगे कहा, यहां तुमने पूरी बस्ती में नोटिस लगाए हैं।

# मन की बात राष्ट्रीय चेतना व जनजागरण का सशक्त माध्यमः मुख्यमंत्री योगी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों से मन की बात की। पीएम ने रविवार को अनेक मुद्दों पर अपनी राय रखी। मुख्यमंत्री ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखकर मन की बात की तारीफ की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात में उनके उद्बोधन को प्रेरणादायी बताया।

सीएम योगी ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम को भी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम के जज्बे का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के साथ जुड़े हर घर तिरंगा अभियान को लेकर देशवासियों के अपार उत्साह की भी चर्चा की। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश समेत समूचे देशवासियों से इस जनआह्वान से जुड़ने की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम राष्ट्रीय चेतना और जन-जागरण का एक अद्वितीय एवं सशक्त माध्यम है। यह न केवल देशवासियों के साथ सार्थक संवाद स्थापित करता है, बल्कि हम सभी में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। सीएम ने लिखा कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी द्वारा उठाए गए विषय आज जन-आंदोलन का रूप लेकर समूचे भारत को नई-नई दिशाएं प्रदान कर रहे हैं। स्वच्छ भारत अभियान, वोकल फॉर लोकल, हर घर तिरंगा और एक पेड़ माँ के नाम जैसे अनेक अभियान इसके सशक्त प्रमाण हैं। आज उन्होंने कार्यक्रम में बढ़ते भारत और यहां विरासतों के संरक्षण की दिशा में हो रहे कार्यों पर प्रमुख रूप से चर्चा की है। इस विषय पर प्रेरणादायी उद्बोधन के लिए सीएम ने प्रधानमंत्री के प्रति हार्दिक आभार जताया।

**असंख्य युवाओं के लिए प्रेरणा है मनु भाकर की जीतः सीएम**

पेरिस ओलंपिक-2024 में मनु भाकर ने भारत को पहला पदक दिलाया। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा 221.7 स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। इस जीत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि पेरिस ओलंपिक-2024 में आयोजित 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर मां भारती को गौरवभूषित करने वाली प्रख्यात निशानेबाज मनु भाकर जी को हार्दिक बधाई!

*उनकी यह जीत असंख्य युवाओं के लिए प्रेरणा है।*

*सीएम योगी ने दी स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं*

सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि विजय का यह क्रम अनवरत जारी रहे, स्वर्णिम भविष्य की अनंत शुभकामनाएं।

**जय हिंद!**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आज मन की बात कार्यक्रम में इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम और उनके जज्बे व प्रतिभा का गौरवपूर्ण उल्लेख किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि चार स्वर्ण और एक रजत पदक हासिल करते हुए ओवरऑल टैली में शीर्ष पांच में पहुंचकर समूचे विश्व में भारत का मान बढ़ाने वाली भारतीय टीम का हार्दिक अभिनंदन! इस उपलब्धि ने भारत की मेधा को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि टीम के सदस्य कनव तलवार ग्रेटर नोएडा, आदित्य वेंकट गणेश पुणे, सिद्धार्थ चोपरा पुणे, अर्जुन गुप्ता दिल्ली, रुशील माथुर मुंबई और आनंदो भादुरी गुवाहाटी के नेतृत्व में मिली यह ऐतिहासिक उपलब्धि असंख्य युवाओं के लिए अथाह प्रेरणा प्रदान करने वाली है। टीम का उत्साहवर्धन करने के लिए सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभार जताया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि की दिशा में स्वदेशी अभियान को नई ऊर्जा प्रदान करने वाली एक अभिनव पहल का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों से अपने पसंदीदा स्थानीय उत्पादों को #MyProductMyPride के साथ सोशल मीडिया पर साझा करने का आग्रह किया है।

**भारतीय टीम की उपलब्धि ने भारत की मेधा को वैश्विक मंच पर किया है प्रतिष्ठितः सीएम**

# होम-गार्ड मंत्री ने केशव का किया समर्थन

» बोले, बिना संगठन के सरकार नहीं है, यदि संगठन नहीं होगा तो सरकार नहीं बन सकती

लोकमित्र ब्यूरो



**उरई/जालौन।** होम गार्ड विभाग एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने डिप्टी सीएम केशव मौर्य का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि बिना संगठन के सरकार नहीं है, यदि संगठन नहीं होगा तो कोई भी सरकार नहीं बन सकता है, इसीलिए सरकार से बड़ा संगठन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य में कोई भी मतभेद नहीं है। सिर्फ व्यस्तता के कारण डिप्टी सीएम मंत्री मंडल की बैठक में शामिल नहीं हो पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संगठन धरातल पर काम करता है, तब विधायक और सांसद बनते हैं फिर सरकार बनती है। यह कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि अन्य दलों की अपेक्षा भारतीय जनता पार्टी एक बड़ा संगठन है। अन्य पार्टियों में संगठन कम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ज्यादा है। यहां बैठकर चलती रहती है, हम लोग लोकसभा के चुनाव के बाद में समीक्षा कर रहे हैं।

उप चुनाव की हम लोग तैयारी कर रहे हैं, आगे आने वाले 2027 चुनाव की हम लोग तैयारी कर रहे हैं। हमारे यहां निरंतर हमारे लोगों की बैठकर होती रहती है, न मिलने जुलने से यह कभी अर्थ नहीं लगना चाहिए कि कोई मतभेद है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बैठक मंत्रियों की बुलाई थी, उस समय दोनों डिप्टी सीएम के कार्यक्रम दिल्ली में लगे हुए थे। उस बैठक में न आने का यह मतलब नहीं है, वह बैठक में नहीं आ रहे है। कार्यक्रम पहले से तय था, प्रदेश कार्य समिति की बैठक हुई। उसके पहले से ही कार्यक्रम डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने लिया हुआ था। इसका मतलब यह नहीं कि सीएम डिप्टी सीएम में मतभेद है। उन्होंने कहा कि हमारे सहयोगी ने मिलकर लोग चुनाव लड़े हैं, तो मिलना जुलना रहता है। इसमें कोई नई बात नहीं है, पहले भी मिले हैं आगे भी मिलते रहेंगे। इसका अर्थ यह नहीं बड़ा मतभेद या मनभेद चल रहा है।

# अवधेश प्रसाद यूपी के बाहर भी करेंगे दौरे

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी का पीडीए के श्डीश् की मजबूती पर फोकस है। दलितों पर पार्टी मेहरबान क्योंकि सपा की चाहत दलित यों ही समाजवादी पार्टी पर मेहरबान रहें। इसके लिए फैजाबाद यानि अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद का चेहरा आगे किया जाएगा। प्रदेश में जगह-जगह उनकी बैठकें होंगी।उत्तर प्रदेश के बाहर भी अवधेश प्रसाद को भेजा जाएगा। अक्तूबर में होने वाले विधानसभा उपचुनावों और 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 22 फीसदी दलित वोटरों पर पार्टी की नजर है। यूपी मेंसपा ने सबसे ज्यादा 37 लोकसभा सीटें जीती हैं और इस बढ़त को विधानसभा चुनाव में भी बनाए रखने की रणनीति के साथ पार्टी आगे बढ़ रही है। अखिलेश यादव राजनीतिक रूप से अहम फैसले इस तरह से ले रहे हैं ताकि वोट बैंक में वृद्धि हो सके। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिए अपने चाचा व पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव के नाम पर विचार न करना रणनीति का हिस्सा है।लोकसभा चुनाव में सपा को 33.59 प्रतिशत मत मिले थे। इस मत प्रतिशत को बढ़ाने के लिए उनकी नजर दलित मतदाताओं पर है। प्रदेश में मुस्लिम और यादव मतदाता उसके साथ मजबूती से खड़े हैं। लोकसभा चुनाव में कुर्मी समेत अन्य पिछड़ी जातियों के अलावा दलितों के भी एक हिस्से का उसे साथ मिला।

# नेता प्रतिपक्ष होंगे माता प्रसाद पांडेय

» विधानसभा में सरकार से करेंगे सवाल-जवाब

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में नए नेता प्रतिपक्ष के नाम पर मुहर लग गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने नए नेता प्रतिपक्ष के लिए सपा विधायक माता प्रसाद पांडेय के नाम का ऐलान किया है। माता प्रसाद पांडेय अब विधानसभा में सरकार से सवाल-जवाब करेंगे। इसके अलावा तीन और विधायकों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। अखिलेश यादव ने अमरोहा से विधायक महबूब अली को अधिष्ठाता मंडल, हसनपुर से विधायक कमाल अख्तर को मुख्य सचेतक और प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक राकेश कुमार उर्फ डॉक्टर आरके वर्मा को उप सचेतक बनाया है।

बतादें कि अभी विधानसभा नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सपा प्रमुख अखिलेश यादव संभाल रहे थे, लेकिन कन्नौज लोकसभा सीट से सांसद चुने जाने के बाद अखिलेश ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद ये पद खाली हो गया था। 29 जुलाई से विधानसभ में मानसून सत्र भी शुरू हो रहा है ऐसे में नेता प्रतिपक्ष को लेकर चर्चा शुरू गई थी। नेता प्रतिपक्ष के नाम के ऐलान को लेकर अखिलेश यादव ने रविवार को सपा विधानमंडल दल की एक बैठक बुलाई थी। इस बैठक में इंद्रजीत सरोज व राम अचल राजभर, सरोज, शिवपाल यादव जैसे नेताओं का नाम भी नेता प्रतिपक्ष के लिए रखा गया था, लेकिन इस रेस में माता प्रसाद पांडेय ने बाजी मार ली।

**कौन हैं नए नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय**

नए नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय सिद्धार्थनगर जिले के इटवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। माता प्रसाद का जन्म 31 दिसंबर 1942 में हुआ था। माता प्रसाद यूपी विधानसभा में पहले दो बार अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

# एग्रो ई-कामर्स पोर्टल व ऐप का लोकार्पण

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** कृषि जगत की सभी समस्याओं के समाधान के लिए समेकित सोच पर आधारित देश के पहले एग्रो ई-कामर्स पोर्टल एवं एप 'एग्रोडायल का रविवार को इंदिरा नगर स्थित एक होटल में लोकार्पण किया गया। संस्थापक संतोष कुमार खरे ने कहा कि इस एप के माध्यम से किसान अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल करके कई सुविधाएं हासिल कर सकेगा।

उन्होंने कहा कि देश का किसान और कृषि जगत आज तक अनेकों समस्याओं से जूझ रहा है, जबकि इस क्षेत्र में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आईटी क्षेत्र में हो रही लगातार प्रगति ने भी अब कृषि जगत की समस्याओं के निदान में अपनी भूमिका निभानी शुरू कर दी है। 'एग्रोडायल पहला एग्रो ई-कामर्स पोर्टल है, जिससे किसानों को उनके मोबाइल फोन से ही कृषि, उद्यान, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, मधुमख्खी पालन, एग्रोफॉरेस्ट्री, नर्सरी उत्पादन, जैविक कृषि, कृषि यंत्रीकरण, वर्टिकल फार्मिंग, मल्टीलेयर फार्मिंग, जीरो बज़ट नेचुरल फार्मिंग, हाइड्रोपोनिक्स, एक्वाकल्चर, बैंकिंग, बीमा, प्राथमिक प्रसंस्करण, यातायात, भण्डारण, विपणन, निर्यात, षिक्षा, वैकल्पिक चिकित्सा, मनोरंजन, सूचना, रोजगार व कस्टम हायरिंग सुविधाएं हासिल कर सकता है।

# सभी जिलों में न्याय समिति बनाएगी कांग्रेस : अजय

» शहरों में रखी जाएगी न्याय पेटिका

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि पार्टी ने न्याय दिलाने का एक कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। शहरों में महत्वपूर्ण स्थानों पर न्याय पेटिका रखी जाएगी, जिसमें लोग अपनी समस्याएं लिखकर डाल सकेंगे। समस्याओं के निस्तारण के लिए पार्टी एक न्याय समिति का गठन करेगी।

वह रविवार को प्रदेश मुख्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सोशल आउटरीच कांग्रेस की ओर से यह पहल की गई है। न्याय समिति में सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पत्रकारों तथा समाजसेवियों को शामिल किया जाएगा। समिति में कांग्रेस के जिला व शहर अध्यक्ष विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। 'कांग्रेस दिलाएगी न्याय कार्यक्रम में सबसे पहले उन जिलों को शामिल किया गया है, जहां कांग्रेस के प्रत्याशी सांसद चुने गए हैं। इसके अलावा तीन अन्य जिलों वाराणसी, गोरखपुर व लखनऊ को भी इसमें जोड़ा गया है।

उन्होंने कहा कि यदि किसी समस्या का जिले स्तर पर न्याय समिति के द्वारा निस्तारण नहीं हो पा रहा है तो प्रांतीय न्याय समिति उसका निस्तारण कराएगी। इस समिति में कांग्रेस के सांसद, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी तथा वरिष्ठ अधिवक्ता होंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सेवादल जिलेवार प्रशिक्षण की एक श्रृंखला शुरू करने जा रहा है।

यह प्रशिक्षण तीन दिवसीय होगा और जिले व शहर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इसमें प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण की शुरुआत गाजियाबाद से हो रही है जो छह अगस्त से आठ अगस्त तक चलेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में कल दो होटलों (बनारस कोठी एवं रीवर पैलेस) को ध्वस्त कर दिया गया। जिस जगह ये होटल तोड़े गए हैं, उसी जगह पर भाजपा नेताओं के 25 होटल हैं जिन्हें छोड़ दिया गया है।

उन्होंने होटल मालिक के भाई के बेटे को अपने सिर से मारने वाले एडीएम को तत्काल निलंबित करने की मांग की।

## बाढ़ पीड़ितों को मदद के लिए 40 जिलों को 120 करोड़

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने प्रदेश के 40 जिलों को बाढ़ पीड़ितों को मदद करने के लिए 120 करोड़ रुपये दिए गए हैं। विशेष सचिव राजस्व राम केवल ने इस संबंध में संबंधित जिलों को पैसे भेजते हुए निर्देश भेज दिए हैं। राजस्व विभाग ने लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बाराबंकी, सीतापुर, गोंडा, बहराइच, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, बरेली, आजमगढ़, हरदोई, अयोध्या, बदायूं, फर्रुखाबाद, बस्ती, देवरिया, उन्नाव, महराजगंज, बिजनौर, गाजीपुर, मऊ, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, संतकबीरनगर, पीलीभीत, सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, हमीरपुर, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलंदशहर, मुरादाबाद, वाराणसी, लखनऊ और कासगंज को यह धनराशि दी गई है। इस पैसे से बाढ़ प्रभावित होने वाले व्यक्तियों व परिवारों को राहत सहायता, कृषि निवेश अनुदान व अन्य राहत कार्यों के लिए राज्य आपदा मोदक निधि से यह धनराशि दी गई है।

# विधानसभा सत्र में भाजपा की अंदुरूनी लड़ाई कहीं हावी न हो जाए

» सरकार जनहित के मुद्दों पर चर्चा करे तो बेहतर होगा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने तंज करते हुए कहा है कि सोमवार से शुरू हो रहे विधानसभा के संक्षिप्त सत्र में भाजपा में जारी घमासान व इनकी अंदुरूनी लड़ाई कहीं हावी न हो जाए। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखते हुए कहा है कि सोमवार से यूपी विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हो रहा है। राज्य सरकार इसमें अनुपूरक बजट भी पेश करेगी। हालांकि यह सत्र संक्षिप्त ही होगा, इसलिए जन व प्रदेशहित में कामों का निर्वहन सदन में हो तो बेहतर होगा।

उन्होंने कहा कि यूपी में बाढ़ की तबाही से प्रभावित लाखों परिवारों को सरकारी मदद की तत्काल जरूरत है। इनके प्रति सरकार का उदासीन रवैया चिंतनीय है। अतिक्रमण के नाम पर लोगों को उजाड़ने के बजाय सरकार गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई व बिगड़ी कानून-व्यवस्था से त्रस्त लोगों के जीवन सुधार पर ध्यान देने की जरूरत है।

# मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में 2019 में शुरू किया गया था बाघ मित्र कार्यक्रम

» आठ वर्ष में पीलीभीत में तीन गुना बढ़े टाइगर

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 112वें एपिसोड में पीलीभीत के बाघ मित्र कार्यक्रम की चर्चा और तारीफ की। सोमवार को विश्व बाघ दिवस है। पीलीभीत में पहले आए दिन मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाएं होती थीं। इस पर काफी हद तक अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 2019 में पीलीभीत में बाघ मित्र कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। वहीं पिछले वर्ष अक्तूबर 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीलीभीत में ही बाघ मित्र ऐप का शुभारंभ किया।

वर्तमान में पीलीभीत में 120 से अधिक बाघ मित्र बनाए जा चुके हैं। इनमें चार महिलाओं समेत कई युवा, बुजुर्ग भी शामिल हैं। जो व्हाट्स ग्रुप पर बाघ या अन्य जानवरों की जानकारी उपलब्ध कराते हैं। इस पर तत्काल वन विभाग की टीम मुस्तैद होकर बाघ की लोकेशन लेते हुए आमजन की सुरक्षा में जुट जाती है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि पहले पीलीभीत में आए दिन मानव वन्यजीव संघर्ष की अप्रिय घटनाएं होती थीं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 2019 में पीलीभीत में बाघ मित्र कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था। इसका उद्देश्य ऐसी अप्रिय घटनाओं पर अंकुश लगाना था। यह कार्यक्रम काफी प्रभावी रहा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की स्थापना 2014 में की गई थी। उस समय यहां 24 टाइगर थे। प्रदेश सरकार के निर्देश पर टाइगर के संरक्षण व संवर्धन पर कार्यक्रम शुरू किए गए। दुनिया भर में जितने भी बाघ हैं।

# अखिलेश ने पिछड़ों-दलितों को दिया धोखाः केशव प्रसाद



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव द्वारा अपने किसी दलित नेता को नेता प्रतिपक्ष न बनाए जाने पर रविवार को कड़ा विरोध किया है। केशव प्रसाद ने सोशल मीडिया एक्स पर सपा के ब्राह्मण चेहरे माता प्रसाद पाण्डेय को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर बधाई तो दी है लेकिन दलितों को धोखा देने का आरोप लगाया है।

केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा है कि यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने पर माता प्रसाद पांडेय को बधाई है। उम्मीद है रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। परंतु सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पिछड़ों-दलितों को धोखा दिया है। सपा के पीडीए का मतलब बहुत बड़ा धोखा है। भाजपा 2027 में 2017 की विजय दोहराएगी।

# 72 करोड़ से अधिक बीसी सखियों ने कमा कर पेश की मिसाल

» अब तक बीसी सखियों ने 27 हजार करोड़ की धनराशि का किया ट्रांसजेक्शन

» 10 करोड़ से अधिक ट्रांसजेक्शन कर ग्राम समाज की रीढ़ बनकर उभरीं बीसी सखियां

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार की बीसी सखी (बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट) योजना न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि वह देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान भी दे रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना काल के दौरान मई 2020 में बीसी सखी योजना की घोषणा कर महिलाओं को रोजगार देने और आत्मनिर्भर बनाने की बड़ी पहल की थी। सीएम योगी की दूरदर्शी पहल का असर भी दिखायी दे रहा है। योजना से जुड़ी महिलाएं खुद को आत्मनिर्भर करने के साथ ग्राम समाज की रीढ़ बनकर उभरी हैं। दरअसल, योजना के बाद से ग्रामीणों को अपना पैसे जमा और निकालने के लिए बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। इतना ही नहीं, अब उन्हें लोन के लिए भटकना भी नहीं पड़ता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा योजना का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं को देने एवं हर गांव में बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के लिए वन जीपी-वन बीसी का लक्ष्य रखा गया है। इसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिए गांव-गांव में अभियान चलाया जा रहा है। सीएम योगी के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता के तहत एक ग्राम पंचायत एक बीसी कार्यक्रम के तहत अब तक 37 हजार से अधिक बीसी सखी द्वारा लगभग 27 हजार करोड़ की धनराशि का ट्रांजेक्शन किया गया है। इसके जरिये बीसी सखियों ने अब तक 72.31 करोड़ की धनराशि कमीशन के रूप में अर्जित की है। अब तक बीसी सखियों द्वारा 10.58 करोड़ बार बैंकिंग ट्रांसजेक्शन किया गया है। वर्तमान में सीएम योगी की बीसी सखी योजना से ग्रामीण क्षेत्र की हर महिला जुड़ना चाहती है। इसका अंदाजा हम इससे लगा सकते हैं कि प्रदेश की 57,695 ग्राम पंचायतों में बीसी सखी के लिए सात राउंड में 7,71,967 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। वहीं बीसी सखी के प्री-सलेक्टेड स्टैंडबाई अभ्यर्थियों की संख्या 2,91,146 है। योजना के तहत 51 हजार बीसी सखी को प्रशिक्षित करने के साथ आईआईबीएफ द्वारा सर्टिफाइड किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आयुर्वेद नर्सेज संघ की अध्यक्ष बनीं देवमती

**लखनऊ।** राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी नर्सेज संघ उप्र का प्रांतीय अधिवेशन एवं चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. माखनलाल ने बताया कि टूड़ियागंज आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में हुए चुनाव में देवीमती उर्फ दिव्या अध्यक्ष और ऊषा सिंह महासचिव चुनी गईं। प्रदेश भर से आई नर्सों ने वोटिंग की। वहीं उपाध्यक्ष प्रेमसुता, संयुक्त सचिव रीता कनौजिया, कोषाध्यक्ष अनीता शुक्ला बनीं। चुनाव की संयोजक माधुरी गुप्ता और मीरा यादव रहीं। उप्र. राजकीय नर्सेज संघ के महासचिव अशोक कुमार ने सभी विजयी नर्सों को बधाई दी।

### मॉडल हाउस में लगी भीषण आग

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में थाना अमीनाबाद के अंतर्गत मॉडल हाउस में भानुमति चौराहे के पास चार मंजिला इमारत में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई मौके पर दमकल कि चार गाड़ी और स्थानीय पुलिस ने पहुंचकर राहत बचाव का काम शुरू किया एक दर्जन से अधिक दमकल कर्मियों ने कड़े संघर्ष के बाद आग पर काबू पाया मौके पर चार मंजिलाई इमारत में ठहरे चार युवाओं को सकुशल बाहर निकाला गया। दमकल की टीम पूरे इमारत का लगातार निरीक्षण करके पर लगने के कारण तलाशने में जुटी है।

### कैलोरी ब्रेड की लैब मैनेजर की एक्सीडेंट में मौत



**लखनऊ।** लखनऊ के शहीद पथ पर कैलोरी ब्रैड की लैब मैनेजर की सड़क हादसे में मौत हो गई। वो घर से ऑफिस जा रही थी। अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दिया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस सीसीटीवी से टक्कर मारने वाली गाड़ी की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक वरदान खंड गोमती नगर विस्तार की रहने वाली नीतू सिंह (34) पत्नी अमित सिंह कैलोरी ब्रेड कंपनी में लैब मैनेजर के पद पर तैनात थी। शुक्रवार सुबह अपनी स्कूटी से ऑफिस जा रही थी। तभी वृंदावन अंडरपास के पास 9:15 बजे तेज रफ्तार गाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी लेकर गिर गई। नीतू के गंभीर चोटें आई। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन फानन में उन्हें ट्रामा- 2 में भर्ती कराया। इलाज के दौरान शनिवार-रविवार की बीच रात 3:30 बजे उनकी मौत हो गई। पति अमित सिंह प्राइवेट जॉब करते हैं 5 साल की इशानवी नाम की छोटी बच्ची है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पति अमित रोते हुए बताया कि 19 जुलाई को बेटी का जन्मदिन काफी धूमधाम से मनाया था। कुछ दिन बाद ही सारी खुशियां छीन जाएगी इसका अंदाजा नहीं था।

### पंतग के मांझे से युवक की गर्दन कटी



**लखनऊ।** लखनऊ के हजरतगंज इलाके में स्कूटी से सामान ले जा रहे युवक की पतंग के मांझे से गर्दन कट गई। घटना विधानसभा के पास की है। मौके पर मौजूद हजरतगंज इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने सिविल अस्पताल इलाज के लिए भिजवाया है। जानकारी के मुताबिक हुसैनगंज की तरफ से युवक एक्टिवा स्कूटी से हजरतगंज की तरफ जा रहा था। तभी पतंग का मांझा नीचे आकर गिरा। जो सीधे उसके गले में लग गया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत रुमाल लगाकर उसका ब्लड रोका। इसके बाद ई रिक्शा से उसको सिविल अस्पताल इलाज के लिए भिजवाया। अस्पताल में युवक का इलाज जारी है।

### रविवार सुबह अंगदान के लिए वॉकथॉन



**लखनऊ।** रविवार सुबह लखनऊ के 1090 चौराहे पर हुई अंगदान के लिए जागरूकता अभियान के तहत वॉकथॉन का आयोजन किया गया। रविवार सुबह लखनऊ में अंगदान के लिए जागरूकता अभियान के तहत वॉकथॉन का आयोजन किया गया। स्त्रक्लद्ध द्वारा आयोजित इस वॉकथॉन की शुरुआत 1090 चौराहे से हुई। फिर समता मूलक चौक होकर वापस 1090 चौराहे पर ही यह समाप्त हो गई। इस दौरान वॉकथॉन में शामिल होने चिकित्सा स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा भी पहुंचे। स्त्रक्लद्ध के निदेशक प्रो.आरके धीमन, स्टेट ऑर्गन ट्रांसप्लांट के प्रमुख आर. हर्षवर्धन और डॉ. नारायण प्रसाद सहित कई सीनियर डॉक्टर मौजूद रहे। वॉकथॉन में बड़ी संख्या में डॉक्टर्स और मेडिकल स्टॉफ ने दौड़ लगाई। प्रो.आरके धीमन ने कहा कि ऑर्गन ट्रांसप्लांट से किसी बेहद जरूरतमंद मरीज को नया जीवन दिया जा सकता है। ये अनमोल तोहफा किसी को जीवन देने जैसा है। अब समय आ गया है कि लोग खुद से ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए आगे आएं। स्टेट ऑर्गन ट्रांसप्लांट के प्रमुख डॉ. आर हर्षवर्धन ने बताया कि उत्तर प्रदेश में हर साल रोड एक्सीडेंट में बड़ी तादाद में लोगों की मौत होती है। वहीं, समय से ऑर्गन ट्रांसप्लांट न होने के कारण भी जान गंवाने वालों की संख्या बेहद ज्यादा है।

# चला बुलडोजर, अपार्टमेंट सील

- लखनऊ में अवैध निर्माणों पर बड़ी कार्रवाई
- इन्दिरा नगर, बाजार खाला, चिनहट समेत अन्य स्थानों पर सात अवैध निर्माण सील किए गए

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान काकोरी, मोहान रोड पर अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त की। इसके साथ ही इन्दिरा नगर, बाजार खाला, चिनहट समेत अन्य स्थानों पर सात अवैध निर्माण सील किए गए। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि निजामुद्दीन व अन्य की ओर से काकोरी के इब्राहिमगंज में अवैध प्लाटिंग कराइ जा रही थी। मोहान रोड के किनारे पांच बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था।

इसी तरह गब्बर रईस, बाबू भाई व अन्य इब्राहिमगंज में लगभग छह बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग करा रहे थे। वहीं, मनीष यादव, अरविंद शर्मा व अन्य की ओर से काकोरी के मदारपुर में आठ बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इन सभी के खिलाफ विहित कोर्ट ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिए थे। इन आदेशों का शनिवार को पालन कराया गया।इसके अलावा अमर सिंह व अन्य काकोरी के घुरघुरी तालाब क्षेत्र में लगभग आठ बीघा भूमि पर अवैध रूप से कालोनी विकसित कर रहे थे। इस मामले में भी विहित कोर्ट के ध्वस्तीकरण करने के आदेश थे। पुलिस की मदद से इसे भी ध्वस्त् किया गया।

**इंदिरा नगर, चिनहट व गुड़म्बा में अवैध निर्माण सील:** प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी राजकुमार ने बताया कि सादिक खान व अन्य चिनहट की गुलजार कालोनी में 2600 वर्गफुट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर चार मंजिला अपार्टमेंट बनवा रहे थे। शहीद भगत सिंह वार्ड में मोहम्मद सैद खान, मोहम्मद वसीम व अन्य भूखंड पर चार मंजिला भवन का निर्माण करा रहे थे। यह निर्माण 2000 वर्गफुट पर हो रहा था। यहीं पर मोहम्मद सैफ व अन्य की ओर से 4000 वर्गफिट के भूखण्ड पर पांच मंजिला अपार्टमेंट का निर्माण करवाया जा रहा था। इन निर्माणों को सील कर दिया गया। इसके अलावा अमरजीत वर्मा व अन्य इंदिरा का इन्दिरा नगर के पानी गांव में 4500 वर्गफुट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण सील किया गया। फरीदी नगर में आशीष चौरसिया की ओर से 1200 वर्गफुट में दुकानों के निर्माण को सील कर दिया गया। साथ ही गुड़म्बा में संतोष कुमार और अन्य की ओर से 1200 वर्गफुट पर अवैध रूप से बनाए जा रहे भवन को सील किया गया। इनमें से किसी का मानचित्र स्वीकृत नहीं था।

#### बाजारखाला में अवैध बिल्डिंग सील

प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बाजारखाला के बुलाकी अड्डा के पास कार्रवाई की। यहां नीतू अग्रवाल व अन्य चन्दा मार्केट के पास 3000 वर्गफुट के भूखण्ड पर अवैध रूप से अपार्टमेंट का निर्माण करवा रहे थे। इसे सील करने के विहित कोर्ट ने आदेश दिए थे।

# रिश्वत लेने-देने वाले चकबंदी लेखपाल और कनिष्ठ सहायक पर दर्ज होगी एफआईआर

- सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था रिश्वत लेने-देने का वीडियो
- विभागीय और अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति की गयी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत रविवार को हमीरपुर में रिश्वत लेने व देने के मामले में चकबंदी लेखपाल और कनिष्ठ सहायक को निलंबित कर दिया गया। इसके साथ ही दोनों के खिलाफ विभागीय और अनुशासनिक कार्यवाही की संस्तुति की गयी है। इसके अलावा दोनों को बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी कार्यालय से संबद्ध करते हुए एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये गये हैं।

**सहायक चकबंदी अधिकारी की जांच में पाये गये दोषी:** चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि हमीरपुर में तैनात चकबंदी लेखपाल प्रखर चौधरी एवं कनिष्ठ सहायक प्रशांत पांडेय द्वारा रिश्वत लेने और देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। इसका संज्ञान लेते हुए मामले की जांच सहायक चकबंदी अधिकारी खालिद अंजुम से करायी गयी। उन्होंने प्रथम दृष्ट्या दोनों को दोषी पाया और अपनी रिपोर्ट बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी हमीरपुर को सौंपी। जिसके बाद बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने दोनों को निलंबित करते हुए विभागीय और अनुशासनिक कार्यवाही की संस्तुति की। साथ ही दोनों को बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी कार्यालय से संबद्ध कर दिया। चकबंदी अधिकारी विमल कुमार एवं जेके पुष्कर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। अपर चकबंदी आयुक्त अनुराग पटेल ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये गये हैं।

## एक्स-सर्विसमैन बैंक इम्प्लाइज ने कारगिल शाहिदों को दी श्रद्धाजंलि

**लखनऊ।** अखिल भारतीय एक्स-सर्विसमैन बैंक इम्प्लाइज फेडरेशन की लखनऊ जोन की वार्षिक गोष्ठी रविवार को वृंदावन सेक्टर-सी स्थित एक होटल में आयोजित हुई। इस मौके पर कारगिल युद्ध में देश के लिए बलिदान हुए सैनिकों को पहले श्रद्धांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखा गया।

गोष्ठी में बैंकिंग सेक्टर की समस्याओं और 12 वे द्विपक्षीय समझौते की नीतियों पर भी गहन चर्चा हुई। गोष्ठी में केरल के बैंक कर्मी संगठन द्वारा उनके वार्षिक अधिवेशन में पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को श्रद्धांजलि दिए जाने का पुरजोर विरोध किया गया। वहीं एआईबीईए और मुशर्रफ का पुतला फूंका गया। गोष्ठी को फेडरेशन के पदाधिकारी देवेन्द्र उमराव, सुधाकर शुक्ल, आदित्य ओझा, सुषेण चंद्र पांडे, मृत्युंजय भारती, योगेंद्र विश्वकर्मा ने संबोधित किया।

## एलयू: बीबीए, बीसीए, बीकॉम के लिए अभिलेख सत्यापन कल से

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया तेजी से की जा रही है। सोमवार से बीबीए, बीबीए टूरिज्म, बीसीए, डीफार्मा, एलएलबी इंटीग्रेटेड, बीकॉम, बीकॉम आनर्स, बीवोक रिनुएबल एनर्जी की मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन 30 और 31 जुलाई को होगा।

अभिलेख सत्यापन के लिए मेरिट सूची से जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है उन्हे प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर के साथ अपने मूल अभिलेखों, मूल प्रमाण पत्र, अंकपत्रों एवं चरित्र प्रमाण पत्र, टीसी और उसकी एक छायाप्रति साथ लाना होगा। बीबीए एवं बीबीए टूरिजम का अभिलेख सत्यापन 30 एवं 31 जुलाई को सुबह 10 बजे से इंस्टीट्यूट ऑफ मैनजमेंट साइंस, द्वितीय कैम्पस एलयू में होगा। बीसीए का अभिलेख सत्यापन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग द्वितीय कैम्पस, डीफार्मा का इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी द्वितीय कैम्पस, एलएलबी इंटीग्रेटेड फैकल्टी ऑफ लॉ, द्वितीय कैम्पस में 30 और 31 जुलाई को सुबह 10 बजे से होगी। वहीं बीकॉम और बीकॉम आनर्स के लिए अभिलेख सत्यापन एलयू मुख्य कैम्पस स्थित फैकल्टी ऑफ कामर्स एवं बीवोक रिनुएबल एनर्जी का अभिलेख सत्यापन फैकल्टी ऑफ साइंस मुख्य कैमपस में 30 और 31 जुलाई को सुबह 10 बजे होगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की हुई प्लेसमेंट ड्राइव से एमबीए के चार छात्रों का चयन जेनपैक्ट कम्पनी में हुआ। चयनित छात्रों में कोमल कुमार, विश्वराज सिंह, अर्पिता उपाध्याय और मोहम्मद उजैर बेग शामिल हैं। केन्द्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि छात्रों का चयन 2.5 लाख प्रति वर्ष पर हुआ है।

# आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने लगाई फांसी

- वसंत कुंज में मिले नए फ्लैट में लगाई फांसी

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बसंतकुंज इलाके में आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक काफी समय से काम को लेकर परेशान चल रहा था। अकबरनगर से शिफ्ट होने के बाद उसके पास कोई काम नहीं था। सिलाई का काम करने के लिए अकबरनगर आना पड़ता था।


कुछ दिन पहले अतिक्रमण हटाने वाला दस्ता उसकी सिलाई मशीन भी लेकर चला गया था। जानकारी के मुताबिक बसंतकुंज ठाकुरगंज का रहने वाला अजीज (24) पुत्र मोहम्मद रफीक सिलाई का काम करता था। अकबरनगर ध्वस्तीकरण के बाद बसंतकुंज में शिफ्ट किया गया था। शिफ्टिंग के बाद से ज्यादा काम नहीं बचा था। जिसके चलते काफी परेशान रहने लगा था। रविवार सुबह करीब 4 बजे घर की खिड़की से फंदा बनाकर लटक गया। घर के सामने रहने वाले रिश्तेदार ने घर की खिड़की से बॉडी लटकी देखी तो परिजनों को सूचना दी। इसके बाद दरवाजा तोड़कर उसे उतारा गया फिर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।मामा मोहम्मद फिरोज ने बताया अजीज सूटकेस के कवर सिलने का काम करता था। अकबरनगर के पास ही अपनी सिलाई मशीन लगाकर जीवनयापन कर रहा था। अकबरनगर में मकान गिराए जाने के बाद बसंतकुंज में शिफ्ट कर दिया गया। यहां से रोजाना 100 रुपए किराया देकर लगाकर अपनी दुकान पर जाता था। रोजाना काम न मिलने की वजह से आर्थिक तंगी से परेशान रहने लगा था। इस दौरान 19 जुलाई को नगर निगम उसकी मशीन और बाकी सामान भी उठा ले गया था। जिसकी वजह से कमाई एक दम बंद हो गई। अजीज की 2 साल पहले ही शादी हुई थी। एक अनाया नाम की 6 महीने की बच्ची है।

परिवार चलाने में मुश्किल हो रही थी। जिसके चलते उसने खुदकुशी कर ली। घर के सामने रहने वाला बुआ का लड़का सलमान सुबह 4 बजे पानी पीने उठा तो देखा कि अजीज खिड़की पर खड़ा है। उसके लगा किसी काम से खड़ा होगा फिर वो सो गया। इसके बाद 7.30 बजे जब उठा तब भी अजीज वहीं खड़ा दिखा। फिर उसने बाकी लोगों को सूचना दी तो दरवाजा तोड़कर अंदर गए तब फंदे से नीचे उतारा।

# नाना के घर आई नर्सिंग की छात्रा ने फांसी लगाई

- परीक्षा में नंबर कम आने से थी तनाव में

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** इंदिरानगर स्थित नाना के घर में नर्सिंग छात्रा ने फांसी लगा ली। वह अपने बाबा का इलाज कराने ननिहाल आई थी। परीक्षा में कम नंबर आने से वह परेशान चल रही थी। इंस्पेक्टर इन्दिरानगर सुनील कुमार तिवारी के मुताबिक शुरुआती जांच में परीक्षा में कम नंबर आने के कारण फांसी लगाने की बात सामने आ रही है। परिवार ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। प्रियांशी के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रयागराज के नैनी निवासी संजय पाठक के बेटी प्रियांशी पाठक (22) प्रयागराज से ही बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। एक सप्ताह पहले वह अपने बाबा का इलाज कराने इंदिरानगर के साईं सिटी में रह रहे नाना लल्लन दुबे के पास आई थी। दो दिन पहले प्रियांशी के बाबा इलाज कराकर वापस प्रयागराज लौट गए। प्रियांशी नाना के पास ही रुक गई। शुक्रवार देर रात प्रियांशी को कमरे मे पंखे के कुंडे से साड़ी के फंदे के सहारे लटका देख परिवार वालों की चीख निकल गई। आनन- फानन में उसे फंदे से उतारकर उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने प्रियांशी को मृत घोषित कर दिया।

# ब्राह्मण नेताओं का थाने पर हंगामा

- ऋतिक पांडेय के हत्यारों को सजा देने की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में ऋतिक पांडेय हत्याकांड को लेकर के बंथरा थाना परिसर का स्थानीय लोगों ने घेराव किया। सुबह साढ़े नौ बजे से ब्राह्मण संगठन के नेता और स्थानीय लोग थाने पर जमकर प्रदर्शन किया।। इनका कहना है कि ऋतिक पांडेय के हत्यारों को सजा दो, नहीं तो जनेऊ उतारकर गोमती नदी में कूद जाएंगे।

ब्राह्मण संगठन के लोगों को कई अधिकारी शांत कराने का प्रयास करते रहे, लेकिन वह किसी की सुनने के लिए तैयार नहीं थे। सभी पुलिस आयुक्त, कमिश्नर और जेसीपी को मौके पर बुलाए जाने की मांग पर अड़े रहे। इनकी मांग है कि जब तक दरोगा को बर्खास्त नहीं किया जाता, तब तक सभी यहीं डटे रहेंगे। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने खुद ज्ञापन लेने की बात कही, लेकिन बात नहीं बनी। आक्रोश बढ़ता देख एडीसीपी दक्षिणी शंशाक सिंह बंथरा थाना पहुंचे। यहां ज्ञापन लेकर जल्द कार्रवाई करने की बात कही।

इसके बाद भी लोग नहीं मानें। सभी आरोपियों के असलहों का लाइसेंस रद्द करने और मृतक के परिवार को सुरक्षा देने की मांग करते रहे। धरने पर बैठे लोगों को एसीपी द्वारा समझाया। लेकिन प्रदर्शनकारी दारोगा इब्ने हसन की बर्खास्तगी की मांग पर अड़े रहे।

अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी भी धरने पर पहुंचे थे। ब्राह्मण संगठन के नेता और स्थानीय लोग थाने पर सुबह साढ़े 9 बजे से जुटने लगे थे। दोपहर 1 बजे तक भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि पुलिस के कारण ही ऋतिक पांडेय की हत्या हुई है। अगर पुलिस एफआईआर दर्ज कर लेती और घायल को अस्पताल भेज देती तो ऋतिक पांडेय को बचाया जा सकता था। जब परिवार के लोग थाने पहुंचे तो उनके साथ अभद्रता की गई। वह दरोगा से गुहार लगाते रहे लेकिन दरोगा लूडो खेलता रहा।

धरने पर बैठे आशीष द्विवेदी कहते हैं कि मृतक के पिता को डर है कि आरोपी ठाकुर समाज से हैं। सभी की पुलिस और बड़े नेताओं के बीच अच्छी पकड़ है। अगर परिवार को सुरक्षा नहीं दी जाती तो कभी भी हमला हो सकता है। बंथरा थाना पहुंचे एडीसीपी दक्षिणी शंशाक सिंह को प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एडीसीपी को ज्ञापन सौंपा। दरोगा को जल्द बर्खास्त करने की मांग की। इस दौरान एडीसीपी दक्षिणी ने जांच के दो घंटे बाद दरोगा को हटाने का आश्वासन दिया। हालांकि थाने के बाहर डटे लोगों का कहना है कि जब तक कार्रवाई नहीं हो जाती हम सब यहीं बैठे रहेंगे।

# आज विधानमंडल सत्र के चलते गंज के पास यातायात डायवर्जन

**लखनऊ।** विधानमंडल का द्वितीय सत्र 29 जुलाई से शुरू होना प्रस्तावित है। इसके लिए 29 जुलाई से सत्र की समाप्ति तक हजरतगंज के आसपास बंदरियाबाग, राजभवन, विधान भवन, लोकभवन के आसपास का रास्ता बदला रहेगा। इस दौरान नौ रास्तों पर डायवर्जन लागू रहेगा। वाहन सवार वैकल्पिक रास्ते से आवागमन कर सकेंगे।

**इधर रोक रहेगी:** बंदरियाबाग चौराहे से वाहन राजभवन, डीएसओ चौराहा, हजरतगंज चौराहा, जीपीओ मोड़, विधानसभा नहीं जा सकेगे

**इधर से जाएं:** ये वाहन लालबत्ती चौराहा, कैंट या गोल्फ क्लब चौराहा, 1090 चौराहा होकर जा सकेगा

**इधर रोक रहेगी:** डीएसओ चौराहा से हजरतगंज, जीपीओ पार्क, विधानसभा मार्ग की ओर वाहन नही जा सकेगे

**इधर से जाएं:** ये वाहन पार्क रोड, मेफेयर तिराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा

**इधर रोक रहेगी:** रॉयल होटल चौराहे से विधानसभा के सामने से हजरतगंज चौराहा की ओर नहीं जा सकेगे

**इधर से जाएं:** यह यातायात कैसरबाग चौराहा, परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहा, चिरैयाझील, या बर्लिंग्टन चौराहा, सदर ओवरब्रिज, कैंट होकर जा सकेगा

**इधर रोक रहेगी:** संकल्प वाटिका पुल के नीचे से आने वाले वाहन सिकन्दरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधानसभा की ओर नही आ सकेगे

**इधर से जाएं:** ये वाहन बैकुंठ धाम, 1090 चौराहा, बंदरियाबाग चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कैंट होते जा सकेगा।

**इधर रोक रहेगी:** केकेसी तिराहे से चारबाग की तरफ से आने वाले बसें हुसैनगंज चौराहा, रॉयल होटल चौराहा, विधानसभा की ओर नही आ सकेगे

**इधर से जाएं:** ये बसें लोको चौराहा, कैंट या बर्लिग्टन चौराहा से कैसरबाग होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा

**इधर रोक रहेगी:** गोमतीनगर की तरफ से आने वाले बसें सिकन्दरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधानसभा की ओर नही जा सकेगे

**इधर से जाएं:** ये बसें बैकुंड धाम, संकल्प वाटिका ओवरब्रिज, चिरैयाझील तिराहा होकर कैसरबाग होते हुए जा सकेगे

**इधर रोक रहेगी:** सिकन्दरबाग चौराहे से हजरतगंज, विधानसभा की ओर वाहन हजरतगंज चौराहा की तरफ नही जा सकेगा

**इधर से जाएं:** ये वाहन सिकन्दरबाग चौराहे से बालू अड्डा, 1090 चौराहा या चिरैयाझील होकर जा सकेगा।

**इधर रोक रहेगी:** परिवर्तन चौक, हिन्दी संस्थान तिराहे से हजरतगंज चौराहा होकर विधानसभा की ओर वाहन नही जा सकेगा

**इधर से जाएं:** ये वाहन कैसरबाग चौराहा या चिरैयाझील तिराहा, संकल्प वाटिका या सिकंदरबाग चौराहा, 1090 चौराहा होते जा सकेगे

### बीबीएयू छात्रों की चाय के विवाद में पिटाई

**लखनऊ।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के पास दुकान पर चाय पीने के विवाद में तीन छात्रों पर कुछ युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस की गाड़ी आती देखकर आरोपित धमकी देकर भाग निकले। तहरीर पर आशियाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। झांसी निवासी राजेश कुमार भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहे हैं। शुक्रवार शाम वह साथी नाथू भारती, विवेक के साथ चाय पीने नजदीक की दुकान पर गए थे। यहां पास ही रहने वाले शाकिब, आकिब और उवैद से जबरदस्ती स्टूल छीनने लगे। विरोध पर आरोपित गालियां देकर धमकाने लगे। इस पर छात्र डर कर विश्वविद्यालय आ गए। एक घंटे बाद वह वापस चाय पीने दुकान पर गए थे तभी शाकिब, आकिब और उवैद साथियों के साथ आ धमके। राजेश के मुताबिक आरोपित पिस्टल और धारदार लिए थे। धारदार हथियार से हमला कर दिया।

# विवाहिता की मौत, प्रेमी पर हत्या का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल पक्ष का कहना है कि महिला की हत्या उसके प्रेमी ने की है, जबकि प्रेमी पक्ष सड़क पर हुई दुर्घटना का आरोप लगा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। राजधानी के बाजारखाला की मोतीझील कालोनी निवासी कमल कुमार ऐशबाग की एक आरा मशीन में मिस्त्री का काम करता है। पचीस वर्ष पूर्व उसका विवाह संजय नगर निवासी दीपमाला (43) के साथ हुआ था। जिससे उसके चार बेटे व एक बेटी है कमल कुमार ने बताया कि संजय नगर निवासी राज कुमार से कोरोनाकाल में दीपमाला की नजदीकियां बढ़ गयी थी मुझे जानकारी होने पर अक्सर दीपमाला झगड़ा करती रहती थी। इसी साल अक्टूबर महीने में दीपमाला झगड़ा कर सबसे छोटे बेटे बाला डेढ़ वर्ष को लेकर घर से चली गयी उसके मायके में पता किया तो वंहा भी नहीं मिली काफी ढूढ़ने पर पता चला वो राजकुमार के साथ बाजारखाला के गुलजार नगर में किराये पर कमरा लेकर रहने लगी थी जब मैं और मेरे बच्चें वहां खोजते उसे पंहुचे तो दोनों साथ मिले इस पर वंहा झगडे की स्थित हो गयी 112 नंबर डायल करने पर पहुंची पुलिस सभी को थाना बाजारखाला ले आयी मुझे और राजकुमार दोनों को रात भर थाने पर बैठाये रखा और दीपमाला को जाने दे दिया गया दूसरे दिन शाम को मुझे छोड़ दिया और राजकुमार को 151 में पाबंद कर जमानत दिया गया जिसके बाद दीपमाला और राजकुमार ने मिलकर मुझ पर पारिवारिक न्यायलय में वाद दाखिल कर दिया जहाँ काउंसलिंग के बाद दीपमाला फिर मेरे मोतीझील कालोनी वाले घर पर रहने लगी दोपहर 12 बजे घर से चली जाती थी और रात आठ बजे आती थी पूछने पर कहती थी आलमबाग में किसी के घर खाना बनाने का काम करने लगी हूँ। परिजनों के अनुसार शनिवार रात करीब 9 बजे दीपमाला की बहन वर्षा ने उसकी बेटी दिव्या के मोबाईल पर फोन कर जानकारी दी कि तुम्हारी माँ दीपमाला का एक्सीडेंट हो गया है वो बलरामपुर हॉस्पिटल में एडमिट है तुरंत हैदरगंज चौराहे आओ दिव्या ने बताया जब हम और हमारा भाई सौरभ वहां पहुंचे तो मेरी मौसी वर्षा नाना और मेरी माँ का प्रेमी राज कुमार मेरे डेढ़ साल के भाई बाला को मुझे देते हुए बताया तुम्हारी माँ दीपमाला बाईक से गिर गयी है उसे बलरामपुर अस्पताल में एडमिट किया था जहाँ उसकी मौत हो गयी है। सूचना पर हम लोग वहां पहुंचे। मृतका के पति कमल कुमार ने राजकुमार पर पत्नी दीपमाला की हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी प्रेमी को वजीरगंज कोतवाली ले आई। उससे पूछताछ की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### कूट रचित तरीके से कराया वैनामा, मामला दर्ज

**अलीगंज/एटा।** कूट रचित तरीके से मकान का बैनामा करा लेने को लेकर प्रार्थी द्वारा थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया गया है। सुधीर कुमार सिंह पुत्र महावीर सिंह निवासी नगला धाता थाना राजा का रामपुर जिला एटा हाल निवासी जीआईसी कालोनी थाना कोतवाली नगर ने थाने मे प्रार्थना पत्र देकर बताया कि विनय कुमार सिंह पुत्र महावीर सिंह निवासी माता काली देवी मन्दिर वाली गली शान्ति नगर थाना कोतवाली नगर, श्रीमती प्रवेश कुमारी पत्नी ललित कुमार निवासी नगला धाता थाना राजा का रामपुर द्वारा वादी के 1/6 हिस्से के मकान को कूट रचित दस्तावेज प्रयोग करके बैनामा करा लिया है।

### अज्ञात चोरों ने विद्यालय से चोरी किए सोलर पैनल

**अलीगंज/एटा।** थाना अलीगंज क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने विद्यालय भवन से सोलर पैनल चोरी कर ले गए जिसकी रिपोर्ट प्रधानाचार्य द्वारा थाना अलीगंज में दर्ज कराई गई है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बझेरा अलीगंज से शनिवार की रात्रि सोलर पैनल चोरी कर ले गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद शाहिद ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शनिवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने विद्यालय में घुसकर दूसरी मंजिल के गेट का ताला तोड़कर विद्यालय की छत पर स्थापित 11 सोलर पैनल चोरी कर ले गए। इससे पूर्व भी विद्यालय की छत से सोलर पैनल एवं अन्य सामान भी चोरी हो चुका है। थाना पुलिस द्वारा जांच करवाई की जा रही है

### चबूतरे को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे

**अलीगंज/एटा।** थाना अलीगंज कस्बे में चबूतरे की जगह को लेकर दो



पक्षों में जमकर विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ गया की लाठी डंडों से एक दूसरे को मरने लगे। दो पक्षों में हुए विवाद के बीच पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको प्राथमिक उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में भर्ती कराया गया। विवाद की वीडियो वायरल हो रही है थाना पुलिस द्वारा मेडिकल के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव अकबरपुर कोट में दो पक्षों में चबूतरे को लेकर जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक दूसरे लाठी डंडे लेकर आपस में भिड़ गए जिसमें रामौतार पुत्र मटरू, आदेश श्रीवास्तव पुत्र रामौतार, प्रदीप पुत्र जय बहादुर, रामसेवक पुत्र श्रीराम घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाद को शांत कराते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष के द्वारा कोई भी तहरीर नहीं दी गई है मेडिकल के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### गाली गलौज कर किया अभद्र व्यवहार

**अलीगंज/एटा।** शनिवार को दुकान बंद कर अपने घर के लिए जा रहे युवक के साथ गाली गलौज कर अभद्र व्यवहार करने को लेकर थाना अलीगंज में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया है। थाना अलीगंज के किला रोड मोहल्ला टपकान टोला निवासी सुनील कुमार पुत्र बनवारी लाल ने थाना अलीगंज में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरा भाई अखिलेश कुमार शनिवार को अपनी दुकान बंद कर रहा था तभी मेरे पड़ोसी संतोष कुमार पुत्र हेतराम, सूरज पुत्र संतोष और प्रियंका पत्नी संतोष, विजय पुत्र अनिल कुमार अपने हाथों में लाठी लेकर आए और अखिलेश को गंदी-गंदी गालियां देने लगे जब अखिलेश ने गाली देने से मना किया तो उसके साथ लाठी-डंडा से मारपीट करना शुरू कर दिया। झगड़ा होते देख मेरा लड़का केशव और अखिलेश की पत्नी रानी देवी ने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो उनके साथ भी मारपीट कर गाली गलौज करने लगे। शोर गुल सुनकर आस पड़ोस के लोग आ गए उन्होंने हमें बचाया। उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### महिला सीएचओ द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से मेरे ऊपर लगाऐ गऐ सभी आरोप अनर्गलः सीएमओ

**एटा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने अपने ऑफिस



में अपने विरूद्ध कमसान आरोग्य मंदिर पर तैनात एक महिला सीएचओ वरखा द्वारा स्वंय वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर लगाऐ गऐ गंभीर आरोपों के सन्दर्भ में कहा कि जो भी आरोप लगाऐ गऐ है वह सभी अनर्गल एवं मनगढंत है । फर्जी उपस्थिति दर्शाकर बिना कोई सरकारी कार्य किऐ सरकार के खजाने से वेतन आहरित नहीं किया जा सकता है ! सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने आगे बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा उक्त सीएचओ की सेवाऐं प्रथम द्रष्टया जांच में स्थिगित कर दी गई है तथा उनके ऊपर जो भी आरोप लगाऐ गऐ है, उनको द्रष्टिगत जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिह द्वारा उच्च स्तरीय अधिकारियों की एक जांच टीम बना दी गई है जिसमें जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाऐगी।

### नूरनगर में चला जीडीए का बुलडोजर

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन के नूरनगर में खसरा नंबर 225 पर




कराए जा रहे निर्माण को जीडीए ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। जोन एक की प्रवर्तन प्रभारी कनिका कौशिक ने बताया कि यहां बिना नक्शा पास कराए अवैध रूप से कॉलोनी बनाई जा रही थी। निर्माणाधीन अवैध कॉलोनी में चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा था, वहीं, पास में ही पिंटू द्वारा विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में निर्माणाधीन भवन, सड़क, बिजली के खंभे और हम-तुम रोड पर अमरीश कुमार द्वारा अवैध रूप से निर्मित तीन दुकानों को पूर्ण रूप से ध्वस्त करा दिया गया। इस दौरान जीडीए की टीम को काफी विरोध का सामना करना पड़ा। मौके पर प्रवर्तन दल और पुलिस बल ने मोर्चा संभाला और टकराव की स्थिति उत्पन्न होने के पहले ही डंडा फटकारकर उपद्रवियों को वहां से खदेड़ दिया गया।

### खाली भूखंडों और फ्लैटों की नीलामी कर जीडीए बढ़ाएगा अपनी आय

**गाजियाबाद।** जीडीए अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए प्राधिकरण क्षेत्र में रिक्त पड़ी संपत्तियों, भूखंडों को नीलाम करेगा। विभिन्न योजनाओं में कितनी संपत्तियां हैं, कितनी खाली हैं, किस प्रयोजन के लिए हैं, इसका डाटा तैयार करने का निर्देश संपत्ति विभाग के अधिकारियों को दिया गया है। वीसी अतुल वत्स ने बताया कि परिसंपत्तियों का ले आउट से मिलान कर सूची तैयार कराई जा रही है। ऐसी संपत्तियों को नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाएगा।

इसके अलावा प्राधिकरण क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं में नवसृजित किए जाने वाले भूखंडों के विकास कार्य में तेजी लाई जाएगी। राजनगर एक्सटेंशन के ग्राम नूरनगर में खसरा संख्या 96 व 97 में रिक्त अधिग्रहीत भूमि का जोन एक के सिविल अभियंत्रण एवं विद्युत खंड की टीम द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। जल्द ही भूखंडों का बाहरी विकास कार्य कराकर नीलामी के माध्यम से विक्रय कराया जाएगा।

# तेज आंधी बारिश से विद्युत व्यवस्था चरमराई, बाधित हुआ यातायात

» करीब 9 घंटे बाद विद्युत सप्लाई की गई सुचारू, लोगों ने ली राहत की सांस

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज क्षेत्र मे शनिवार की रात्रि आई तेज आंधी से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। कई जगहों पर बिजली के तार पर पेड़ की टहनी टूट कर गिर गये तो कई जगहों पर सड़क पर गिरे पेड़ के कारण जाम लग गया।

स्थानीय लोगों ने पेड़ों को काट छांटकर रास्ते से अलग किया तब जाकर यातायात व्यवस्था सुचारू की। वहीं विद्युत विभाग द्वारा करीब 9 घंटे बाद विद्युत व्यवस्था को बहाल किया गया तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। आंधी के साथ आई तेज बारिश ने भीषण गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली लेकिन जनजीवन अस्त व्यस्त कर रख दिया। अलीगंज देहात में तेज आंधी बारिश के चलते पोल टूट जाने



के कारण करीब 9 घंटे तक विद्युत व्यवस्था बाधित रही। जिसमें दाऊदगंज, अमरोली रतनपुर, मोहम्मद नगर बझेरा, डिवाईया, दादूपुर टपुआ, पुराहार सहित दर्जनों गांवों की विद्युत सप्लाई बाधित रही जिससे आम जनमानस को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

घरों, कार्यालय व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में इन्वर्टर की बैट्री भी जवाब दे गई। कई घरों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई। कई विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि नगर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। आंधी तूफान



के कारण विद्युत उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। करीब 9 घंटे बाद विद्युत विभाग द्वारा विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से जारी की गई



तब जाकर स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

इधर अलीगंज रोड, नवाबगंज रोड, फर्रुखाबाद रोड और बगला बल्लम के पास पेड़ टूटने से यातायात व्यवस्था बाधित रही जहां स्थानीय लोगों ने पेड़ काटकर रास्ता कुछ साफ कराया तब जाकर यातायात व्यवस्था सुचारू हुई। जेई श्रीकांत ने बताया कि तेज आंधी बारिश के चलते 21 पोल टूट गये जिससे कई गांव की विद्युत सप्लाई बाधित रही। करीब 9 घंटे के बाद विद्युत सप्लाई को सुचारू रूप से चालू कर दिया गया है।

## आईएएस अधिकारी बनकर रंगदारी वसूलने वाली महिला समेत चार ठग गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशांबी। गृह मंत्रालय में भूमि अधिग्रहण विभाग में आईएएस व एडिशनल डायरेक्टर बताकर लोगों से रंगदारी कर वसूली करने वाली कोमल तनेजा समेत गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसने यूपीएससी की पढ़ाई के लिए दिल्ली के नामी सेंटर से कोर्स खरीदा और ऑनलाइन पढ़ाई के दौरान फर्जी अधिकारी बन गईं। वह लोगों पर रौब जमाने के लिए आर्टिका गाड़ी के ऊपर नीली-लाल बत्ती और बोनट के आगे होम मिनिस्ट्री एडिशनल डायरेक्टर की प्लेट लगाकर जगह-जगह छापा मारती थी। पुलिस का दावा है कि चारों ने कौशांबी में रेस्तरां के कागजात फर्जी बता कर संचालक से दो लाख रुपये मांगे फिर 25 हजार रुपये वसूलकर भाग गए। पुलिस ने कोमल का गृह मंत्रालय लिखा फर्जी आईकार्ड, नियुक्ति पत्र और सभी के छह फोन व 15 हजार की नकदी जब्त की है।पुलिस ने बताया कि ईडीएम मॉल के पास से कोमल तनेजा (34) पुत्री नरेश तनेजा निवासी विकासपुरी दिल्ली, उसके साथी अमित कुमार (43) पुत्र विजय कुमार निवासी शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2, अमित शर्मा (35) पुत्र रामपाल शर्मा निवासी मेवला भट्टी थाना लोनी और तिजारिफ (24) पुत्र नुरूद्दीन निवासी इदरीशपुर थाना बड़ौत को गिरफ्तार किया है। चारों लोग एक साथ अमित शर्मा की आर्टिका गाड़ी से चलते थे। उस पर आगे की तरफ लाल रंग की प्लेट पर होम मिनिस्ट्री एडिशनल डायरेक्टर लिखवाया हुआ था। इतना ही नहीं, दिल्ली-एनसीआर में होटल और रेस्टोरेंट संचालकों पर रौब झाड़ने के लिए पुलिस की नीली और लाल रंग की बत्ती लगवाई हुई थी। पुलिस का कहना है कि कौशांबी ईडीएम मॉल के पास अंगीठी रेस्टोरेंट के संचालक सतीश कुमार पुत्र हेमराज सिंह ने शिकायत दी कि गृह मंत्रालय की आईएएस अधिकारी कोमल तनेजा और उसके साथ तीन अन्य लोगों मैं रेस्टोरेंट के कागज फर्जी बताकर उनसे 2 लाख की रंगदारी मांगी । इसके बाद कार्रवाई की धमकी देकर 25000 रुपए की वसूली भी की। बाकी की रकम बाद में जाकर लेने के लिए कहा था। उमेश यादव के व्यवहार और कार्रवाई के तरीके पर शक हुआ था।

# गौवंसी के लिए अब नई बाउंड्रीवाल बनाई जाएगी

लोकमित्र ब्यूरो

**ऊसराहार, इटावा।** ताखा की सबसे बड़ी गौशाला मुरचा टांडेहार मे गौवंसी के लिए अब नई बाउंड्रीवाल बनाई जाएगी खंड विकास अधिकारी ने निरीक्षण के बाद ग्राम प्रधान को बाउंड्री निर्माण के निर्देश दिए हैं अब लगभग 140 मीटर लंबी बाउंड बनाई जाएगी वही निरीक्षण के दौरान गौशाला मे दाना न मिलने से उन्होंने नाराजगी जताई है और दोनो गौशालाओं मे तत्काल दाना पहुचाने के निर्देश दिए हैं।

रविवार को खंड विकास अधिकारी ताखा मे राजकुमार शर्मा ने ताखा मे दो गौशालाओं का निरीक्षण किया उन्होंने सबसे पहले ताखा के तिरखी त्रिलोकपुर मे बनी अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया गौशाला मे 65 गौवंसी मौजूद थे गौवंसी के लिए तीन कुंतल



भूसा कमरे में रखा था लेकिन दाना की एक भी बोरी मौजूद नही थी खंड विकास अधिकारी को गौशाला मे केयर टेकर मौजूद मिला तो उन्होंने दाना न होने की बजह पूछी उसने एक दिन पहले ही दाना समाप्त होने की बात कही बीडीओ राजकुमार शर्मा ने पंचायत सचिव धीरेंद्र को गौशाला मे पर्याप्त भूसा और दाना तत्काल पहुचाने के निर्देश दिए बीडीओ ने ताखा की बडी गौशाला मुरचा टांडेहार का निरीक्षण किया तो 130 गौवंसी गौशाला मे पाए गए लेकिन गौशाला मे लगी पत्थर की बाउण्ड्रीवाल जगह जगह से टूटी पडी थी जिससे गौवंसी के बाहर निकलने का खतरा भी ज्यादा था बीडीओ ने ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव उमाकांत मको गौशाला की नई बाउण्ड्रीवाल बनाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया जीर्ण शीर्ण हो चुकी वाउंड्री का मनरेगा योजना अथवा ग्राम पंचायत निधि से निर्माण कराया जाएगा 140 मीटर लंबी बाउंड्री के लिए इस्टीमेट मांगा गया है।

# जिले का नाम बदलने का दांव क्या मात्र सियासी शिगूफा भर था?

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। चुनाव से पहले गाजियाबाद का नाम बदलने का सियासी दांव खेला गया लेकिन नगर निगम की बोर्ड बैठक में छह माह पहले ध्वनिमत से पास किए गए इस प्रस्ताव को फाइलों में दबा दिया गया है। बोर्ड बैठक में नाम बदलने का प्रस्ताव पेश करने वाली महापौर सुनीता दयाल इस सियासी दांव को खेलकर भूल गई हैं। वहीं, जिन पार्षदों ने जिले का नाम बदलने की आवाज बुलंद की थी, अब चुप्पी साधकर बैठ गए हैं। फैसला शासन को लेना है लेकिन छह महीने बाद भी महापौर की तरफ से प्रस्ताव नहीं भेजा गया है।नगर निगम की नौ जनवरी को आयोजित बोर्ड बैठक में गाजियाबाद का नाम बदलने का प्रस्ताव पास हुआ था। किसी ने नाम बदलकर गजनगर रखने की सिफारिश की तो किसी ने हरनंदी नगर, गजप्रस्थ,




दूधेश्वरनगर और परशुरामनगर का सुझाव दिया। सियासी माइलेज के लिए खुद महापौर ने बोर्ड के समक्ष नाम बदलने का प्रस्ताव रखा था। इसके समर्थन में पार्षदों ने बोर्ड कक्ष में ही जयघोष लगाने शुरू कर दिए। प्रस्ताव के समर्थक पार्षदों ने बोर्ड बैठक में जिस तरह उत्साह दिखाया, उससे लगा कि कुछ ही दिनों में नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी लेकिन छह महीने से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी महापौर की तरफ से प्रस्तावना शासन को नहीं भेजी गई है। अब नगर निगम मुख्यालय में और पार्षदों के बीच के बीच गाजियाबाद के नए नाम का काम तमाम होने की चर्चा होने लगी है। राजनगर एक्सटेंशन को जोड़ने वाले करीब 10.3 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड का नाम श्रीराम सेतु करने का प्रस्ताव 15 फरवरी को बोर्ड कार्यकारिणी की बैठक में पास हुआ था।

योजना बनाई गई थी कि एलिवेटेड रोड पर श्रीराम सेतु के नाम के बोर्ड लगाए जाएंगे और करहेड़ा गोल चक्कर के पास भगवान श्री राम की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। अब चर्चा इस बात की भी हो रही है कि इतने लंबे अंतराल के बाद भी शहर के किसी मार्ग का नाम बदला नहीं गया है। ऐसे में पूरे जिले के नाम को बदलने का क्या मात्र शिगूफा ही छोड़ा गया था?

# गाजियाबाद की शुभि ने एशियन जूनियर शतरंज प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** वेस्टर्न एशियन जूनियर गर्ल्स चैस चैंपियनशिप में जिले की शुभि गुप्ता ने स्वर्ण पदक हासिल कर पूरे देश का नाम रोशन किया। चैंपियनशिप का आयोजन श्रीलंका में किया गया, जिसमें कई देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी को पीछे छोड़ते हुए शुभि ने प्रथम स्थान हासिल किया है।

जून में गुजरात में हुई विश्व जूनियर गर्ल्स शतरंज प्रतियोगिता 2024 में शुभि गुप्ता ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया था।

क्रॉसिंग रिपब्लिक निवासी शुभि गुप्ता सेफायर इंटरनेशनल स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा हैं। उन्होंने स्कूल में ही 2018 में शतरंज खेलना



शुरू किया था। उन्होंने अपने पिता से शतरंज खेलना सीखा है।

इसके बाद उन्होंने कई राज्य स्तरीय और राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीते। उनके पिता प्रदीप गुप्ता आईटी कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर हैं और माता उर्मिला गुप्ता गृहणी हैं। शुभि की इस उपलब्धि के बाद उनके घर में खुशी का माहौल है, उनके पिता ने कहा कि विश्व प्रतियोगिता में बेटी की यह उपलब्धि गर्व की बात है।

**शुभि की उपलब्धियां**

- 2022 में श्रीलंका में हुई कॉमनवेल्थ यूथ चैस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक
- 2022 में जॉर्जिया में हुई वर्ल्ड कैडेट चैस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक
- 2021 में वेस्टर्न एशियन यूथ ऑनलाइन चैंपियनशिप में रजत पदक
- 2021 में फिलिप्पिंस में हुई एशियन स्कूल चैस चैंपियनशिप में रजत पदक
- 2023 में अहमदाबाद में हुई नेशनल अंडर-19 गर्ल्स चैस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक
- 2022 में नेशनल अंडर-15 गर्ल्स चैस चैंपियनशिप में कांस्य पदक
- 2022 में कर्नाटक में हुई नेशनल अंडर-12 गर्ल्स चैस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक
- 2021 में नेशनल स्कूल चैंपियनशिप अंडर-11 में स्वर्ण पदक

# बदमाशों का सरगना चढ़ा पुलिस के हत्थे

लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** शालीमार गार्डन पुलिस की शनिवार रात राजेन्द्र नगर में डीएवी स्कूल के पास एनसीआर में चेन और फोन लूटने वाले बदमाशों के सरगना से मुठभेड़ हो गई। पीछा करने पर उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में टीम ने उसे पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। उससे चोरी की बाइक,तमंचा और कारतूस के अलावा ढाई हजार रुपए मिले हैं।एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मुठभेड़ में घायल अनस पुत्र नफीस निवासी राजीव कॉलोनी डीएलएफ थाना शालीमार गार्डन को गिरफ्तार किया है। उसे शनिवार रात 12 बजे के बाद टीम ने ईएसआईसी अस्पताल के सामने चेकिंग के दौरान रोका था। तभी उसने पुलिस पार्टी पर तमंचे से फायरिंग कर दी और राम मनोहर लोहिया पार्क की



तरफ बाइक से भागने लगा।टीम ने तुरंत वायरलेस पर मैसेज थाने में बदमाश के भागने की सूचना दी। पुलिस टीम ने दोनों तरफ से घेराबंदी करते हुए अनस को दव स्कूल के गेट नंबर 3 की तरफ घेर लिया। वह तेज रफ्तार में बाइक से चलने से सड़क पर गिर पड़ा। पैर में गोली लगने से घायल अनस को टीम ने तुरंत पकड़ कर उसकी तलाशी ली। जिसमें एक तमंचा 315 बोर, कारतूस, चोरी की बाइक और विभिन्न लूट की घटनाओं से संबंधित ढाई हजार रुपए बरामद किए हैं।पुलिस पूछताछ में पता चला कि वह चेन और फोन लूटने वाले गिरोह का सरगना है।

# समाजवादी युवजनसभा की कार्यकारिणी को लेकर बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

**उदी, इटावा।** बढ़पुरा विकास खंड के ग्राम कामेत स्थित कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया महाविद्यालय प्रांगण में समाजवादी युवजनसभा की कार्यकारिणी विस्तार को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि सांसद जितेंद्र दोहरे का युवाओं द्वारा जोरदार स्वागत भी किया गया।

मुख्य अतिथि श्री दोहरे द्वारा युवजन सभा की गठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा करने के साथ कहा कि हम आशा और विश्वास करते हैं कि सभी चयनित पदाधिकारी तन और मन से समाजवादी पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे। बैठक में उपस्थित समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष प्रदीप उर्फ बबलू शाक्य, जिलामहासचिव बीरभान उर्फ वीरू



भदौरिया, टंटी यादव, देवेंद्र भदौरिया, आदित्य गोविंद, विजय यादव आदि द्वारा नव चयनित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन किया गया। बैठक से पूर्व मुख्य अतिथि सांसद श्री दोहरे का युवजन सभा की टीम के अलावा भारी संख्या में उपस्थित क्षेत्र के युवाओं द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मयंक भदौरिया, विक्की यादव, विपिन यादव, विमलेंद्र भदौरिया, देवेंद्र सविता, संजय यादव, सीटू पाल, उमेश जाटव, सत्यवीर जाटव सहित भारी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# बिजली परियोजना का सदर विधायका ने किया उद्घाटन

लोकमित्र ब्यूरो

**इटावा।** केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की निर्वाध बिजली आपूर्ति की योजना के तहत सदर विधायका सरिता भदोरिया द्वारा प्रधानमंत्री मुफ्त सूर्य घर बिजली योजना का उद्घाटन पीली कोठी निवासी मनोज जैन निवेश गुरू के घर पर लगे सोलर पैनल का उद्घाटन फीता काटकर करते हुये कहा यह योजना प्रधानमंत्री मोदी व मुख्य मंत्री योगी की महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षा योजना से सभी नगर वासियों को जोड़ने की अपील की।

मनोज जैन के घर पर ही एक सभा का आयोजन किया गया इस सभा में विद्युत विभाग से अधीक्षक अभियंता मनोज गोड़ ने मुफ्त बिजली घर योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं लाभ के बारे में बताया इस सभा में परियोजना अधिकारी विजय शंकर जी अपनी टीम के साथ पधारे उन्होंने इस योजना के बारे में इसकी लागत के बारे में एवं पर्यावरण को संरक्षित करने वाली इस लाभदायक




योजना को किस तरह से कार्यान्वित किया जा सकता है उसके बारे में बताया। मुफ्त सूर्य घर योजना को शिल्पी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा ज्यादातर घरों में लगाया जा रहा है जिसके ऑनर्स सतवीर जी इस सभा में सम्मिलित हुए एवं उन्होंने इस योजना से मिलने वाले सभी लाभों के बारे में चर्चा की मनोज जैन ने उनके यहां लगे सोलर पैनल के बारे में बताया यह योजना मेरे घर में 3 किलोवाट की लगी हुई है जिसकी लागत 185000 आई है जिसमें मुझे केंद्रीय एवं राज्य अनुदान के रूप में 108000 की सब्सिडी के रूप में प्राप्त होंगे इस सोलर पैनल से जो भी बिजली यूनिट के रूप में जनरेट होती है एवं जो बिजली हमें विभाग के द्वारा मिलती है उसके प्लस माइनस से जो बिल बनता है वह लगभग बराबर आता है एक परिवार के लिए यह योजना सर्वोत्तम है इस सभा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित परिवार के प्रदेश महासचिव आकाशदीप जैन सम्मिलित हुए उन्होंने मुख्य अतिथि विधायिका सरिता भदोरिया को बुके देकर उनका आभार प्रकट किया। इस उद्घघाटन समारोह में पीली कोठी कॉलोनी से विद्युत उपभोक्ता राकेश सक्सेना, श्यामजी निगम, मनोज निगम, मनीष गुप्ता, रामकुमार, संतोष गुप्ता, रितु निगम, सुप्रिया गुप्ता, शालिनी जैन, चंद्रकांत जैन, अर्चना गुप्ता, अस्मिता जैन, ऋषभ जैन रहे।

संक्षिप्त खबरें

## संस्कारों के जीवन के 21वर्ष तक ही सीखा जाता

**उन्नाव।** संस्कार भारती बैनर तले गुरु सम्मान समारोह गणेश मंडपम गेस्ट




हाउस में आयोजित किया गया इस समारोह में विभिन्न क्षेत्र के प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए स्नातक विधायक अरुण पाठक ने संस्कार विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया इस संस्कारों का जीवन में बहुत महत्व है उन्होंने बताया कि सनातन धर्म में संस्कारो को केवल जीवन के 21 वर्ष तक ही सीखे जाते हैं इसके बाद केवल उनको जीवन में उतर जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पीआर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलित कर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने किया। इस मौके पर मोहनलाल मिश्र धीरज की स्मृति में महेश चंद्र शुक्ला, रजनी दीक्षित स्मृति सम्मान नाट्य में छन्नू लाल त्रिवेदी, आनंद पांडे बाउवा की स्मृति अध्यात्म में दीक्षा अवस्थी तथा कवि गिरीश अवस्थी को दिया गया जबकि पंडित मुरलीधर त्रिपाठी स्मृति सम्मान से अनिल अवस्थी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सियाराम पांडे ने किया तथा अध्यक्षता संस्कार भारती के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने किया।

## महिला से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

**पाटन उन्नाव।** घर मे अकेली सो रही महिला के साथ छेड़खानी व जान से मार देने की धमकी देने को लेकर पीड़िता द्वारा पांच दिन पूर्व बिहार थाना पुलिस में दी गयी तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया था। पीड़िता के धारा 183 बी एन एस एस के हुए बयान के बाद बलात्कार की धारा में बढ़ोतरी के बाद पुलिस ने आरोपी अध्यापक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर संबंधित धाराओं में निरूद्ध कर जेल भेज दिया। बिहार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला अपने घर मे अकेली सो रही थी।रात लगभग दो बजे गांव रामपुर लोन निवासी पवन कुमार उर्फ पप्पू पुत्र बिंदा प्रसाद उर्फ वृंदावन रावत छत के रास्ते पीड़ित महिला के घर में कूदकर छेड़खानी की थी।पीड़िता द्वारा 23 जुलाई को थाना बिहार पुलिस को नामजद कर अपने साथ छेड़खानी व मारपीट तथा जान से मार देने की धमकी का प्रार्थना पत्र दिया गया था। पीड़िता द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने धारा 74/333/352/351(2)/351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। पीड़िता के द्वारा धारा 183 के बी एन एस एस के बयान के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 64 बी एन एस की बढ़ोत्तरी की गई। उक्त मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त अध्यापक पवन कुमार रावत को पुलिस ने मुकदमा लिखने के बाद ही उसे गिरफ्तार कर लिया था। उक्त के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करते हुए शनिवार को जेल भेज दिया।

## नाली तोड़ने के विवाद में लेखपाल ने कर के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** राजस्व व पुलिस टीम द्वारा एक सप्ताह पूर्व बनवाई गई नाली को तोड़ देने के मामले में लेखपाल ने एसडीएम राम आसरे वर्मा के निर्देश पर चार लोगों के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। तहसील क्षेत्र अंतर्गत बहरेला डीह क्षेत्र में कार्यरत लेखपाल राम लुटावन ने स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा है कि 20 जुलाई को गांव में एक नाली के विवाद पर मौके पर राजस्व व पुलिस टीम द्वारा चिन्हांकन करके नाली का निर्माण कर दिया गया था। जिसे गांव के ही कल्लू, श्रीकेश, ननकू तथा प्रताप यादव ने तोड़ दिया। जिसकी सूचना पर एसडीएम श्री वर्मा ने नाली तोड़ने वाले चारों लोगों के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि लेखपाल के तहरीर पर चारों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

## सीओ ने अर्दली रूम कर दिए गए आदेश निर्देश

**अमेठी।** रविवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु क्षेत्राधिकारी कार्यालय मुसाफिरखाना पर सर्किल के समस्त थानों का अर्दली रूम किया गया । जिसमें सर्किल के थानों के विवेचकगण उपस्थित रहे । क्षेत्राधिकारी द्वारा विवेचको से विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण व अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए।

## दो अन्तर्जनपदीय गोवंश तस्कर गिरफ्तार

**अमेठी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान में शनिवार को उ0नि0 प्रेमचन्द्र गौतम थानाध्यक्ष मुंशीगंज मय हमराही द्वारा मु0अ0सं0 146/24 धारा 3/5क/8 गोवध निवा0 अधि0 व 11च पशु क्रूरता अधि0 थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी में वांछित/प्रकाश में आये 2 अभियुक्त 1.अरुण कुमार पटेल पुत्र मित नारायण पटेल निवासी भरतपुर थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी उम्र 26 वर्ष, 2.राजू पटेल पुत्र राजनाथ पटेल निवासी रमसीपुर थाना राजा तालाब जनपद वाराणसी उम्र 20 वर्ष को हाइवे के किनारे राजातालाब रौहनिया क्षेत्र जनपद वाराणसी से पिकअप सं0 यूपी 64 टी 3274 व यूपी 62 बीटी 4460 के साथ समय करीब 10¬25 बजे दिन में पकड़ लिया गया । यूपी 64 टी 3274 बोलेरो पिकअप की तलाशी से 8 चाकू, 8 शीशी नशीली दवा, 1 नेवाड़ पट्टा बरामद हुआ । यूपी 62 बीटी 4460 पिकअप की तलाशी से 3चाकू,1 शीशी नशीली दवा, 11 निडिल, 7 सिरिन्ज बरामद हुआ। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों नें बताया कि हम लोग अपने 4 अन्य साथी दिलशाद खान, रामभवन यादव, उसमान उर्फ लल्लन व रवीश के साथ मिलकर गोतस्करी का काम करते हैं । दिनांक 22.07.2024 को उक्त चारों लोगों को मुंशीगंज पुलिस द्वारा 4 गोवंश, नशीली दवाओं व 2 पिकअप के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था व हम लोग मौके का फायदा उठाकर भाग गये थे । बरामद नशीली दवाओं व रस्सी के बारे में पूछने पर बताया कि हम लोग जानवरों को बेहोश कर पकड़ने के लिये व रस्सी बांधने के लिये रखते हैं । उक्त दोनों वाहनों के कागज मांगने पर दिखा न सके और बताया कि हम लोग बदल-बदल कर गाड़ी किराये पर लाते हैं।

## दुष्कर्म के आरोप में वांछित गिरफ्तार

अमेठी। रविवार को उ0नि0 रामचेत यादव थाना अमेठी मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 157/24 धारा 376,323,504 भादवि व 3(2)(5), 3(2)(5)ए एससी/एसटी एक्ट थाना व जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त अवनीश प्रताप यादव पुत्र राममिलन यादव निवासी सहजीपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को बीआरओ ऑफिस स्टेशन मोड़ के पास से समय करीब 12.48 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट सर्व समावेशी है

**अमेठी।** गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी रहे संगोष्ठी को मुख्य अतिथि सुशील त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला यह बजट विकसित भारत का विजन अंत्योदय का संकल्प और नए भारत को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाने का रोड मैप है भारतीय जनता पार्टी अमेठी परिवार नए भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का मार्ग प्रशस्त करने वाले इस लोक कल्याणकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री जी का आभार एवं वित्त मंत्री जी का धन्यवाद व्यक्त करती है प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि बजट संगोष्ठी में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर पांडे पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि गोविंद सिंह चौहान अमरेंद्र सिंह पिंटू केशव सिंह भवानी दत्त दीक्षित गिरीश चंद्र शुक्ला आशा बाजपेई सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# लूट करने वाले चार अभियुक्त पुलिस के चढ़े हत्थे, एक बाल अपचारी

- अभियुक्तगण के कब्जे से लूटा गया बैग व नकद सहित अन्य सामान
- घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद की गई

लोकमित्र संवाद



**उन्नाव।** एक सप्ताह पूर्व हुई लूट की घटना को पुलिस ने खुलासा करते हुए मय माल सहित चार लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। लूट में जिस वहां का प्रयोग किया गया है अभियुतो की निशानदेही पर उसे भी अपने कब्जे में ले लिया है।

आपको बताते चले की 22जुलाई की घटना है जब शिवम वर्मा पुत्र बुद्धीपाल निवासी हुलाशखेड़ा थाना अचलगंज जनपद ने थाना अचलगंज में लिखित सूचना दिया कि मैं बाबाखेड़ा चौराहा रायबरेली रोड पर किशन यादव के मकान में विगत दो वर्षों से जनसेवा केन्द्र चलाता हूँ । सायंकाल करीब 9.15 बजे रोजाना की तरह दुकान बन्द कर अपने घर जा रहा था । रास्ते में संदीप होटल बह्द ग्राम पोटरिहा के पास मोटरसाइकिल सवार कुछ अज्ञात लोगों द्वारा मेरे साथ मारपीट कर हाथ में पहने कड़े से घायल कर दिया तथा जमीन पर गिरने पर पीठ पर टंगा बैग जिसमें रखे 30,000 रुपये , डेबिट कार्ड, पैन कार्ड, पर्स एवं मोटर साइकिल की चाभी लेकर फरार हो गये थे । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के हाथ पाव फूल गए उन्होंने आनन फानन लुटेरों को पकड़ने के लिए सघन अभियान चलाया परंतु लुटेरों का कही पता नही चल सका।

पुलिस के आला शिकारियों ने मामले की गंभीरता से लेते हुए टीमों का गठन कर घटना के शीघ्रातिशीघ्र अनावरण हेतु निर्देश दिये गये थे।इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में थाना कोतवाली सदर पुलिस, थाना दही पुलिस, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरे की फुटेज, बीटीएस व मुखबिर की सूचना के आधार पर घटना में दो मोटर साइकल पर सवार 06 अभियुक्तगण की संलिप्तता पायी गयी । मुखबिर की सूचना पर घटना में शामिल अभियुक्त अंकित दीक्षित पुत्र विश्वकांत दीक्षित नि0 कोरारी कलां थाना अचलगंज जनपद उन्नाव हाल पता 454 मोतीनगर थाना कोतवाल सदर , मोनू पुत्र रज्जन लाल नि0 कोरारी कलां थाना अचलगंज, अंशुल गौतम पुत्र धर्मेन्द्र गौतम नि0 कोरारी कलां ,. विशाल निषाद पुत्र राजू निषाद नि0 सरैया थाना गंगाघाट को गिरफ्तार किया गया तथा 5. एक बालअपचारी को नियमानुसार अभिरक्षा मे लिया गया।

अभियुक्तगण के कब्जे से लूटा गये बैग व नगद 15,150/- रुपये एवं घटना में प्रयुक्त दो अदद मोटर साइकिल हाण्डा साइन व अपाचे मौके से बरामद की गई । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों से क्षेत्र में घटित अन्य घटनाओं के सम्बन्ध में गहनता से पूछताछ की गयी।

# उपजिलाधिकारी ने समाधान दिवस पर सुनी शिकायतें

लोकमित्र संवाद



**पाटन उन्नाव।** तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत थाना बिहार में आयोजित समाधान दिवस उपजिलाधिकारी क्षितिज कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर 10 मामले आए मौके पर दो मामलों का निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी ने पिछले थाना दिवस में आये प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की तथा आये हुए फरियादियो की एक एक कर समस्याएं सुनी। ग्राम कलानी की बिटाना पत्नी गंगाराम यादव ने सरकारी नाली पर विपक्षी द्वारा जबरिया कब्जा किए जाने की शिकायत की। ग्राम जमीपुर के राम नायक सिंह व ग्राम मवई सहिला के राम प्रकाश गुप्ता द्वारा चक रोड पर कब्जा किए जाने की शिकायत की।ग्राम कल्यान पुर के ब्रज किशोर शुक्ला हदबरारी के बाद जबरिया खेत मे कब्जा करने की शिकायत की। उपजिलाधिकारी ने पुलिस बल के साथ मामले को निस्तारण तथा आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही का निर्देश दिया।ग्राम बैजुआमऊ के फरियादी अशोक कुमार पुत्र रामप्यारे ने गंगा एक्सप्रेस वे के ठेकेदारों द्वारा मानक से अधिक मिट्टी खोदे जाने की शिकायत की वही ग्राम पकरा बुजुर्ग पनहन की पीड़िता महरुनिशा पत्नी वारिस अली ने भूमिधरी खेत से जबरिया मिट्टी खोद लेने के संबंध में गुहार लगाई है।पीड़िता द्वारा पूर्व में भी तहसील व थाने में शिकायत की गयी थी। इस मौके पर थाना प्रभारी शिव प्रकाश पाण्डेय क्राइम इंस्पेक्टर राम बचन भारती सहित कानूनगो व क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।

## विवाहिता की करंट लगने से मौत

**ऊसराहार, इटावा।** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है ससुराल वालों ने करेंट लगने से मौत होना बताया है जबकि लडकी के परिजनों ने मारपीट कर मारने का आरोप लगाया है। ऊसराहार थाना क्षेत्र के बदरियापूठ निवासी पंकज की 32 वर्षीय पत्नी शशि रविवार को घर के कमरे मे पडी मिली तो स्वजन उसे जिला अस्पताल लेकर गए जंहा डाक्टरों ने उसे म्रत घोषित कर दिया घटना की जानकारी सिविल लायन थाना पुलिस को दी गई तो उन्होंने ऊसराहार पुलिस को जानकरी भेजी शशि के ससुरालीजनो के मुताबिक शशि को घर मे करेंट लग गया जिसके बाद वह बदहवास हो गई जिला अस्पताल लेकर पहुचे तो डाक्टरों ने म्रत घोषित कर दिया इस संबध मे थानाध्यक्ष मंसूर अहमद ने बताया घटना की जानकारी सिविल लायन पुलिस द्वारा मिली है ससुराल बालो ने करेंट लगने से मौत होना बताया है लडकी के परिजनों ने मारपीट कर मारने का आरोप लगाया है।

# 24 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी



लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** पारिवारिक कलह से टूट रहे समाज को जोड़ने की जिम्मेदार पुलिस विभाग ने उठाया है उसी कड़ी में 24 कलह से जूझ रहे नवदम्पतियों को अपने अथक प्रयासों से पुन दंपती जीवन में जोड़कर उनके जीवन नव चेतना जगाने का भागीरथ प्रयास किया है। रिजर्व पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 08, परिवार परामर्श केन्द्र से 06, थाना अचलगंज से 03, थाना औरास व थाना बांगरमऊ से 02-02, थाना फतेहपुर चौरासी,थाना बिहार, व थाना सफीपुर से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डा0 मनीष सिंह सेंगर, अबरार हुसैन, डा0 शशि रंजना अग्निहोत्री, श्रीमती साबिहा उमर, शिल्पी श्रीवस्तव, राम सनेही यादव, श्रमती तबस्सुम नफीस, संजय चौरसिया, अबसार अली व डा0 सगीर अहमद चिंतन का विशेष योगदान रहा।

# केंद्र सरकार की स्वीकृति रिंग रोड की धनराशि सिंचाई विभाग के अधिकारियों के भ्रष्टाचार के भेट चढ़ी

- स्वीकृति रिंग रोड बाढ़ परियोजना अपने परवान नहीं चढ़ी
- सपा के पूर्व विधायक राम कुमार ने मामले की शिकायत कर दोषियों को दंडित कर योजना को पूरी करने की मांग

लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** केंद्र सरकार द्वारा शुक्लागंज से जाजमऊ तक बाढ़ रोकने एवम रिंग रोड बनाने के लिए स्वीकृति की गई योजना का धन प्रस्तावित योजना में न करके शारदा खंड सिंचाई विभाग ने उसे खाऊ कमाऊ नीति के तहत खर्च कर डाला। जिसके चलते स्थानीय निवासी बाढ़ के दंश को झेल रहे है। पूर्व विधायक रामकुमार ने मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग के साथ रिंग रोड के साथ बांध बनवाने की केंद्र सरकार से मांग की है।

अपने भेजे गए शिकायती पत्र में पूर्व विधायक रामकुमार एडवोकेट ने बताया है कि प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ की विभीषिका से शुक्लागंज वासियों को हमेशा हमेशा के लिए निजात दिलाने हेतु तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक स्व दीपक कुमार की मांग पर तत्कालीन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव ने सात किलोमीटर शुक्लागंज से जाजमऊ पुल तक मार्जिनल बांध की घोषणा की थी जिसके क्रम में मार्जिनल बांध के निर्माण हेतु जल संसाधन नदी विकास गंगा संरक्षण मंत्रालय के गंगा बाढ़ आयोग क्षेत्रीय कार्यालय पटना द्वारा स्वीकृत पत्र संख्या 2/3/2016/ उन्नाव -उ प्र/ जी एफ टी सी/ला -24-26 दिनांक 14/06/2016 एवं केन्द्रीय जल संसाधन विकास एवं गंगा बाढ़ नियंत्रण मंत्रालय भारत सरकार की संपन्न बैठक में 134 करोड़ रुपए की स्वीकृति के साथ प्रथम किस्त यानी स्वीकृति धनराशि को राज्य सरकार को आदेशित किया गया है ÷कि स्वीकृत मार्जिनल बांध 2018-19 तक अनिवार्य रूप से निर्माण पूरा करा लें लेकिन कार्यदाई संस्था अधिशासी अभियंता शारदा खण्ड सिंचाई विभाग उन्नाव की भ्रष्ट कार्यशैली के कारण आज तक स्वीकृत बांध का निर्माण नहीं हो सका जिससे प्रतिवर्ष बरसात के सीजन में आने वाली गंगा बाढ की चपेट में नगरपालिका परिषद शुक्लागंज की दो लाख आवादी बाढ़ के पानी से घिर जाती है जिन्हें बाढ़ के दौरान खानाबदोशों जैसा जीवन गुजारना पड़ता है यदि स्वीकृत बांध का निर्माण हो जाय तो शुक्लागंज के लोगो को हमेशा हमेशा के लिए बाढ़ से मुक्ति मिल जाएगी साथ ही बांध के ऊपर आवागमन हेतु ट्व लेन रोड से शुक्लागंज में लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिल जाएगी, पूर्व विधायक रामकुमार एडवोकेट ने समाजवादी पार्टी के समस्त सांसदों से प्रश्नगत प्रकरण को लोकसभा में रखते हुए शीघ्र बांध निर्माण कराने आदेश जारी करने की मांग की है।

# मंदिर परिसर में फेंकी गई अपवित्र सामग्री, लोगों में आक्रोश

- वायरल संदेश का एसडीएम ने लिया संज्ञान, कराई मौके की जांच

लोकमित्र संवाददाता



**औरास उन्नाव।** कस्बा औरास में स्थित एक शिव मंदिर पर निर्माणाधीन मंदिर परिसर के मजदूरों नें मांस मंदिरा का सेवन करके अपशिष्ट पदार्थ फेंक दिया जिसकी सूचना एक युवक के द्वारा सोशल मीडिया प्रसारित की गयी जिसके बाद सोशलमिडिया पर प्रसारित वायरल समाचार का उप जिलाधिकारी हसनगंज के द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुये मौके की जाँच हेतु औरास पुलिस को निर्देशित किया।

जानकारी के अनुसार कस्बा औरास के गौतमबुद्ध नगर मोहल्ले में सई नदी पुल के समीप स्थित शिव मंदिर पर नगर निवासी समाज सेवी अजीत विस्वकर्मा के द्वारा सोशल मीडिया पर संदेश प्रसारित कर मांस मछली तथा शराब का सेवन करके अपशिष्ट पदार्थ को मंदिर परिसर में फेंक कर सामाजिक माहौल को खराब करने का आरोप मंदिर परिसर निर्माण कर रहे ठेकेदार जमील के ऊपर लगाया ऐसा संदेश वायरल होने पर उप जिला अधिकारी हसनगंज हिमांशु ने वायरल संदेश का स्वतः संज्ञान लेते हुए हल्का लेखपाल को मौके पर भेज जांच कराई।

# शिक्षकाओं की वैन का रोडवेज से एक्सीडेंट, कई शिक्षिकाएं घायल

लोकमित्र ब्यूरो





**उन्नाव।** बीघापुर ब्लाक में कार्यरत शिक्षिकाओ की वैन उन्नाव जाते समय ट्रक को ओवर टेक करते समय डिवाइडर से टकरा गई, जिससे पीछे से तीव्र गति से आ रही रोडवेज से लगी जोरदार टक्कर से कई शिक्षिका घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीघापुर ब्लॉक में विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत शिक्षिकाएँ उन्नाव के लिए हाइवे से आ रही थी। रानीखेड़ा गांव के सामने वैन ट्रक को ओवर टेक करने के चक्कर में डिसबैलेंस हो गई और डिवाडर से टकरा गई। इसी दौरान पीछे से तीव्र गति से उन्नाव आ रही रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी । जिससे वैन में सवार प्राथमिक विद्यालय बीघापुर में कार्यरत रजनी गुप्ता गंभीर रूप से घायल हुई है। जबकि शिखा रस्तोगी, रानी गुप्ता, साक्षी, जुनेजा व मोनिका को मामूली चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर पहुंची अचलगंज पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस बुलाकर जिला अस्पताल भेजा है। वहीं रोडवेज बस को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना की जानकारी पर आर.एस.एम. ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, ब्लॉक मंत्री संजीव कुमार मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष अध्यक्ष सोनू बाजपेई व जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार गुप्ता ने रोडवेज बस की लापरवाही पर कार्यवाही करने की मांग की है।

वहीं प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने घायल महिलाओं के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

## भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

**अमेठी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने तीसरे कार्यकाल में दूसरी बार मन की बात कार्यक्रम लेकर लोगों के बीच आए।जनपद में बूथों पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी की मन की बात के 112 वें एपिसोड को विभिन्न इंटरनेट के माध्यमों से सुना। भाजपा नेता अमरेन्द्र सिंह, पिंटू ने कहा प्रधानमंत्री मन की बात से हर देशवासी को जोड़ने का काम करते हैं।

पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के मन की बात का 112 वां एपिसोड सुना।इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर बात की.पीएम ने देशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने, पेरिस ओलम्पिक में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने तथा अगस्त माह जो आजादी व क्रांति का है के अवसर पर खादी वस्त्र खरीदने का आह्वान किया।

# कालिकन धाम पर हुई कवि गोष्ठी, वही कविता की रसधार

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** रविवार को अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर सेव मां भगवती कालिका के पावन सभागार में कवि गोष्ठी का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी, गोस्वामी तुलसीदास जी एवं मलिक मोहम्मद जायसी के चित्र पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों एवं साहित्य प्रेमियों का स्वागत करते हुए संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि अवधी संस्कृति की दुनिया में एक अलग पहचान है,जिसका हिन्दी साहित्य सम्वर्द्धन में सर्वाधिक योगदान है। जहां मलिक मोहम्मद जायसी का पद्मावत ठेठ अवधी का मूल ग्रन्थ है वहीं गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ग्रन्थक है।हम सभी को निजी भाषा पर गर्व होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कवि अनिरुद्ध मिश्रा ने किया । कार्यक्रम में पधारे कवियों में रामेश्वर सिंह निराश ने पढ़ा - कहवा हेरान बचपनवा कै बाग हो ,मकरा कै रोटी करमुआ के साग हो । डॉ केसरी शुक्ला ने पढ़ा-चिमनी मा तेल डारिके काटिथै महीना। टंकी के मालिकन के तो पेटै नहीं भरत। चंद्रप्रकाश पांडे मंजुल ने पढ़ा - दर्शन मिलै जेकै कुछ पुण्य बाटै ,इ पावन आश्रम च्यवन मुनि के आटै । जगदंबा तिवारी मधुर ने पढ़ा - बिना तेरे नहीं साजन मधुर अब नींद आती है। राम बदन शुक्ला पथिक ने पढ़ा - मैली हुई गंगा है झुक रहा तिरंगा है। राम कुमारी संसृति ने पढ़ा-सुनो जानकी जनकपुर में ऋषि विश्वामित्र आए हैं। आशुतोष गुप्त ने पढ़ा-सपने जो देखे पूरे कर पाएंगे। सुनीता श्रीवास्तव ने पढ़ा - कभी जमीं तो कभी आसमां के लिए। राजेंद्र शुक्ला अमरेश ने पढ़ा -प्रकट भाई हैं जहां राम भगवान हो, अवध नगरिया कै बाटै बड़ी शान हो । हरिनाथ शुक्ला हरि ने पढ़ा - आए सावन में सांवरिया झूम के छाई बदरिया। राधेश्याम दीन ने पढ़ा - घट रहा है मन जाने क्या करेंगी यह हवाएं। डॉ कण्व कुमार मिश्रा इश्क सुल्तानपुरी ने पढ़ा - खेत का खुदा मालिक खाली बार दाना है । पप्पू सिंह कसक ने पढ़ा - बेरन सुखी तन सुखायगा मनवा सूख गवा , पहले जौन लगाए रहे , ऊं धनवा सूख गवा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कवि अनिरुद्ध मिश्रा ने पढ़ा - भारत मां की पावन छवि सदा मन में बसा कर ही , सभी बलिदानी वीरों का अमर संदेश लिखता हूं । शिव भानु कृष्णा ने पढ़ा - यारों की दोस्ती पर जां निसार करता हूं , हां यह सच है मैं अपनी मां से प्यार करता हूं । दिवस प्रताप सिंह ने पढ़ा - सक्रिय फिर से मदारी हो गए हैं, यह बाबा पुनः ब्रह्मचारी हो गए हैं। अभिजीत त्रिपाठी ने पढ़ा - यादें दिल में बो जाते हैं ,यूं ही लड़के खो जाते हैं । सुरेश नवीन जी ने पढ़ा - मां बदरा आइके बरस गयें अंगनवा में । शब्बीर अहमद सूरी ने पढ़ा - मेरा दिल आईना है टूट सकता है, साथ जो चलता नहीं है छूट सकता है। इसके अतिरिक्त सचिन समर्थ, अखिलेश मिश्रा, अयोध्या से पधारे दुर्गेश दुर्लभ ने भी काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में श्रोता के रूप में के एन शर्मा, महेंद्र द्विवेदी, एस एन पाल, रीता पांडे , अदिति पांडे सहित सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही।

## लाठी डंडों से पीटकर किया घायल

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम कुशगवां अहिरान के मजरा मन्ना कोला में दो युवकों की नामजद तीन भाईयों ने घर में घुसकर लाठी डन्डों से मारपीट कर लहुलुहान किया। जिसका मुकदमा जिसका एक सप्ताह बाद मुकदमा दर्ज किया गया। इस सम्बंध में ग्राम मन्नाकोला निवासी अवनीश कुमार पुत्र जवाहरलाल ने दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि 20 जुलाई 2024 को सुबह 5.30 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर लेटा था कि तभी गाँव के ही पडोसी संदीप उर्फ टिंकू ,संजीव उर्फ संजू,व पंकज उर्फ विनीत एक राय होकर आये मेरे साथ लाठी डन्डों से मारपीट करने लगे इतने में मेरा बेटा अनिल व भतीजा निखिल भी आ गया तो उपरोक्त तीनों लोगों ने इन पर भी लाठी डन्डों से सिर व शरीर पर प्रहार करके लहुलुहान कर दिया इसके अलाबा दो अन्य परिवार के लोग भी गम्भीर रुप से घायल हो गये। इस मामले की सूचना पुलिस को भी दी गयी थी।

# पत्रकार के भाई के निधन पर पूर्व मंत्री ने जताया शोक



लोकमित्र ब्यूरो

**सिरौलीगौसपुर।** जिले के सुप्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय रामदुलारे रावत बप्पा के ज्येष्ठ पुत्र राममनोरथ रावत की ह्दय गति रुक जाने से हुई मौत की सूचना पाकर पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश कुमार वर्मा, शिवकुमार यादव कामता प्रसाद यादव दिग्विजय सिंह एंव दरियाबाद क्षेत्र से पूर्व मंत्री रहे स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह के पुत्र रितेश सिंह अंकित गुप्ता, रामनगर विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई के प्रतिनिधि लल्लन प्रसाद वर्मा हाजी मुश्ताक अहमद मुन्ना इन्तिखाब आलम नोमानी विनोद कुमार यादव, अन्नू यादव एडवोकेट चन्द्र प्रकाश राजवंशी,नगर परिषद बाराबंकी के चेयरमैन रहे हफीज भारती सहित सैकड़ों लोग स्वर्गीय रामदुलारे रावत के आवास पर पंहुच कर उनके ज्येष्ठ पुत्र राममनोरथ रावत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी है।इस मौके पर प्रमोद कुमार रावत नन्हा राजकुमार शमीम सुभाष ओमप्रकाश हंसराज रहबर, हुसैन अनिल कुमार यादव, भा कि यू नेता सन्तोष कुमार तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

## भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई मनरेगा योजना गांवो मे बढ़ा फर्जी हाजिरी लगाने प्रचलन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** भ्रष्टाचार को लेकर के केंद्र व प्रदेश सरकार तरह तरह नियम नियमावली बना रही हो।लेकिन जनपद में तैनात कुछ भ्रष्ट कर्मचारी सरकार अरमानों पर पानी फेर रहे है। भ्रष्ट कर्मचारियों के सामने सरकार एक भी नही चल पा रही है।अगर पिछली सरकार अपेक्षा अगर को देखा जाय तो इस सरकार में भ्रष्टाचार में और ही इजाफा हुआ है।जिम्मेदार अधिकारियों की ढुलमुल रवैया से फर्जी वाडा थमने का नाम नहीं ले रहा है। जी हां हम बात करते है केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी महात्मा गांधी राष्ट्रीय योजना (मनरेगा) की।अगर हम ब्लॉकवार चल रहे फर्जीवाड़ा की विवरण दे तो शायद एक मैगजीन में भी खबर प्रकाशित नही हो सकती है। सूत्रों की माने मवई और रुदौली ब्लॉक खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। यहां पर मानक को ताक पर रखकर मजदूरों दैनिक मजदूरी (मनरेगा) साइड पर लगाई जा रही है।ऑनलाइन मनरेगा में फर्जी वाडा हाजिरी लगाने में कुछ ग्राम पंचायत खंड पिपरा, आशुमऊ,नेवरा, चंद्रामऊ मंगा, इचौलिया सहित ग्राम पंचायत शामिल है।इन ग्राम पंचायतो में अन्मियता की शिकायत भी हुई पर कार्यवाही करने के नाम पर अधिकारी मोटी रकम डकार कर मामले को रफा दफा कर देते है।

### अभी तक नहीं हो सकीं कार्यवाही

केस नंबर-1 ग्राम पंचायत आशुमऊ में निर्माणाधीन अमृत सरोवर का पूर्व में तैनात मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव ने निरीक्षण किया था निरीक्षण के दौरान घटिया ईट,मसाला,इंटर लॉकिंग ईट आदि मिला था जिसका सैंपल खुद लेकर गई थी और तकनीकी सहायक को सुधर जाने की हिदायत भी दी थी।लेकिन देखते ही देखते मामला ठंडे बस्ते में चला गया सीडीओ का स्थानान्तरण भी हो गया पर कार्यवाही शून्य। केस नंबर-2 ग्राम पंचायत खंड पिपरा गांव में मजदूर एक और काम अनेक दिखा कर (मनरेगा) योजना से पैसा हड़पने की शिकायत आधा दर्जन से अधिक वार्ड मेंबरों ने शपथ पत्र लगाकर जिलाधिकारी नीतीश कुमार से किया था।जिले से टीम भी गठित हुई और बिना जांच पड़ताल के शिकायती पत्र को कूड़ेदान में डाल दिया कार्यवाही शून्य केस नंबर -3 ग्राम पंचायत इचौलिया में देखने को मिला जहा पर ग्राम प्रधान द्वारा बिना (मनरेगा ) मजदूर लगाए। टैक्टर की मदत रातों रात समतल भूमि को तालाब बना दिया शिकायत के बाद भी कार्यवाही शून्य। केस नंबर-4 वही दूसरी तरफ 15 पहले जिले के एपीओ (मनरेगा) ने आशुमऊ में छापेमारी की ऑनलाइन 72 लेबर की हाजिरी लगाई गई थी मौके पर एक भी लेबर नही जांच के बाद कार्यवाही शून्य मामले को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है। कार्यवाही न होने से लोग डीसी मनरेगा की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे है।

### मेट को काम न देने की शिकायत

ग्राम पंचायत खंड पिपरा गांव चल रहे मनरेगा योजना में प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो ऑनलाइन साइड पर 62 दैनिक मजदूर की हाजिरी रोजगार सेवक जग प्रसाद उर्फ काका लगा रहे है।आरोप है कि ब्लॉक से नियुक्त महिला मेट मालावती व विजमा को काम नही दिया गया।जिसकी शिकायत दूरभाष पर डीसी मनरेगा सविता सिंह से की गई है।शिकायतकर्ताओं ने बताया कि दो साइड पर काम चल रहा है एक जगह काम चल रहा है जहा पर 20 लेबर भूमि विकास कार्य पर काम कर रहे है। ऑनलाइन साइड पर 62 दैनिक मजदूर की हाजिरी रोजगार सेवक जग प्रसाद उर्फ काका लगा रहे है।सूत्रों के मुताबिक बताया जाता है कि उपरोक्त रोजगार सेवक मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाने माहिर है कई बार दैनिक समाचार पत्रों के सुर्खियों मे रहे।

### रेसियो नही रकम देख कर बाट दिया गया पक्का काम

विकासखंड रुदौली में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि यहां पर मनरेगा योजना पक्के कार्य को रेवड़ी की तरीके बाटा गया था जिसका खामियाजा आज भी ग्राम प्रधान भुगत रहे है।सूत्र बताते है कि यहां पर रेसियो नही रकम देख कर पक्का काम बाटा गया था।रेसियों पूरा न होने के कारण हर प्रधानों का लाखो रुपए की फाइल बीडीओ ऑफिस में धूल खा रही है।ग्राम प्रधान को ग्राम पंचायत में नया प्रोजेक्ट खड़ा करने में लगने वाले बिल्डिंग मेटीरियल सप्लायरों में समान देना बंद कर दिया है जिसका असर सीधे ग्राम प्रधान की विकास पर पड़ रहा है।अगर रेसियो को देखकर काम दिया गया होता तो आज प्रधान चौराहे पर गाली न खाते और समान मिलना बंद नहीं होता।जिम्मेदार अधिकारी की भूमिका को लेकर सवाल खड़े हो रहे है।

## स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने शक्ति केंद्र पर ग्रामीणों के साथ सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह रविवार को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के शक्ति केंद्र कहुआ पहुंचे जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 112 एपिसोड कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ सुना। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात खत्म होने के बाद मौजूद ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी के नेता एवं विधायक से जब मीडिया सवाल पूछता है, तो अजीबोगरीब स्थित हो जाती है। क्योंकि हिंदुत्व का केंद्र कहे जाने वाले अयोध्या धाम से हम लोक सभा का चुनाव हार गए, 400 वर्षों के बाद भव्य राम मंदिर बनने के बाद लोगों ने भाजपा को वोट किया और जिन्होंने वोट नहीं दिया वह भी अब पछता रहे हैं। उन्होंने जनता से कहा कि अयोध्या हार की भरपाई करने का मौका आपके पास है। क्योंकि मिल्कीपुर में उपचुनाव है भारी से भारी संख्या में घरों से निकलकर भाजपा को वोट करें उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर के लिए कुछ अच्छा सरकार करेगी मिल्कीपुर का उत्थान होगा। कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर संयोजक अखिलेश दुबे की अध्यक्षता में किया गया था, इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, खुन्नू पाण्डेय मिल्कीपुर मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, राम सजीवन मिश्रा, श्याम नारायण पाठक,अभिषेक तिवारी, अखिलेश पांडेय, सहित पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री ने लोढ़ा ग्रुप के खिलाफ चौपाल लगाई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** सपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने तिहूरा मांझा गुड़यिाना में लोढ़ा ग्रुप के खिलाफ चौपाल लगाई। किसानों ने बताया कि लोढ़ा ग्रुप के द्वारा किसानों पर दबाव बनाकर उनकी जमीन और मकान लिया जा रहा है । श्री पांडेय ने कहां कि किसानों को लोढ़ा ग्रुप के बाउंसर द्वारा लगातार दबाव बनाकर जमीन और मकान लेने की साजिश की जा रही है । श्री पांडेय ने शासन और प्रशासन से मांग किया कि किसानों का उत्पीड़न रोका जाए श्री पांडेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और जरूरत पड़ी तो किसानों की जमीन बचाने के लिए आंदोलन भी किया जाएगा । श्री पांडेय ने कहा कि यहां के किसान कई पीढियां से रहकर खेती किसानी करके अपने परिवार की रोजी-रोटी चला रहे हैं ऐसे में इन किसानों का उत्पीड़न कतई नहीं करना चाहिए । श्री पांडेय ने कहा कि लोढ़ा ग्रुप के बाउंसर द्वारा किसानों को लगातार परेशान किया जा रहा है और कहां जा रहा है की जमीन के साथ मकान भी ले लिया गया उसको खाली करने के लिए दबाव बना रहा है । श्री पांडेय ने शासन प्रशासन से किसानों के साथ न्याय करने की बात कही श्री पांडेय ने कहां कि किसान कह रहे हैं की लोढ़ा ग्रुप के लोग रास्ते को भी अवैध रूप से बंद करना चाहते हैं श्री पांडेय ने कहा कि रमेश कोरी पुत्र राम उजागिर कि 13 बिसवा जमीन को लोढ़ा ग्रुप ने जबरदस्ती अपने कब्जे में कर लिया ऐसे ही दूसरा मामला महादेव पुत्र संतराम मांझी का है जिन्होंने अपनी जमीन नहीं बेचा फिर भी लोढ़ा ग्रुप ने अपने कब्जे में ले लिया श्री पांडे ने कहा कि यहां के किसान बहुत ही परेशान है इनको त्वरित न्याय दिया जाए इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदेव व संचालन वरिष्ठ नेता अनिल यादव ने किया इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधान राजकरण यादव प्रधान रामू यादव प्रधान सुरेंद्र यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य रमेश यादव दूधनाथ यादव प्रदीप यादव राम रूप मांझी राजदेव यादव रविंद्र यादव राहुल यादव रविंद्र यादव चंद्रभान यादव नरेंद्र यादव हरिराम मांझी आदि लोग मौजूद रहे ।

# मांझा जमथरा के किसानों को गुमराह कर रहा एडीए-शरद पाठक बाबा

## माझा जमथरा लैंड केस को लेकर जनांदोलन शुरू होने की आहट

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समाजसेवी भाजपा नेता शरद पाठक बाबा ने एक पत्रकारवार्ता कर अयोध्या विकास प्राधिकरण पर गलत तथ्य पेश करके अयोध्या वासियों को लगातार गुमराह करने का आरोप लगाया है। बाबा का कहना है कि सन 1528 से लेकर माननीय सुप्रीम कोर्ट का 9 नवंबर 2019 को फैसला आने तक जिस प्रकार श्री राम जन्मभूमि मंदिर ने अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ी थी, आज उसी प्रकार श्री राम जन्मभूमि मंदिर और गुप्तार घाट के बीच सरयू नदी के पावन तट पर स्थित एक छोटा सा गांव माझा जमथरा और वहां के किसान अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं। इसका कारण और कोई नहीं अयोध्या विकास प्राधिकरण और अयोध्या के जिला प्रशासन की अनदेखी है। श्री पाठक ने कहा कि अधिकारियों के इसी प्रकार के तानाशाही रवैये और अनदेखी के चलते, प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी जी की छवि को अयोध्या में धूमिल करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसका नुकसान बीते लोकसभा चुनाव में बीजेपी को भुगतना पड़ा है और यही हालात रहे तो आने वाले चुनावों में भी बीजेपी को अफसरों की हरकतों का परिणाम भुगतना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि माझा जमथरा में नवनिर्मित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के परिसर में नियमों की अनदेखी करते हुए और बिना मानचित्र स्वीकृत कराए तीन मंजिला, दो भवनों का निर्माण पूरा चुका है। और निजी भू स्वामी अगर झोपड़ी भी बनाना चाहें तो अयोध्या विकास प्राधिकरण अपने ही नियमों और महायोजना 2031 के प्रावधानों को दरकिनार करके, गलत तथ्यों का हवाला देते हुए कार्यों को रुकवा देता है।

### बैक फुट पर आया था एडीए प्रशासन

ऐसा ही एक प्रयास अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा जुलाई 2022 में मांझा जमथरा की संपूर्ण रजिस्ट्री और बैनामे पर रोक लगाकर किया गया था। जिसके खिलाफ कई किसानों और निजी भू स्वामियों ने माश उच्च न्यायालय की शरण ली। इसके बाद माश उच्च न्यायालय ने सही तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए रजिस्ट्री पर लगी रोक को हटा लिया था। और अयोध्या विकास प्राधिकरण को मुंह की खानी पड़ी। परंतु अयोध्या विकास प्राधिकरण आज भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। अगर झूठे तथ्य पेश करने की प्रतिस्पर्धा कराई जाए तो अयोध्या विकास प्राधिकरण का नाम अव्वल रहेगा।



### अयोध्या विकास प्राधिकरण का झूठा तथ्य

मांझा जमथरा डूब क्षेत्र / बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है। जबकि वास्तविकता तो यह है कि प्राधिकरण के महायोजना 2031 में यह क्षेत्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्र नहीं है।

झूठा तथ्य - मांझा जमथरा हरित पट्टी (ग्रीन बेल्ट) है। विकास प्राधिकरण द्वारा प्रचारित किया गया यह तथ्य भी गलत है। महायोजना 2031 किसी भी मुख्य मार्ग, स्टेट हाईवे, नेशनल हाईवे आदि के किनारे और समानांतर केवल 7, 15, और 30 मीटर तक की जमीन को पेड़ पौधे लगाने के लिए हरित पट्टी के रूप में विकसित किया जाता है।

झूठा तथ्य- यहां किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया जा सकता। वर्तमान में मांझा जमथरा का भू उपयोग पार्क एंड ओपन एरिया के अंतर्गत इस स्थान पर पिकनिक स्पॉट, स्टेडियम, खेल प्रशिक्षण केंद्र, कारवां पार्क, स्विमिंग पूल, यात्रियों के कम अवधि के लिए ठहरने की व्यवस्था आदि निर्माण किए जा सकते हैं।

झूठा तथ्य - यहां का भू उपयोग परिवर्तन कभी नहीं हो सकता। जबकि 30 मार्च 2024 को जारी की गई सार्वजनिक सूचना पत्रांक 1651/ अश विश प्राश ङ्क नियोश 2023 ङ्क 24 के माध्यम से अयोध्या विकास प्राधिकरण ने स्वयं घोषित किया कि प्राधिकरण द्वारा पूरे 2,400 (दो हजार चार सौ) बिस्सा जमीन का भू उपयोग परिवर्तन गाटा संख्या 57 मि. में प्रस्तावित है।

माझा जमथरा लैंड केस का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी शरद पाठक का कहना है कि अभी हाल ही में टाटा समूह को मांझा जमथरा में ही 80 करोड़ से भी अधिक मालियत की 800 बिस्सा जमीन को मात्र 1 रुपए में 90 साल की लीज पर दे दिया गया है। अदानी ग्रुप ने भी मांझा जमथरा में 80 बिस्सा जमीन की रजिस्ट्री करा ली है। जिंदल ग्रुप को भी 207 करोड़ की परियोजना के लिए जमीन दे दिया गया है। गुप्तार घाट के निकट मांझा जमथरा में ही एक निजी कंपनी के साथ टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि क्या अयोध्या विकास प्राधिकरण सिर्फ उद्योगपतियों के लिए ही कार्य करता रहेगा, और अयोध्यावासियों और किसानों के साथ दोहरा मापदंड अपनाते हुए उन्हें विकास से वंचित रखेगा? कहीं इसके पीछे सुविधा शुल्क की संस्कृति तो नहीं?

उन्होंने कहा कि मांझा जमथरा में जब किसानों की जमीन चिन्हित करने की बात होती है, तो प्रशासनिक अधिकारियों को सांप सूंघ जाता है। और जब कोई सरकारी योजना या किसी उद्योगपति को जमीन चिन्हित करना हो तो किसी भी स्थान को नजूल की जमीन बताकर पीढ़ियों से खेती कर रहे किसानों को और भूस्वामियों को वहां से उजाड़ दिया जाता है। और जमीन बड़ी बड़ी परियोजनाओं के लिए चिन्हित कर ली जाती है। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि जब परियोजनाओं के लिए जमीन चिन्हित की जा रही है, तो किसानों और भूस्वामियों की निजी भूमि प्रशासन द्वारा चिन्हित क्यों नहीं की जा रही है? गुप्तारघाट पर जिन दुकानदारों ने कई पीढ़ियों से अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन पानी की व्यवस्था कराई, प्रशासन द्वारा उन्हीं दुकानदारों को उस स्थान से हटने का दबाव बनाया जा रहा है। उनको नई दुकानें देने का वादा किया गया था। नई दुकानों का निर्माण भी हुआ। परंतु जब आवंटन का समय आया, तो गुप्तार घाट पर उन दुकानों को भारी कीमतों पर नीलाम कर दिया गया। जिससे उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इन्हें पुनर्वासित किया जाय। इसी प्रकार दर्शन नगर के समीप एयरो सिटी के नाम पर अयोध्यावासियों को गुमराह किया गया। यदि आगे भी ऐसा ही चलता रहा और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा तानाशाही रवैया ही रखा गया, तो आने वाले चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## स्वतंत्र देव सिंह की प्रेस में पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड की मांग, मंत्री जी बोले ये क्या होता है

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** सर्किट हाउस में प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की केंद्र सरकार द्वारा पारित बजट को लेकर प्रेस वार्ता रविवार को हुई। प्रेस वार्ता के दौरान एनयूजे उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता ने पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड की मांग किया।प्रदेश सरकार के मंत्री ने पूछ कि यह क्या होता है। जब आयुष्मान कार्ड के बारे जानकारी दी गई तो उन्होंने आश्वासन दिया कि पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की मांग शासन में उठाएंगे। बताते चले कि स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर मोदी सरकार की आयुष्मान कार्ड की बड़ी योजना रही है लेकिन प्रदेश सरकार को मंत्री को मोदी सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना की जानकारी नहीं है।

# जिले के सभी बूथों पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं के द्वारा सुनी गई प्रधानमंत्री की मन की बात

## समाज के अंतिम छोर पर बैठ व्यक्ति को सरकार की योजनाओं व पहल का लाभ मिला है;स्वतंत्र देव सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री की मन की बात महानगर तथा जिले के सभी बूथों पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं के द्वारा सुनी गई। तकपुरा में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, हर्षवर्धन सिंह, लक्ष्मण वर्मा, हरभजन गौड़, पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने सहादतगंज कैम्प कार्यालय, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने मणिराम दास जी छावनी वार्ड, विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने रिकाबगंज कैम्प कार्यालय, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कौशलपुरी कालोनी स्थित आवास पर, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल व कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने हैरिंग्टनगंज मंडल के ग्राम पंचायत रेउना, में प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी।इस दौरान जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा अन्त्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम छोर पर बैठ व्यक्ति को सरकार की योजनाओं व पहल का लाभ मिला है यह सब पीएम मोदी की दूरदर्शी नीतियों के कारण सम्भव हुआ है।पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। सरकार के मूल में लोक कल्याण की भावना निहित है।जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि राष्ट्र के विकास की अद्भुत यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण सम्भव हुआ है।महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से आज समाज का हर वर्ग खुद को जोड़कर देख रहा है। प्रधानमंत्री का जनता से संवाद कई सामजिक अभियान को गति प्रदान करने का परिचायक बना है। कार्यक्रम जनता में राष्ट निर्माण के साथ चरित्र निर्माण के भाव को समाहित करने में सफल हुआ है।



विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम ने मनन व चिंतन के दृष्टिकोण को विकसित किया है। यह जनता की सोच में बदलाव लाने में सक्षम हुआ है।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि मन की बात की मुख्य उद्देश्य राष्टनिर्माण के साथ ही चरित्र निर्माण करना है। कार्यक्रम ने लोकप्रियता को लेकर कीर्तिमान स्थापित किया है। देश हित के अभियानों को गति प्रदान करने के हित में अच्छा कार्य कर रहे लोगों से सीधे संवाद कर प्रधानमंत्री ने उनका उत्साह वर्धन किया है।

# अवध विवि के 14 केन्द्रों पर एलएलबी की परीक्षा सकुशल सम्पन्न

## एलएलबी के 09 परीक्षार्थी सचलदल की तलाशी में धरे गए

**▸▸विवि की बीएड व एमएड की मुख्य परीक्षा 29 जुलाई से**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 14 केन्द्रों पर 35 लॉ कालेजों की एलएलबी तृतीय वर्षीय एवं पंचवर्षीय सम सेमेस्टर परीक्षा सकुशल सम्पन्न हो गई। रविवार को एलएलबी परीक्षा के अंतिम दिन प्रथम पाली में एलएलबी त्रिवर्षीय की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में बाराबंकी जिले में सचलदल की सघन तलाशी में लक्ष्मीदेवी लॉ कालेज में 08 व जस्टिस लॉ कालेज में 01 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़ा गया। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि एलएलबी की सम सेमेस्टर की परीक्षा 35 लॉ कालेजों के 14 केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न हो गई।




विश्वविद्यालय के सचलदल द्वारा बाराबंकी जिले के दो केन्द्रों पर कुल 09 परीक्षार्थियों को अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़ा तथा परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई। इस दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढग से सम्पन्न हुई।दूसरी ओर मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने परीक्षा नियंत्रक के हवाले से बताया कि विश्वविद्यालय की बीएड व एमएड परीक्षा 29 जुलाई से शुरू हो रही, जो 07 अगस्त तक चलेगी। सात जिलों के सम्बद्ध 23 केन्द्रों पर 261 महाविद्यालयों की परीक्षा होगी। जिनमें 37 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए केन्द्रों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर दिया गया है।

# अयोध्या- 14 व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर भी दिखेगा फसाड

**▸▸अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन रोड व नाका रोड का होगा फसाड से सौंदर्यीकरण,एडीए ने 30 करोड़ का प्रोजेक्ट किया तैयार**

**▸▸शासन से मंजूरी मिलते ही शुरू हो जाएंगे कार्य**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या में वह दिन दूर नहीं जब रामपथ और भक्तिपथ की तरह 14 व पंचकोसी मार्ग भी चमचमाएंगे। दोनों ही मार्गों को खूबसूरत बनाने के लिए फसाड का इस्तेमाल किया जाएगा। दोनों ही मार्गों पर कार्निस, शॉप साइनेज व शटर पेंट आदि ठीक रामपथ की तरह दिखेंगे। इसके अलावा अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन और नाका रोड भी फसाड के सौंदर्यीकरण से लकदक नजर आएंगी। इसके लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने लगभग 30 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट तैयार किया है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले केंद्र व प्रदेश कि योगी सरकार ने अयोध्या के लिए खजाना खोल दिया था। इस दौरान तमाम परियोजनाएं धरातल पर उतरीं और उन्हें पंख लग गए। इन्हीं परियोजनाओं में अयोध्या के कुछ मार्ग भी शामिल हैं। रामपथ, भक्तिपथ व जन्मभूमिपथ।

तीनों ही मार्गों पर अयोध्या विकास प्राधिकरण का फसाड चार चांद लगा रहा है। अब फैसला किया गया है कि निर्माणाधीन 14 व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर भी फसाड सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन रोड व नाका रोड पर भी फसाड का इस्तेमाल करने के लिए विकास प्राधिकरण में योजना तैयार कर ली गई है।

### इससे पहले रामपथ व जन्मभूमि पथ भक्तिपथ पर करोड़ की लागत से कराया गया फसाड सौंदर्यीकरण

फसाड सौंदर्यीकरण का कार्य विकास प्राधिकरण ही कराता है। रामपथ पर फसाड के लिए 30.93 करोड़ की लागत आई थी। 13 किमी में कार्निस, बाउंड्रीवॉल, पैरापेट, शॉप साइनेज व शटर पेंट आदि का कार्य हुआ था। वहीं 750 मीटर वाले भक्तिपथ पर 4.20 करोड़ रुपये की लागत आई है, जबकि 500 मीटर वाले जन्मभूमि पथ पर 5.10 करोड़ की लागत से पूर्व निर्मित भवनों का सौंदर्यीकरण, बाउंड्रीवॉल व जीआरसी क्लैडिग का कार्य हुआ है।

### शासन को भेजी गई है डीपीआर

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया कि अयोध्या को पर्यटन नगरी बनाने के लिए विभाग की ओर से तमाम कार्य कराए जा रहे हैं।

कहा कि फसाड सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 30 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट की डीपीआर शासन को भेजी गई है। निर्माणाधीन मार्गों के पूरे होने व शासन से डीपीआर को मंजूरी मिलते ही कार्य शुरू कराया जाएगा।

# इस वर्ष का बजट सर्वसमावेशी, बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान दिया गया -मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** प्रदेश सरकार में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह का कहना है कि इस वर्ष का बजट सर्वसमावेशी है। बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान दिया गया है। सभी को साथ लेकर चलने वाला बजट सरकार के संकल्पों को दिखाता है। महिला, युवा, किसान व गरीब के लिए बजट में सम्भावनाएं है।उक्त बातें उन्होंने रविवार को सर्किट हाउस में कही। बजट को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को वह सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट में वित्त मंत्री ने उत्तर प्रदेश में विकास के लिए 2.44 लाख करोड़ का आवंटन किया है। इस बजट से राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग व उर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। बैंक कर्ज गारंटी योजना से उत्तर प्रदेश की 20 लाख इकाईयों को जीवनदान मिलेगा व 22 लाख नए उद्यमी तैयार होंगे। केन्द्र सरकार की ओर से एक हजार आईटीआई को हब और स्पोक व्यवस्था में अपग्रेड करने की घोषणा में उत्तर प्रदेश के 100 आईटीआई कालेज अपग्रेड होने की उम्मीद है। इससे 3.5 लाख युवाओं को फायदा होगा। इंटर्नशिप योजना उत्तर प्रदेश में दो लाख युवाओं को लाभान्वित करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक कारीडोर विकास कार्यक्रम के अर्न्तगत 12 औद्योगिक पार्कों को मंजूरी दी जाएगी। देश के 100 बड़े शहरों के लिए जलापूर्ति सीवेज ट्रीटमेंट और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाएं एवं सेवाएं उपलब्ध करायी जायेगी। एक लाख करोड़ के वित्तीय कोष से निजी क्षेत्र में वार्णिजिक स्तर पर अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। मोदी सरकार ने उच्च शिक्षा हेतु छात्रों को 10 लाख रुपये तक ऋण के लिए वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया है। नयी टैक्स व्यवस्था में वेतन भोगी कर्मचारियों को आयकर में 17 हजार 500 रुपये तक का टैक्स लाभ देने का प्राविधान बजट में दिया गया है। खरीफ फसलों का डिजटल सर्वेक्षण किया जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की शुरुआत की जाएगी। जिसके तहत 25 हजार ग्रामीणों बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़के उपलब्ध करायी जाएगी। मौके पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, हर्षवर्धन सिंह मौजूद रहे। बजट को लेकर सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बजट की विशेषताओं के बारें में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।



# शिक्षक डायरी एवं टीचिंग प्लान पर दे विशेष ध्यान- बीएसए



**बलरामपुर।** निपुण भारत कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवम् अनुश्रवण के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के उप शिक्षा निदेशक व प्राचार्य हिफजुर्रहमान के निर्देशन में समस्त एस आर जी, ए आर पी व डायट मेंटर की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजित की गई यह बैठक पहली बार नवागत ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला की अध्यक्षता में डायट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में ए आर पी एवं एस आर जी ने नवागत ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बुके भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन राज्य संदर्भदाता समूह सदस्य महमूदुल हक ने किया। निर्धारित एजेंडा के बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सपोर्टिव सुपरविजन के दौरान शिक्षकों अकादमिक गतिविधियों के संचालन में आ रही समस्याओं को पहचान कर उसका निदान किया जाना आवश्यक है। जो भी विद्यालय सुपोर्टिव सुपरविजन हेतु चयन किया जाए वह यूनीक होना चाहिए। इस दौरान कम से कम दो घंटे का समय, पांच स्पॉट असेसमेंट किया जाना आवश्यक है। सभी ए आर पी और एस आर जी भ्रमण के दौरान शिक्षकों द्वारा किए जा रहे बेस्ट प्रैक्टिस व नवाचारों का संकलन अपने पास तैयार रखेंगे। अगले माह की समीक्षा बैठक में रेंडम रुप से दो ब्लॉक के ए आर पी द्वारा अपनी सपोर्टिव विजन के दौरान की गई गतिविधियों को सभी के सामने साझा दिया जाएगा।

जिसे जनपद में चल रही गतिविधियों को अन्य विद्यालयों तक पहुंचाया जा सके ताकि जिले को निपुण बनाया सके। इसके अतिरिक्त तीनों मॉड्यूल, क्रियान्वयन संदर्शिका, प्रिंट रिच मैटेरियल, निपुण तालिका पर शिक्षक की समझ और उपयोग को बेहतर बनाने का भी सुझाव दिया गया। शिक्षक डायरी, टीचिंग प्लान का नियमित उपयोग करने हेतु सुझाव दिया गया।

जिला समन्वयक प्रशिक्षण मोहित देव ने शिक्षण के दौरान दीक्षा विडियोज के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह कक्षा एक से तीन तक के बच्चों का निपुण आकलन निपुण लक्ष्य आपके माध्यम से किया जाना सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य है साथ ही निपुण लक्ष्य एप में निपुण संवाद मॉड्यूल के माध्यम से विभागीय सूचनाओं एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी के लिए सभी शिक्षक प्रतिदिन निपुण लक्ष्य अवश्य लॉगिन करें। शिक्षण के दौरान गणित , व साइंस किट के उपयोग को अवश्य करने पर जोर दिया गया है। बैठक के अंत में पांच दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किया गया। इस बैठक में एस आर जी नवीन कुमार, आलोक शर्मा, प्रतिमा सिंह के साथ मुनव्वर मलिक, अजीत पांडे, सुनील कुमार, अरुण मिश्रा, पंकज पांडे सहित समस्त ए आर पी मौजूद रहे।

# पति पत्नी के निधन पर खेल मंत्री ने परिजनों से भेंट कर संवेदनायें प्रकट किया

**जौनपुर ।** शनिवार को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव जी ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मनेछा निवासी नरसिंह पुत्र रामअजोर एवं सुदामा पत्नी नरसिंह का विगत दिनों सड़क दुर्घटना में दोनो पति पत्नी का निधन हो गया था के परिजनों से भेंट की। खेल मंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर संवेदनायें प्रकट किया एवं उनके पुत्र गण अमन, शुभम, रणजीत एवं शिवम को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत रु. 5,00,000 (रु. पाँच लाख) (स्व. नरसिंह) एवं रु. 5,00,000 (रु. पाँच लाख) (स्व. सुदामा) की सहायता का कुल रु. 10,00,000 (रु. दस लाख) का स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया। इसी क्रम मे विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मानीकलां निवासी भारत पुत्र स्व. अंगनू का विगत दिनों ट्रेन से दुर्घटना में निधन हो गया था। खेल मंत्री शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर संवेदनायें प्रकट किया एवं उनकी धर्मपत्नी सुरसत्ती जी को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत रु. 5,00,000 (रु. पाँच लाख) की सहायता का स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान दिया।

# 9 अगस्त के प्रदर्शन को लेकर शिक्षामित्रों ने बनाई रणनीति

## नॉर्मल स्कूल कैंपस में बैठक कर ब्लॉकवार दी जिम्मेदारी



**बलरामपुर।** रविवार को आदर्श सामाजिक शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन जिला इकाई ने नॉर्मल स्कूल कैंपस में बैठक आयोजित की। बैठक में आगामी 9 अगस्त को जिलाधिकारी कार्यालय पर होने वाले धरना प्रदर्शन की रणनीति बनाई गई है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि अल्प मानदेय में शिक्षामित्र परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के बराबर काम कर रहे हैं शिक्षामित्र को उनके कार्य अनुभव के आधार पर सहायक अध्यापक बनाया जाए शिक्षामित्र की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं बढ़ती महंगाई मेंमानदेय जो मिल रहा है

वह बहुत ही मामूली है इसमें परिवार की जीविका चलाना आसान नहीं है जिला मंत्री नाम बाबू विश्वकर्मा ने कहा कि हम अपने अधिकारों को लेकर संघर्षरत हैं जिले के सभी शिक्षामित्र को संघर्ष में कंधे से गंदा मिलकर साथ देना चाहिए बैठक में जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने कहा कि शिक्षामित्र का आंदोलन चरण वध तरीके सेतब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है।

जिला महिला उपाध्यक्ष प्रतिभा श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष राम जी शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष तुलसीपुर अनुज सिंह ब्लॉक अध्यक्ष श्री दत्त संसद में वर्मा ब्लॉक संरक्षक शिवपुर भीष्म शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष सदर अजय पासवान ब्लॉक उपाध्याय सीरतगंज संतोष पांडेय तुलसीपुर ब्लॉक महामंत्री अब्दुल्ला जिला प्रवक्ता अरुण सिंह अनवर उल हक काजिम अखिलेश तिवारी अंजू पांडे आशा सिंह आदि शामिल रहे हैं।

# तहसील परिसर में हुए जबरन कब्जे को एसडीएम ने हटावाया



**सुलतानपुर।** तहसील परिसर में कई दुकानें गुमटी रख कर प्रतिबंधित मादक पदार्थ जैसे पान बीड़ी, सिगरेट, गुटखा धड़ल्ले से बेंच रहे है। वही हर दिन उपनिबंधक दफ्तर की तरफ स्थाई तौर पर दस्ताबेज लेखक, स्टांप बेंडर दुकानें बना कब्जा करते चले जा रहे है। वही इस परिसर में 05 अदालते संचालित हैं।इसके बावजूद यहां वकालत करने वाले अधिवक्ताओं को अपना एक अदद तख्त रखने की इजाजत नहीं है। इस परिसर में पीछे कई अफसर निवास करते है। सामने कोतवाली नगर भी है।फिर भी बेखौफ हो देर शाम जमावड़ा लगता है।

वही पता चला है कि आज कोई अधिवक्ता अथवा दस्तावेज लेखक मुख्य गेट के निकट छप्पर व तख्त रख लिया था। जिसे एसडीएम सदर टीपी सिंह के निर्देश पर तहसीलदार हृदय राम तिवारी ने हटवा दिया है। जबकि सच तो यह है अधिवक्ताओं के बैठने की सुविधा होनी चाहिए। तहसील के तरफ से आबंटित कैंटीन नीलामी के बाद बंद ही रहती है। साइकिल स्टैंड के ठेकेदार 05 रु के बजाय दस रु वसूलते है किसी की नजर नहीं पड़ती।


# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर का निरीक्षण



**जौनपुर ।** सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार श्री बौद्ध अरविंद सिंह पटेल जी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी वार्डो में जाकर वहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाओ के संबंध में जानकारी प्राप्त की और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन रोस्टर के हिसाब से बेड पर चादर बदली जाएं, दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रहे, आम जनमानस को किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। माननीय सदस्य द्वारा कोविड काल के दौरान रखे गए संविदा कर्मचारियो से वार्ता भी की गई। इसके उपरांत माननीय सदस्य महोदय द्वारा विकासखंड का निरीक्षण किया गया

# तकनीकी सुविधाएं लेने के साथ साइबर क्राइम से बचें- डॉ0 डी. एल. गुप्ता






**सुलतानपुर ।** कमला नेहरू प्राद्योगिकी संस्थान के कम्प्यूटर व साइबर सेल के जानकार व कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ0 डी. एल. गुप्ता ने यहां कहाकि सुविधाओं की बढ़ती नई-नई तकनीकी व्यवस्था में दुनिया में तेजी से साइबर क्राइम भी बढ़ा हैं। नए-नए तरीकों से साइबर घटनाओं के खुलासे सामने आ रहे हैं। फिंगरप्रिंट जैसी बायोमेट्रिक से भी बचाव की सख्त जरूरत हैं।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इनरव्हील क्लब के प्रोजेक्ट पर साइबर क्राइम एवं साइबर सुरक्षा पर डॉ गुप्ता ने अमहट स्थित सूर्या एकेडमी पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहाकि उन्नत बायोमेट्रिक सुरक्षाः ऐसे उपकरण और सॉफ्टवेयर का उपयोग करें जो फिंगरप्रिंट डेटा को सुरक्षित तरीके से संग्रहीत और प्रबंधित करते हैं।

केवल फिंगरप्रिंट के बजाय, द्वि-कारक प्रमाणीकरण (2ऋ) का उपयोग करें, जिसमें एक अतिरिक्त सुरक्षा परत हो जैसे कि पासवर्ड या ओटीपी (वन-टाइम पासवर्ड)। अपने उपकरणों और सॉफ़्टवेयर को नियमित रूप से अपडेट रखें ताकि सुरक्षा खामियों को पाटा जा सके। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल भारत सरकार का एक ऑनलाइन प्लेटफार्म है, जो साइबर अपराधों की रिपोर्ट करने के लिए नागरिकों को एक सुरक्षित और सुलभ माध्यम प्रदान करता है।

यह पोर्टल नागरिकों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों की शिकायत दर्ज करने की सुविधा प्रदान करता है। साइबर क्राइम में महिला और बच्चों के खिलाफ साइबर अपराध जैसे यौन उत्पीड़न, बाल अश्लीलता, साइबर बुलिंग आदि है। बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी में ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड, फिशिंग आदि है।

कार्यक्रम में इनरव्हील की अध्यक्ष श्रीमती अलका गुप्ता, एडिटर बबिता केसरवानी तथा सूर्या अकैडमी के छात्र-छात्राएँ, अध्यापक-गण, प्रबंधक श्रीमती रंजना शंकर आदि उपस्थित रहे।

# महाराजा दक्ष प्रजापति की मनायी गयी जयन्ती



**जौनपुर।** नगर के रशीदाबाद में चक्रदूत प्रजापति समाज द्वारा भगवान महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर उपस्थित जनों ने भगवान दक्ष प्रजापति के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुये माल्यार्पण करके पूजन–अर्चन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये अध्यक्ष बसन्त प्रजापति उर्फ अनिल सभासद ने भगवान दक्ष के इतिहास पर प्रकाश डालते हुये कहा कि हम एकजुट होकर कोई भी कार्य करेंगे तो समाज में एकता की क्रांति आएगी। इसी क्रम में महासचिव अजय प्रजापति एडवोकेट ने शिक्षा व एकता पर बल दिया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन लाल प्रजापति ने कहा कि संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा। अगले वर्ष विशाल रूप से भगवान दक्ष प्रजापति की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।इस अवसर पर संस्थापक महेन्द्र प्रजापति, संरक्षक चन्द्रशेखर प्रजापति, उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, संतोष प्रजापति, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र प्रजापति, मीडिया प्रभारी आनन्द प्रजापति, विकास प्रजापति भागीदारी पार्टी पीके, कोषाध्यक्ष सावन प्रजापति, रीता प्रजापति, प्रीति प्रजापति, सुषमा प्रजापति, सोनी प्रजापति, सार्थक प्रजापति सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# औसत से कम बारिश होने से धान की फसल पर संकट गहराया, किसान मायूस

**सुलतानपुर।** जनपद सुलतानपुर के कई हिस्सों में बारिश की कमी के कारण किसानों की धान की फसल पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। मॉनसून के दौरान सामान्य से कम वर्षा होने के कारण खेतों में पानी की कमी हो गई है, जिससे धान की फसलें सूख रही हैं और उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

किसान बताते हैं कि इस वर्ष धान की फसल के लिए आवश्यक जल नहीं मिल पा रहा है। पिछले कुछ महीनों में बारिश की इतनी कमी रही कि फसल को पर्याप्त पानी नहीं मिल सका, एक स्थानीय किसान ने कहा इससे हमारे खेत सूख गए हैं और धान की पैदावार पर इसका सीधा असर पड़ा है।मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस साल बारिश का औसत सामान्य से 30त्न कम रहा है, जिससे न केवल धान बल्कि अन्य खरीफ फसलों पर भी असर पड़ा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि अगले कुछ हफ्तों में भी बारिश नहीं होती है, तो किसानों की समस्याएँ और बढ़ सकती हैं। कृषि विशेषज्ञों ने सरकार से किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने और सूखा प्रभावित क्षेत्रों में सिंचाई के वैकल्पिक साधनों की व्यवस्था करने की अपील की है। किसानों को तत्काल राहत की आवश्यकता है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो इससे किसानों की आर्थिक स्थिति और भी खराब हो सकती है, एक कृषि विशेषज्ञ ने कहा। सरकार ने भी स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए राहत पैकेज की घोषणा की है, जिसमें किसानों को आर्थिक मदद, मुफ्त बीज और सिंचाई के लिए उपकरण शामिल हैं। हालाँकि, किसानों का कहना है कि इन उपायों का लाभ तब तक नहीं मिलेगा जब तक बारिश नहीं होती और फसलों को पानी नहीं मिलता। इस वर्ष की कमी के बावजूद, किसान अपनी उम्मीदें नहीं खो रहे हैं और अगले मॉनसून के बेहतर होने की प्रार्थना कर रहे हैं। ÷हमने कई कठिनाइयों का सामना किया है, लेकिन हम आशावान हैं कि भविष्य में स्थिति बेहतर होगी, एक अन्य किसान ने कहा स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सभी की नजरें अब आसमान पर टिकी हैं, उम्मीद है कि जल्द ही बारिश होगी और किसानों की धान की फसल को जीवनदान मिलेगा।

# राजस्व पटल पर धूल फांक रही है हद बरारी की सैकड़ों पत्रावली

## वर्षो से तहसील का चक्कर काट रहे है कई किसान

**सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील भ्रष्टाचार के मामले में नंबर वन पर है। काश्तकार अपनी ही जमीन की पैमाईश करवाने के लिए सरकारी शुल्क जमा करता है। और धारा 24 के अंतर्गत तहसील में अपनी जमीन की पत्रावली जमा करवाता है। लेकिन सवाल यह है कि सरकारी शुल्क जमा करने के बावजूद भी उसकी जमीन की पैमाइश बगैर सुविधा शुल्क लिए नहीं की जाती। पहले कच्ची पैमाइश की जाती है। जिसमें राजस्व कर्मियों का रेट निर्धारित होता है। काश्तकार द्वारा कच्ची पैमाइश के पूर्व पहले राजस्व कर्मी को उनके बताएं अनुसार सुविधा शुल्क को देता है। बावजूद इसके कच्ची पैमाइश हो गई तो पक्की पैमाइश पत्थर नसब करवाने के लिए काश्तकार एड़ी चोटी का दांव लगाता है। लेकिन फिर भी काश्तकार की जमीन की पैमाइश नहीं हो पाती। कई काश्तकार तो वैसे हैं जो वर्षो से तहसील बल्दीराय का चक्कर काट रहे हैं। लेकिन उनकी पत्रावलियों में कच्ची पैमाईश होने के बाद कोई भी कार्रवाई हो पाना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में अधिवक्ताओं द्वारा उप जिलाधिकारी से शिकायत भी की गई। लेकिन हाल वही ढाक के तीन पात जैसी कहावत चरितार्थ होकर रह गई। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा बीही निदूरा निवासी किसान प्रदीप सिंह और सादुल्लापुर गांव निवासी पूर्व सैनिक परवेज अहमद ने बताया कि दो वर्ष पूर्व धारा 24 के अन्तर्गत जमीन पैमाईश करवाने हेतु पत्रावली राजस्व पटल पर जमा की थी। एक वर्ष बाद काफी मशक्त के बाद कच्ची पैमाईश हुई बावजूद इसके पक्की पैमाईश के लिए कई बार उप जिलाधिकारी तहसील समाधान दिवस पर प्रार्थना दिया। लेकिन मनमानी आख्या लगाने में माहिर राजस्व कर्मी आनलाईन रिपोर्ट देकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन कर दिया। पक्की पैमाईश आज तक नही हो सकी। यही हाल ग्राम सीकरी के किसान दिलीप मिश्रा की धारा 24 की पत्रावली में है ये दो किसान तो बानगी भर है।

तहसील क्षेत्र के वलीपुर, पारा, बहुरांवा व चक्कारी भीट सहित दर्जन भर गांवो के किसान विगत वर्षो से ही परेशान है।जबकि शासनादेश जारी किया गया था कि जमीनों की पत्रावलियों का निस्तारण अति शीघ्र किया जाय। लेकिन यहां अधिकारियों द्वारा पत्रावलियों को नजर अंदाज किया जा रहा है।

# मैं ओर मेरा रहस्यमय गोबर ज्ञान 'व्यंग्य'

**आत्माराम यादव पीव वरिष्ठ पत्रकार**

मैं जन्म से ठेठ ग्वाला हूॅ और ग्वालटोली के हर ग्वाले के घर में पली-बढ़ी गायों-भैसों को जंगल में चरवाहों द्वारा घर से जंगल आने-जाने और चारागाह जंगलों में चरवाही करने पर मैं गायों-भैसों की फितरतों को समझने लगा था, या यूॅ कहू कि मुझे गाय-भैसों की हर परिस्थिति, हर समस्या का ज्ञान हो गया था। चॅूकि उस समय ग्वाले दूध और कण्डे बेचकर अपना घरखर्च चलाते थे इसलिये उन्हें गाय-भैसों के आंग देखकर उनके दूध दिये जाने का सटीक अनुमान हो जाता था। कण्डों की मॉग घरों में थी परन्तु होटलों में कोयले की भट्टी सुलगाने के लिये कण्डों के ज्यादा दाम मिलते थे, इसलिये होटलवालों को कण्डे बेचना मुझे अच्छा लगता था, तभी ग्वालटोली के हर घर से गाय-भैसों का झुण्ड निकलकर बेरवन में एकत्र होता जहॉ से इकठ्ठे जानवरों को चरवाहे जंगल ले जाया करते, तब मैं और मेरे जैसे कई बच्चे सिर्फ गाय-भैसों का गोबर टोकरी में भरकर गुबार/जहॉ कण्डे थोपे जाते है, गोबर इकटठा कर कण्डे/उपले थाप कर कण्डों का कारोबार करते थे, साथ ही स्कूल की किताब ले जाकर पढ़ाई भी चलती थी।

गाय कम गोबर करती और भैसें थपाल करती, यानि गाय से दूना गोबर करती, इसलिये गोबरप्रेमी होने से मुझे भैसों से ज्यादा प्रेम था और मैं गायों की अपेक्षा भैसों के गोबर करने का इंतजार करता था। गाय कभी भी अच्छे-बुरे पानी में नहीं घुसती, परन्तु भैसों में एक बुराई थी वे एसपीएम से निकलने वाले गंदेगटर सहित रहवासियों के निकासी के नालों-कीचड़ में लोट लगाया करती थी, तब मैं देखता कि वहॉ अनेक बगुले कहीं से आ धककते। बगुलों को गंदगी से अत्यन्त प्रेम है, क्योंकि उस गंदगी से उनका भोजन मछली, कीडे-मकौडे उन्हें सहज ही बिना खूनपसीना बहाये मिलते है। मैं समझ चुका था कि बगुलों का आना भैसों को गंदगी के कारण है। मुझे तब मायूस होना पड़ता था जब वे कीचड में ही गोबर कर देती वह मेरे लिये घाटे का सौदा होता, परन्तु जब झुण्ड में उन्हें बाहर निकालने पर एक दो भैस को छोड अधिकांश भैसें बाहर गोबर करती तो मेरी खुशी का पारा नही रहता और मेरा गोबर का पात्र कई बार भर जाया करता जो मेरे लिये फायदेमंद रहता था। भैसें गोबर कब, कहॉ करेंगी उनकी पूछ उठाने की भावदशा, जुगाली कर सिर आगे पीछे करने,रम्भाने से ही यह ज्ञान हो जाता था । भैसों की मानसिकता से प्राप्त ज्ञान पर आज लिखने की नासमझी कर रहा हूॅ, आप मेरे इस गोबर ज्ञान पर हॅसेंगे, हॅसिये, पर क्या करू अपना गोबर ज्ञान का रहस्य दिमाग में पचा जाऊं यह मुझसे नहीं होगा ।

मुझे गायों के गोबर से बनने वाले गोबर गणेश की पूजा पर गाय के गोबर पर गर्व होता पर गणेशभक्त होने से पण्डित पर गुस्सा भी आता कि वे गोबर के चूहा क्यों नहीं बनाते, जिसके बिना गणेश अधूरे है। अगर गणेश की बात की जाये तो चूहे की बात आ ही जाती है और चूहे से शुरू करें तो गणेश आ ही जाते है, इसलिये तर्क कुतर्क समाप्त करते हुये मूल बात की जाए कि जीवन रूपी बगुला, यह मन दिनरात इन्द्रिय रूपी भैसों में रमा रहता है, गायों अर्थात संतों की ओर अब पंडितों की यह नजर नहीं जाती है जिससे मेरी आस्था लहूलुहान है। गाय के गोबर के बिना अब पण्डित भैस के गोबर गणेश बनाकर पूजने लगे, मुझे तथाकथित बगुला भक्तों की खोपड़ी पर तरस आता है, पर वे या करें जब दुनिया भैस और बगुलों को परम पद देने को तैयार है तो बेचारे भैंस के गोबर गणेश क्या कर सकते है।

बगुलों की एकता की मिसाल बगुला भक्तों में दिखाई देती है, इसलिये वे सब मिलजुल कर एक दूसरे की मुट्ठी गरम करते है और आपस में बांटकर खाने में विश्वास करते है, इन्होंने देश को आर्थिक रूप से कर्ज में डुबोकर प्रत्येक नागरिक को कर्जदार बनाकर विकास का कीचड़ मचा दिया है। बगुले संत के रूप में किसी ध्यानी की तरह मौन शांत बैठे दिखते है और अवसर का लाभ उठाकर मछली, कीड़े मकोड़े का शिकार करते है। दुनिया के किसी भी कोने में देख लीजियेगा, जहां भैंसे किसी भी गंदले नालों-कीचड़ में लौरती है, वहाँ तुम्हें बगुलों का झुंड अवश्य दिखाई देगा, इसका कुल इतना कारण समझ में आया कि बगुले अपनी सफेदी की आड में बगुला भगत बन शिकार करते है, यानी पेट पूजा करते है। जब भी भैसें कीचडनुमा नालों में, गटरनुमा पानी में घुसती है तब उसमें पलने-बढ़ने वाली मछलियॉ आदि भैसों के घुसते ही स्वयं की सुरक्षा हेतु किनारों की ओर प्राण बचाने दौडती है परन्तु वहॉ प्राण बचने की अपेक्षा घात लगाये बगुलों को इन नालों में भैसों के घुसते ही मछलियॉ कम पानी होने से किनारों की ओर भागती है, तब बगुले बिना मेहनत इनका शिकार करते है।

बगुले के अवगुणों को दवाकर उन्हें श्वेत धवल रंग में बिलकुल सफेद, स्याह सफेद होने का गौरव मिला, पर उनकी असली पहचान तो उनका गंदगी पर बैठना, भैसों की संगत में रहकर मछली का शिकार करना, कीड़े मकौडे खाना है। भैसों को गंदगी हमेशा निमंत्रित करती है, ठीक वैसे ही जैसे व्यापारी को ज्यादा मुनाफा कमाने के लिये मिलावट, भ्रष्टाचार और बेईमानी आमंत्रित करती है। हमारे नेताओं ने बगुले की तरह स्याह सफेद झक कपड़ों में खुद को लपेट लिया है, यह अलग बात है कि दुनियाभर के राजनेता रंगबिरंगे परिधानामें में मिल जायेंगे। हर स्थानीय बड़े नेताओं ने बगुले से सफेदी लेकर अपने को बगुलाभगत बना लिया है और अपनी फितरत में बगुले का मतलबी, शातिरपना और घाघ होने का गुण अपना लिया है। जो बगुलाभगत नहीं बन सके उन्होंने अपने को व्यापारी बना लिया है और अतिरिक्त कमाई के लिये, या कहिये सारे काले कारनामों के लिये इनका परचम लहराता है और बगुलाभगत नेता अपने दिमाग के केनवास पर सैकडों किस्म की भ्रष्टाचाररूपी क्यारियॉ तैयार कर अपने छुटभैईया नेता आईमीन चमचों से रोज पैदा होने वाली फसल काटता है।

बगुला भक्तों के पास भ्रष्टाचार रूपी फसल के बीज रिश्वत, कमीशन होते है, जो जब बोये तभी काटने को तैयार होती है, ये फसल असुर रक्तबीज की तरह होती है जो एक बून्द बोयी, तुरंत हजार बूंद पककर तैयार हो जाती है, तभी तो बगुला भगत के आगे कई चमचे, पीछे कई चमचे, दॉये कई चमचे, बॉये कई चमचे, यहाँ चमचे, वहाँ चमचे, बस चमचे ही चमचे होते है जो रोजाना होने वाले निर्माण कामों, कभी न पूरा होने वाले कामों के शिलान्यास के फोटो में मुस्कुराते छप इस फसल का प्रचार करते है। पूरे देश में विकास की गंगा बह रही है, आपके नगर,गांव मोहल्ले में विकास का सागर हिलोरे मार रहा है,

# रोस्टिंग के नाम पर की जा रही है अंधाधुंध कटौती

## लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे किसान



**सुल्तानपुर।** फसलों की सिंचाई के मौसम में बारिश न होने से सूखे जैसी स्थिति में बिजली किसानो को खूब रूला रही है। लगातार लो वोल्टेज की समस्या व समय से विद्युत आपूर्ति न होने से किसान की गाढ़ी कमाई खेत में सुख रही है। वही बिजली का उपभोग करने वाले उपभोक्ता ब्रेक डाउन, ओवरलोड व रोस्टिंग का मैसेज देख कर संतोष करने को मजबूर है।

बता दे स्थानीय पावर हाउस से सैकड़ों गावो को बिजली की सप्लाई होती है। कुड़वार पॉवर हाउस पर कुड़वार कस्बा,बहुबरा,सरैया माफी,भंडरा व राजापुर नाम से चार फीडर संचालित होते है। वर्तमान समय में लो वोल्टेज व ओवरलोड की वजह से 33 हजार की सप्लाई आने के बाद भी अभी फीडर एक साथ नहीं चल पाते।पूरे साल भर विभाग द्वारा 33 हजार लाइन के तारो को बदलने का कार्य किया गया लेकिन सप्ताह में तीन दिन 33 हजार लाइन ब्रेक डाउन का मैसेज जरूर ग्रुप पर आ जाता है। दूसरी तरफ लखनऊ कन्ट्रोल रूम से देहात क्षेत्रों में रोस्टिंग के नाम पर अत्यधिक कटौती की जा रही है।रविवार की ही बात करे तो सुबह 9 बजे से 12.15 तक रोस्टिंग की गई।उसके बाद 01 घंटा सप्लाई चलाने के बाद 01.15 से 04.30 बजे रोस्टिंग की गई।दिन भर बिजली गायब रहने से किसानो को मजबूरी में रात में फसलों को बचाने के लिए सिंचाई का जोखिम उठाना पड़ रहा है।वही ओवरलोडिंग में जो स्थानीय स्तर पर कटौती की जाती है उसकी भरपाई विभाग द्वारा नही की जाती। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान है।स्थानीय लोगो ने जन प्रतिनिधियों से भी शिकायत की लेकीन परीणाम शून्य रहा।

# महाकुंभ में व्यवस्था संभालने के लिए कर रहे मेरी छवि धूमिल- महंत रघुमुनी

**प्रयागराज।** हमारे यहां कुम्भ मेला के प्रबंधन व्यवस्था महंत बारी-बारी से देखते हैं। इस बार प्रयागराज महाकुम्भ का जिम्मा मुझे देखना था। मैं यह जिम्मेदारी न उठा पाऊं, इसके लिए मेरे ऊपर जमीन की खरीद फरोख्त सहित तमाम बेबुनियाद आरोप लगाया जा रहा है। ये बातें अखाड़ा बड़ा उदासीन के श्रीमत रघुमुनि ने प्रेसवार्ता में कहीं।



उन्होंने कहा कि अगर हर जमीन की खरीद-फरोख्त की होती तो इसके कागज विपक्ष के पास होते, लेकिन ऐसा नहीं है। केवल उनकी छवि धूमिल करने के लिए लगातार बयान बाजी की जा रही है। संत ने अखाड़ा के एक और महंत पर आरोप लगाया कि उनके समय में प्रयागराज में कई मकान बेचे गए हैं। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि एसआईटी गठित करें और उनके व दूसरे की ओर से कई खरीद-भूमिका की जांच कराएं। सब स्पष्ट हो जाएगा।

महंत रघुमुनि ने कहा कि स्वयं को सचिव कहने वाले व्यासमुनि ने पुनः एक फर्जी करवाही करते हुए 27 मई 2023 को एक बैठक उदासिन अखाड़ा प्रधान कार्यालय कीडगंज प्रयागराज में दिखा कर हमें 32 लोगो की उपस्थिति दिखाई जिसमें तीन मुखिया एवं महंत सहित 29 सदस्य की उपस्थिति दिखायी। जिसके बाद वर्तमान सचिव महंत अग्रदास ने पुलिस को अर्जी दी है। क्योंकि ये बैठक फर्जी रूप से दिखाई गई थी। पुलिस ने जांच में ये पाया कि ये सदस्य उक्त बैठक के लिए प्रयागराज कभी आए ही नहीं जिस पर कीडगंज पुलिस ने बीती 18 जुलाई को एफ.आई.आर. भी दर्ज कर ली।

उन्होंने कहा कि ये सारा विवाद 2025 कुंभ मेले के आयोजन को लेकर है। नियमतः अखाड़े के संविधान के अनुसर चारो पढ़त के बड़े महंतो को बारी-बारी से कुंभ मेला कराने का अधिकार दिया गया है। इसके मुताबिक 2025 का महाकुंभ के प्रबंधक मुखिया महंत का दयित्व महंत रघुमुनि (पश्चिम पद्धति) को है। उन्हें रोकने के लिए बिना किसी वैध अनुमति के ये लोग जमात एवं पंच परमेश्वर नियुक्त करके फर्जी कार्यवाही करने में लगे हुए हैं। इन लोगो ने मेला प्रबंधन के लिए 1.5 करोड़ का प्रस्ताव पास किया है जबकि पिछले कुंभ मेला जिन लोगो ने करवाया था उन लोगों पर गबन का आरोप लगा कर उसकी जांच की मांग की जा रही है।

## नंद किशोर विद्या भवन को 1-0 की बढ़त

**प्रयागराज।** नंद किशोर विद्या भवन ने ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज को चार रन से हराकर तीन मैचों की ईश्वर शरण ट्रॉफी अंडर-12 क्रिकेट सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली।

ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज मैदान पर रविवार को खेले गए सीरीज के पहले मैच में नंद किशोर विद्या भवन ने 21 ओवर में चार विकेट पर 88 रन (नितिन यादव 34, यथार्थ दुबे 20 नाबाद, उज्जवल, आलोक, अभिनंदन एवं रोनित एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज की टीम 16.3 ओवर में 84 रन (रोनित 28, प्रिंस सरोज 14, कुशल दुबे 3/08, दिव्यांशु 2/03, मानस त्रिपाठी 2/16) पर सिमट गई। दिव्यांश कुमार मैन ऑफ द मैच रहेइससे पहले मुख्य अतिथि डॉ. धीरेंद्र त्रिपाठी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

# शिविर में किया 47 यूनिट रक्तदान

**प्रयागराज।** आज सत्र 2024-25 का प्रयागराज लायंस का पहला रक्त दान शिविर अन्हा ब्लड बैंक प्रयागराज, में सम्पन्न हुआ, जिसका उद्घाटन डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय गुप्ता द्वारा किया गया। शिविर में कुल 47 यूनिट रक्तदान किया गया।

इसमें कई क्लब के सदस्यों ने रक्तदान टीम का सहयोग किया। इस मानवीय कार्य के लिए धर्मेंद्र मिश्रा, माला मिश्रा, उमेश कक्कर, सत्य रत्न यादव, हिमांशु, दीपक सोनी, अंजिला पीटर, पियूष गोयल, सुनील गुप्ता, ममता बंसल, डॉ. आनंद श्रीवास्तव, नीरज अग्रवाल, अजय अग्रवाल, रोहित जायसवाल, संत लाल वर्मा, रवि भूषण गुप्ता, ऋषि सेठी, राजकुमार जायसवाल, अर्चना जायसवाल, रितेश सक्सेना, अमित गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे। इसी क्रम में लायन




भरत हिरानी द्वारा आज अपना 64वां रक्तदान किया गया व नौजवान चेतन, हर्ष, शिखर, प्रखर, अमन, अंतरा, तृषा, आकर्ष द्वारा भी रक्तदान किया गया। मंडल की तरफ से सभी रक्त दनियों को स्नैक्स बॉक्स, अप्रिशिएशन सर्टिफिकेट व रक्त डोनर पिन द्वारा सम्मानित किया गया।

# सुपरवाइजरों की मनमानी से आंगनवाड़ी केन्द्रों का बुरा हाल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** विकास खंड कोरांव अंतर्गत बाल विकास परियोजना कार्यालय में नियुक्त सुपरवाइजरों की मनमानी वसूली के चलते बाल विकास परियोजना की आंगनवाड़ी योजना का बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक केंद्र में नियुक्त सुपरवाइजरों की मनमानी के चलते क्षेत्र में आज भी लगभग दो दर्जन केंद्र ऐसे है। जो कभी भी नहीं खुलते हैं। वैसे तो केन्द्र पर सीडीपीओं हमेशा यह आदेश जारी करते हैं कि जो अबैध वसूली करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। परन्तु ऐसा लगता है कि वे खुद इस कार्य के प्रति इतना सक्रिय नहीं है। तमाम शिकायतों के बावजूद यहां अबैध वसूली और पोषाहार बिक्री का सिलसिला बंद नहीं हो रहा है। वैसे तो यहाँ पर तैनात सीडीपीओं की गिनती इमानदान अधिकारियों के बीच की जाती हैं। कार्यभार ग्रहण के समय पर उन्होंने सख्ती भी दिखाई थी। और कहा था कि सारी व्यवस्था ठीक हो जाएगा। लेकिन समय के साथ सब कुछ बदल जाता है। यह कहावत चरितार्थ हो रही है। अब चोर - चोर मौसेरे भाई की कहावत नजर आ रही है।

कोरांव मे नियुक्त सुपरवाइजरों की इस मनमानी कार्यप्रणाली से आंगनवाड़ी केन्द्रों की दशा काफी दयनीय चल रही है। ऐसा नहीं है कि केन्द्रों के निरक्षण के दौरान ऐसा प्रतीत होता है कि इस योजना को बंद कर देना चाहिए। न तो आंगनवाड़ी केन्द्रों पर समय से पोषाहार वितरण किया जा रहा है। न तो बच्चों को हाट कुक का भोजन दिया जा रहा है। जबकि बच्चों के केन्द्रों पर स्वास्थ्य शिक्षा भोजन साफ - सफाई आदि तमाम तरह की व्यवस्थाऐ की गई है। परन्तु यहाँ तो आंगनवाड़ी केन्द्र वास्तव में कागजों पर चल रहा है। यहां पर केंद्रों पर दाल, दरिया, तेल आज भी बाजारों में बिक रहा है।

बता दें कि विकास खंड कोरांव के 115 ग्राम सभाओं में 239 आंगनवाड़ी 20 मीनी केंद्र संचालित हो रहा है। लेकिन अभी तक मात्र 14 भवनों का ही निर्माण कार्य हुआ है। शेष केंद्र फुटपाथ जैसे दुकाने कभी कभार खुलता है। जो भवन बने हुए हैं उसमें प्रायः अधिकांश ताले लटक रहा ताला है।

# गुटका संस्कृति के प्रचार से बर्बाद हो रहा युवा वर्ग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण इलाकों में गुटका संस्कृति के बढ़ जाने से युवा वर्ग बर्बाद होता जा रहा है। बारीकी से देखें तो युवा विभिन्न कम्पनियों के बने गुटका के पुड़ियों चबाते नजर आते है।

गुटका खाते- खाते उनका मुंह व दांत बदरंग हो गये है। लेकिन यह युवा वर्ग पुड़ियों को छोड़ने का नाम नहीं ले रही है। उनके घर के गार्जियन मना करते - करते थक चुके हैं। लेकिन उनके सेहत पर कोई अंकुश लग रहा है। धीरे-धीरे उनके अभिभावकों में चिंता बढ़ती जा रही है।लेड़ियारी बाजार समेत आसपास के सैकड़ों गांवों में क्षेत्र के हजारों दुकानों में विभिन्न कम्पनियों के बने गुटका के पुड़ियों में पैक होकर लटकते रहते है। पान की दुकान हो या फिर किराना की दुकानें सही जगह पुड़िया छल्ली का छल्ली खुलेआम बिकती रहती हैं।

आकर्षक रंगों व डिजायनों को देखकर युवा वर्ग जब इन पुड़ियों को सड़क पर खरीदकर खुलेआम फाड़कर मुंह में भरता है। जो पास में खड़े छोटे बच्चे भी बड़े चाव से देखते हैं। मौका पाते ही वे भी इन पुड़ियों को चुपके से खरीदकर खाने लगते हैं।

लोगों का कहना है कि युवा वर्ग को गुटका खाते देखकर छोटे बच्चे भी बर्बाद हो गये हैं। कुल मिलाकर देखे तो छोटे बच्चे का युवा लंबी इन पुड़ियों के गिरफ्त में पुरी तरह से आ चुके हैं। परिजनों के लाख समझाने - बुझाने के बाद भी खुटका खाने से कोई परहेज नहीं कर रहा है। गुटका खाते - खाते उनका मुंह और दांत पूरी तरह से काला पड़ता जा रहा है। इसके बाद भी नशे की लत छूटने का नाम नहीं ले रही है। इनकी हालतों की देखकर उनके अभिभावकों की चिंता बढ़ती जा रही है।

लोगों का कहना है कि जब सरकार ही गुटका बनाने वाली कम्पनियों को पुरी तरह से छूट दिए हुए हैं। इससे बच्चे व युवा वर्ग पर कैसे लगाम लगाया जा सकता है।

क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर देने को कहा है। जिससे बर्बाद हो रहे युवा वर्ग के भविष्य पर रास्ते पर लाया जा सके।

# होटल मैनेजर और कारोबारी के बीच मारपीट

## होटल पसंद न आने पर करने लगा गाली-गलौज और मारपीट

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित एक होटल में ठहरे कर्नाटक के कारोबारी ने मैनेजर से कहासुनी के बाद उसे पीटना शुरू कर दिया। जमकर हुई मारपीट में मैनेजर गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। खबर पाकर पहुंची पुलिस होटल में ठहरे शख्स को थाने ले गई। उससे पूछताछ की जा रही है। पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया है। कर्नाटक से आए अनिल अग्रवाल ने ऑनलाइन होटल की बुकिंग की थी। वह जब सिविल लाइंस स्थित होटल फॉर व्यू पहुंचे तो उन्हें होटल पसंद नहीं आया।



रात में उन्होंने स्टॉफ से शिकायत किया कि जैसा फोटो, वीडियो में दिखाया गया था वैसा होटल का रूम नहीं है। इस पर स्टॉफ ने कहा कि सुबह चेंज कर देंगे या रुपये कम हो जाएंगे। जब वह इस बात को लेकर होटल छोड़ने लगे तो विवाद हो गया। होटल वालों ने अनिल अग्रवाल से साफ कह दिया कि किराया में कोई कमी नहीं होगी। पूरा बिल अदा करना होगा। इसके बाद बात बढ़ गई और मारपीट हो गई। होटल में ठहरे शख्स ने मैनेजर को मारकर धक्का दिया तो वह मेज से टकराया और कांच का गिलास टूटकर उसे लग गया।

# हाईवोल्टेज करेंट की चपेट में आने से ड्राइवर की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नारीबारी(प्रयागराज)।** शंकरगढ़ थाना अंतर्गत नारीबारी से शंकरगढ़ रुट पर कसौटा विद्यालय के पास राजा लाल यादव पुत्र वशिष्ठ यादव की करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई।दरअसल नारीबारी से शंकरगढ़ जा रहे ट्रक में कसौटा के पास लटक रहे तार को सुलझाने के चक्कर में चालक करंट की चपेट में आ गया।शरीर तत्काल इतना बुरी तरह झुलस गया कि घटनास्थल पर ही मौत हो गई।सूचना पाकर नारीबारी पुलिस ने मौके पर पहुँच कर परिजनों को सूचना दी।विधिक कार्यवाही के उपरांत शव को अन्त्य परीक्षण के वास्ते भेज दिया गया।

इन दिनों बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के कारण आये दिन हादसे होते रहते हैं।अमूमन लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के कारण विद्युत व्यवस्था बेलगाम है।सरकार भी बिजली विभाग पर नकेल कसने में असमर्थ है।ग्रमीण अंचलों में तो ईश्वर भरोसे ही जीवन टिका है।

# भाकपा (माले) के संस्थापक महासचिव चारु मजूमदार याद किये गए

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने अपने संस्थापक महासचिव कामरेड चारु मजूमदार को उनके 52 वें शहादत दिवस पर रविवार (28 जुलाई) को उत्तर प्रदेश सहित देश भर में याद किया। पार्टी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए अपने पुनर्गठन की 50वीं वर्षगांठ भी मनाई।

इस मौके पर फासीवाद से लड़ने के लिए कामरेड चारु मजूमदार के संघर्ष की विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। साथ ही, आंदोलनकारी ताकतों को एकजुट करते हुए जनता के मुद्दों पर मुखर लड़ाई लड़ने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि 2024 के जनादेश की दिशा और भावना स्पष्ट




है। इसने मोदी सरकार को चेतावनी दी है और इंडिया गठबंधन को पर्याप्त ताकत दी है, ताकि वह मोदी सरकार की जनविरोधी कार्रवाइयों का प्रतिरोध कर सके।

लखनऊ में मुख्य आयोजन पार्टी के लालकुआं स्थित कार्यालय में हुआ। प्रयागराज, बनारस, चंदौली, गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़, गोरखपुर, बलिया, देवरिया, बस्ती, भदोही, मिर्जापुर, सोनभद्र, रायबरेली, अयोध्या, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, कानपुर, जालौन, मथुरा प्रदेश के अन्य जिलों में भी कार्यक्रम हुए।

# सड़क पर हुए अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी ।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के नेता नगर में मन्नू बाबा धर्मशाला के सामने स्थित सड़क के बीचोबीच अतिक्रमण होने की वजह से इधर से गुजरने वालों को फजीहत का सामना करना पड़ता है। मोहल्ले वासियों का आरोप है कि कुछ लोग बीच सड़क में बांस बल्ली रखकर सड़क पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है

जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है साथ ही रात के अंधेरे में स्थानीय लोगो को हादसे की ख़तरा बना रहता है। स्थानीय लोगो का कहना है कि जिम्मेदार इस ओर ध्यान नही दे रहे है



, स्थानीय लोगो ने सड़क से अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की है

## माता प्रसाद पाण्डेय को सपा का नेता प्रतिपक्ष बनना गौरव की बात

**कोरांव(प्रयागराज।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा माता प्रसाद पाण्डेय को विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर कोरांव सुरक्षित विधान सभा क्षेत्र से सपा नेता प्रमोद मिश्रा पयासी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ब्राम्हण समाज को इतना बड़ा सम्मान दिया।इस मौके पर अखिलेश यादव के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# दिव्यांगजन वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए करें आवेदन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी ।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने बताया कि दिव्यांगजनों की सहायता के लिए राज्य निधि से चार मदों में वित्तीय सहायता उपलब्ध कराया जाना है। दिव्यांगजनों द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं के आयोजन के लिए धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराया जाना हैं। दिव्यांगजन जिनका खेल, ललित कला, संगीत, नृत्य, फिल्म, थियेटर, साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने तथा खेल आयोजन के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराया जायेंगा। दैनिक जीवन की गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए बैच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण क्रय के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जायेंगी। ऐसे दिव्यांगजन जो ग भीर बीमारियों यथा-कैंसर, थैलिसिमियां, प्लास्टिक एनिमियां, बहुस्केलोरोसि से ग्रसित हो तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अथवा मु यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हों को चिकित्सा के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराया जाना हैं। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थाएं एवं दिव्यांगजन जो इस योजना का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं

# अकबरनगर से उजाड़े गए अजीज की आत्महत्या के लिए प्रदेश सरकार जिम्मेवार - माले

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने लखनऊ के अकबरनगर पर बुलडोजर चलने के बाद बेरोजगार हुए अजीज की आत्महत्या के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी ने घटना पर गहरा दुख प्रकट करते हुए सरकार से बुलडोजर अभियान को रोकने, विस्थापित परिवारों की आजीविका की व्यवस्था करने, मृतक अजीज के परिवार को मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

राज्य सचिव सुधाकर यादव ने कहा कि सरकार ने पुनर्वास के नाम पर कुछ परिवारों को वसंतकुंज में किश्त पर घर देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली है। गरीब परिवारों की आजीविका कैसे चलेगी, उनके जीवन की सुरक्षा कैसे होगी, इन प्रश्नों से पल्ला झाड़ लिया है। जबकि ये जिम्मेदारी राज्य की है, जिसने उनका घर रोजगार छीना। वसंतकुंज में शिफ्ट हुए परिवारों से ताल्लुक रखने वाले लोगों का कहना है कि पहले भी वहां कई मौतें हो चुकी हैं। बुलडोजर का दंश झेल रहे प्रभावित परिवारों की आर्थिक स्थिति को ठीक करने पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में इस तरह की और भी घटनाएं हो सकती हैं।

खबर के अनुसार युवक अजीज की लाश वसंतकुंज के उस कमरे में मिली, जहां पिछले महीने परिवार के साथ वह शिफ्ट हुआ था। दो साल पहले उसकी शादी हुई थी। परिवार में पत्नी और छह माह की बेटी है। वह टेलरिंग का काम करता था। वह अपनी सिलाई मशीन लेकर वसंतकुंज से रोजाना ध्वस्त हो चुके अकबरनगर जाता और वहां तंबू लगाकर काम मिलने की उम्मीद करता। पर आय के अभाव व परिवार का भरण-पोषण न कर पाने के कारण फांसी लगाकर जान दे दी।

# संस्कृति के संरक्षक वृक्ष देवतुल्य-अशोक ''प्रवृद्ध''

आदि सृष्टि कालसेपौधे, वृक्ष व वन मनुष्यके जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी रहे हैं। पौधे और वन का का उपयोग मनुष्य अपने आदि रचना काल से ही करता रहा है। हमारे आरंभिक पूर्वजों को भी वृक्षों और वनों की महता, उपयोगिता व आवश्यकता की अनुभूति थी। उन्हें यह मालूम था कि प्राकृतिक स्रोतों का मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्व है। इन्हें कोई हानि पहुंचने पर मानव समाज का ही अहित होगा।इसलिए उन्होंने मानव धर्म में इन्हें सम्मिलित कर इनके संरक्षण, संवर्द्धन पर बल दिया। इनका ही परिणाम है कि भारतीय परिवारों में पौधे उनके जीवन के आवश्यक अंग के रूप में स्वीकार किए गए।पीपल, वट (बड़ या बरगद), अशोक, आम, तुलसी, कदम्ब, बेल (बिल्व), पलाश, आक, केला, आंवला, हरसिंगर, कमल, कैथ, इमली, अनार, गुगल, नीम, बहेड़ा, हरैया, करंज, जामुन आदिअनेक वृक्षों को महत्वपूर्ण देवता मानकर उनकीपूजन परंपरा चल पड़ी। उनको पूजन सामग्री के रूप में भी प्रयुक्त किया गया।उनके औषधीय गुणों को परखकर अनेक पौधों को औषधीय पादपों के रूप में रोगों के उपचार के कार्य में लिया जाने लगा। इनमें औषधीय गुणों के साथ-साथ पर्यावरण को भी स्वच्छ व ठीक रखने की अपार क्षमता है। ये अनेक प्रकार के दोषों का भी निवारण करते हैं। मनुष्य के दैनिक जीवन में इनकी अत्यधिक उपयोगिता भी है।

भारतीय संस्कृति में वृक्ष, पेड़, पौधों को विशिष्ट महत्ता प्रदान की गई है। मान्यता है कि वृक्ष हमारी संस्कृति के संरक्षक हैं। इसीलिए वृक्षों, वनों, पौधों और पत्तों तक को देवतुल्य मानकर उनकी पूजा किए जाने की परंपरा है। देवालयों के परिसर में स्थित वृक्षों को भी देवता मानकर पूजा जाता है। संसार के प्राचीनतम ग्रंथ वेद में भी वृक्षों और वनों की महता, आवश्यकता का वृहत वर्णन करते हुए कहा गया है कि अनेक पौधे, वृक्ष तथा वन्य जीव मनुष्य-जीवन के लिए उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। ऋग्वेदमें पौधों को लगाना एक नियमित कार्य बताया गया है, जिससे पृथ्वी पर स्वर्ग बनता है। भारतीय परंपरा में उपयोगी पौधों तथा वृक्षों के संरक्षण के लिए उनको देवी-देवताओं से भी संबंधित किया गयाहै। तुलसी को भगवान राम, शिव, विष्णु, कृष्ण, लक्ष्मी तथा जगन्नाथ से जोड़कर उसे महाऔषधि बताया गया। वत्ता को ब्रह्मा, विष्णु, महेश तथा काल के रूप में माना गया। अशोक वृक्ष को बुध, इंद्र, आदित्य और विष्णु के रूप में अभिहित किया गया। पीपल को विष्णु, लक्ष्मी, दुर्गा आदि के रूप में मानकर औषधि के रूप में उसको प्रयुक्त किया गया। आम को गोवर्धन, लक्ष्मी तथा बुध के रूप स्वीकार करके आम्रपल्लव को पूजा में रखने का प्रावधान और हवन में समिधा के रूप में इसका प्रयोग किया गया। कदंब वृक्ष को कृष्ण से और बेल को शिव, महेश्वर, दुर्गा, सूर्य और लक्ष्मी से जोड़ा गया। इसे औषधि के रूप में भी प्रयुक्त किया गया। पौधों और वृक्षों की धार्मिक रूप से पवित्रता और उसकी उपयोगिता को देखकर उसके संरक्षण पर भी महत्व दिया गया।

प्राचीन काल में हरे वृक्षों को काटना वर्जित था। तत्कालीन समाज को यह भली-भांति पत्ता था कि पौधों को काटना और वनों को नष्ट करना, मनुष्य के जीवन के लिए अत्यंत हानिकारक है, क्योंकि इनके अभाव में बीमारियां फैलती हैं और पर्यावरण प्रदूषित होता है।भारतीय संस्कृति में वट वृक्ष को विशेष महत्व प्राप्त है। इस वृक्ष को प्रकृति के सृजन का और चैतन्य सत्ता प्रतीक माना जाता है।भारतीय संस्कृति में वृक्ष व वनस्पति रूद्र के रूप में मानी गयी है, क्योंकि वे वैषैली व हानिकारक हवा (गैस) पीकर प्राणवायु प्रदान करते हैं। इसलिए पेड़ पौधों को सींचना, उन्हें जल प्रदान करना साक्षात महादेव शिव अर्थात रुद्र का जलाभिषेक करने के समान माना गया है। प्राचीन ग्रंथों में एक वृक्ष को सौ पुत्र के समान कहा गया है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति पूजन सृष्टि के प्रारंभ से ही चल रहा है। सदा सत्य पर आधारित सदा नूतन रहने वाले सनातन धर्म में प्रकृति और पुरुष दोनों की आराधना होती है। इसमें पांच तत्वों आकाश, जल, पावक, पृथ्वी (भूमि), वायु को भगवान स्वरूप माना जाता है, शिव तत्व माना जाता है और इनकी पूजा होती है। प्रत्येक जीव-जंतु प्राणी में ब्रह्म का दर्शन करने-कराने वाला धर्म है सनातन धर्म।

वृक्षों, पेड़, पौधो, झाड़ियों (हर्ब-सर्ब) के गुण आदि का विशेष वर्णन आयुर्वेद ग्रंथों में है। प्राचीन भारतीय संस्कृति में वापी, पाली और जलाशयों का निर्माण कर वहां वृक्षारोपण करना किसी यज्ञ के पुण्य समान माना गया है। यहाँ हवन, यज्ञ आदि में समिधा का प्रयोग होता है, वह भी वृक्षों की देन है, जिसे पवित्र मानकर उपयोग किया जाता है।विष्णु पुराण के अनुसार एक सौ पुत्रों की प्राप्ति से भी बढ़कर एक वृक्ष लगाना और उसका पालन-पोषण करना है, इससे व्यक्ति पुण्य प्राप्ति करता है। चरक संहिता में प्राकृतिक औषधियों व जड़ी-बूटियों का चिकित्सकीय दृष्टि से उपयोग का वर्णन किया गया है। मत्स्य पुराण में दस पुत्रों, बावड़ियों, तालाबों एवं पुत्रों से बढ़कर एक वृक्ष को माना गया है। ब्रह्माण्ड पुराण में लक्ष्मी को कदम्ब वन वासिनी कहा गया है। कदम्ब के पुण्यों से भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। पद्म पुराण में भगवान विष्णु को पीपल वृक्ष, भगवान शंकर को वटवृक्ष और ब्रह्मा को पलाश वृक्ष के रूप में प्रतिपादित किया गया है। वृहदारण्यक उपनिषद में पुरुष को वृक्ष का स्वरूप माना गया है। प्राचीन भारतीय राजवंश अपने गोत्रोच्चार में गोत्र, प्रबर, वेद, नदी आदि के साथ अपने मान्य व पूज्य वृक्ष का नाम भी बोलते थे, जो उनके कुल का द्योतक होता था।यहाँ वृक्ष को ब्रह्म स्वरूप कहा गया है।

पौराणिक मान्यतानुसार ईशान कोण में आंवला नैऋत्य कोण में इमली, आग्नेय कोण में अनार, वायव्य कोण में बेल, उत्तर दिशा में कैथ व वाकूड़, पूरब में बड़ (बरगद), दक्षिण दिशा में गुगल और गुलाब तथा पश्चिम दिशा में पीपल का वृक्ष लगाना अथवा रहना शुभ माना गया है। तुलसी को आंगन में उत्तर-पश्चिम कोण में प्रांगण या बाहर उत्तर की ओर लगाना या रखना ठीक है। पूरब दिशा में भी रहना कल्याणकारी है। माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए घर में श्वेत आक (मदार) केला, आंवला, हरसिंगार, अशोक, कमल आदि को रोपण (लगाना) शुभ मुहूर्त में करने का विधान है। घर, मकान के सामने शमी पेड़ को लगाना व पूजन करना कई कठिनाइयों का हरण करता है। कदम्ब के वृक्ष के नीचे परिवार सहित भोजन करने से परिवार फलता -फूलता है। शिवालय अथवा शिवमंदिर के निकट बेल (बिल्व) वृक्ष लगाने से उसका पूजन हो जाता है और पत्तों (त्रिपत्र) को शिवार्पण करने से अनके लाभ होता है। तुलसी एकादशी के दिन तुलसी के पौधों की अपनी पुत्री के समान विवाह की रीति संपन्न करने की परंपरा है। पथ के किनारे वृक्षारोपण करने से दुर्गम फल की प्राप्ति होती है, जो फल अग्निहोत्र से भी उपलब्ध नहीं होता, वह मार्ग के किनारे वृक्ष लगाने से मिल जाता है। वृक्ष पूजा की परंपरा में कार्तिक मास में महिलाओं द्वारा पीपल व वटवृक्ष की पूजा कर पानी से सींचने से पुत्ररत्न की प्राप्ति होती है। तुलसी को विष्णु प्रिया, केला को वृहस्पति और संतानदाता तथा पीपल को ब्रह्मा, विष्णु महेश के निवास के रूप में पूजा जाता है। चंदन भक्त और भगवान के माथे की शोभा है। भाल पर चंदन घिसकर लगाने से अद्भुत शांति मिलती है। सब कार्य सिद्ध होते हैं।कार्तिक पक्ष की शुक्ल नवमी के दिन आंवला की विशेष पूजा का विधान है, इसे आंवला नवमी कहते हैं। पीपल को पुत्रदा कहा गया है। पीपल वृक्ष को नियमपूर्वक जल चढ़ाने से पुत्र की प्राप्ति होती है और शनि का दुष्प्रभाव समाप्त हो जाता है। चैत्र कृष्ण दशमी को दशामाता कहा जाता है, महिलाएं इस दिन पीपल की पूजा करती है। ज्येष्ठ पूर्णिमा को स्त्रियां वटसावित्री का व्रत रखकर वटवृक्ष को जल सींचते हैं। वट सावित्री दिवस को बरगद की विशेष पूजा स्त्रियां करती हैं। हरियाली अमावस्या और श्रीपंचमी (वसंत पंचमी) आदि पर्वों पर व्रत उपवास के साथ वनस्पति पूजा होती है। झारखण्ड के सदानों में शादी के पूर्व वर के द्वारा आम्र वृक्ष कीपूजन कर बारात निकालने का प्रचलन है। आम्र वृक्ष की पूजन के बाद वर उस वृक्ष का फल उम्र भर नहीं खाता। झारखण्ड, बिहार सहित कई राज्यों में करमा वृक्ष के डाल के पूजन का विधान है। छत्तीसगढ़ के रतनपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में आम के वृक्ष से आम तोड़ने से पहले उसके विवाह की विधि संपन्न की जाती है।पीपल, बरगद को ब्रह्म स्वरूप माना जाता है। उन्हें काटना ब्रह्म हत्या के समान माना जाता है। पक्षियों के घोंसले वाले वृक्ष तथा देवालय और श्मशान की भूमि पर लगे बड़, पीपल, बहेड़ा, हरड़, नीम, पलाश आदि वृक्ष को काटना शास्त्रानुकूल नहीं है। महुआ वृक्ष को काटना पाप का भागी बनना है।